आज़ादी का अमृत महोत्सव

एन एस आई सी
N S I C

G20 भारत 2023 INDIA

68वीं वार्षिक रिपोर्ट
2022–2023







एन एस आई सी
N S I C

विज़न

सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) सेक्टर के विकास को प्रोत्साहित करने वाला एक प्रमुख संगठन बनना।

मिशन

विपणन, प्रौद्योगिकी, वित्त और सेवाओं वाली एकीकृत सहायता सेवाएं उपलब्ध कराकर सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) सेक्टर को बढ़ावा देना और उसकी सहायता करना।

विषय सूची

राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम लिमिटेड

1.	कॉरपोरेट सूचना	02
2.	निदेशक मंडल	04
3.	अध्यक्ष महोदय का संदेश	08
4.	बोर्ड की रिपोर्ट	11
5.	एकल वित्तीय विवरणों की स्वतंत्र लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट	61
6.	एकल वित्तीय विवरण	105
7.	भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की टिप्पणियां एकल वित्तीय विवरण	199
8.	समेकित वित्तीय विवरणों की स्वतंत्र लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट	200
9.	समेकित वित्तीय विवरण	236
10.	भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की टिप्पणियां समेकित वित्तीय विवरण	332
11.	वार्षिक आम बैठक की सूचना	336

एनएसआईसी वेंचर कैपीटल फंड लिमिटेड

1.	कॉरपोरेट सूचना	339
2.	निदेशक मंडल	340
3.	अध्यक्ष महोदय का संदेश	343
4.	बोर्ड की रिपोर्ट	345
5.	स्वतंत्र लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट	360
6.	वित्तीय विवरण	388
7.	भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की टिप्पणियां	412
8.	वार्षिक आम बैठक की सूचना	418

सीआईएन नं. यू74140डीएल1955जीओआई002481

अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक
(अतिरिक्त प्रभार)

श्री विपुल गोयल
(01 जुलाई, 2023 से)
सुश्री मर्सी एपाओ
(01 जनवरी 2023 से 30 जून, 2023 तक)
श्री गौरांग दीक्षित
(01 अगस्त 2022 से 31 दिसंबर, 2022 तक)
श्री पी. उदयकुमार, निदेशक (यो. एवं वि.)
(20 जून, 2022 से 31 जुलाई, 2022 तक)
सुश्री अल्का नांगिया अरोड़ा
(01 जून, 2022 तक)

निदेशक

- सुश्री मर्सी एपाओ, सरकारी नामित निदेशक
- श्रीमती समीरा सौरभ, सरकारी नामित निदेशक (07 नवम्बर, 2023 तक)
- सुश्री सिम्मी चौधरी, सरकारी नामित निदेशक (08 नवम्बर, 2023 से)
- श्री पी. उदयकुमार, निदेशक (यो. एवं वि.) (31 जुलाई, 2022 को सेवानिवृत्त)
- श्री कार्तिकेय सिन्हा निदेशक (यो. एवं वि.) (21 फरवरी, 2023 से)
- श्री गौरांग दीक्षित, निदेशक (वित्त) (31 दिसंबर, 2022 को सेवानिवृत्त)
- श्री गौरव गुलाटी, निदेशक (वित्त) (09 मई, 2023 से)
- डॉ. अशोक अहिरवार, स्वतंत्र निदेशक
- श्री कालंदी चरण सामल, स्वतंत्र निदेशक

कंपनी सचिव

श्रीमती निष्ठा गोयल

सांविधिक लेखापरीक्षक

मैसर्स गोयल पारूल एण्ड कंपनी, सनदी लेखाकार

शाखा लेखापरीक्षक

क्र. सं.	लेखापरीक्षक का नाम	क्र. सं.	लेखापरीक्षक का नाम
1	मैसर्स सुरेन्द्र कुमार जैन एण्ड एसोसिएट्स, नई दिल्ली	9	मैसर्स संजय सतपाल एण्ड एसोसिएट्स, चंडीगढ़
2	मैसर्स एचएस आहूजा एण्ड कंपनी, नई दिल्ली	10	मैसर्स राजेश महाजन एण्ड कंपनी, लुधियाना
3	मैसर्स सुशील जीतपुरिया एण्ड कं., नई दिल्ली	11	मैसर्स वीएम अरोड़ा एण्ड कंपनी, जालंधर
4	मैसर्स पीएस सेठी एण्ड कंपनी, देहरादून	12	मैसर्स अरविंद माथुर एण्ड कंपनी, जयपुर
5	मैसर्स वेद मित्तल एण्ड कंपनी, आगरा	13	मैसर्स एमआर नारायण एण्ड कंपनी, चैन्नई
6	मैसर्स ब्रजेश अग्रवाल एण्ड एसोसिएट, अलीगढ़	14	मैसर्स सी जगतईश एण्ड कंपनी, पुडुचेरी
7	मैसर्स टंडन सेठ एण्ड कं. कानपुर	15	मैसर्स वीएन पुरोहित एण्ड कंपनी, कोलकाता
8	मैसर्स के.के. गुप्ता एण्ड श्वेता, इलाहाबाद	16	मैसर्स डीएम एसोसिएट्स, कटक

क्र. सं	लेखापरीक्षक का नाम	क्र. सं	लेखापरीक्षक का नाम
17	मैसर्स बीबीए एण्ड कंपनी, राउरकेला	29	मैसर्स लक्ष्मीपति एण्ड कंपनी, हैदराबाद
18	मैसर्स केकेएम एण्ड कंपनी, जमशेदपुर	30	मैसर्स बी.वी. स्वामी एण्ड कंपनी, बैंगलुरू
19	मैसर्स एएसन एण्ड कंपनी, राची	31	मैसर्स एस. कृष्णा एण्ड एसोसिएट्स, कोयम्बटूर
20	मैसर्स आलोक जैन एण्ड कंपनी, पटना	32	मैसर्स के सुब्रहमणियम एण्ड कंपनी, मुदरै
21	मैसर्स अशोक बुधिया एण्ड कंपनी, गुवाहाटी	33	मैसर्स एलक्स एण्ड कंपनी, कोच्चि
22	मैसर्स पीएचडी एण्ड एसोसिएट्स, मुम्बई	34	मैसर्स गांधी एण्ड गांधी, हैदराबाद
23	मैसर्स परम एण्ड एसोसिएट्स, नासिक	35	मैसर्स नरेन्द्र जैन एण्ड कंपनी, इंदौर
24	मैसर्स एसबीएच एण्ड कंपनी, पुणे	36	मैसर्स परिहार एण्ड सोनपर, भोपाल
25	मैसर्स जैन एण्ड गंगवाल, औरांगाबाद	37	मैसर्स पीएस ठाकरे एण्ड कंपनी, नागपुर
26	मैसर्स लालवानी एण्ड अग्रवाल, रायपुर	38	के वी वी प्रसाद एण्ड कंपनी, विजयवाड़ा
27	मैसर्स मार्क्स एण्ड कंपनी, अहमदाबाद	39	मैसर्स गडगिल एण्ड उपिन बेलागेवी
28	मैसर्स एससी मेकचेचा एण्ड एसोसिएट, राजकोट		

सचिवीय लेखापरीक्षक

मैसर्स सपना जी एण्ड एसोसिट्स
395/396, तृतीय तल,
पॉकेट 11–बी, रोहिणी
सेक्टर–23,
दिल्ली – 110 085

मुख्य बैंकर्स

एचएसबीसी
आईसीआईसीआई बैंक
एचडीएफसी बैंक
स्टेट बैंक ऑफ इंडिया
बैंक ऑफ बड़ौदा
इंडसइंड बैंक
एसएमबीसी
पंजाब नैशनल बैंक

पंजीकृत कार्यालय

एनएसआईसी भवन
ओखला औद्योगिक क्षेत्र,
नई दिल्ली–110 020

कॉरपोरेट वैबसाइट

www.nsic.co.in

निदेशक मंडल



श्री विपुल गोयल, संयुक्त सचिव (एआरआई प्रभाग) एवं सीएमडी (डीआईएनः 10229523)

श्री विपुल गोयल भारत सरकार के सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय में संयुक्त सचिव (एआरआई प्रभाग) हैं, जो खादी और ग्रामोद्योग आयोग, कॉयर बोर्ड और महात्मा गांधी ग्रामीण औद्योगिकीकरण संस्थान (एमजीआईआरआई) के कार्यों को देखते हैं। उन्हें 1 जुलाई, 2023 से एनएसआईसी के अध्यक्ष–एवं–प्रबंध निदेशक के पद का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।

वह विभिन्न घरेलू और अंतरराष्ट्रीय प्लेटफार्मों पर नीति निर्माण और एमएसएमई को जोड़ने में अग्रणी रहे हैं। वह हारकोर्ट बटलर टेक्नोलॉजिकल इंस्टीट्यूट, कानपुर से इलेक्ट्रॉनिक्स और संचार में बी.टेक हैं और भारतीय रेलवे सिग्नल इंजीनियर्स सेवा (आईआरएसएसई) – 1992 बैच के अधिकारी है। उनके पास पूरे भारत में विभिन्न रेलवे जोन/मंडलों में विभिन्न क्षमताओं में तैनात रहते हुए रेलवे सिग्नलिंग और दूरसंचार प्रणालियों के रखरखाव, निर्माण/परियोजना, रेलवे सिग्नलिंग उपकरणों के डिजाइन और विकास, ईपीसी अनुबंधों की हैंडलिंग, सामग्री प्रबंधन में व्यापक कार्य अनुभव है। उन्होनें रेलवे सिग्नलिंग और दूरसंचार प्रणालियों के रखरखाव/निर्माण में महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की हैं। डीडीयू प्रभाग में सिग्नलिंग प्रणाली के रखरखाव में उल्लेखनीय सुधार के लिए उन्हें जीएम वार्षिक पुरस्कार 2002 से सम्मानित किया गया है।

वह एनएसआईसी वेंचर कैपिटल फंड लिमिटेड (एनएसआईसी लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी) के बोर्ड के पदेन अध्यक्ष भी हैं।



श्री कार्तिकेय सिन्हा, निदेशक (योजना और विपणन) (डीआईएनः 02322056)

श्री कार्तिकेय सिन्हा, कमला नेहरू प्रौद्योगिकी संस्थान, उत्तर प्रदेश से इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग स्नातक (बी.टेक.) और आईआईटी दिल्ली से ऊर्जा अध्ययन में स्नातकोत्तर (एम.टेक.) उपाधि धारक है। उनके पास सेड बिजनेस स्कूल, ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय, यूनाइटेड किंगडम से पूर्णकालिक एमबीए की डिग्री भी है। पंजाब इंजीनियरिंग कॉलेज की एक टीम ने ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय में उनके मार्गदर्शन में वैश्विक युवा व्यवसाय विकास 2007 में प्रथम पुरस्कार जीता। वह यूपीएससी द्वारा आयोजित इंजीनियरिंग सेवा परीक्षा (2000) के माध्यम से दूरसंचार विभाग की पी एंड टी बीडब्ल्यूएस ग्रुप "ए" सेवा में शामिल हुए।

उनके पास दूरसंचार, बिक्री और विपणन, बुनियादी ढांचे के विकास और रखरखाव, उत्पाद विकास और मूल्य निर्धारण, चैनल प्रबंधन, खरीद और अनुबंध प्रबंधन के क्षेत्र में 22 वर्षों से अधिक का विविध अनुभव है। उन्होंने भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) के ग्राहकों के लिए ओमनी–चैनल संपर्क केंद्र की स्थापना और अत्याधुनिक मोबाइल एप के शुभारंभ के माध्यम से ग्राहक अनुभव को बेहतर बनाने पर भी बड़े पैमाने पर कार्य किया है। बीएसएनएल के प्रधान कार्यालय में बिक्री और विपणन/उत्पाद मूल्य निर्धारण प्रकोष्ठ का नेतृत्व करते हुए, मोबाइल सेवाओं के लिए उनकी नवाचारी टैरिफ रणनीतियों और देश भर में बिक्री और वितरण नेटवर्क के प्रभावी प्रबंधन के चलते भारत में दूरसंचार उद्योग में कड़ी प्रतिस्पर्धा के बावजूद, बीएसएनएल के मोबाइल व्यवसाय राजस्व में वृद्धि हुई।

श्री कार्तिकेय सिन्हा को 21 फरवरी, 2023 से एनएसआईसी का निदेशक (योजना एवं विपणन) नियुक्त किया गया है



श्री गौरव गुलाटी, निदेशक (वित्त) (डीआईएनः 10144109)

श्री गौरव गुलाटी एक विशिष्ट पेशेवर पृष्ठभूमि रखते हैं, उन्हें इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया के फेलो सदस्य का दर्जा प्राप्त है, साथ ही वे एक अर्हक लागत लेखाकार (आईसीएआई) और कंपनी सचिव (आईसीएसआई) भी हैं। अपनी प्रभावशाली शैक्षणिक योग्यताओं के अलावा, श्री गुलाटी के पास व्यापार प्रशासन में स्नातकोत्तर डिग्री भी है।

25 वर्षों से अधिक की व्यापक पेशेवर यात्रा के साथ, श्री गुलाटी ने एनबीसीसी (आई) लिमिटेड, एनटीपीसी, सेल और इंडसइंड बैंक जैसे प्रमुख संगठनों से समृद्ध अनुभव अर्जित किया है, जहां उन्होंने विभिन्न पदों पर कार्य किया। उनकी विशेषज्ञता में वित्त और लेखा, अनुबंध प्रबंधन, वित्तीय प्रबंधन, आंतरिक लेखापरीक्षा, बजटीय नियंत्रण, वित्तीय स्वीकृति और सैप कार्यान्वयन सहित विविध क्षेत्र शामिल हैं।

एनएसआईसी में कार्यभार ग्रहण करने से पूर्व, उन्होंने कार्यकारी निदेशक (वित्त) के रूप में कार्य किया और क्षेत्रीय व्यापार समूह प्रमुख के रूप में एनबीसीसी (आई) लिमिटेड में रियल एस्टेट वर्टिकल का नेतृत्व किया।

अपने उल्लेखनीय संगठनात्मक कौशल और रणनीतिक आयोजना प्रखरता के साथ, श्री गुलाटी ने अपनी वर्तमान भूमिका में एनएसआईसी के भीतर आवश्यक सुधार लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, विशेष रूप से आंतरिक नियंत्रण को बढ़ाने के अलावा योजनाओं के लिए नीतियों और दिशानिर्देशों को तैयार और सुदृढ़ करके कंपनी के एनबीएफसी कार्यक्षेत्र को मजबूत किया है।

इसके अलावा, श्री गुलाटी की उपलब्धियाँ उनके पेशेवर करियर से भी आगे फैली हुई हैं। वह न केवल उस टीम के प्रमुख सदस्य रहे हैं, जिसने ऑल इंडिया मैनेजमेंट एसोसिएशन (एआईएमए) द्वारा आयोजित बिजनेस सिमुलेशन प्रतियोगिता, नेशनल मैनेजमेंट गेम्स (एनएमजी) में दो बार जीत हासिल की, बल्कि 2011 में कीव, यूक्रेन में ग्लोबल मैनेजमेंट चैलेंज (जीएमसी) में भी भारत का प्रतिनिधित्व किया।

श्री गुलाटी की व्यापक वित्तीय प्रखरता, नेतृत्व और रणनीतिक क्षमताएं उन्हें एनएसआईसी के लिए एक मूल्यवान संपत्ति बनाती हैं और उनकी असाधारण उपलब्धियां और समर्पण संगठन की सफलता और वित्तीय स्थिरता में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं।

श्री गौरव गुलाटी को 09 मई, 2023 से एनएसआईसी के निदेशक (वित्त) के रूप में नियुक्त किया गया है।

उन्हें एनएसआईसी वेंचर कैपिटल फंड लिमिटेड (एनएसआईसी लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी) में निदेशक के रूप में भी नियुक्त किया गया है।



सुश्री सिम्मी चौधरी, सरकारी नामिति निदेशक (डीआईएनः 10387019)

सुश्री सिम्मी चौधरी भारतीय आर्थिक सेवा के 1996 बैच की अधिकारी हैं। वर्तमान में, वह एमएसएमई मंत्रालय में आर्थिक सलाहकार और संयुक्त सचिव के रूप में तैनात हैं और मंत्रालय के वित्त, बजट के साथ–साथ समन्वय और योजना मामलों की प्रभारी अधिकारी हैं।

सुश्री चौधरी के पास दिल्ली विश्वविद्यालय के सेंट स्टीफन कॉलेज से इकोनॉमिक्स में ऑनर्स के साथ स्नातक की डिग्री है। उन्होंने दिल्ली स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स, दिल्ली विश्वविद्यालय से अर्थशास्त्र में स्नातकोत्तर डिग्री प्राप्त की है। वह इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय से मानव संसाधन प्रबंधन में विशेषज्ञता के साथ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन में स्नातकोत्तर और दिल्ली विश्वविद्यालय के शिक्षा संकाय से शिक्षा में स्नातक भी हैं। वर्तमान में, वह राष्ट्रीय शैक्षिक योजना और प्रशासन संस्थान, दिल्ली से शिक्षा में पीएचडी भी कर रही हैं।

सुश्री चौधरी के पास अंतरराष्ट्रीय मामलों, शिक्षा और मानव संसाधन विकास, कौशल विकास, नीति निर्माण, मिशन निर्माण और कार्यान्वयन, दृष्टिकोण और रणनीति निर्माण, कार्यक्रम कार्यान्वयन, राष्ट्रीय डिजिटल सार्वजनिक मंच, खाद्य प्रसंस्करण उद्योग और एमएसएमई क्षेत्र पर विशेष विशेषज्ञता के साथ भारत सरकार में 27 वर्षों का विविध और समृद्ध अनुभव है। उन्होंने 1996 में आईईएस प्रोबेशनर के रूप में वित्त मंत्रालय से अपना करियर शुरू किया और उसके बाद उन्हें अपनी तैनातियों में श्रम और रोजगार मंत्रालय, शिक्षा मंत्रालय, इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय तथा खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय में कार्य करने का अवसर मिला। वर्तमान में वह भारत सरकार के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय में आर्थिक सलाहकार के पद पर कार्यरत हैं।

उन्होंने विभिन्न आईएलओ अभिसमयों के अनुसमर्थन पर भारत के रुख को तैयार करने, औद्योगिक नीति को तैयार करने और लागू करने, सभी के लिए शिक्षा पर भारत के रुख को तैयार करने, डिजिटल भुगतान को बढ़ावा देने, सतत विकास और राष्ट्रीय भाषा अनुवाद मिशन, अर्थात् डिजिटल इंडियाभाषिणी को लागू करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। इसके अलावा, उन्होंने शिक्षा का अधिकार अधिनियम और साक्षर भारत मिशन के निर्माण, आर्थिक योजना के समन्वय, राष्ट्रीय भाषा अनुवाद मिशन के निर्माण और कार्यान्वयन में अत्यधिक योगदान दिया है।

इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के साथ अपने कार्यकाल में, उन्होंने भारत सरकार के डिजिटल इंडिया कार्यक्रम के तहत हासिल

की गई उपलब्धियों के विश्लेषण और दस्तावेजीकरण, डिजिटल नॉर्थ ईस्ट 2022 के लिए विजन दस्तावेज तैयार करने, वास्तविक समय निष्पादन स्मार्ट बोर्ड के विकास, शिक्षा और डिजिटल अर्थव्यवस्था माप और रोडमैप के लिए डिजिटल सार्वजनिक मंच में योगदान दिया। इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय में आर्थिक सलाहकार की भूमिका के अलावा, उन्होंने मुख्य सतर्कता अधिकारी तथा शिकायतों और सूचना के अधिकार पर नोडल अधिकारी के रूप में भी कार्य किया।

सुश्री चौधरी एक रणनीतिक विचारक हैं और उन्होंने भारत के ट्रिलियन डॉलर डिजिटल अवसर, विजन दस्तावेज, मंत्रालय के लिए रणनीतियाँ और कार्य योजनाएँ, क्षेत्र प्रोफाइल, राज्य प्रोफाइल, फोकस पेपर और अन्य रणनीतिक दस्तावेज जैसे दस्तावेजों को तैयार करने में अपनी महत्वपूर्ण अंतर्दृष्टि प्रदान की है। इसके अलावा, उन्होंने व्यापार मुद्दे, कराधान मुद्दे, आर्थिक डाटा, एफएसएसएआई से संबंधित मामले भी देखे हैं।

उन्होंने खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय में अपने कार्यकाल के दौरान यूनेस्को की महासभा और अन्य अंतरराष्ट्रीय मंचों में भारत का प्रतिनिधित्व किया और वाइन और व्हिस्की के बारे में ऑस्ट्रेलिया के साथ संयुक्त कार्य समूहों की सह–अध्यक्षता की।

इसके अलावा, सुश्री चौधरी कई प्रकाशनों वाली एक उत्साही लेखिका हैं, जिनमें श्रम और रोजगार, मानव संसाधन विकास, डिजिटल इंडिया के क्षेत्रों में जर्नलों, समाचार पत्रों और पत्रिकाओं में लेख और योगदान, कॉफी टेबल बुक का संकलन और डिजिटल इंडिया पर सार–संग्रह और डिजिटल इंडिया और इसके परिवर्तनकारी प्रभाव पर योजना पत्रिका के प्रकाशित किए गए समर्पित अंक शामिल हैं।

सुश्री चौधरी को 8 नवंबर, 2023 से कंपनी के बोर्ड में सरकारी नामिति निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया था।



सुश्री मर्सी एपाओ, सरकारी नामिति निदेशक (डीआईएनः 09331424)

सुश्री मर्सी एपाओ सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय में संयुक्त सचिव हैं। वर्तमान तैनाती से पहले, उन्होंने पिछले 25 वर्षों से भारत के मंत्रालयों/विभागों में विभिन्न क्षमताओं में सेवाएं प्रदान की है। उनकी कुछ महत्वपूर्ण तैनातियों में में वित्त, आवासन और शहरी कार्य और उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास (डीओएनईआर) आदि मंत्रालय शामिल हैं। अपनी सेवा के दौरान, उन्होंने विभिन्न विषयों को हैंडिल किया है जिसमें डीओएनईआर में कृषि और संबद्ध क्षेत्र, पूर्वोत्तर क्षेत्र के लिए बाह्य सहायता प्राप्त परियोजनाएं, वेतन संबंधी मामले, अखिल भारतीय सेवा (एआईएस) की कैडर समीक्षा, मानव संसाधन और प्रशासन से संबंधित कार्य शामिल है।

वह दिल्ली यूनिवर्सिटी से स्नातकोत्तर डिग्री धारक हैं। संयुक्त सचिव के रूप में वह लघु और मध्यम उद्यमों से संबंधित विभिन्न योजनाओं के कार्यान्वयन की प्रभारी हैं। इनमें से कुछ योजनाएं राष्ट्रीय एससी/एसटी हब योजना हैं, जो एससी/एसटी उद्यमियों को समर्थन देने के लिए समर्पित है। अंतरराष्ट्रीय सहयोग योजना उसे अन्य देशों के साथ एसएमई क्षेत्र में सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करने/मोल–भाव करने/ परस्पर चर्चा करने और एमओयू/एफटीए/साझा करने और आदान–प्रदान करने में सक्षम बनाती है। एमएसएमई मंत्रालय क्षमता निर्माण, प्रौद्योगिकी हस्तक्षेप, जी2जी, बी2बी नेटवर्किंग के माध्यम से एमएसएमई क्षेत्र को मजबूत करने और संभावित साझेदारी का पता लगाने के लिए द्विपक्षीय और बहुपक्षीय मंचों में भाग लेता है।

मंत्रालय में, वह राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम (एनएसआईसी), राष्ट्रीय सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम संस्थान (एनआईएमएसएमई), जो क्रमशः सीपीएसई और एक स्वायत्त संगठन है, की भी देखरेख करती हैं। वह मंत्रालय में मानव संसाधन स्कंध के अलावा मीडिया वर्टिकल की प्रभारी हैं, जो सभी सोशल मीडिया प्लेटफार्मों पर मंत्रालय की योजनाओं/पहलों की व्यापक कवरेज देता है। एक मासिक पत्रिका 'इनसाइडर', भी निकाली जाती है जिसे सभी उद्यम पंजीकरण धारकों के साथ साझा किया जाता है। महिला उद्यमियों को समर्थन देने के लिए डब्ल्यूईसी की स्थापना की गई है। उनका जुनून महिलाओं और कमजोर/हाशिए पर होने वाले तबकों के उद्यमियों को लाभकारी रोजगार और सफल उद्यमशीलता के लिए ज्ञान प्राप्त करते देखना है जिससे सामाजिक उत्थान और आर्थिक सशक्तिकरण को बढ़ावा मिलेगा।

इसके अलावा, वह मंत्रालय में समन्वय वर्टिकल भी देखती हैं, जो विजन इंडिया/2047, खिलौना विनिर्माता हब, स्वच्छता अभियान भी संभालती है। वह स्वायत्तशासी निकायों के बोर्ड में निदेशक भी हैं।



श्री कालंदी चरण सामल, स्वतंत्र निदेशक, (डीआईएनः 09459531)

श्री कालंदी चरण सामल ओडिशा के एक सामाजिक कार्यकर्ता हैं। वह उड़िया भाषा के लेखक और उड़िया समाचारपत्रों के स्तंभकार हैं। वह ओडिशा के अंगुल जिले में स्थित तालचर के रहने वाले हैं। वह स्वदेशी मेलों का आयोजन करते रहे हैं जिनमें ओडिशा के ग्रामीण क्षेत्रों से आए छोटे पैमाने के उद्यमियों के उत्पादों का प्रदर्शन किया जाता है। वे स्व–रोजगार के लिए लोगों को जागरूक करने के लिए विज्ञान मेलों के आयोजन का भी हिस्सा रहे हैं और नियमित रूप से स्थानीय किसानों/मजदूरों तथा उद्यमियों को नई तकनीकों का उपयोग करने के लिए पुस्तक मेल/प्रदर्शनी/प्रशिक्षण आयोजित करते हैं।

श्री कालंदी चरण सामल को एनएसआईसी के बोर्ड में 11 फरवरी, 2022 से स्वतंत्र निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया है।



डॉ. अशोक अहिरवार, स्वतंत्र निदेशक, (डीआईएनः 09459529)

डॉ. अशोक अहिरवार, इतिहास विभाग, मानविकी और सामाजिक विज्ञान विद्यालय, डॉ. हरिसिंह गौर विश्वविद्यालय (केंद्रीय विश्वविद्यालय), सागर, मध्य प्रदेश में प्रोफेसर हैं। उन्होंने वर्ष 2016–2019 के दौरान इतिहास विभाग के अध्यक्ष के रूप में भी कार्य किया है। उन्होंने अपनी उच्च शिक्षा डॉ. हरिसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर, मध्य प्रदेश से पूरी की है। उन्होंने इतिहास विषय में स्नातकोत्तर किया और डॉ. राम मनोहर लोहियाज आइडियाज एंड वर्क्सः ए हिस्टॉरिकल अनालीसिज पर डॉक्टरेट शोध पूरा किया। वह देश भर के विभिन्न संस्थानों से डायट, एचआरडीसी, टीएलसी में संसाधन व्यक्ति/विशेषज्ञ के रूप में जुड़े हुए हैं।

उन्होंने 1994–98 तक विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, नई दिल्ली से शोध अध्येतावृत्ति प्राप्त की। उन्होंने डॉ. बी.आर. अम्बेडकररू विजन एंड कॉन्ट्रिब्यूशन पर विस्तृत विभिन्न शोध पत्र लिखे हैं। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय परिषद के सदस्य (2008–11) के रूप में भी कार्य किया है। उन्हें भारत सरकार के रेल मंत्रालय द्वारा वर्ष 2021 में सलाहकार बोर्ड, उत्तर मध्य रेलवे क्षेत्र, इलाहाबाद में सदस्य के रूप में नामित किया गया था। वह लोकतांत्रिक तरीके से नागरिकता के अधिकारों के संवर्धन के लिए अपनी अकादमिक स्वायत्तता का प्रयोग करने में विश्वास रखते हैं। इसी उपयुक्त उद्देश्य के लिए उन्होंने लोकतांत्रिक राजनीति के साथ अपने अकादमिक दायरे को भी बढ़ाया है।

प्रो. अहिरवार को 11 फरवरी, 2022 से एनएसआईसी के बोर्ड में स्वतंत्र निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया है।

अध्यक्ष महोदय का संदेश



प्रिय शेयरधारकगण,

निदेशक मंडल की ओर से, मुझे "राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम लिमिटेड (एनएसआईसी)" की इस 68वीं वार्षिक आम बैठक में आपका स्वागत करते हुए प्रसन्नता हो रही है। सबसे पहले, मैं कंपनी में उनके निरंतर समर्थन और विश्वास के लिए सभी हितधारकों का आभार व्यक्त करना चाहता हूं। मेरे सहित सभी कार्यात्मक निदेशकों ने हाल ही में संबंधित पदों पर कार्यभार ग्रहण किया हैं, जिससे हमें एमएसएमई क्षेत्र को मजबूत करने और एनएसआईसी को नई ऊंचाइयों पर ले जाने का एक और अवसर मिला है।

31 मार्च, 2023 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए आपकी कंपनी के बोर्ड की रिपोर्ट और उसके लेखापरीक्षित वित्तीय विवरण, लेखापरीक्षक की रिपोर्ट और उस पर भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक की टिप्पणियाँ आपके पास मौजूद हैं। मैं इन्हें पढ़ा हुआ मानने के लिए आपकी अनुमति चाहता हूं।

संचालन अवलोकन

वर्ष 2022–23 के लिए कंपनी के प्रचालनों से राजस्व 2770.14 करोड़ रुपए था जबकि पिछले वर्ष यह 2618.70 करोड़ रुपए था। कंपनी ने वर्ष 2022–23 के लिए 148.25 करोड़ रुपये का कर पूर्व लाभ अर्जित किया है, जबकि पिछले वर्ष यह 145.49 करोड़ रुपये था। वर्ष 2022–23 के दौरान कर पश्चात लाभ 112.95 करोड़ रुपये था, जबकि पिछले वर्ष यह 110.13 करोड़ रुपये था। निदेशक मंडल ने वित्तीय वर्ष 2022–23 के लिए भारत सरकार को 33.14 करोड़ रुपए के लाभांश की भी सिफारिश की है जो शेयरधारकों की मंजूरी के अधीन है।

एनएसआईसी अपनी विभिन्न योजनाओं के माध्यम से एमएसएमई का समर्थन करता है। एमएसएमई को कच्चे माल की आपूर्ति की मांग और आपूर्ति अंतर की चुनौतियों को पूरा करने के लिए, एनएसआईसी ने अपनी कच्ची सामग्री वितरण योजना के तहत एमएसएमई की अपेक्षानुसार प्रतिस्पर्धी मूल्यों पर लोहा और इस्पात, एल्यूमीनियम, तांबा, पॉलिमर, बिटुमेन, सीमेंट और अन्य प्रमुख कच्चे माल आपूर्तिकर्ताओं के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं।

वित्तीय वर्ष 2022–2023 में एमएसएमई इकाइयों को कच्चा माल सहायता (आरएमए) योजना के तहत 6401.16 करोड़ रुपये की ऋण सहायता दी गई। हाल ही में, एनएसआईसी ने पोर्टफोलियो को प्रभावी ढंग से प्रबंधित करने के लिए बिल डिस्काउंटिंग योजना के लिए एक वेब एप्लिकेशन भी विकसित किया है।

एनएसआईसी ने एमएसएमई इकाइयों को ऋण सुविधाएं प्रदान करने के लिए विभिन्न राष्ट्रीयकृत और निजी क्षेत्र के बैंकों के साथ समझौता ज्ञापन पर भी हस्ताक्षर किए है। वित्तीय वर्ष 2022–23 के दौरान, बैंक क्रेडिट सुविधा योजना के पोर्टफोलियो के तहत आईडीबीआई बैंक, उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड और पंजाब नेशनल बैंक के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।

एनएसआईसी अपनी सेवाओं के डिजिटलीकरण को सुदृढ़ करने के लिए भी प्रतिबद्ध है। इस दिशा में, एनएसआईसी अपने ई–विपणन पोर्टल एमएसएमई ग्लोबल मार्ट (https://www.msmemart.com) के माध्यम से ई–विपणन सेवाएं प्रदान कर रहा है। पोर्टल में भारत के 1,90,000 से अधिक एमएसएमई का सदस्य आधार है और इसमें 1,00,000 से अधिक उत्पाद उपलब्ध है। आजादी का अमृत महोत्सव वाली आजादी के 75 वर्ष की भारत सरकार की थीम के साथ संरेखित करने के लिए, एमएसएमई मंत्रालय ने पीएमएस योजना के अंतर्गत ई–कॉमर्स पोर्टल "एमएसएमई ग्लोबल मार्ट" के माध्यम से सूक्ष्म उद्यमों द्वारा उत्पादों या सेवाओं को बेचने के लिए ई–कॉमर्स प्लेटफॉर्म को अपनाने के लिए 75 प्रतिशत की सब्सिडी प्रारंभ की है।

वित्तीय वर्ष 2022–23 के दौरान, विभिन्न एनएसआईसी तकनीकी सेवा केंद्रों (एनटीएससी) के माध्यम से कुल 61,090 प्रशिक्षु उत्तीर्ण हुए, जबकि पिछले वित्तीय वर्ष में 48,182 प्रशिक्षु उत्तीर्ण हुए थे। एनटीएससी वर्तमान में उद्योगों की आवश्यकता के अनुसार विभिन्न विषयों में रोजगार उन्मुख कौशल विकास प्रशिक्षण प्रदान कर रहे हैं। उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स और उपकरणों के क्षेत्र में युवाओं को प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स तथा इलेक्ट्रॉनिक्स सेक्टर स्किल्स काउंसिल ऑफ इंडिया (ईएसएससीआई) के साथ हस्ताक्षरित त्रिपक्षीय समझौता ज्ञापन के अनुसरण में एनटीएससी–ओखला, नई दिल्ली में एक उत्कृष्टता केंद्र स्थापित किया गया है। उत्कृष्टता केंद्र में प्रति वर्ष लगभग 600 प्रशिक्षुओं को प्रवेश मिलता है।

वित्तीय वर्ष 2022–23 के दौरान, स्टाड फाउंडेशन, इंटीरियर और आर्किटेक्चर डिजाइन, फोटोशॉप और वी–रे, पीसीबी डिजाइन, विश्लेषण

और विनिर्माण, ईवी की मरम्मत और रखरखाव, फुल स्टैक डेवलपमेंट, डिजिटल ट्विन्स, ड्रोन टेक्नोलॉजीज, नवीकरणीय संसाधनों और विद्युत प्रणाली में उपयोग की जाने वाली इष्टतम तकनीकें, कम्प्यूटर विजन और रोबोटिक्स के लिए डीप लर्निंग, औद्योगिक अनुप्रयोगों के लिए कम्पोजिट सामग्री, जियोमैट्रिक डाइमेंशनिंग एण्ड टॉलरेन्स, अमेजॅन वेब सर्विसेज (एडब्ल्यूएस) आदि पर नए प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किए गए।

अंतरराष्ट्रीय सहयोग खंड में, एनएसआईसी ने औद्योगिक प्रौद्योगिकी अनुसंधान संस्थान (आईटीआरआई), ताइवान के सहयोग से ताइवान में भारत–ताइवान एसएमई सहयोग मंच की पहली बैठक का आयोजन किया, जिसका विषय था – ''स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र के लिए इलेक्ट्रॉनिक विनिर्माण''। एनएसआईसी ने प्रौद्योगिकी हस्तांतरण शुरू करने और एमएसएमई के बीच स्थायी व्यापार गठबंधन के लिए सर्वोत्तम प्रथाओं पर जानकारी साझा करने के लिए सहयोग की संभावना तलाशने हेतु अपने समकक्ष संगठनों के साथ विभिन्न ''वर्चुअल बी2बी बैठकें'' भी आयोजित की थी।

सूरीनाम, बहरीन, मॉरीशस, घाना और मिस्र आदि जैसे विभिन्न देशों के कई उच्च–स्तरीय प्रतिनिधिमंडलों ने एनएसआईसी का दौरा किया और एनएसआईसी के सहयोग से अपने–अपने देशों में एमएसई के विकास में सहयोग के लिए गहरी रुचि दिखाई। उपरोक्त के अलावा, एनएसआईसी ने विश्वसनीय व्यावसायिक गठबंधनों के साथ वैश्विक बाजार में एमएसएमई की प्रतिस्पर्धात्मकता में सुधार के लिए सहयोग करने हेतु कोरिया एसएमई और स्टार्टअप एजेंसी (केओएसएमई), दक्षिण कोरिया के साथ भी समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। एनएसआईसी और आंध्र प्रदेश मेडटेक जोन लिमिटेड (एएमटीजेड) ने 21 सितंबर, 2022 को स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में सहयोग पर एक समझौता–ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।

एनएसआईसी एमएसएमई मंत्रालय, भारत सरकार की एक पहल, नेशनल एससी/एसटी हब (एनएसएसएच) को कार्यान्वित कर रहा है। वर्ष 2016 में प्रारंभ होने के बाद से भारत में इस योजना का उद्देश्य लोक खरीद नीति के अनुसार सीपीएसई से 4 प्रतिशत खरीद के आदेश को पूरा करने के लिए एससी/एसटी उद्यमियों को पेशेवर सहायता प्रदान करना है। राष्ट्रीय एससी/एसटी हब के तहत वित्तीय वर्ष 2022–23 के दौरान विभिन्न हस्तक्षेप/कार्यक्रम/सम्मेलन आयोजित किए गए। वर्ष 2022–2023 के लिए एनएसएसएच योजना के तहत कुल 24410 एससी/एसटी उद्यमियों को सहायता और सहयोग प्रदान किया गया।

मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि एनएसआईसी ने वर्ष 2022–2023 के लिए 4 प्रतिशत के लक्ष्य की तुलना में वस्तुओं और सेवाओं की कुल खरीद का 7.58 प्रतिशत एससी/एसटी एमएसएमई से खरीदा है।

हमारा मानना है कि अच्छी कारपोरेट अभिशासन प्रथाएं कंपनी के कामकाज का अपरिहार्य हिस्सा हैं और सतत और दीर्घकालिक आधार पर अपने हितधारकों के लिए मूल्य सृजन करती हैं। नैतिकतापूर्ण शासन के उच्चतम मानकों को सुनिश्चित करने के लिए, एनएसआईसी ने हमारे प्रचालनों और निर्णय लेने की प्रक्रियाओं की निगरानी के लिए बोर्ड स्तर पर कई समितियों का गठन किया है। एनएसआईसी लोक उद्यम विभाग द्वारा जारी सभी दिशानिर्देशों का पालन करने के लिए समर्पित है।

वित्तीय वर्ष 2022–23 के दौरान सीएसआर के लिए कुल 278.27 लाख रुपए की विभिन्न सीएसआर गतिविधियों हेतु योगदान दिया गया, जिसमें स्वच्छ भारत कोष में 167 लाख रुपये, पीएम केयर्स फंड में 23.33 लाख



30 नवंबर से 02 दिसंबर 2022 तक ताइवान में भारत–ताइवान एसएमई सहयोग मंच की पहली बैठक के लिए प्रतिनिधिमंडल।

रुपये और 70 लाख का सशस्त्र बल झंडा दिवस कोष में दिया गया योगदान शामिल है। इसके अतिरिक्त, जनता के लिए सुरक्षित पेयजल हेतु तीन सामुदायिक जल ईपीआईओ मशीनें स्थापित करने के लिए 17.94 लाख रुपये का योगदान दिया गया।

एनएसआईसी की एक पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी अर्थात एनएसआईसी वेंचर कैपिटल फंड लिमिटेड (एनवीसीएफएल) है। एनवीसीएफएल भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (वैकल्पिक निवेश निधि) विनियम, 2012 ('विनियम') के अंतर्गत 1 सितंबर 2021 से अपनी पहली योजना आत्मनिर्भर भारत (एसआरआई) फंड के लिए श्रेणी–।। वैकल्पिक निवेश निधि के रूप में पंजीकृत है। एसआरआई फंड मदर/डॉटर फंड का एक संयोजन है। भारत सरकार एकमात्र एंकर निवेशक है और चरणबद्ध तरीके से मदर फंड को 10,000 करोड़ की प्रारंभिक बजटीय सहायता प्रदान करती है। 30 नवंबर 2023 तक, 48 डॉटर फंड को 6,105 करोड़ रुपये की एसआरआई फंड प्रतिबद्धता के साथ पैनलबद्ध किया गया है। एसआरआई फंड अंशदान से लगभग 730 करोड़ रुपये पहले ही इन डॉटर फंड द्वारा 382 एमएसएमई में नियोजित किए जा चुके हैं।

एनएसआईसी सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों के हित को बढ़ावा देने के लिए हमेशा प्रतिबद्ध रहा है। एमएसएमई मंत्रालय ने समावेशी आर्थिक विकास के लिए एमएसई महिला योजना और ''डिजिटल एमएसएमई योजना'' का संचालन भी एनएसआईसी को सौंपा है, जिसका उद्देश्य एमएसएमई को डिजिटल उपकरण, एप्लिकेशन और प्रौद्योगिकियों को अपनाने के लिए डिजिटल रूप से सशक्त और प्रेरित करना है ताकि उनकी घरेलू और वैश्विक बाजारों में प्रतिस्पर्धात्मकता में सुधार हो सके। एनएसआईसी को भारत सरकार की एक प्रमुख योजना, पीएम विश्वकर्मा के कार्यान्वयन के लिए टूलकिट से संबंधित गतिविधियों के लिए भी अधिदेश दिया गया है।

सम्मान और पुरस्कार

आपकी कंपनी विभिन्न क्षेत्रों से पुरस्कार और सम्मान प्राप्त करती रही है। एनएसआईसी को प्रदान किए गए कुछ प्रमुख पुरस्कार निम्नवत हैं:

- एनएसआईसी को 08 जुलाई, 2022 को इंडिया एक्सपो मार्ट, ग्रेटर नोएडा में आयोजित ईईए–2022 में टॉर्चबियरर श्रेणी में प्रदर्शनी उत्कृष्टता पुरस्कार–2022 से सम्मानित किया गया। यह प्रतिष्ठित पुरस्कार प्रदर्शनी शोकेस द्वारा वैश्विक स्तर पर प्रदर्शनी उद्योग को बढ़ावा देने में एनएसआईसी के महत्वपूर्ण योगदान को मान्यता देने के लिए प्रदान किया गया है।
- एनएसआईसी के एकीकृत विपणन विकास केंद्र, भुवनेश्वर को 16 दिसंबर, 2022 को इंडिया हैबिटेट सेंटर, नई दिल्ली मे भारत में स्विट्जरलैंड के महामहिम राजदूत द्वारा अनंतिम 3 स्टार गृह रेटिंग प्रदान की गई।

आभारोक्ति

मैं इस अवसर पर एमएसएमई के विकास को सुकर बनाने और बढ़ावा देने की इस पहल के लिए निरंतर मार्गदर्शन और समर्थन के लिए एमएसएमई मंत्रालय, आरबीआई, डीपीई और अन्य सांविधिक निकायों के प्रति अपना हार्दिक आभार व्यक्त करना चाहूंगा। मैं सी एण्ड एजी, सांविधिक लेखापरीक्षकों और कंपनी से जुड़े अन्य पेशेवरों, एजेंसियों को भी धन्यवाद देना चाहता हूं। मैं कंपनी को और मजबूत करने के लिए अपने साथी बोर्ड सदस्यों के समय और मूल्यवान इनपुट के लिए उनकी सराहना भी करना चाहता हूं।

मैं कंपनी के प्रति उनकी प्रतिबद्धता और योगदान के लिए एनएसआईसी टीम की गहरी सराहना करना चाहूंगा।

ह./–
(विपुल गोयल)
अध्यक्ष–सह–प्रबंध निदेशक
डीआईएन संख्या : 10229523

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 12 दिसंबर, 2023

बोर्ड की रिपोर्ट

प्रिय शेयरधारीगण,

आपके निदेशकों को वित्तीय वर्ष 2022–2023 हेतु कंपनी के लेखापरीक्षित वित्तीय विवरणों के साथ कंपनी की 68वीं बोर्ड की रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए प्रसन्नता हो रही है।

1) वित्तीय प्रदर्शन

वर्ष 2022–23 हेतु एनएसआईसी का वित्तीय प्रदर्शन उसके पिछले वर्ष के प्रदर्शन के साथ नीचे दी गई तालिका में दिया गया है:

(करोड़ रूपये में)

विवरण	एकल		समेकित	
	वित्तीय वर्ष 2022–2023	वित्तीय वर्ष 2021–2022	वित्तीय वर्ष 2022–2023	वित्तीय वर्ष 2021–2022
प्रचालनों से राजस्व	2770.14	2618.70	2774.27	2620.71
सकल आय	453.78	417.88	457.74	418.67
कर–पूर्व लाभ	148.25	145.49	151.74	147.79
निवल मूल्य	1079.07	1023.86	1082.83	1025.15
उधार	1555.87	1523.36	1555.87	1523.36
लाभांश	33.14	33.17	33.14	33.17
प्रति शेयर आय (रुपयों में)	20.73	20.31	21.19	20.66

i) समेकित आधार पर:–

वर्ष 2022–2023 के लिए कंपनी के संचालन से राजस्व पिछले वर्ष के ₹2774.27 करोड़ के मुकाबले 2620.71 करोड़ था। कंपनी ने पिछले वर्ष के ₹151.74 करोड़ की तुलना में वर्ष 2022–23 हेतु ₹147.79 करोड़ का कर पूर्व लाभ अर्जित किया है। वर्ष 2022–23 के दौरान कर पश्चात लाभ पिछले वर्ष के ₹112.95 करोड़ की तुलना में ₹110.13 करोड़ रहा है।

ii) एकल आधार पर:–

वर्ष 2022–2023 के लिए कंपनी के संचालन से राजस्व पिछले वर्ष के ₹2770.14 करोड़ की तुलना में ₹2618.70 करोड़ था। कंपनी ने पिछले वर्ष के ₹148.25 करोड़ के मुकाबले वर्ष 2022–23 के लिए ₹145.49 करोड़ का कर पूर्व लाभ अर्जित किया है। वर्ष 2022–23 के दौरान कर पश्चात लाभ ₹110.48 करोड़ है, जबकि पिछले वर्ष यह ₹108.23 करोड़ था।

वित्तीय वर्ष 2022–23 के दौरान, एनएसआईसी ने एमएसएमई को 19,617 करोड़ रुपए मूल्य की वस्तुओं की हैंडलिंग और सेवाएं प्रदान करने में सहायता की

2) लाभांश

कंपनी के निदेशक मंडल ने वित्तीय वर्ष 2022–23 के लिए 33.14 करोड़ रुपए के अंतिम लाभांश की सिफारिश की है। बशर्ते



श्री विपुल गोयल, सीएमडी एनएसआईसी ने वर्ष 2022–23 के लिए 33.14 करोड़ रुपये का लाभांश चेक श्री नारायण तातु राणे, माननीय एमएसएमई मंत्री, भारत सरकार को प्रस्तुत किया। इस अवसर पर श्री एस.सी.एल.दास, सचिव (एमएसएमई), श्री कार्तिकेय सिन्हा, निदेशक (पी एंड एम), श्री गौरव गुलाटी, निदेशक (वित्त) और सुश्री निष्ठा गोयल, कंपनी सचिव, एनएसआईसी भी उपस्थित थे।

कि वार्षिक आम बैठक में शेयरधारकों द्वारा इसे अनुमोदित कर दिया जाए।

3) भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम, 1934 की धारा 45–आईसी के अंतर्गत आरक्षित निधि

वर्ष के दौरान, भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम 1934 की धारा 45–आईसी के अंतर्गत ₹22.10 करोड़ की अतिरिक्त आरक्षित निधि बनाई गई है, इस प्रकार 31 मार्च 2023 तक कुल आरक्षित निधि ₹83.39 करोड़ थी।

4) प्रचालन संबंधी कार्य–निष्पादन

i) कच्चे माल का विवरण

एनएसआईसी की महत्वपूर्ण गतिविधियों में से एक एमएसएमई को कच्चे माल की सुचारू आपूर्ति सुनिश्चित करना है। एनएसआईसी प्रतिस्पर्धी कीमतों पर और एमएसएमई द्वारा आवश्यक मात्रा में लोहे और इस्पात, एल्यूमिनियम, तांबा, पॉलिमर, बिटुमेन, सीमेंट और कई अन्य वस्तुओं जैसे आवश्यक कच्चे माल की खरीद के लिए बड़े पैमाने पर निर्माताओं के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर करता है।

इसके अलावा, एनएसआईसी औद्योगिक क्षेत्रों में कच्चे माल वितरण केंद्र स्थापित करके एमएसएमई के लिए प्रक्रिया को सरल बनाता है, जिससे उनके लिए उनके द्वार पर कच्चे माल तक पहुंच सुविधाजनक हो जाती है। यह दृष्टिकोण उनकी मालसूची लागत को कम करता है और सामग्रियों को उनकी उत्पादन सुविधाओं के निकट लाता है।

विशेष रूप से सूक्ष्म और लघु उद्यमों को एनएसआईसी के माध्यम से कच्चे माल की सहायता प्राप्त होने पर कई लाभ मिलते हैं। इन लाभों में शामिल हैं:

- कमी की स्थिति के दौरान भी सामग्री की समय पर और लगातार उपलब्धता सुनिश्चित करना।
- छोटी मात्राओं में सामग्रियों तक पहुंच जो एमएसएमई की विशिष्ट आवश्यकताओं के अनुरूप हो।
- विनिर्माताओं के मूल्यों पर सामग्रियों की सीधी खरीद, बिचौलियों को खत्म करना।
- बड़ी मात्रा में खरीदारी के लाभों को प्राप्त करना, जिसके परिणामस्वरूप लागत बचत हो सकती है।

इन लाभों ने एमएसएमई को बाजार के बड़े निकायों से प्रतिस्पर्धा बनाए रखने के लिए कीमतों में प्रतिस्पर्धी बनाए रखा।

- वर्ष 2022–23 के दौरान, एनएसआईसी ने स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल), राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड (आरआईएनएल), आर्सेलर मित्तल निप्पॉन स्टील इंडिया लिमिटेड (एएमएनएस) से लौह और इस्पात, नेशनल एल्युमीनियम कंपनी लिमिटेड (नालको) से एल्युमीनियम, चेन्नई पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (सीपीसीएल) से पैराफिन वैक्स, कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) से कोयला, एसीसी लिमिटेड, डालमिया सीमेंट भारत लिमिटेड और अंबुजा सीमेंट से सीमेंट, अग्रवाल इंडस्ट्रियल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एआईसीएल) से बिटुममन, जिंदल स्टेनलेस स्टीलवे लिमिटेड (जेएसएसएल) से स्टेनलेस स्टील की आपूर्ति के माध्यम से एमएसएमई की कच्चे माल की आवश्यकता को पूरा किया।

  एमएसएमई को और अधिक सुकर बनाने और उनके कच्चे माल की बाधाओं को कम करने के लिए, एनएसआईसी ने क्षेत्रीय उत्पादकों/स्थानीय आपूर्तिकर्ताओं अर्थात स्टील सेंटर, त्रिवेणी एंटरप्राइजेज, एलाइड रीसाइक्लिंग लिमिटेड, जेएसडब्ल्यू, अंजनी पोर्टलैंड सीमेंट लिमिटेड, सुगना मेटल्स, मेघालय सीमेंट लिमिटेड और शिवा फेरिक आदि के साथ एमएसएमई को कच्चे माल की आपूर्ति के लिए व्यवस्थाएं की/एमओयू पर हस्ताक्षर किए हैं। एनएसआईसी ने उत्तरी क्षेत्र में सीमेंट की आपूर्ति के लिए 20 मई, 2022 को मैसर्स अंबुजा सीमेंट के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया।

- वर्ष 2022–2023 के दौरान, बिक्री खरीद के तहत कच्चे माल वितरण (आरएमडी) की मात्रा 2,85,635 मीट्रिक टन है, जिसकी राशि 2190 करोड़ रुपए है, जबकि पिछले वित्तीय वर्ष में यह मात्रा 2,52,348 मीट्रिक टन थी, जिसकी राशि 2108 करोड़ रुपए थी।

ii) एकल बिंदु पंजीकरण योजना (एसपीआरएस)

भारत सरकार विभिन्न प्रकार की वस्तुओं की अकेली सबसे बड़ी खरीदार है। लघु–स्तरीय क्षेत्र से खरीद की हिस्सेदारी बढ़ाने के उद्देश्य से, सरकारी खरीद कार्यक्रम में भागीदारी के लिए एकल बिंदु पंजीकरण योजना (एसपीआरएस) के तहत सूक्ष्म और लघु उद्यमों (एमएसई) को पंजीकृत करने के माध्यम से 1976 में सरकारी स्टोर खरीद कार्यक्रम शुरू किया गया था। इसके अलावा, एमएसई के लिए सार्वजनिक खरीद आदेश 2012 के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए, एनएसआईसी को लोक खरीद नीति के तहत लाभ प्राप्त करने के लिए सूक्ष्म और लघु उद्यम को सूचीबद्ध करने के लिए नोडल एजेंसी के रूप में नामित किया गया है। सरकारी लोक खरीद कार्यक्रम में भाग लेते समय, प्रत्येक केंद्रीय मंत्रालय/विभाग/पीएसयू को एमएसई द्वारा उत्पादित या प्रदान किए गए उत्पादों या सेवाओं की कुल वार्षिक खरीद का न्यूनतम 25 प्रतिशत वार्षिक लक्ष्य निर्धारित करना होगा। एमएसई से 25 प्रतिशत खरीद की वार्षिक आवश्यकता में से, 4 प्रतिशत अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के स्वामित्व वाली इकाइयों के लिए और 3 प्रतिशत महिला उद्यमियों के स्वामित्व वाली इकाइयों के लिए निर्धारित किया गया है।

एनएसआईसी के एकल बिंदु पंजीकरण की विशेषताएं:

1. एसपीआरएस के तहत पंजीकरण पूरी तरह से ऑनलाइन मोड में किया जा रहा है।
2. एनएसआईसी प्रमाणित दस्तावेज प्राप्त करके एमएसई की वास्तविक और प्रामाणिकता सुनिश्चित करने के बाद ही एसपीआरएस के तहत पंजीकरण जारी करता है।
3. स्वतंत्र तृतीय पक्ष निरीक्षण के बाद, आवेदक एमएसई द्वारा प्रदान किए गए भंडारों/वस्तुओं या सेवाओं के संबंध में गुणात्मक और मात्रात्मक निरीक्षण रिपोर्ट के आधार पर एसपीआरएस के तहत पंजीकरण जारी किया जा रहा है।
4. एसपीआरएस के तहत पंजीकरण हर दो वर्ष के बाद समीक्षा और नवीनीकरण के अधीन वैध है।

वर्ष 2022–23 में एकल बिंदु पंजीकरण योजना स्कीम (एसपीआरएस) से अर्जित राजस्व 9.73 करोड़ रुपए था। वर्ष 2022–23 के दौरान 2,851 नई इकाइयाँ जोड़ी गईं और 6,035 इकाइयों का नवीनीकरण किया गया।

iii) कंसोर्टिया और निविदा विपणन

एमएसई के उत्पादों को बढ़ावा देना कंपनी का एक प्रमुख उद्देश्य है। सूक्ष्म और लघु उद्यमों को अपनी व्यक्तिगत क्षमता में बड़े ऑर्डर प्राप्त करने और निष्पादित करने में समस्याओं का सामना करना पड़ता है।

सूक्ष्म और लघु उद्यमों के संवर्धन और विकास की सुविधा के लिए, भारत सरकार, एमएसएमई मंत्रालय ने राजपत्र अधिसूचना संख्या एस.ओ. 581(ई) दिनांक 23 मार्च 2012 में सीएमएसएमई के लिए लोक खरीद आदेश 2012 लागू किया गया। उपरोक्त लोक खरीद आदेश में, भारत सरकार ने एनएसआईसी को बड़े उद्यमों द्वारा सूक्ष्म और लघु उद्यमों के लिए उप–अनुबंध और एनएसआईसी द्वारा गठित सूक्ष्म और लघु उद्यमों के संघ सहित खरीद के वार्षिक लक्ष्य के लिए अधिदेश दिया है। एनएसआईसी ने अपनी कंसोर्टिया और निविदा विपणन योजना के तहत सूक्ष्म और लघु उद्यमों के कंसोर्टिया का गठन किया और सरकार विभागों, पीएसयू द्वारा आवश्यक स्टोर –। वस्तुओं की आपूर्ति कर रहा है और अपेक्षित सेवाएं प्रदान कर रहा है। एनएसआईसी कार्यालय लगातार कंसोर्टिया की निगरानी करते हैं और आवश्यकताओं के आधार पर नए कंसोर्टिया बनाते हैं।

पृथक एमएसई को उनकी लघु क्षमता के कारण बड़े उद्यमों के मुकाबले निविदाओं में भाग लेने से वंचित किया जाता है। कंपनी बाजार की खोज करती है और एमएसई के एकल एमएसई–। कंसोर्टिया के लिए ऑर्डर प्राप्त करने हेतु उनकी ओर से निविदाओं में भाग लेती है। फिर ये ऑर्डर कंसोर्टिया सदस्यों को उनकी उत्पादन क्षमता के अनुरूप वितरित किए जाते हैं। एनएसआईसी कंसोर्टिया दृष्टिकोण अपनाता है और वस्तुएं/पूरक उत्पाद बनाने वाली इकाइयों का कंसोर्टिया बनाता है जिससे एमएसई की विपणन समस्याएं आसान हो जाती हैं। इच्छुक एमएसई पृथक क्षमता के साथ–साथ कंसोर्टियम सदस्य के रूप में संबंधित शाखा के साथ समझौता करेंगे। ''कंसोर्टियम'' का न्यूनतम आकार दो इकाइयाँ होंगी।

एनएसआईसी निविदाओं में भागीदारी, ईएमओ जमा करने, बैक–टू–बैक ऑर्डर देने, बिल जारी करने आदि से लेकर निविदा गतिविधि के हर चरण में एमएसई को सुविधा प्रदान करता है।

वर्ष 2022–23 के दौरान, कंपनी ने 571 निविदाओं में भाग लिया है जिनका मूल्य 474 करोड़ रुपए था और 135.18 करोड़ रुपये की रकम की निविदाओं का कार्य–निष्पादन किया है।

iv) एमएसएमई को क्रेडिट सहायता

क) कच्चे माल की खरीद के लिए क्रेडिट सहायता

क्रेडिट पर कच्चे माल की खरीद करने में एमएसएमई को सहायता देने के लिए एनएसआईसी, एमएसमएई को अत्यधिक प्रतियोगी दरों पर अल्पकालिक क्रेडिट सहायता का लाभ उठाने का विकल्प उपलब्ध करता है। बैंक गारंटी की प्रतिभूति पर वित्तीय सहायता दी जा रही है। इस व्यवस्था में आवेदक एमएसएमई कच्चे माल की आपूर्ति करने के लिए आपूर्तिकर्ताओं को सीधे भुगतान किया जाता है।

वित्त वर्ष 2022–23 के दौरान एनएसआईसी ने कच्चे माल की सहायता (आरएमए) के अधीन 2569 से अधिक एमएसएमई इकाइयों को 6401.16 करोड़ रूपये की क्रेडिट सहायता दी गई।

ख) बिल डिस्काउंटिंग योजना

इस योजना में वास्तविक व्यापार लेनदेन अर्थात सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) द्वारा प्रतिष्ठित सार्वजनिक लिमिटेड कंपनियों और राज्य और केंद्र सरकार के विनिर्माण/सेवा गतिविधियों में लगे विभाग/उपक्रम/प्राइवेट लिमिटेड कंपनियों (व्यापारी नहीं) को की गई आपूर्ति से उत्पन्न बिलों में छूट शामिल है। पोर्टफोलियो को प्रभावी ढंग से प्रबंधित करने के लिए, एनएसआईसी द्वारा योजना के लिए एक वेब एप्लिकेशन विकसित किया गया है।

वित्तीय वर्ष 2022–23 के दौरान, बैंक गारंटी के विरुद्ध 39.37 करोड़ रुपए के कुल बिलों में छूट दी गई।

ग) बैंक के साथ गठबंधन के माध्यम से ऋण सुविधा

एमएसएमई इकाइयों की ऋण आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए, एनएसआईसी ने विभिन्न राष्ट्रीयकृत और निजी क्षेत्र के बैंकों के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। इन बैंकों के साथ सिंडिकेशन के माध्यम से, एनएसआईसी एमएसएमई को इन बैंकों से क्रेडिट सहायता (निधि आधारित या गैर–निधि आधारित सीमाएं) प्राप्त करने में सुविधा प्रदान करता है। एनएसआईसी बैंक को ऋण प्रस्ताव प्रस्तुत करने से पहले बैंक की चेकलिस्ट के अनुसार दस्तावेजों को पूरा करने में एमएसएमई की सहायता करता है और बैंकों के साथ अनुवर्ती कार्रवाई भी करता है। ये हैंडहोल्डिंग सहायता एनएसआईसी द्वारा एमएसएमई को बिना किसी लागत के प्रदान की जाती है।

वित्तीय वर्ष 2022–23 के दौरान, बैंक क्रेडिट सुविधा योजना के पोर्टफोलियो के तहत आईडीबीआई बैंक, उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड और पंजाब नेशनल बैंक के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए और एक्सिस बैंक, फेडरल बैंक के साथ समझौता ज्ञापनों का नवीनीकरण किया गया।

v) रा.ल.उ.नि. तकनीकी सेवा केन्द्र (एनटीएससी)

रा.ल.उ.नि. अपने तकनीकी सेवा केन्द्रों के माध्यम से सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों को प्रौद्योगिकी संबंधी निम्नलिखित सहायता सेवाएँ उपलब्ध करता है:

क) निम्नलिखित क्षेत्रों में डिमांड ड्राइवन –इंडस्ट्रीज सेंट्रिक प्रशिक्षण:

- उच्च–कौशल
- पारंपरिक ट्रेड

ख) एनएबीएल प्रस्तावित और बीआईएस द्वारा मान्यता प्राप्त प्रयोगशालाओं के माध्यम से उच्च तकनीकी मशीनों और प्रशिक्षण सुविधा तकनीकी परामर्शी और पारंपारिक आधार पर जॉब कार्य के लिए सामान्य सुविधाएँ सेवाएँ प्रदान की जाती है।

I. कौशल विकास

एनएसआईसी का तकनीकी सेवा केंद्र वर्तमान में उद्योगों की आवश्यकताओं के अनुसार विभिन्न विषयों में कार्योन्मुखी कौशल विकास प्रशिक्षण दे रहा है। इन केंद्रों में उन्नत टूल रूम, सीएनसी मिलिंग एवं टर्निंग मशीन, ईडीएम, रोबोटिक्स लैब, सौर ऊर्जा अनुप्रयोग लैब, एससीएडीए और प्रक्रिया नियंत्रण लैब और एसएपी, मल्टीमीडिया, मैकेनिकल और विद्युत डिजाइन सॉफ्टवेयर, एआर/वीआर, डेटा साइंस, मशीन लर्निंग, ईवी टेक्नोलॉजी, सोलर पीवी टेक्नोलॉजी आदि जैसे विभिन्न क्षेत्रों की सॉफ्टवेयर लैब जैसी पारंपरिक और उन्नत, उच्च तकनीकी मशीन और उपस्कर हैं।

इन केंद्रों में चल रहे प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों का विवरण इस प्रकार है:



श्री नारायण तातु राणे, माननीय एमएसएमई मंत्री, एमएसएमई मंत्रालय, भारत सरकार ने 18 अक्टूबर, 2022 को एडिटिव टेक्नोलॉजीज में कौशल विकास प्रशिक्षण के लिए राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम लिमिटेड और फिलिप्स मशीन टूल्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के मध्य समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर के अवसर की शोभा बढ़ाई।

क) **डिजाइनः** कैड/कैम, कम्प्यूटर ऐडेड इंजीनियरिंग (सीएई), सीएनसी प्रोग्रामिंग और प्रचालन, कंप्यूटेशनल फ्लुइड डायनामिक्स (सीएफडी), मोल्ड डिजाइन, सॉलिड वर्क्स, 3डी प्रिंटिंग, इंटीरियर डिजाइन और एसटीएएडी प्रो और रिवाइट के जरिए प्रशिक्षण।

ख) **मैकेनिकलः** टूल डिजाइन और उन्नत विनिर्माण, गुणवत्ता नियंत्रण और निरीक्षण, एचवीएसी डिजाइन, मशीनिस्ट एवं वेल्डिंग आदि।

ग) **इलेक्ट्रिकल और इलेक्ट्रॉनिक्सः** इंडस्ट्रियल रोबोटिक्स, पीएलसी–एससीएडीए के साथ आटोमेशन, एम्बेडेड सिस्टम, सौर ऊर्जा, इलेक्ट्रीकल सर्किट और सब–स्टेशन अनुरक्षण, मोटर वाइडिंग और मरम्मत, मेकाट्रोनिक्स, मशीन लर्निंग, ईवी टेक्नोलॉजी, सोलर पीवी टेक्नोलॉजी आदि।

घ) **सूचना प्रौद्योगिकीः** उन्नत सॉफ्टवेयर प्रौद्योगिकी, कंप्यूटर हार्डवेयर एवं नेटवर्किंग, 'ओ' लेवल, कंप्यूटर प्रोग्रामिंग लैंगुएजज, वेबसाइट डिजाइनिंग एवं तैयार करना, बिग डाटा एवं हडूप, पायथन, एसक्यूएल सर्वर, कोर जावा, एमसीपी–सीसीएनए, एंड्रायड अनुप्रयोग, उन्नत जावा, क्लाउड कंप्यूटिंग, सी++ और ओओपीएस, कंप्यूटरीकृत लेखांकन एवं टेली ईआरपी, आईओटी, डेटा साइंस आदि।

ङ) **एआईसीटीई द्वारा स्वीकृत पॉलिटेक्निक डिप्लोमा इंजीनियरिंग और एनसीवीटी पाठ्यक्रमः** एनटीएससी, नीमका में छह विभिन्न विषयों में एआईसीटीई अनुमोदित डिप्लोमा इंजीनियरी पाठ्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। इसके साथ–साथ एनटीएससी, ओखला, राजपुरा और हाबड़ा में एनसीवीटी से संबद्ध आईटीआई स्तर के पाठ्यक्रम संचारित किए जाते हैं, ताकि विद्यार्थियों को रोजगार के अवसरों के लिए व्यावसायिक/शैक्षिक पाठ्यक्रम उपलब्ध किए जा सकें।

च) **आजिविका कारोबार इंक्यूबेशन (एलबीआई):** इस पहल के माध्यम से एनएसआईसी बेकरी, सोया दूध उत्पादन, जुराबों की बुनाई, बुक बाइडिंग, पेपर कप पैकिंग, कलर प्रिंटिंग आदि जैसी कार्य परियोजनाओं में व्यावसायिक प्रशिक्षण देकर युवाओं को जिनमें बेरोजगार भी शामिल हैं। उद्यमशीलता कौशल सिखाने के उद्देश्य से उन्हें कार्यरत रखता है।

वित्तीय वर्ष 2022–23 के दौरान, कुल 61,090 प्रशिक्षु विभिन्न तकनीकी केंद्रों से उत्तीर्ण हुए जो अब तक की सबसे बड़ी उपलब्धि है।

II. नई पहलें:

i) उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स और एप्लाइसेस के क्षेत्र में युवाओं को प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स और इलेक्ट्रॉनिक्स सेक्टर स्किल्स काउंसिल ऑफ इंडिया (ईएसएससीआई) के साथ हस्ताक्षरित त्रिपक्षीय समझौता ज्ञापन के अनुसरण में एनटीएससी–ओखला, नई दिल्ली में उत्कृष्टता केंद्र स्थापित किया गया। इसने युवाओं के लिए

इलेक्ट्रॉनिक्स के क्षेत्र में एक नया रास्ता खोल दिया है और इलेक्ट्रॉनिक्स सामानों की सर्विसिंग और मरम्मत पर प्रशिक्षण प्रदान करके इस क्षेत्र में रोजगार के लिए कुशल जनशक्ति उत्पन्न की है। उत्कृष्टता केंद्र में प्रति वर्ष लगभग 600 प्रशिक्षुओं को प्रवेश मिलता है।

ii) एनटीएससी–राजकोट में सौर पंप परीक्षण सुविधा सौराष्ट्र क्षेत्र में एमएसएमई विनिर्माण इकाइयों की सेवा के उद्देश्य से स्थापित की गई थी। श्री भानु प्रताप सिंह वर्मा, माननीय राज्य मंत्री, एमएसएमई मंत्रालय ने 24 फरवरी 2023 को सौर जल पंप परीक्षण सुविधा का उद्घाटन किया। परीक्षण सुविधा एनएबीएल द्वारा भी प्रत्यायन प्राप्त है।

iii) समीक्षाधीन अवधि के दौरान, आधुनिक सिविल निर्माण परियोजनाओं (सेंट्रल विस्टा प्रोजेक्ट) में उपयोग की जाने वाली डब्ल्ड वॉल्ड कोरूगेटिड एचडीपीई पाइप के लिए एनटीएससी–ओखला में एक परीक्षण सुविधा स्थापित की गई है।

iv) एनटीएससी–अलीगढ़ में सीएनसी प्रोग्रामिंग और ऑपरेशन, फिटर और मशीनिस्ट पाठ्यक्रम और सीएफएस (सीएनसी, वायर कट ईडीएम, वेव की मिलिंग, साल्ट बाथ फर्नेस और वर्टिकल मिलिंग मशीन आदि) में प्रशिक्षण के लिए कार्यशाला का उन्नयन।

v) एनटीएससी–हावड़ा में इलेक्ट्रॉनिक्स और इंस्ट्रूमेंटेशन, इलेक्ट्रिकल और नवीकरणीय ऊर्जा, रेफ्रिजरेशन और एयर कंडीशनिंग/एचवीएसी डिजाइन, सीएनसी प्रोग्रामिंग और संचालन तथा सूचना प्रौद्योगिकी और इलेक्ट्रिकल और मैकेनिकल क्षेत्रों में उन्नत सामग्री परीक्षण सुविधा में कौशल विकास प्रशिक्षणों का आधुनिकीकरण।

vi) एसटीएएडी फाउंडेशन, इंटीरियर और आर्किटेक्चर डिजाइन, फोटोशॉप और वी–रे, पीसीबी डिजाइन, विश्लेषण और विनिर्माण, ईवी की मरम्मत और रखरखाव, पूर्ण स्टैक विकास, डिजिटल ट्विन्स, ड्रोन टेक्नोलॉजीज, नवीकरणीय संसाधन और विद्युत प्रणाली, कंप्यूटर विजन और रोबोटिक्स के लिए गहन शिक्षण, औद्योगिक अनुप्रयोगों के लिए समग्र सामग्री, ज्यामितीय आयाम और सहनशीलता, अमेजॅन वेब सेवाएँ (एडब्ल्यूएस) आदि में उपयोग की जाने वाली अनुकूलन तकनीकों पर नए प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किए गए।

vii) एनटीएससी–ओखला ने उद्योग 4.0 से संबंधित प्रौद्योगिकियों, जैसे 3डी प्रिंटिंग प्रौद्योगिकी, आईओटी अनुप्रयोग, सौर ऊर्जा आधारित समाधानों का डिजाइन और विकास, संरचनाओं में विश्लेषण और कम्प्यूटेशनल फ्लूइड डायनेमिक्स (सीएफडी) के बारे में नेताजी सुभाष प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (एनएसयूटी) के सहायक प्रोफेसरों के लिए उद्योग उन्मुखीकरण प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम एनएसयूटी (एनसीटी दिल्ली सरकार) द्वारा प्रायोजित था। प्रशिक्षण कार्यक्रम ने संकायों को उद्योग और उद्यमिता में तकनीकी कौशल का उपयोग सीखने में सक्षम बनाया।

viii) एनटीएससी–अलीगढ़ ने कुल 540 युवाओं के लिए सीएसआर के अंतर्गत न्यूक्लियर पावर कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड के नरोरा परमाणु ऊर्जा स्टेशन (एनएपीएस) से प्रायोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया।

ix) एनटीएससी–राजकोट ने अकादमिक और उद्योग संपर्क हासिल करने के उद्देश्य से 31 मार्च, 2023 को डेमो दिवस – "प्रयास" के अवसर पर राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज, राजकोट के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं।

x) एलबीआई – नैनी ने ग्राम स्तर पर उद्यमिता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एनटीपीसी मेजा ऊर्जा निगम परिसर में कटिंग और टेलरिंग मॉड्यूल में 30 महिला लाभार्थियों के लिए प्रायोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया।

xi) प्रशिक्षण केंद्र – मंडी ने महिला सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता के उद्देश्य से एनटीपीसी द्वारा प्रायोजित ग्रामीण महिलाओं के लिए फ्रैब्रिक उत्पादों के निर्माण, महिलाओं और बच्चों की टेलरिंग, कंप्यूटर अनुप्रयोग, कृषि परीक्षण आदि में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया। केंद्र ने नाबार्ड, सरकारी आईटीआई – मंडी और राजकीय डिग्री कॉलेज – मंडी के तहत प्रायोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम भी आयोजित किया।

xii) एनटीएससी – राजपुरा ने विभिन्न घरेलू विद्युत उपकरणों जैसे वेट ग्राइंडर, राइस कुकर, न्यूट्री ब्लेंड, चॉपर, एग बॉयलर और हैंड मिक्सर के लिए नई परीक्षण गतिविधियाँ संचालित की हैं।

III. सामान्य सुविधा सेवाएं (सीएफएस)

एनटीएससी निम्नलिखित विशेषज्ञता में एमएसएमई को मांग संचालित एनएबीएल मान्यता प्राप्त और बीआईएस मान्यता प्राप्त परीक्षण सुविधाएं प्रदान करता है:

केंद्र	उपलब्ध परीक्षण सुविधाएँ
नई दिल्ली	लौह और अलौह सामग्री, पाइप, स्टील के तार, भवन निर्माण सामग्री, प्लास्टिक, लकड़ी और मिट्टी और कोलतार परीक्षण, पीपीई किट परीक्षण
राजकोट	डीजल इंजन परीक्षण, सौर/विद्युत पम्प परीक्षण, प्लास्टिक परीक्षण, सामग्री परीक्षण
हावड़ा	इलेक्ट्रिकल कंडक्टर, तार और केबल, इंसुलेटर, सामग्री परीक्षण
राजपुरा	विद्युत उपकरण परीक्षण, पीपीई किट परीक्षण
चेन्नई	अंशांकन प्रयोगशाला, सामग्री परीक्षण, पंप परीक्षण, ऊर्जा लेखा परीक्षा
नीमका	लौह और अलौह सामग्री का रासायनिक और यांत्रिक परीक्षण

वित्तीय वर्ष 2022–23 के दौरान विभिन्न तकनीकी केंद्रों के माध्यम से सीएफएस में कुल 14,034 एमएसएमई इकाइयों को सेवाएं दी गईं।

IV. प्रशिक्षार्थियों को प्लेसमेंट सहायता

एनएसआईसी जॉब मेलों का आयोजित करके प्रशिक्षार्थियों का चयन करने के लिए कंपनियों को आमंत्रित करके अपने प्रशिक्षार्थियों को प्लेसमेंट में सहायता करता है। वित्तीय वर्ष 2022–23 के दौरान, एनएसआईसी ने प्रशिक्षार्थियों को प्लेसमेंट में सहायता के लिए 44 जॉब मेलों का आयोजन किया, जिसमें कुल 307 कंपनियों ने भाग लिया और 1536 प्रशिक्षार्थियों का चयन किया गया।

V. प्रशिक्षार्थियों के लिए शैक्षिक संस्थाओं और सीपीएसई के साथ संबंध

शैक्षिक संस्थाओं के साथ एनएसआईसी तकनीकी सेवा केन्द्रों का संपर्क बढ़ाना ताकि एनएसआईसी तकनीकी सेवा केन्द्रों की प्रौद्योगिकों के संबंध में विद्यार्थियों को व्यवहारिक प्रशिक्षण की सुविधा मिल सके। सरकारी इंजीनियरिंग कॉलेज राजकोट, गुजरात नॉलेज सोसाइटी, एनटीपीसी, नाबार्ड, सरकारी आईटीआई – मंडी, सरकारी डिग्री कॉलेज – मंडी आदि कुछ नाम हैं।

VI. डिजिटल सेवा सुविधा (एमएसएमई ग्लोबल मार्ट)

एनएसआईसी अपने ई–मार्केटिंग पोर्टल एमएसएमई ग्लोबल मार्ट (https://www.msmemart.com) के माध्यम से ई–मार्केटिंग सेवाएं प्रदान कर रहा है, जो एक वैश्विक बिजनेस टू बिजनेस (बी2बी) पोर्टल है जो बढ़ी हुई दृश्यता, खोज योग्यता और अपने व्यवसाय को ऑनलाइन बढ़ाने के लिए खरीदारों और आपूर्तिकर्ताओं के बीच नेटवर्किंग के अवसर के माध्यम से एमएसएमई को बाजार पहुंच प्रदान करता है। प्रधानमंत्री के ''वोकल फॉर लोकल'' के दृष्टिकोण को साकार करने और बढ़ाने और बढ़ती हुई ''मेक इन इंडिया'' अर्थव्यवस्था में योगदान और समर्थन करने के उद्देश्य से, एमएसएमई ग्लोबल मार्ट भीतरी इलाकों से लेकर राष्ट्रीय बाजार तक भी उत्पादों को प्रदर्शित करने में सुविधा प्रदान कर रहा है। पोर्टल में भारत के 1,96,525 से अधिक एमएसएमई का सदस्य आधार है और इसमें लगभग 1 लाख उत्पाद शामिल हैं। पोर्टल की प्रमुख विशेषताओं और सेवाओं में असीमित निविदा जानकारी, व्यापार लीड, सदस्य का होमपेज, विशेष उत्पाद सूची, कोटेशन के लिए अनुरोध आदि शामिल हैं। पोर्टल पर पंजीकरण प्रक्रिया कागज रहित और पूरी तरह से ऑनलाइन है।



उद्यम पोर्टल पर पंजीकृत एमएसएमई को एमएसएमई ग्लोबल मार्ट में शामिल करने के लिए एमएसएमई मंत्रालय के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर।

समीक्षाधीन अवधि के दौरान, बड़ी संख्या में एमएसएमई की सेवा के लिए एमएसएमई ग्लोबल मार्ट पोर्टल बनाने के लिए, एनएसआईसी ने निम्नलिखित उपाय किए हैं:

- एनएसआईसी ने ऑनलाइन और ऑफलाइन रिटेल के माध्यम से वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं का हिस्सा बनाने के लिए एमएसएमई की क्षमता निर्माण के लिए एक पारिस्थितिकी तंत्र बनाने हेतु वॉलमार्ट के साथ मिलकर कार्य करने के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। समझौता ज्ञापन भारतीय एमएसएमई को निर्यात की निरंतर वृद्धि के लिए बाजार पहुंच प्रदान करेगा, विशेष रूप से टियर–II और टियर–III शहरों से और भारत से एमएसएमई उत्पादों की बिक्री के लिए ऑनलाइन रिटेल का लाभ उठाएगा।

- उद्यम पोर्टल पर पंजीकृत एमएसएमई को एमएसएमई ग्लोबल मार्ट में शामिल करने और अपने व्यवसाय के विस्तार के लिए पोर्टल की ई–मार्केटिंग सेवाओं की सुविधाओं का लाभ उठाने के लिए, एनएसआईसी और एमएसएमई के विकास आयुक्त का कार्यालय के बीच एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए हैं।

- आजादी के 75 वर्ष पर आजादी का अमृत महोत्सव की भारत सरकार की थीम के अनुरूप, एमएसएमई मंत्रालय ने पीएमएस योजना के तहत, एनएसआईसी द्वारा संचालित ई–कॉमर्स पोर्टल ''एमएसएमई ग्लोबल मार्ट'' के माध्यम से माइक्रो एंटरप्राइजेज द्वारा उत्पादों या सेवाओं को बेचने के लिए ई–कॉमर्स प्लेटफॉर्म को अपनाने के लिए 75 प्रतिशत सब्सिडी शुरू की। यह योजना ई–कॉमर्स पोर्टल ''एमएसएमई ग्लोबल मार्ट'' के माध्यम से वार्षिक सदस्यता शुल्क/सदस्यता शुल्क/आकस्मिक व्यय (फोटोग्राफी, कैटलॉगिंग, विज्ञापन आदि) पर वित्तीय सहायता प्रदान करेगी। सूक्ष्म उद्यमों द्वारा भुगतान की गई राशि का 75 प्रतिशत, अधिकतम 25,000/– (करों को छोड़कर), जो भी प्रति वित्तीय वर्ष कम हो, के अधीन वित्तीय सहायता प्रदान की जा सकती है। योजना की शुरुआत यानी सितंबर 2022 से, 2,008 इकाइयों ने सदस्यता शुल्क/सदस्यता शुल्क पर 1,02,70,500/– रुपए की वित्तीय सहायता का लाभ उठाया है। ''ई कॉमर्स प्लेटफॉर्म को अपनाने'' को प्रचारित करने के लिए वरिष्ठ महाप्रबंधक, डीएसएफ द्वारा दूरदर्शन उर्दू पर एक साक्षात्कार आयोजित किया गया है।

- एनएसआईसी ने एमएसएमई ग्लोबल मार्ट पर ''प्रमोशनल प्लान'' के रूप में एक नई ''मूल्य वर्धित सेवा'' और राजस्व सृजन के लिए अतिरिक्त चैनल भी लॉन्च किया। उक्त योजना का उद्देश्य कॉरपोरेट्स/खरीदारों को पोर्टल पर लाना है, जो कोई भी संस्थान/इवेंट आयोजक/बड़े कॉरपोरेट्स/पीएसयू, वित्तीय संस्थान और यहां तक कि एमएसएमई आदि हो सकते हैं, उन्हें अपने उत्पादों और सेवाओं के विज्ञापन के लिए मूल्य वर्धित प्रस्ताव की पेशकश करके विज्ञापनदाता के रूप में लाकर लक्षित डाटाबेस के लिए एमएसएमई ग्लोबल मार्ट पोर्टल पर उनकी सोर्सिंग जरूरतों के लिए सही आपूर्तिकर्ताओं को ढूंढना है। अगस्त 2022 में योजना शुरू होने के बाद से 50 इकाइयों ने विज्ञापन योजना सेवा का लाभ उठाया है जिसके परिणामस्वरूप अल्प अवधि में 8,32,500/– का राजस्व प्राप्त हुआ।

- आईसीटी पैनलबद्ध सेवा प्रदाताओं के उत्पादों/सेवाओं को डिजिटल रूप से पेश करने और एमएसएमई द्वारा दिखाई गई रुचि की लीड के संबंध में जानकारी हासिल करने के लिए एमएसएमई ग्लोबल मार्ट पोर्टल पर आईसीटी डिजिटल सेवा पेज बनाया गया है। एकत्रीकरण मॉडल के तहत एमएसएमई के लिए हर संभव समाधान प्रदान करने और एमएसएमई ग्लोबल मार्ट को एमएसएमई के लिए समाधान/सेवाओं के बाजार के रूप में विकसित करने के लिए एनएसआईसी को वन–स्टॉप समाधान बनाने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम है।

समीक्षाधीन अवधि के दौरान, एमएसएमई ग्लोबल मार्ट पोर्टल के तहत 11,465 इकाइयों को सुविधा प्रदान की गई और कुल 4.86 करोड़ रुपये का राजस्व अर्जित किया गया।

5) सरकारी योजनाओं का कार्यान्वयन

कंपनी भारत सरकार की ओर से निम्नलिखित योजनाओं को कार्यान्वित कर रही है:

क) राष्ट्रीय एससी/एसटी हब (एनएसएसएच)

एनएसआईसी एमएसएमई मंत्रालय, भारत सरकार की एक पहल, नेशनल एससी/एसटी हब (एनएसएसएच) को लागू कर रहा है। वर्ष 2016 में प्रारंभ होने के बाद से भारत में इस योजना का उद्देश्य सार्वजनिक खरीद नीति के अनुसार सीपीएसई से 4 प्रतिशत खरीद के आदेश को पूरा करने के लिए एससी/एसटी उद्यमियों को पेशेवर सहायता प्रदान करना है।

क्षमता निर्माण, बाजार संपर्क और एससी/एसटी उद्यमियों की प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ाने के लिए, एनएसएसएच योजना के विभिन्न घटकों के तहत सब्सिडी के रूप में विभिन्न हस्तक्षेप और वित्तीय सहायता शुरू की गई है। अधिकतम जमीनी पहुंच के लिए और एससी/एसटी उद्यमियों को उनके व्यावसायिक जीवनचक्र में सहायता प्रदान करने हेतु, देश भर में 15 राष्ट्रीय एससी–एसटी हब कार्यालय (एनएसएसएचओ) स्थापित किए गए हैं।

एनएसएसएच के तहत विभिन्न हस्तक्षेपों/उप योजनाओं का विवरण www.scsthub.in पर उपलब्ध है।

वित्तीय वर्ष 2022–23 के दौरान नेशनल एससी/एसटी हब द्वारा की गई गतिविधियां/उपलब्धियां निम्नवत हैं:

- उत्पादों/सेवाओं को प्रदर्शित करने और बाजार से जुड़ने के लिए, 2342 एससी/एसटी एमएसएमई को 85 घरेलू प्रदर्शनियों में भाग लेने की सुविधा प्रदान की गई है। एनएसएसएच कार्यालयों के माध्यम से कुल 94 विशेष विक्रेता विकास कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं जिनमें 3856 एससी/एसटी उद्यमियों ने भाग लिया।
- लोक खरीद में भागीदारी को सुविधाजनक बनाने के लिए, एनएसएसएचओ के माध्यम से 2131 एससी/एसटी उद्यमियों को ई–टेंडरिंग पर प्रशिक्षण प्रदान किया गया था। क्रमशः 622 और 1214 एससी/एसटी एमएसई की कुल संख्या को एसपीआरएस और बी2बी सदस्यता के तहत पंजीकरण के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की गई थी।
- कुल 7297 अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के इच्छुक/विद्यमान उद्यमियों को विभिन्न सरकारी विभागों/स्वायत्त संस्थान जैसे एमएसएमई मंत्रालय का प्रौद्योगिकी केंद्र, एनटीएससी, एनआईएमएसएमई, सीआईपीईटी आदि के माध्यम से क्षमता निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रदान किए गए हैं।
- एससी/एसटी एमएसई के 577 दावा आवेदनों के संबंध में विशेष क्रेडिट लिंक्ड कैपिटल सब्सिडी योजना (एससीएलसीएसएस) के तहत 69.66 करोड़ रुपए की सब्सिडी जारी की गई है। इसी प्रकार, 135 एससी/एसटी एमएसई के संबंध में 47.09 लाख रुपए की प्रतिपूर्ति विभिन्न प्रतिपूर्ति सब्सिडी योजनाओं (बैंक ऋण प्रक्रिया शुल्क, निष्पादन बैंक प्रभार शुल्क, परीक्षण शुल्क, ईपीसी की सदस्यता शुल्क, सरकार द्वारा संचालित ई–पोर्टल शुल्क, शीर्ष 50 एनआईआरएफ के अल्पावधि प्रशिक्षण कार्यक्रम) के तहत की गई है।
- राष्ट्रीय एससी/एसटी हब योजना के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए, कुल 111 जागरूकता अभियान चलाए गए जिनमें कुल 5848 एससी/एसटी प्रतिभागियों ने भाग लिया।
- इसके अलावा, एनएसएसएच योजना के बारे में जागरूकता उत्पन्न करने और लोक खरीद में भागीदारी के लिए एससी/एसटी उद्यमियों को संवेदनशील बनाने के लिए, चूरनचंदपुर (मणिपुर), तंजौर (तमिलनाडु), अहमदाबाद (गुजरात), आइजॉल (मिजोरम), मयूरभंज (ओडिशा) और मुंबई (महाराष्ट्र) में एनएसएसएच कार्यालयों के माध्यम से 6 मेगा इवेंट (एनएसएसएच कॉन्क्लेव) आयोजित किए गए थे जिनमें लगभग 3247 एससी/एसटी प्रतिभागियों और विभिन्न केंद्रीय/राज्य सरकार के विभागों, सीपीएसई, बैंकों आदि ने भाग लिया।
- 18 नवंबर 2022 को विज्ञान भवन, नई दिल्ली में "भारत सरकार की लोक खरीद नीति – पुनरुत्थान के लिए लचीलापन" पर एक सीपीएसई कॉन्क्लेव आयोजित किया गया था। इस आयोजन का उद्देश्य लोक खरीद नीति के अधिदेश को पूरा करने की दिशा में सीपीएसई के प्रयासों को संवेदनशील बनाना, मान्यता प्रदान करना और इसके लिए उन्हें सम्मानित करना था। कॉन्क्लेव में श्री भानु प्रताप सिंह वर्मा, माननीय राज्य मंत्री, एमएसएमई मंत्रालय,

भारत सरकार की गरिमामयी उपस्थिति रही थी और इसमें एमएसएमई मंत्रालय और लोक उद्यम विभाग के गण्यमान्य व्यक्तियों के साथ–साथ 80 सीपीएसई का प्रतिनिधित्व करने वाले वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया।

राष्ट्रीय एससी/एसटी हब के तहत वित्तीय वर्ष 2022–23 के दौरान आयोजित मेगा कार्यक्रम इस प्रकार हैं:

- 23 जनवरी 2023 को वर्ल्ड ट्रेड सेंटर, मुंबई में ''नेशनल एससी/एसटी हब कॉन्क्लेव'' का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में श्री नारायण राणे, माननीय मंत्री, एमएसएमई मंत्रालय, भारत सरकार, श्री बी.बी. स्वैन, तत्कालीन सचिव, एमएसएमई मंत्रालय, और साथ में सुश्री मर्सी एपाओ, संयुक्त सचिव (एसएमई), डॉ. इशिता जी. त्रिपाठी, अपर विकास आयुक्त, एमएसएमई मंत्रालय तथा केंद्रीय एवं राज्य सरकार और औद्योगिक संघ के अन्य गण्यमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

- ''भारत सरकार की लोक खरीद नीति – पुनरुत्थान के प्रति लचीलापन'' पर सीपीएसई कॉन्क्लेव 18 नवंबर 2022 को विज्ञान भवन, नई दिल्ली में आयोजित किया गया था। सम्मेलन की शोभा माननीय श्री भानु प्रताप सिंह वर्मा, माननीय राज्य मंत्री, एमएसएमई मंत्रालय, भारत सरकार ने बढ़ाई और एमएसएमई मंत्रालय के अन्य गण्यमान्य व्यक्ति भी उपस्थित रहे।

- एनएसएसएच कॉन्क्लेव का आयोजन 2 सितंबर 2022 को चुराचांदपुर, मणिपुर में किया गया था। श्री भानु प्रताप सिंह वर्मा, माननीय राज्य मंत्री, एमएसएमई मंत्रालय, भारत सरकार ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की और श्रीमती. नेम्चा किपगेन, माननीय मंत्री, वस्,, वाणिज्य और उद्योग विभाग, मणिपुर सरकार कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि थी। कॉन्क्लेव में लगभग 500 एससी/एसटी इच्छुक और मौजूदा उद्यमियों ने भाग लिया।

- एनएसएसएच मेगा इवेंट (कॉन्क्लेव) 23 सितंबर, 2022 को तंजौर, तमिलनाडु में आयोजित किया गया था जिसमें लगभग 900 एससी/एसटी इच्छुक और मौजूदा उद्यमियों ने भाग लिया था। श्री भानु प्रताप सिंह वर्मा माननीय राज्य मंत्री, एमएसएमई मंत्रालय, भारत सरकार इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे। श्री. टी.एम. अनबरसन, माननीय एमएसएमई मंत्री, तमिलनाडु सरकार श्रीमती कायलविझी सेल्वराज, आदि–द्रविड़दार कल्याण, पहाड़ी जनजाति और बंधुआ मजदूरी की माननीय मंत्री और अन्य गण्यमान्य व्यक्ति इस अवसर पर उपस्थित थे।

- एनएसएसएच कॉन्क्लेव का आयोजन 28 सितंबर 2022 को अहमदाबाद में किया गया था। डॉ. किरीट सोलंकी, माननीय संसद सदस्य और अध्यक्ष, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति कल्याण संबंधी संसदीय स्थायी समिति ने संयुक्त सचिव–एसएमई, एमएसएमई मंत्रालय और सीएमडी, एनएसआईसी की उपस्थिति में कार्यक्रम की अध्यक्षता की। इस कार्यक्रम में लगभग 250 एससी/एसटी प्रतिभागियों ने भाग लिया।

6) अंतरराष्ट्रीय सहयोग

अंतरराष्ट्रीय सहयोग का मुख्य उद्देश्य अन्य देशों के उद्यमों के साथ तकनीकी या व्यावसायिक गठबंधन विकसित करने के अवसरों के बारे में भारत के एमएसएमई के मध्य जागरूकता उत्पन्न करना है। वर्ष के दौरान, अंतरराष्ट्रीय सहयोग प्रभाग द्वारा की गई पहलें इस प्रकार हैं:

i) ताइवान में भारत–ताइवान एसएमई सहयोग मंच की पहली बैठक

एनएसआईसी ने आईटीआरआई, ताइवान के सहयोग से ताइवान में भारत–ताइवान एसएमई सहयोग मंच की पहली बैठक का आयोजन किया, जिसका विषय था– ''स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र के लिए इलेक्ट्रॉनिक विनिर्माण'' जिसमें प्रतिनिधित्व एमएसएमई मंत्रालय के तत्कालीन सचिव (एमएसएमई) श्री बी.बी. स्वैन ने किया था और जिसमें सुश्री मर्सी एपाओ, जेएस (एसएमई), श्री गौरांग दीक्षित, तत्कालीन सीएमडी (एनएसआईसी), श्री सुनील त्यागी, जीएम–एसजी (आईसी), और श्री विवेकानंद साहू, एएमटीजेड शामिल हैं।

ii) मॉरीशस और भारत के बीच एमएसएमई सहयोग पर तीसरी संयुक्त समिति की बैठक

मॉरीशस और भारत के बीच एमएसएमई सहयोग पर तीसरी संयुक्त समिति की बैठक (जेसीएम) 25 अगस्त, 2022 को एमएसएमई मंत्रालय, नई दिल्ली में आयोजित की गई

थी। जेसीएम की अध्यक्षता भारत सरकार के माननीय एमएसएमई मंत्री श्री नारायण तातु राणे और मॉरीशस के माननीय औद्योगिक विकास, एसएमई और सहकारिता मंत्री श्री सूमिल्दुथ भोला ने की। बैठक में एमएसएमई मंत्रालय, विदेश मंत्रालय (एमईए), एनएसआईसी, डीसी–एमएसएमई, केवीआईसी, एनआई–एमएसएमई, ईडीआईआई के वरिष्ठ अधिकारी और मॉरीशस के प्रतिनिधिमंडल ने भी भाग लिया।

iii) वर्चुअल बी2बी बैठकें

1. एनएसआईसी ने अपने समकक्ष संगठन एसईडीए, दक्षिण अफ्रीका के सहयोग से एसएमई पर छठे त्रि–राष्ट्रीय सम्मेलन के दौरान तय की गई कार्य योजना के तहत भारत के एमएसएमई और दक्षिण अफ्रीका के एमएसएमई के बीच 4–13 अप्रैल, 2022 तक ''वर्चुअल बी2बी बैठक'' का आयोजन किया गया। भारत, ब्राजील, दक्षिण अफ्रीका (आईबीएसए) शिखर सम्मेलन का एक हिस्सा वस्तुतः 2–3 सितंबर, 2021 को आयोजित किया गया। आभासी बी2बी बैठकें 17 भारतीय और 30 दक्षिण अफ्रीकी उद्यमों के बीच आयोजित की गईं, जहां दोनों पक्षों के उद्यमों ने आयात/निर्यात, संयुक्त उद्यम/सहयोग, और इलेक्ट्रिकल्स और इलेक्ट्रॉनिक्स, खाद्य प्रसंस्करण, सूचना और संचार प्रौद्योगिकी (आईसीटी), वस्त्र और रसायन जैसे क्षेत्रों में तकनीकी जानकारी का आदान–प्रदान करने की संभावनाओं का पता लगाया।

2. एनएसआईसी ने ताइवान के औद्योगिक प्रौद्योगिकी अनुसंधान संस्थान (आईटीआरआई) के सहयोग से 11–25 मई, 2022 के बीच भारत और ताइवान के एमएसएमई और हेल्थकेयर क्षेत्र में लगे लोगों के लिए एमएसएमई मंत्रालय, भारत और लघु और मध्यम उद्यम प्रशासन (एसएमईए), आर्थिक कार्य मंत्रालय (एमओईए), ताइवान के मध्य ताइवान–भारत एसएमई जेडब्ल्यूजी (संयुक्त कार्य समूह) की पहली बैठक के दौरान तय की गई कार्य योजना के तहत केंद्रित ''वर्चुअल बी2बी बैठक'' का आयोजन किया। इन वर्चुअल बी2बी बैठकों ने स्वास्थ्य देखभाल और चिकित्सा उपकरण क्षेत्र में आयात/निर्यात, संयुक्त उद्यम/प्रौद्योगिकी सहयोग की संभावनाएं तलाशने के लिए दोनों पक्षों के उद्यमों को एक मंच प्रदान किया।

3. एनएसआईसी ने अपने समकक्ष, कोरिया एसएमई और स्टार्ट–अप एजेंसी (केओएसएमई), दक्षिण कोरिया के सहयोग से 20 अक्टूबर, 2022 को भारतीय और दक्षिण कोरियाई उद्यमों के बीच बी2बी बैठकें आयोजित कीं। बैठकें सौर ऊर्जा और सोलर पैनल, सोलर स्ट्रीट लाइट, सोलर वॉटर हीटर और पंप, सोलर पावर प्लांट और सोलर एलईडी लाइट के विनिर्माण करने वाले भारतीय उद्यमों के क्षेत्र से जुड़े लोगों ने बी2बी बैठकों में भाग लिया। बैठकों के दौरान दोनों पक्षों के उद्यमों ने प्रौद्योगिकी आदान–प्रदान और संयुक्त उद्यम के रूप में सहयोग के संभावित क्षेत्रों का पता लगाया।

4. एनएसआईसी ने अपने समकक्ष संगठन आरएसएमबी कॉर्पोरेशन, रूस के साथ मिलकर जल मीटर, मसाले, औद्योगिक पंप, फैशन और वस्त्र परिधान, जिंक ऐश, कॉपर स्क्रैप, डिजिटल प्रयोगशाला उपकरण और हाइड्रोलिक पंप के क्षेत्र में 08 भारतीय और 12 रूसी उद्यमों के बीच ''वर्चुअल बी2बी बैठक'' का आयोजन किया। इन बैठकों के परिणामस्वरूप एक भारतीय कंपनी मेसर्स डीबीडी वॉटर मीटर्स प्राइवेट लिमिटेड और 2 रूसी उद्यम – इजीटेक एलएलसी और मेट्रोसर्विस एलएलसी के बीच एनडीए पर हस्ताक्षर किए गए हैं और भारत में डिजिटल प्रयोगशाला उपकरण के अनुबंध निर्माण के लिए हाइड्रोलिक प्रेस प्राइवेट लिमिटेड (भारत) और साइंटिफिक एंटरटेनमेंट (रूस) के बीच एक समझौता भी प्रक्रिया में है।

iv) आगंतुक प्रतिनिधिमंडल का एनएसआईसी का दौरा

1. श्री मुस्तफा एफ. शेखोन, मंत्री प्लेनीपोटेन्शयरी (वाणिज्यिक) के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल और सुश्री मारवा अबू एल सादात अली, वाणिज्यिक काउंसलर, मिस्र दूतावास, नई दिल्ली के साथ एक प्रतिनिधिमंडल ने एनटीएससी, ओखला में एनएसआईसी के रैपिड इनक्यूबेशन सेंटर और उन्नत प्रशिक्षण केंद्र का दौरा 9 जून, 2022 को दौरा किया और मिस्र में ऐसे केंद्र स्थापित करने में एनएसआईसी के साथ सहयोग करने में गहरी रूचि दर्शाई।

2. ब्रिगेडियर जनरल मोहम्मद अबोगाबल, रक्षा अताशे, मिस्र दूतावास, नई दिल्ली के नेतृत्व में एक

प्रतिनिधिमंडल और उनके साथ श्री हेशम अलसैद, काउंसलर, मिस्र दूतावास, नई दिल्ली और श्री इब्राहिम मामदौह फौदा, द्वितीय सचिव, मिस्र दूतावास, ने नई दिल्ली में 22 जुलाई, 2022 को एनएसआईसी के रैपिड इनक्यूबेशन सेंटर और एडवांस्ड एनटीएससी, ओखला का दौरा किया।

3. मॉरीशस के औद्योगिक विकास, एसएमई और सहकारी समितियों के माननीय मंत्री श्री सूमिल्दुथ भोला के नेतृत्व में चार सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने 26 अगस्त, 2022 को एनटीएससी, ओखला में एनएसआईसी के रैपिड इनक्यूबेशन सेंटर और उन्नत प्रशिक्षण केन्द्र का दौरा किया। विभिन्न सहयोग क्षेत्रों पर चर्चा की गई– मॉरीशस में प्रदर्शन स्टूडियो की स्थापना के लिए मशीनों की खरीद की स्थापना, एनएसआईसी के वेब पोर्टल msmemart.com पर मॉरीशस पवेलियन का विकास, एनएसआईसी और एसएमई मॉरीशस (एसएमईएमयू) के बीच सहयोग के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करना आदि।

4. एनएसआईसी ने 25 अगस्त, 2022 को भारत सरकार के एमएसएमई के माननीय मंत्री श्री नारायण तातु राणे के साथ बहरीन एसएमई सोसाइटी के अध्यक्ष डॉ. अब्दुलहसन अल–दैरी के नेतृत्व में बहरीन प्रतिनिधिमंडल की एक बैठक आयोजित की, जिसमें दोनों देशों के एमएसएमई के विकास के सहयोग के क्षेत्रों पर चर्चा की गई।

5. बहरीन एसएमई सोसाइटी के अध्यक्ष डॉ. अब्दुलहसन अल–दैरी के नेतृत्व में पांच सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने 26 अगस्त, 2022 को एनटीएससी, ओखला में एनएसआईसी के रैपिड इनक्यूबेशन सेंटर और एडवांस्ड ट्रेनिंग सेंटर का दौरा किया। एमएसएमई के विकास के लिए विभिन्न सहयोग क्षेत्रों पर चर्चा की गई।

6. श्री हरिप्रसाद सोखलाल, अध्यक्ष, एसोसिएशन ऑफ स्मॉल एंड मीडियम एंटरप्राइजेज, सूरीनाम ने भारत और सूरीनाम के उद्यमों के बीच सहयोग के अवसरों की पहचान करने के लिए 17 नवंबर, 2022 को ओखला, नई दिल्ली में एनटीएससी और उन्नत प्रशिक्षण केन्द्र का दौरा किया। उन्होंने भारत अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला, 2022 में एनएसआईसी के स्टॉल का भी दौरा किया और लघु और मध्यम उद्यमों को बढ़ावा देने के प्रयासों की सराहना की।

7. श्री बी. गंगाराम पांडे, प्रबंध निदेशक, इलेक्ट्रिक लाइटिंग एंड टेक्निकल कंपनी (ईएलटीओ), सूरीनाम ने एनएसआईसी के रैपिड इनक्यूबेशन सेंटर और एनटीएससी (ओखला), नई दिल्ली में उन्नत प्रशिक्षण केंद्र का दौरा किया और एनएसआईसी और सूरीनाम के बीच संभावित सहयोग क्षेत्रों पर चर्चा में भाग लिया। .

8. डिजाइन एंड टेक्नोलॉजी इंस्टीट्यूट (डीटीआई), घाना की सीईओ सुश्री कॉन्स्टेंस स्वानिकर ने 3 मार्च, 2023 को ओखला में एनएसआईसी के रैपिड इनक्यूबेशन सेंटर एनटीएससी का दौरा किया। उन्होंने पाया कि रोजगार सृजन के लिए रैपिड इनक्यूबेशन और उन्नत प्रशिक्षण केंद्र का एनएसआईसी का मॉडल घाना और अन्य अफ्रीकी देशों में एमएसएमई के विकास के लिए उपयुक्त है। उन्होंने कौशल विकास और स्व–रोजगार के अवसरों के निर्माण के लिए एनएसआईसी की सुविधाओं की सराहना की।


v) हस्ताक्षर किये गये समझौता ज्ञापन

1. एनएसआईसी और स्पिरिट स्लोवेनिया के बीच 20–25 अगस्त, 2022 के दौरान स्लोवेनिया की यात्रा के दौरान गोर्नजा, रेडगोना, स्लोवेनिया में वार्षिक अंतरराष्ट्रीय कृषि और खाद्य मेले, आगरा के 60वें संस्करण में भाग लेने के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।

2. श्री नारायण तातु राणे, माननीय एमएसएमई मंत्री, एमएसएमई मंत्रालय, भारत सरकार ने 21 सितंबर, 2022 को एमएसएमई मंत्रालय, उद्योग भवन में स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में सहयोग पर राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम लिमिटेड (एनएसआईसी) और आंध्र प्रदेश मेडटेक जोन लिमिटेड (एएमटीजेड) के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर के अवसर की शोभा बढ़ाई। इस अवसर पर सचिव (एमएसएमई) श्री बी. बी. स्वैन भी उपस्थित थे।

3. श्री बी.बी. स्वैन, सचिव (एमएसएमई, एमएसएमई मंत्रालय, भारत सरकार) 27 फरवरी, 2023 को राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम लिमिटेड (एनएसआईसी)

और कोरिया एसएमई और स्टार्टअप एजेंसी (केओएसएमई), दक्षिण कोरिया के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर के अवसर पर उपस्थित थे। यह समझौता ज्ञापन भारत और कोरिया में एमएसएमई के विकास से संबंधित प्रबंधन विशेषज्ञता साझा करने, नवीनतम प्रौद्योगिकियों की पहचान करने और आदान–प्रदान करने के साथ–साथ विश्वसनीय व्यापार गठबंधनों के साथ वैश्विक बाजार में एमएसएमई की प्रतिस्पर्धात्मकता में सुधार के लिए सहयोग करने के लिए एक मंच के रूप में कार्य करेगा।



एनएसआईसी ने कोरिया एसएमई और स्टार्टअप एजेंसी (कोस्मे), दक्षिण कोरिया के साथ सहयोग के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए

vi) आभासी प्रशिक्षण सत्र

1. एनएसआईसी ने अपने समकक्ष, कोरिया एसएमई और स्टार्ट–अप एजेंसी (केओएसएमई), दक्षिण कोरिया के सहयोग से 19 अक्टूबर, 2022 को कोरिया में वैश्विक और नवीनतम रुझान और एआर/वीआर प्रौद्योगिकी पर एक वेबिनार का आयोजन किया। वेबिनार के सम्मानित वक्ता एक्सआर2 और लीड की सीईओ सुश्री मरियम चौधरी और सियोल में सेजोंग विश्वविद्यालय में कम्प्यूटर ग्राफिक्स के प्रोफेसर श्री युन गेउक कांग थे। एनएसआईसी अधिकारियों और देश भर के आठ तकनीकी सेवा केन्द्रों के प्रशिक्षुओं सहित 67 प्रतिभागियों ने वेबिनार में भाग लिया।

2. 27–28 दिसंबर, 2022 तक एक आभासी प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया था जिसमें एएमटीजेड द्वारा ईऑन–एक्सआर प्लेटफॉर्म के माध्यम से संवर्धित और आभासी वास्तविकता पर प्रशिक्षण आयोजित किया गया था। प्रतिभागियों को ईयान–एक्सआर प्लेटफॉर्म का उपयोग कैसे करें और उक्त प्लेटफॉर्म का उपयोग करके 3डी/360 एसेट पाठ कैसे बनाएं, इस पर प्रशिक्षित किया गया। उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में देश भर के एनटीएससी के लगभग 40 अधिकारियों, अतिथि संकायों ने भाग लिया।

vii) आभासी बैठकें और परस्पर चर्चा सत्र

1. समीक्षाधीन अवधि के दौरान, एनएसआईसी ने प्रौद्योगिकी हस्तांतरण शुरू करने और एमएसएमई के बीच स्थायी व्यापार गठबंधनों के लिए सर्वोत्तम प्रथाओं पर जानकारी साझा करने के लिए सहयोग की संभावना तलाशने हेतु अपने निम्नलिखित विदेशी समकक्षों के साथ आभासी बैठकें आयोजित कीं:

   - कतर डेवलपमेंट बैंक, कतर।
   - एजेंसी फॉर एंटरप्राइस डेवलपमेंट (एईडी), वियतनाम।
   - सीईपीटीएमई–स्पेन।

2. एनएसआईसी द्वारा कार्यान्वित की जा रही सीबीएफटीई योजना उपघटक के बारे में जागरूकता उत्पन्न करने के लिए निर्यात से संबंधित प्रमाणन निकायों/संघों के साथ एक आभासी इंटरैक्टिव सत्र आयोजित किया गया था, अर्थात अपने संबंधित संगठनों में निर्यात प्रमाणीकरण के लिए आवेदन करने और उन्हें इस योजना का लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए सूक्ष्म और मध्यम उद्यमों के मध्य "एमएसई द्वारा निर्यात उत्पादों के लिए प्राप्त परीक्षण और गुणवत्ता प्रमाणन पर भुगतान की गई शुल्क की प्रतिपूर्ति"।

3. दोनों संगठनों के बीच संभावित सहयोग क्षेत्रों पर चर्चा करने के लिए एनएसआईसी और रूसी नेशनल यूनियन ऑफ एजुकेशनल इक्विपमेंट इंडस्ट्री (एनएसपीपीओ) के बीच आरएसएमबी कॉर्पोरेशन, रूस के सहयोग से एक आभासी बैठक आयोजित की गई थी। एनएसपीपीओ ने रोबोटिक्स, मेक्ट्रोनिक्स, कृत्रिम बुद्धिमत्ता आदि के क्षेत्र में शैक्षिक उपकरण और प्रशिक्षण उपकरणों के उत्पादन में लगे हुए और एनएसपीपीओ के उत्पादों में उपयोग किए जाने

वाले घटक बना रहे भारतीय एसएमई में अपनी रुचि दिखाई है।

viii) अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शनियाँ

1. एनएसआईसी ने राष्ट्रीय एससी–एसटी हब की विशेष विपणन सहायता योजना के तहत 30–31 जुलाई, 2022 तक बैंकॉक, थाईलैंड में आयोजित पूर्वोत्तर भारत महोत्सव में उत्तर पूर्व क्षेत्र के 16 एससी/एसटी एमएसएमई की भागीदारी की सुविधा प्रदान की। मेले की प्रोफाइल में कृषि–बागवानी और प्रसंस्कृत भोजन, हथकरघा, वस्त्र और शिल्प, जैविक और मूल्य वर्धित चाय, प्राकृतिक मसाले और शुद्ध शहद, प्राकृतिक और हर्बल सौंदर्य प्रसाधन और प्रसाधन वस्तुए, बांस उत्पाद शामिल थे।

2. एनएसआईसी ने अंतरराष्ट्रीय सहयोग योजना के तहत 14–16 सितंबर 2022 तक बैंकॉक, थाईलैंड में थाईलैंड लैब इंटरनेशनल में 13 एमएसएमई की भागीदारी की सुविधा प्रदान की। मेले की प्रोफाइल में प्रयोगशाला उपकरण, क्लीनिकल और नैदानिक उपकरण, विश्लेषणात्मक और परीक्षण उपकरण, रसायन और रीएजेंट, प्रयोगशाला सुरक्षा उपकरण और आयुर्विज्ञान शामिल थे।

3. एनएसआईसी ने अंतरराष्ट्रीय सहयोग योजना के तहत 06–08 अक्टूबर 2022 तक हो ची मिन्ह सिटी, वियतनाम में मेटालेक्स वियतनाम एक्सपो में 13 एमएसएमई की भागीदारी की सुविधा प्रदान की। मेले की प्रोफाइल में धातु, मशीन उपकरण, शीट धातु बनाने की मशीन, परिशुद्धता माप और परीक्षण, मशीन उपकरण सहायक उपकरण, उपकरण, ग्राइंडिंग व्हील और अपघर्षक, मोल्ड और डाइज, द्रव पावर, पावर ट्रांसमिशन, विनिर्माण और प्रक्रिया स्वचालन, तार, ट्यूब, फास्टनर, नियंत्रक और कम्प्यूटर सिस्टम, वेल्डिंग, अर्ध–उत्पाद और कच्चे माल शामिल थे।

4. एनएसआईसी ने अंतरराष्ट्रीय सहयोग योजना के तहत 07–09 दिसंबर, 2022 तक सियोल, दक्षिण कोरिया में सॉफ्टवेव कोरिया 2022 में 18 एमएसएमई की भागीदारी को सुकर बनाया। मेले की प्रोफाइल में आईटी सेवाएँ और इलेक्ट्रॉनिक्स, सॉफ्टवेयर विकास सेवाएँ, इंटरनेट, आईओटी, बिग डाटा, क्लाउड, एआर/वीआर, मेटावर्स, गेमिंग, रोबोटिक्स, ड्रोन, एआई, ब्लॉकचेन, गेमिंग, फिनटेक, ई–कॉमर्स शामिल थे।

5. एनएसआईसी ने अंतरराष्ट्रीय सहयोग योजना के तहत 29–31 मार्च, 2023 तक कोम्एक्सपो – पूर्ण विनिर्माण एक्सपो, म्यांमार में 10 एमएसएमई की भागीदारी को सुकर बनाया। मेले की प्रोफइल में प्लास्टिक, पैकेजिंग, प्रिंटिंग और कन्वर्टिंग, वेल्डिंग, फैब्रिकेशन, मशीन, उपकरण, मोटर, पंप, बियरिंग आदि शामिल थे।

7) सूचना प्रौद्योगिकी

एनएसआईसी एमएसएमई के समर्थन के लिए एक प्रमुख संगठन है, एनएसआईसी विभिन्न नई पहलों और प्रगतिशील सुधारों के माध्यम से अपने आईटी बुनियादी ढांचे का पुनरूद्धार करने की प्रक्रिया में है। कंपनी न केवल अपने व्यवसाय संचालन में वृद्धि के लिए बल्कि सुरक्षित वातावरण में पारदर्शिता बनाए रखने के लिए भी डिजिटल प्रौद्योगिकी की शक्ति का सक्रिय रूप से उपयोग कर रही है।

ई–ऑफिस पैन इंडिया का कार्यान्वयन, क्लाउड पर टैली का केंद्रीकरण, ऑनलाइन निष्पादन मूल्यांकन प्रणाली का कार्यान्वयन, एनएसआईसी के अधिकारियों को लैपटॉप प्रदान करने की नीति कंपनी द्वारा अपनी परिचालन और वित्तीय दक्षता बढ़ाने के लिए की गई कुछ पहलें हैं।

कंपनी की एक द्विभाषी वेबसाइट है जिसे "भारत सरकार की वेबसाइटों के लिए दिशानिर्देश" के अनुसार अद्यतन जानकारी के साथ बनाए रखा जाता है। इसके अलावा, साइबर अपराधों को रोकने और कर्मचारियों के बीच 'साइबर स्वच्छता' पर निरंतर जागरूकता उत्पन्न करने के लिए, वित्तीय वर्ष 2022–23 के दौरान साइबर जागरूकता दिवस (सीजेडी) के तहत विभिन्न प्रशिक्षण सत्र आयोजित किए गए हैं। हर महीने 'साइबर सुरक्षा जागरूकता' से संबंधित सत्र आयोजित किए गए। इसका उद्देश्य साइबर धोखाधड़ी और साइबर अपराधों से सुरक्षा के लिए एनएसआईसी कर्मचारियों में जागरूकता उत्पन्न करना और उन्हें संवेदनशील बनाना है।

8) पूर्वोत्तर क्षेत्र (एनईआर) में एनएसआईसी की सेवाएं

एनएसआईसी का शाखा कार्यालय गुवाहाटी में और पूर्वोत्तर में उप–कार्यालय इम्फाल (मणिपुर) में है, एनईआर में एनएसआईसी द्वारा की जाने वाली गतिविधियाँ इस प्रकार हैं:

1. उत्तर पूर्व क्षेत्र में एमएसई के विकास को बढ़ावा देने के लिए, एनएसआईसी शाखा कार्यालय, गुवाहाटी ने अपने प्रशिक्षण सह इन्क्यूबेशन केंद्र के माध्यम से फैशन डिजाइनिंग, खाद्य प्रसंस्करण, ब्यूटीशियन, सजावटी मोमबत्ती बनाने आदि जैसे विभिन्न प्रायोजित प्रशिक्षण के तहत 1513 प्रशिक्षुओं को प्रशिक्षित किया।

2. एनएसआईसी, उत्तर पूर्व क्षेत्र ने एसएमएएस योजना के तहत उत्तर–पूर्वी क्षेत्र की विभिन्न इकाइयों का समर्थन किया है। प्रदर्शनियों का विवरण निम्नवत है:

   क) कोहिमा, नागालैंड में हॉर्नबिल महोत्सव

   ख) शिलांग में नॉर्थ ईस्ट फूड शो

   ग) खानापारा, गुवाहाटी में 7वां भारत अंतरराष्ट्रीय मेला उद्यम, 2022

   घ) ग्रेटर नोएडा, नई दिल्ली में इंडिया इंटरनेशनल हॉस्पिटेलिटी एक्सपो

   ङ) मणिराम दीवान ट्रेड सेंटर, गुवाहाटी में 27वां अंतरराष्ट्रीय गुवाहाटी व्यापार मेला

   च) मनीराम दीवान ट्रेड सेंटर, गुवाहाटी, असम में अंतरराष्ट्रीय शीतकालीन एक्सपो

   छ) नई दिल्ली में उत्तर पूर्व महोत्सव

   ज) बैंकॉक में नॉर्थ ईस्ट फेस्टिवल

   झ) 01 दिसंबर, 2022 से 10 दिसंबर 2022 तक 23वां हॉर्नबिल महोत्सव 2022

   ञ) 23 दिसंबर से 05 जनवरी 2023 तक एटीपीओ इंटरनेशनल विंटर एक्सपो

   ट) 6 से 12 फरवरी 2023 तक 12वां ईस्ट हिमालयन एक्सपो

   ठ) 21 फरवरी से 25 फरवरी 2023 तक पहला आइजोल मेला

3. राज्य मंत्री, एमएसएमई मंत्री और एमएसएमई सचिव की गरिमामयी उपस्थिति में चुराचनपुर, मणिपुर में एक कॉन्क्लेव भी आयोजित किया गया, जिसमें लगभग 900 एससी/एसटी इकाइयों ने भाग लिया।

4. एनएसआईसी गुवाहाटी ने माननीय कैबिनेट मंत्री एमएसएमई, सचिव एमएसएमई की उपस्थिति में आइजॉल और मिजोरम में एमएसएमई कॉन्क्लेव आयोजित किया है जिसमें 300 से अधिक एससी/एसटी ने भाग लिया था।

5. एनएसआईसी उत्तर पूर्व क्षेत्र ने एनएसआईसी/एनएसएसएच योजना के बारे में जागरूकता के प्रसार के लिए विभिन्न राज्य सरकार के कार्यक्रमों में भी भाग लिया है।

9) एमओयू प्रदर्शन

आपकी कंपनी और उसके प्रशासनिक मंत्रालय यानी सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय के बीच हर साल एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए जाते हैं। एनएसआईसी ने वर्ष 2021–22 के लिए ''बहुत अच्छी'' रेटिंग हासिल की है।

10) एनएसआईसी ने हर घर तिरंगा अभियान मनाया

एनएसआईसी ने लोगों के दिलों में देशभक्ति की भावना पैदा करने और राष्ट्र के निर्माण के लिए अथक प्रयास करने वालों के योगदान को याद करने के लिए एमएसएमई क्षेत्र और उसके कर्मचारियों को अपने घरों में भारत का राष्ट्रीय ध्वज फहराने के लिए सक्रिय रूप से प्रोत्साहित किया। हर घर तिरंगा अभियान के उद्देश्य को पूरा करने के लिए देश भर के सभी एनएसआईसी कार्यालयों में राष्ट्रीय झंडे वितरित किए गए हैं। जागरूकता फैलाने के लिए 13 अगस्त 2022 से 15 अगस्त 2022 की अवधि के दौरान एनएसआईसी कार्यालयों में सेल्फी पॉइंट स्थापित किए गए और कॉर्पोरेट कार्यालय को प्रकाशमान किया गया।



एनएसआईसी द्वारा हर घर तिरंगा का आयोजन।

11) माननीय एमएसएमई मंत्री ने एनएसआईसी मंडप का उद्घाटन किया

एमएसएमई के माननीय कैबिनेट मंत्री श्री नारायण तातु राणे और माननीय राज्य मंत्री (एमएसएमई) श्री भानु प्रताप सिंह वर्मा ने 15 नवंबर, 2022 को प्रगति मैदान में आयोजित 41वें भारत अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले में एनएसआईसी मंडप का उद्घाटन किया। एनएसआईसी ने एनएसएसएच योजना के तहत 268 एमएसई (एससी/एसटी एंटरप्राइजेज) ने हस्तशिल्प, कपड़ा, खाद्य उत्पाद, चमड़ा, रत्न और आभूषण, फर्निशिंग, कढ़ाई और लेस, कागज उत्पाद, हर्बल और आयुर्वेदिक/यूनानी, इनले पेंटिंग, बाल उत्पाद आदि की उत्पाद श्रृंखला को प्रदर्शित किया है, जिसमें महाराष्ट्र, राजस्थान, कर्नाटक, पंजाब, गुजरात, यूपी, हरियाणा, पश्चिम बंगाल, तेलंगाना आदि जैसे देश भर के राज्यों से इकाइयों ने भाग लिया है।



एमएसएमई के माननीय कैबिनेट मंत्री श्री नारायण तातु राणे और माननीय राज्य मंत्री (एमएसएमई) श्री भानु प्रताप सिंह वर्मा ने 15 नवंबर, 2022 को प्रगति मैदान में आयोजित 41वें भारत अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले में एनएसआईसी मंडप का उद्घाटन किया।

12) एनएसआईसी द्वारा सतर्कता जागरूकता सप्ताह का आयोजन

एनएसआईसी ने सतर्कता जागरूकता सप्ताह, 2022 (31 अक्टूबर – 06 नवंबर, 2022) के अवसर पर एनएसआईसी कर्मचारियों को संगठनों और नागरिकों के लिए सत्यनिष्ठा शपथ दिलाई। सतर्कता जागरूकता सप्ताह अभियान देश के नागरिकों के बीच अखंडता को बढ़ावा देने के लिए हमारी प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है।

13) प्रबंधन चर्चा और विश्लेषण

डीपीई दिशानिर्देशों के अनुसार, प्रबंधन चर्चा और विश्लेषण पर एक अलग रिपोर्ट इस रिपोर्ट के साथ "अनुलग्नक–क" के रूप में संलग्न है।

14) निवेश

कंपनी ने वित्तीय वर्ष 2022–2023 के दौरान कोई सार्वजनिक जमा स्वीकार नहीं किया है। इसके अलावा, आरबीआई के दिशानिर्देशों के अनुपालन में, कंपनी के निदेशक मंडल ने संबंधित संकल्प पारित किया है।

15) सार्वजनिक जमा

कंपनी ने वित्तीय वर्ष 2022–23 के दौरान कोई भी सार्वजनिक जमा स्वीकार नहीं किया है। इसके अलावा, आरबीआई दिशानिर्देश के अनुपालन में, कंपनी के निदेशक मंडल ने संबंधित प्रस्ताव पारित किया था।

16) कर्मचारियों का प्रशिक्षण

प्रशिक्षण एक सीखने की प्रक्रिया है जो कर्मचारियों के कौशल और कार्य के ज्ञान में सुधार करती है और उनकी क्षमताओं में उनका विश्वास उत्पन्न करती है। इससे उनके निष्पादन में सुधार होगा और वे अधिक कुशलतापूर्वक और प्रभावी ढंग से कार्य कर सकेंगे। प्रशिक्षण प्रभाग, एनएसआईसी क्षमता निर्माण कार्यक्रम बनाता और संचालित करता है जो कर्मचारियों को संगठनात्मक आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए उनकी दक्षताओं में मौजूदा अंतराल को भरने में सहायता करता है। अधिकारियों को प्रसिद्ध संस्थानों/विभागों द्वारा आयोजित बाहरी प्रशिक्षण कार्यक्रमों में भी भेजा जाता है। ये कार्यक्रम देश भर में हो रहे मौजूदा रुझानों के प्रति भिन्न दृष्टिकोण का एक समृद्ध स्रोत प्रदान करते हैं।

समीक्षाधीन अवधि के दौरान, एनएसआईसी ने निम्नलिखित विषयों पर ऑनलाइन और ऑफलाइन मोड के माध्यम से अपने कर्मचारियों के लिए सात (7) इन–हाउस प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए: –

1. लैंगिक उत्पीड़न निवारण अधिनियम 2013 पर ऑनलाइन प्रशिक्षण कार्यक्रम (15 बैच)
2. जीईएम पोर्टल के माध्यम से खरीद को बढ़ाना (3 बैच)
3. साइबर सुरक्षा और जागरूकता
4. एनएसआईसी में निवारक सतर्कता, नैतिकता और मूल्य

5. सूचना और प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 (आईटी अधिनियम), भारतीय वायरलेस टेलीग्राफी अधिनियम और साइबर स्पेस में उनका उपयोग

6. कर योजना और धन प्रबंधन

7. महिला कल्याण – आप स्वस्थ रहें



एनएसआईसी ने 30 सितंबर 2022 को जीईएम पोर्टल के माध्यम से खरीद बढ़ाने पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया और अधिकारियों को गवर्नमेंट–ई–मार्केटप्लेस (जीईएम) के माध्यम से वस्तुओं और सेवाओं की खरीद को अधिकतम करने के लिए प्रोत्साहित किया।

उपरोक्त के अलावा, पूरे भारत में 38 कर्मचारियों को बाहरी प्रशिक्षण कार्यक्रमों का पालन करने के लिए भी भेजा गया था।

1. संपर्क अधिकारियों (एससी/एसटी) के लिए कार्यशाला
2. बारहवा अंतरराष्ट्रीय हिन्दी सम्मेलन एवं कार्यशाला
3. परियोजना प्रबंधन (टीपीएम) की समग्रता जिसके परिणामस्वरूप परियोजना प्रबंधन में प्रमाणपत्र (सीआईपीएम) प्राप्त होता है।
4. प्रशासनिक सतर्कता – आईओ/पीओ की भूमिका (एवी1–15)
5. ''कार्य के भविष्य में लोगों, प्रौद्योगिकी और संस्कृति की पुनः संकल्पना'' विषय पर 22वां राष्ट्रीय प्रबंधन शिखर सम्मेलन
6. योग से आत्मसशक्तीकरण
7. उन्नत एमएस एक्सेल
8. ''भारत में हरित ऊर्जा: वैश्विक नेतृत्व की ओर बढ़ना'' संबंधी 12वां राष्ट्रीय शिखर सम्मेलन 2022
9. डिजिटलीकरण के माध्यम से सेवा एसएमई की प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ाने पर बहुदेशीय अवलोकन अध्ययन मिशन
10. नए श्रम संहिता सुधार
11. पुलिस उपाधीक्षक/सहायक पुलिस आयुक्त और उससे ऊपर तथा सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम/राष्ट्रीयकृत बैंकों के लिए वित्तीय अपराध की जांच संबंधी पाठ्यक्रम।
12. सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों/राष्ट्रीयकृत बैंकों के लिए फोरेंसिक दस्तावेज परीक्षा के माध्यम से जोखिम शमन संबंधी पाठ्यक्रम
13. सीपीएसई द्वारा एमएसई से और जीईएम के माध्यम से खरीद
14. ऑनलाइन मोड में एसएमई के लिए रैनसमवेयर के बारे में जागरूकता और बचाव के उपाय
15. आईसीसी सदस्यों के लिए कार्यस्थल पर महिलाओं

के लैंगिक उत्पीड़न का प्रतिषेध, प्रतितोष और निवारण संबंधी कार्यक्रम।

ये कार्यक्रम सचिवालय प्रशिक्षण और प्रबंधन संस्थान (आईएसटीएम), जगदम्बी प्रसाद यादव स्मृति प्रतिष्ठा, अंतरराष्ट्रीय हिंदी परिषद, अंतरराष्ट्रीय परियोजना और कार्यक्रम प्रबंधन संस्थान (आई2पी2एम, टॉप रैंकर्स मैनेजमेंट कंसल्टेंट्स, लोक उद्यमों का स्थायी सम्मेलन (स्कोप), सीएसआर रिसर्च फाउंडेशन, एशियाई उत्पादकता संगठन, राष्ट्रीय अपराध विज्ञान और न्यायालयिकविज्ञान संस्थान, गृह मंत्रालय, भारत सरकार, भारतीय कंप्यूटर आपातकालीन प्रतिक्रिया टीम (सीईआरटी–इन) जैसे प्रसिद्ध संस्थानों और विभागों द्वारा आयोजित किए गए थे।

इसके अलावा, एनएसआईसी ने अनुसंधान, विकास और परामर्श (आरडीसी) योजना के तहत देश के अग्रणी पेशेवर संस्थानों के सहयोग से लोक उद्यम विभाग (डीपीई) द्वारा आयोजित निम्नलिखित बाहरी प्रशिक्षण कार्यक्रमों में भी अपने कर्मचारियों को भेजा है।

1. आर्ट ऑफ लिविंग फाउंडेशन द्वारा आयोजित व्यक्तिगत उत्कृष्टता के लिए क्षमताओं का निर्माण।
2. आईसीएमएआई मैनेजमेंट अकाउंटिंग रिसर्च फाउंडेशन द्वारा आयोजित अंतरराष्ट्रीय वित्तीय रिपोर्टिंग मानक (आईएफआरएस)/ इंड एएस का कार्यान्वयन।
3. आईआईएम विशाखापत्तनम द्वारा आयोजित सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों के लिए रणनीतिक नेतृत्व कार्यक्रम।
4. आईआईएम अमृतसर द्वारा आयोजित डाटा एनालिटिक्स के साथ निर्णय लेने को सशक्त बनाना।
5. इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ कॉरपोरेट अफेयर्स द्वारा आयोजित बोर्ड स्तर से नीचे के अधिकारियों को पेशेवर बनाने के लिए नेतृत्व विकास कार्यक्रम।

इन सभी केंद्रित प्रशिक्षण कार्यक्रमों ने एनएसआईसी के कर्मचारियों को व्यवहारिक, कार्यात्मक और तकनीकी कौशल के संबंध में अत्यधिक ज्ञान प्रदान किया गया, जिससे संगठनात्मक लक्ष्यों की प्राप्ति हुई।

विभिन्न श्रेणी में प्रशिक्षित कर्मचारियों की संख्या।

क्र.सं.	वर्ग	प्रशिक्षित कर्मचारियों की संख्या
1	क	319
2	ख	49
3	ग	29
4	घ	2
कुल		399

17) मानव संसाधन और प्रबंधन

क) 31 मार्च 2023 को कंपनी की कुल जनशक्ति 631 थी। जनशक्ति का विभाजन निम्न प्रकार था:

क्र.सं.	विवरण	31.03.2023 को	31.03.2022 को
1.	प्रबंधकीय	467	484
2.	सुपरवाइजरी	82	82
3.	गैर–पर्यवेक्षी	82*	91
कुल		631	657

* (अनुबंध पर 16 ईए सहित)

एनएसआईसी अपने कर्मचारियों के लिए कल्याणकारी गतिविधियों की एक विस्तृत श्रृंखला का विस्तार करता है। इनमें गृह निर्माण अग्रिम, वाहन अग्रिम, कंप्यूटर अग्रिम, संघबद्ध कर्मचारियों को त्योहार अग्रिम, सेवारत और सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लिए चिकित्सा सुविधाएं, कर्मचारी भविष्य निधि, परोपकारी निधि योजना, सेवारत कर्मचारियों के बच्चों के लिए एनएसआईसी छात्रवृत्ति योजना, एनएसआईसी पारिवारिक पेंशन योजना, सेवारत कर्मचारियों की मृत्यु, एनएसआईसी तकनीकी सेवा केंद्र में मृतक कर्मचारियों के पात्र आश्रितों को अपनी पसंद के अनुसार मुफ्त प्रशिक्षण, कंपनी में 25 वर्ष की सेवा पूरी करने पर उपहार, अधिवर्षिता की आयु प्राप्त करने पर सेवानिवृत्ति पर उपहार, सेवा के दौरान अर्जित अवकाश नकदीकरण और सेवानिवृत्ति आदि शामिल हैं। इसके अलावा, आईडीए कर्मचारियों के लिए एनएसआईसी कर्मचारी अधिवर्षिता पेंशन योजना भी लागू है।

वर्ष 2022–23 के दौरान कंपनी और यूनियन के कर्मचारियों के बीच बहुत अच्छे और सौहार्दपूर्ण संबंध बने रहे। द्वार–सभा और हड़ताल नहीं हुई। समय–समय पर यूनियनों के साथ बैठकें आयोजित की गईं, विभिन्न मुद्दों (यदि कोई हो) से संबंधित चर्चाओं को निपटाया गया और सौहार्दपूर्ण ढंग से हल किया गया। परिणामस्वरूप, सामंजस्यपूर्ण औद्योगिक संबंध बनाए रखा गया।

ख) अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों, अन्य पिछड़ा वर्ग, दिव्यांगों और अल्पसंख्यकों का प्रतिनिधित्व

कंपनी द्वारा, आरक्षित श्रेणियों जैसेकि अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों, अन्य पिछड़ा वर्ग, दिव्यांगों के संबंध में समय–समय पर जारी किए गए सरकारी निर्देशों का पालन किया गया। सीधी भर्ती और पदोन्नति के लिए पद आधारित आरक्षण रोस्टर रखा जा रहा है, जिसका निरीक्षण निगम के अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग के निगम के संपर्क अधिकारी द्वारा विधिवत रूप से किया जाता है। समूह सी एंड डी पद पर अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति के कर्मचारियों को समयमान पदोन्नति में पात्रता अवधि के संदर्भ में एक वर्ष की छूट दी जाती है। अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति दिव्यांग उम्मीदवारों को सीधी भर्ती पर चयन के मामले में अंकों में छूट दी जाती है। अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति श्रेणी के कर्मचारियों को, बाहर के रोज़गार के लिए उचित माध्यम से आवेदन करने के असंख्य अवसर दिए जाते हैं, जबकि अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति श्रेणी के अलावा कर्मचारी, बाहर के रोज़गार के लिए केवल दो बार आवेदन कर सकते हैं। अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति अन्य पिछड़ा वर्ग के कर्मचारियों को सीधी भर्ती में, सरकार की आरक्षण नीति के अनुसार आयु में छूट दी जाती है।

31 मार्च, 2023 को कंपनी अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति और अल्पसंख्यकों का प्रतिनिधित्व इस प्रकार है:

क्र.सं.	विवरण	दिनांक 31.03.2023 को
1.	अनुसूचित जाति	103
2.	अनुसूचित जनजाति	12
3.	अन्य पिछड़ा वर्ग	118
4.	पीडब्ल्यूडी	21
5.	अल्पसंख्यक	65
कुल		**319**

18) यौन उत्पीड़न की रोकथाम के लिए नीति

कंपनी में, यौन उत्पीड़न के संबंध में प्राप्त शिकायतों के निपटान के लिए कार्य स्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध एवं निवारण) अधिनियम, 2013 के अंतर्गत आंतरिक शिकायत समिति के गठन से संबंधित प्रावधानों का पालन किया है। वित्तीय वर्ष 2022–23 के दौरान, आईसीसी–एनएसआईसी को एक शिकायत प्राप्त हुई और एक शिकायत का निपटारा किया गया।

19) कर्मचारियों के ब्यौरे

कंपनी ने किसी भी कर्मचारी को कंपनी (प्रबंधकीय कार्मिक की नियुक्ति और पारिश्रमिक) नियमावली, 2014 के नियम 5(2) के अधीन निर्धारित सीमा से अधिक पारिश्रमिक प्राप्त नहीं हुआ है।

20) सतर्कता क्रियाकलाप

सतर्कता विभाग सक्रिय रूप से संगठन के एक प्रभावी उपकरण के रूप में कार्य करता है और केंद्रीय सतर्कता आयोग (सीवीसी) द्वारा जारी निर्देशों/दिशानिर्देशों के कार्यान्वयन को सुनिश्चित करता है। वर्ष 2022–23 के दौरान, सतर्कता जागरूकता सप्ताह–2022 से पूर्व, अभियान अवधि (16 अगस्त, 2022 से 15 नवंबर, 2022) के दौरान एनएसआईसी द्वारा कुछ निवारक सतर्कता सह आंतरिक हाउसकीपिंग गतिविधियाँ आयोजित की गईं। भ्रष्टाचार के खिलाफ एक अभियान के रूप में और कंपनी के कर्मचारियों, ग्राहकों और अन्य हितधारकों के बीच जागरूकता उत्पन्न करने के लिए 31 अक्टूबर, 2022 से 6 नवंबर, 2022 तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह–2022 का आयोजन किया गया। सतर्कता जागरूकता सप्ताह का विषय था **"विकसित राष्ट्र के लिए भ्रष्टाचार मुक्त भारत"**। देश भर में विभिन्न स्थानों पर कंपनी के सभी कार्यालयों में सभी कर्मचारियों में सत्यनिष्ठा लाने और भ्रष्टाचार मिटाने की

शपथ दिलाई गई। कंपनी के रोजमर्रा के कामकाज में अधिक पारदर्शिता के लिए निवारक सतर्कता उपायों पर एक प्रस्तुति कंपनी के सभी अधिकारियों को परिचालित की गई है। कंपनी के सभी कर्मचारियों की वर्ष 2021 की अचल संपत्ति रिटर्न प्राप्त कर उसकी जांच की गई।

वर्ष 2022–23 के दौरान, सतर्कता प्रभाग ने अचल संपत्ति रिटर्न जमा करने, चल/अचल संपत्ति की खरीद/बिक्री के लिए अनुरोध और दिन–प्रतिदिन की सतर्कता मंजूरी के लिए कर्मचारियों की आसानी के लिए ऑनलाइन सतर्कता क्लीयरेंस पोर्टल – नोविका को प्रारंभ किया है। बड़े/छोटे दंड के प्रकरणों में संलिप्त दोषी अधिकारियों के विरूद्ध विभागीय अनुशासनात्मक कार्यवाही की गयी है एवं शिकायतों पर दिशा–निर्देशों के अनुरूप उचित कार्यवाही की गयी है। सतर्कता विभाग ने विभिन्न क्षेत्रीय कार्यालयों के आवधिक और औचक निरीक्षण पर लगातार जोर देकर निवारक सतर्कता बरती है। दिशानिर्देशों के अनुसार कंपनी की परियोजनाओं/कार्यों पर सीटीई प्रकार का निरीक्षण भी सीवीओ द्वारा किया जा रहा है।

21) कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व पहल

कंपनी की कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व पहल पर एक अलग रिपोर्ट इस रिपोर्ट के **"अनुलग्नक–ख"** के रूप में संलग्न है।

22) लेखापरीक्षक

क) आंतरिक लेखापरीक्षक

एनएसआईसी के पास कंपनी की सभी लेखा इकाइयों की आंतरिक लेखापरीक्षा करने के लिए एक घेरेलु आंतरिक लेखापरीक्षा विभाग के साथ–साथ भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा सूचीबद्ध सीए फर्मों से चुने गए लेखापरीक्षक हैं। आंतरिक लेखापरीक्षा रिपोर्ट समय–समय पर बोर्ड की लेखापरीक्षा समिति के समक्ष रखी गई।

ख) सांविधिक लेखापरीक्षक

भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक ने मैसर्स गोयल पारूल एण्ड कंपनी को वित्तीय वर्ष 2022–23 के लिए सांविधिक लेखापरीक्षक नियुक्त किया है। सांविधिक लेखापरीक्षकों ने कंपनी के वित्तीय वर्ष 2022–23 के लिए कंपनी के वित्तीय विवरणों के संबंध में अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत कर दी है। उन्होंने अपनी में कोई शर्त आपत्ति, प्रतिकूल टिप्पणी नहीं की है, या अदाकरण नहीं किया है। लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट (रिपोर्टें) इस वार्षिक रिपोर्ट का भाग है।

ग) सचिवालयी लेखापरीक्षा

कंपनी (प्रबंधकीय कार्मिक की नियुक्ति और पारिश्रमिक) नियमावली, 2014 के साथ पठित कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 204 के अनुसार वित्तीय वर्ष 2022–23 के लिए मैसर्स सपना जी एण्ड एसोसिएटस व्यवसायी कंपनी सचिवों को निगम की सचिवालयी लेखापरीक्षा करने के लिए नियुक्त किया गया था। वित्तीय वर्ष 2022–23 के लिए सचिवालयी लेखापरीक्षा रिपोर्ट इस रिपोर्ट के **"अनुलग्नक–ग"** के रूप में संलग्न है।

घ) नियंत्रक और महालेखापरीक्षक द्वारा लेखापरीक्षा

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 143(6)(ख) के अधीन वित्तीय विवरण पर भारत के नियंत्रक और महालेखापरीक्षक की टिप्पणियां बोर्ड की रिपोर्ट का भाग है।

23) वार्षिक विवरणी

अधिनियम की धारा 134(3)(क) के साथ पठित धारा 92(3) के अनुसार, 31 मार्च 2023 तक वार्षिक विवरणी कंपनी की वेबसाइट https://www.nsic.co.in/Corporate/AnnualReturns पर उपलब्ध है।

24) आंतरिक वित्तीय नियंत्रण

कंपनी ने कंपनी की नीतियों का पालन करने, अपनी संपत्ति की सुरक्षा, लेखा अभिलेखों की सटीकता और पूर्णता सहित अपने व्यवसाय के कुशल संचालन को सुनिश्चित करने के लिए नीतियों और प्रक्रियाओं को अपनाया है। आपकी कंपनी, कंपनी के आंतरिक वित्तीय नियंत्रण को और अधिक मजबूत करने के लिए लगातार कार्य करने हेतु प्रतिबद्ध है।

25) राजभाषा

कंपनी में हिंदी के प्रगामी प्रयोग सुनिश्चित करने की दृष्टि से, राजभाषा अधिनियम, 1963 और उसके अधीन बनाए गए नियमों का कार्यान्वयन तथा राजभाषा विभाग और सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय के दिशानिर्देशों का अनुपालन करना वर्ष 2022–23 के दौरान जारी रहा। इसके अलावा, हिंदी

का प्रगामी प्रयोग सुनिश्चित करने की दृष्टि से निम्नलिखित विशेष क्रियाकलाप किए गए:

- कंपनी में 14 सितंबर, 2022 से 29 सितंबर, 2022 तक के दौरान हिंदी पखवाड़ा मनाया गया और कंपनी में 06 विभिन्न हिंदी प्रतियोगिताएँ आयोजित की गईं। इन प्रतियोगिताओं का मुख्य ध्यान केंद्र, कर्मचारियों को दिन–प्रति दिन के सरकारी कार्य में हिंदी के इस्तेमाल में वृद्धि करने के लिए उन्हें प्रेरित करना था।
- कंपनी में 14 सितंबर 2022 को "हिंदी दिवस" मनाया गया, जिसमें मुख्यालय के विभागाध्यक्षों के साथ–साथ एनसीआर में स्थित उनके क्षेत्रीय कार्यालयों के प्रमुखों ने भाग लिया। इस दिन माननीय सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री और अध्यक्ष, राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम के हिन्दी दिवस संदेश पढ़े गए।
- 14 सितंबर 2022 को गुजरात में राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय द्वारा आयोजित हिंदी दिवस समारोह में कंपनी के जोनल कार्यालय से झा, जोनल हेड को नामित किया गया था।
- कंपनी के मुख्य कार्यालय और क्षेत्रीय कार्यालयों के विभिन्न प्रभागों के लिए राजभाषा वार्षिक निरीक्षण कार्यक्रम तैयार किया गया और उसे कार्यान्वित किया गया।
- नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (उपक्रम–2) दिल्ली के मार्गदर्शन में आयोजित हिंदी प्रतियोगिताओं में कंपनी की ओर से अधिकारियों/कर्मचारियों को नामित किया गया। एक अधिकारी ने पुरस्कार राशि के साथ पुरस्कार जीता।
- पुस्तकों की खरीद के लिए निर्धारित कुल राशि में से 50 प्रतिशत से अधिक राशि हिंदी पुस्तकों की खरीद पर खर्च की गई।
- नराकास उपक्रम–2 नई दिल्ली के तत्वाधान में 31 मार्च, 2023 को एनएसआईसी द्वारा सरकार के सदस्यों के लिए एक कविता पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। दिल्ली स्थित उपक्रमों में पांच विजेता प्रतिभागियों को प्रोत्साहन राशि दी गई।
- संसदीय राजभाषा समिति की तृतीय उपसमिति द्वारा 03 कार्यालयों का राजभाषा निरीक्षण सफलतापूर्वक किया गया तथा राजभाषा हिन्दी के उत्कृष्ट कार्यों हेतु प्रशस्ति पत्र प्रदान किये गये।

26) सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005

आरटीआई अधिनियम 2005 (यथासंशोधित) के प्रावधानों के तहत, भारत का कोई भी नागरिक निर्धारित प्रपत्र में जानकारी का अनुरोध कर सकता है जिसे वेबलिंक https://www.nsic.co.in/Corporate/RTI के तहत एनएसआईसी वेबसाइट से डाउनलोड किया जा सकता है या rtionline.gov.in के माध्यम से ऑनलाइन अनुरोध प्रस्तुत किया जा सकता है। एनएसआईसी की वेबसाइट पर एनएसआईसी के प्रत्येक कार्यालय के लिए नामित केंद्रीय लोक सूचना अधिकारियों (सीपीआईओ) और प्रथम अपीलीय प्राधिकारियों (एफएए) की एक सूची घोषित की गई है। आवेदन में मांगी गई जानकारी का उत्तर एनएसआईसी के संबंधित कार्यालय के लिए नामित सीपीआईओ द्वारा शीघ्रता से या तीस दिनों के भीतर दिया जाता है। आवेदक सीपीआईओ द्वारा अनुरोध की अस्वीकृति के 30 दिनों के भीतर संबंधित कार्यालय के नामित प्रथम अपीलीय प्राधिकारी (एफएए) को अपील भी प्रस्तुत कर सकता है।

वर्ष 2022–23 के दौरान, एनएसआईसी को आरटीआई के 116 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 112 का निपटान किया गया और 31 मार्च 2023 तक 04 अनुरोध लंबित थे, जिन्हें निर्धारित समय सीमा के भीतर निपटाया गया।

27) पुरस्कार और सम्मान

एनएसआईसी को 08 जुलाई, 2022 को इंडिया एक्सपो मार्ट, ग्रेटर नोएडा में आयोजित ईईए–2022 में टॉर्चबियरर श्रेणी में प्रदर्शनी उत्कृष्टता पुरस्कार – 2022 से सम्मानित किया गया। यह प्रतिष्ठित पुरस्कार प्रदर्शनी शोकेस द्वारा वैश्विक स्तर पर प्रदर्शनी उद्योग को बढ़ावा देने में एनएसआईसी के महत्वपूर्ण योगदान को मान्यता देने के लिए प्रदान किया गया है।

सीएमडी, एनएसआईसी को 22 दिसंबर, 2022 को नई दिल्ली में वर्ल्ड एचआरडी कांग्रेस द्वारा आयोजित नॉर्थ इंडिया बेस्ट एम्प्लॉयर ब्रांड अवार्ड्स और एचआर लीडरशिप एक्सीलेंस अवार्ड्स में "सीईओ विद एचआर ओरिएंटेशन अवार्ड" से सम्मानित किया गया।

28) ऊर्जा संरक्षण, प्रौद्योगिकी आत्मसात किए जाने का विवरण

सेवा क्षेत्र में होने के कारण एनएसआईसी के पास कोई विनिर्माण इकाई नहीं है, इसलिए ऊर्जा संरक्षण और प्रौद्योगिकी आत्मसात किए जाने से संबंधित कोई विशिष्ट प्रस्तुतिकरण

नहीं है। हालाँकि, एनएसआईसी द्वारा ऊर्जा संरक्षण, ऊर्जा के वैकल्पिक स्रोतों के उपयोग और ऊर्जा संरक्षण उपकरणों पर पूंजी निवेश के बारे में निम्नलिखित कदम उठाए गए हैं :

क. विभिन्न स्थानों पर ग्रिड कनेक्टेड रूफटॉप सोलर पीवी प्रणाली की स्थापना:

स्थान	क्षमता (केडब्ल्यूपी)	परियोजना लागत (लाख रुपए में)
निम्नलिखित स्थानों पर ग्रिड कनेक्टेड रूफटॉप सोलर पीवी प्रणाली की स्थापना:		220.08
(क) चेन्नई	89.145	
(ख) प्रधान कार्यालय और एनटीएससी–ओखला	133.560	
(ग) एनटीएससी और ईएमडीबीपी–हैदराबाद	237.195	
(घ) एनटीएससी–राजकोट	50.00	
(ङ) एनटीएससी–हावड़ा	50.00	
कुल क्षमता	**559.900**	

ख. भुवनेश्वर में 3 सितारा गृह रेटेड "एकीकृत विपणन विकास केंद्र" (आईएमडीसी) की स्थापना:

एमएसएमई/आईटी/आईटीईएस आदि की रणनीतिक रूप से स्थित स्थान की मांग को पूरा करने के लिए, एनएसआईसी ने भुवनेश्वर में एक अत्याधुनिक "एकीकृत विपणन विकास केंद्र (आईएमडीसी) भवन" की स्थापना की है। यह बेसमेंट और स्टिल्ट फ्लोर वाली सात (7) मंजिला इमारत है, जिसका कुल निर्मित क्षेत्र 1,08,600 वर्ग फुट है, जिसमें निम्नलिखित मुख्य विशेषताएं हैं:

- **3 सितारा गृह प्रमाणित ऊर्जा कुशल और पर्यावरण अनुकूल हरित भवन**
- इमारत में ग्रिड से जुड़े छत पर सौर पैनल, सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट, वर्षा जल संचयन प्रणाली और इमारत के चारों ओर मनभावन हरे–भरे परिदृश्य जैसी हरित विशेषताएं हैं
- संरचनात्मक ग्लेजिंग और अग्रभाग पर पत्थर के आवरण के साथ भूकंप प्रतिरोधी संरचना
- इमारत वातानुकूलित है (आम क्षेत्र को छोड़कर)
- इमारत दिव्यांग अनुकूल है
- 100 प्रतिशत पावर बैक–अप और नवीनतम आग का पता लगाने वाली, फायर अलार्म और अग्निशमन प्रणाली
- बेसमेंट, स्टिल्ट फ्लोर में पर्याप्त पार्किंग स्थान और खुला क्षेत्र

गृह परिषद (नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय, भारत सरकार तथा ऊर्जा और संसाधन संस्थान की एक संयुक्त पहल) ने 14 अप्रैल, 2022 को प्रमाण–पत्र के माध्यम से उपरोक्त इमारत को "थ्री स्टार" गृह अनंतिम रेटिंग प्रदान की है।

एनएसआईसी के एकीकृत विपणन विकास केंद्र, भुवनेश्वर को 16 दिसंबर, 2022 को इंडिया हैबिटेट सेंटर, नई दिल्ली में महामहिम भारत में स्विट्जरलैंड के महामहिम राजदूत द्वारा अनंतिम 3 स्टार गृह रेटिंग प्रदान की गई।



एनएसआईसी बिजनेस पार्क भुवनेश्वर, ओडिशा को गृह काउंसिल द्वारा "थ्री स्टार" गृह प्रोविजनल वी3.1 रेटिंग प्रदान की गई।

29) सहायक कंपनी

एनएसआईसी वेंचर कैपिटल फंड लिमिटेड (एनवीसीएफएल) एनएसआईसी की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी है, जिसे एसआरआई निधि को बढ़ावा देने के लिए 28 अगस्त, 2020 को सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय द्वारा जारी दिशानिर्देशों के अनुसार एक विशेष प्रयोजन वाहन (एसपीवी) कंपनी के रूप में अधिनिगमित किया गया था। आत्मनिर्भर

भारत (एसआरआई) निधि एनवीसीएफएल की पहली योजना है।

एनवीसीएफएल भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (वैकल्पिक निवेश कोष) विनियम, 2012 ('विनियम') के तहत 1 सितंबर 2021 से अपनी पहली योजना आत्मनिर्भर भारत (एसआरआई) निधि के लिए। श्रेणी–।। वैकल्पिक निवेश कोष के रूप में पंजीकृत है। एसआरआई निधि मां/बेटी निधियों का एक संयोजन है। भारत सरकार एकमात्र एंकर निवेशक है और चरणबद्ध तरीके से मदर फंड को 10,000 करोड़ की प्रारंभिक बजटीय सहायता प्रदान कर रही है।

समीक्षाधीन अवधि के दौरान, कुल 42 सहायक निधियों को एसआरआई फंड (मदर फंड) के साथ सूचीबद्ध किया गया है और इन सहायक निधियों ने इन एमएसएमई में 4529 करोड़ रुपए के निवेश के माध्यम से 315 संभावित एमएसएमई को सहायता प्रदान की है।

30) सहायक कंपनियों/सहयोगी कंपनियों/संयुक्त उद्यमों के वित्तीय विवरण की मुख्य विशेषताओं संबंधी विवरण

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 129 और उसके तहत बनाए गए नियमों के अनुसार, कंपनी ने वित्तीय वर्ष 2022–23 के लिए समेकित वित्तीय विवरण तैयार किया है, जिसमें इसकी पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी, अर्थात एनएसआईसी वेंचर कैपिटल फंड लिमिटेड शामिल है। समेकित वित्तीय विवरणों को कंपनी के एकल वित्तीय विवरणों के साथ 68वीं वार्षिक आम बैठक में शेयरधारकों के समक्ष भी रखा जाएगा। अधिनियम की धारा 129 की उप–धारा 3 के अनुसार, फॉर्म एओसी–1 में एनएसआईसी (अर्थात् एनवीसीएफएल) की सहायक कंपनी के वित्तीय विवरणों की मुख्य विशेषताओं संबंधी एक विवरण **"अनुलग्नक–घ"** के रूप में संलग्न है।

कंपनी अधिनियम, 2013 ("अधिनियम") की धारा 2(6) के अर्थ के भीतर कोई सहयोगी या संयुक्त उद्यम कंपनियां नहीं हैं।

31) संबंधित पार्टियों के साथ अनुबंध या समझौतों का विवरण

कंपनी अधिनियमए 2013 की धारा 134 (3) (एच) की आवश्यकता के अनुसार, निर्धारित प्रपत्र एओसी–2 में कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 188 में उल्लिखित संबंधित पार्टियों के साथ अनुबंध अथवा समझौतों का विवरण रिपोर्ट के साथ **"अनुलग्नक–ङ"** के रूप में संलग्न है।

32) सूक्ष्म और लघु उद्यमों (एमएसई) हेतु सार्वजनिक खरीद नीति आदेश, 2012

एनएसआईसी ने एमएसई और एससी/एसटी और महिला नेतृत्व वाले एमएसई से खरीद के लिए सार्वजनिक खरीद नीति में निर्धारित सभी दिशानिर्देशों का अनुपालन करते हुए 2022–23 के दौरान कुल ₹43.51 करोड़ की खरीद की है। विवरण इस प्रकार हैं:

खरीद	लक्ष्य (कुल खरीद पीपी नीति के अनुसार)	उपलब्धि
एमएसएमई से खरीद	25%	**27.33 करोड (62.82%)**
एससी/एसटी एमएसएमई से खरीद	4%	**3.30 करोड (7.58%)**
महिला एमएसएमई से खरीद	3%	**3.13 करोड (7.02%)**

33) विदेशी मुद्रा

वर्ष 2022–23 के दौरान कुल विदेशी मुद्रा में कुल व्यय 3.33 करोड़ रुपये था, जबकि वर्ष 2021–22 में 3.40 करोड़ रुपए था।

34) एनएसआईसी – एक आईएसओ 9001:2015 प्रमाणित कंपनी

एनएसआईसी ने अपने ग्राहकों को उच्च गुणवत्ता वाली सेवाएं प्रदान करने और गुणवत्ता प्रबंधन प्रणाली आईएसओ 9001:2015 वर्जन की स्थापना करके अपने सभी हितधारकों को संतुष्ट करने के लिए अपनी प्रणाली की लगातार समीक्षा, परिष्करण और उन्नयन किया है। वर्तमान में, एनएसआईसी के कुल 51 आईएसओ प्रमाणित कार्यालय हैं अर्थात 42 शाखा कार्यालय, 8 एनटीएससी और प्रधान कार्यालय। आईएसओ प्रमाणपत्र को 23 मई, 2021 से 22 मई, 2024 तक की अवधि के लिए मैसर्स टीयूवी इंडिया प्राइवेट लिमिटेड द्वारा नवीनीकरण किया गया और इसे जारी किया गया था।

एनएसआईसी में गुणवत्ता प्रबंधन प्रणाली आईएसओ 9001:2015 का आवश्यक अनुपालन और निरंतरता सुनिश्चित करने के लिए, मैसर्स टीयूवी इंडिया प्रा. लिमिटेड को क्यूएमएस आईएसओ 9001:2015 की वार्षिक निगरानी ऑडिट–।।

की प्रक्रिया को शामिल करने के लिए आईएसओ प्रमाणन का कार्य सौंपा गया है। मैसर्स टीयूवी इंडिया प्रा. लिमिटेड ने फरवरी से अप्रैल, 2023 के दौरान प्रधान कार्यालय सहित देश भर में 18 विभिन्न स्थानों पर चयनित शाखा कार्यालयों/एनटीएससी में नमूना संपरीक्षा के रूप में सफलतापूर्वक निगरानी संपरीक्षा को आयोजित किया है।

टीयूवी ने अंतिम संपरीक्षा रिपोर्ट प्रस्तुत की और यह टिप्पणी की कि एनएसआईसी बिना किसी गैर–अनुरूपता के आईएसओ 9001:2015 मानक के अनुसार सभी गुणवत्ता प्रबंधन प्रणाली आवश्यकताओं को पूरा करता है। रिपोर्ट में संगठन में गुणवत्ता प्रबंधन प्रणाली के अनुसरण में प्रबंधन द्वारा अपनाई गई 'अच्छी प्रथाओं' पर भी प्रकाश डाला गया।

इस अवधि के दौरान दो मैनुअल अर्थात मानव संसाधन मैनुअल और वित्तीय एवं लेखा मैनुअल को भी नवीनतम संशोधन/आशोधन के साथ अद्यतन किया गया है। सभी आईएसओ मैनुअल कंपनी के इंट्रानेट पर उपलब्ध हैं।

नए आईएसओ 9001:2015 मानकों के कार्यान्वयन के साथ, संगठन के बाहरी और आंतरिक हितधारकों की अपेक्षाओं के संदर्भ में सुधार के लिए ''जोखिम पहचान, मूल्यांकन और शमन'' को शामिल करके दृष्टिकोण को दस्तावेज आधारित दृष्टिकोण से प्रक्रिया दृष्टिकोण में भी परिवर्तित दिया गया है जो स्थापित प्रभावी प्रबंधन प्रणाली के साथ अपने ग्राहकों को उच्च गुणवत्ता वाली सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रक्रियाओं के पालन पर आधारित है।

आईएसओ प्रभाग क्यूएमएस आईएसओ 9001:2015 के प्रभावी कार्यान्वयन को सुनिश्चित करता है, एनएसआईसी के सभी प्रमाणित कार्यालयों यानी बीओ/एनटीएससी और कॉर्पोरेट कार्यालय में आंतरिक संपरीक्षा आयोजित करके प्रणाली प्रक्रियाओं का अनुपालन, संपरीक्षा रिपोर्ट की समीक्षा और विश्लेषण, स्थानीय प्रबंधन समीक्षा रिपोर्ट, पहचानी गई कमियों पर सुधारात्मक कार्रवाई करना और प्रत्येक संपरीक्षा से पहले और बाद में उन्हें बंद करने की सुविधा प्रदान करता है।

35) निदेशक

वर्ष 2022–23 के दौरान और अद्यतन तिथि तक, कंपनी के बोर्ड में निम्नलिखित परिवर्तन हुए हैं:–

क) एमएसएमई मंत्रालय के संयुक्त सचिव श्री विपुल गोयल को 1 जुलाई, 2023 एनएसआईसी के अध्यक्ष–सह–प्रबंध निदेशक के पद का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया था। तथापि, एनएसआईसी के बोर्ड में निदेशक के रूप में श्री विपुल गोयल की नियुक्ति 6 जुलाई, 2023 से प्रभावी है, जो कारपोरेट कार्य मंत्रालय द्वारा डीआईएन के आवंटन की तारीख है।

ख) श्री कार्तिकेय सिन्हा को 21 फरवरी 2023 से एनएसआईसी में निदेशक (योजना एवं विपणन) के रूप में नियुक्त किया गया है।

ग) श्री गौरव गुलाटी को 09 मई, 2023 से एनएसआईसी में निदेशक (वित्त) के रूप में नियुक्त किया गया है।

घ) श्रीमती मर्सी एपाओ, संयुक्त सचिव, एमएसएमई मंत्रालय को 1 जनवरी, 2023 से 30 जून, 2023 तक अध्यक्ष–सह–प्रबंध निदेशक के पद का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। उनके पास क्रमशः 20 फरवरी, 2023 और 8 मई, 2023 तक निदेशक (पी एंड एम) और निदेशक (वित्त) का अतिरिक्त प्रभार भी रहा है। श्रीमती मर्सी एपाओ भी 22 सितंबर 2021 से सरकार द्वारा नामिति निदेशक के रूप में कंपनी से संबद्ध हैं।

ड़) श्री गौरांग दीक्षित, निदेशक (वित्त) एनएसआईसी को 1 अगस्त, 2022 से प्रभावी करते हुए अध्यक्ष–सह–प्रबंध निदेशक, एनएसआईसी के पद का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। वह अपनी सेवानिवृत्ति की तारीख यानी 31 दिसंबर, 2022 तक एनएसआईसी के निदेशक (वित्त) और अध्यक्ष–सह–प्रबंध निदेशक के रूप में कार्यभार संभालेंगे।

च) श्री पी. उदयकुमार, निदेशक (पी एंड एम), एनएसआईसी को 20 जून 2022 से कंपनी के अध्यक्ष–सह–प्रबंध निदेशक के पद का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया था। वे उनकी सेवानिवृत्ति की तारीख तक, अर्थात् 31 जुलाई 2022 तक, एनएसआईसी के अध्यक्ष–सह–प्रबंध निदेशक के रूप में कार्यभार संभालेंगे।

छ) श्रीमती अलका नांगिया अरोड़ा को 14 सितंबर 2021 से 31 मई 2022 तक कंपनी के अध्यक्ष–सह–प्रबंध निदेशक के पद का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया था।

वर्ष 2022–23 के दौरान निदेशक मंडल की छः बैठकें आयोजित की गई थी। इसके अलावा, निदेशक मंडल की लेखापरीक्षा समिति की बैठक, कार्पोरेट सामाजिक दायित्व समिति की

बैठक और अन्य उप–समितियों की बैठकें आयोजित की गई थी। बैठकों का विवरण कारपोरेट सुशासन रिपोर्ट में दिया गया है, जो इस रिपोर्ट का हिस्सा है।

36) निदेशकों का दायित्व संबंधी विवरण

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 134(5) के अपेक्षाओं के अनुसरण में निदेशक मंडल इस बात की पुष्टि करता है कि:

- वार्षिक लेखे तैयार करते समय, सारवान विपथनों से संबंधित उपयुक्त स्पष्टीकरणों के साथ–साथ लागू होने वाले लेखांकन मानकों का पालन किया गया है;
- निदेशकों ने ऐसी लेखांकन नीतियों का चयन किया है और उनको लगातार लागू किया है और ऐसे निर्णय और आकलन किए हैं जो तर्कसंगत एवं विवेकपूर्ण हैं, ताकि वित्त वर्ष के अंत में कारपोरेशन की अद्यतन तथा समीक्षाधीन अवधि में निगम के लाभ या हानि की सही और उचित तस्वीर प्रस्तुत की जा सके;
- कंपनी की संपत्तियों की सुरक्षा और धोखाधड़ी और अन्य अनियमितताओं को रोकने और उनका पता लगाने के लिए इस अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार पर्याप्त लेखांकन रिकॉर्ड के रखरखाव के लिए उचित और पर्याप्त देखभाल बरती है;
- वित्तीय विवरण, सतत कारोबार के आधार पर तैयार किए गए हैं;

लागू होने वाले सभी कानूनों के उपबंधों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए उचित प्रणालियाँ तैयार की और यह प्रणालियाँ पर्याप्त थीं और प्रभावी ढंग से कार्य कर रही हैं;

37) कॉरपोरेट सुशासन

कॉरपोरेट सुशासन पर एक अलग रिपोर्ट इस रिपोर्ट के साथ **"अनुलग्नक–च"** के रूप में संलग्न है।

38) आभार

निदेशक मंडल की बैठकें समय–समय पर आयोजित की जाती थी। वर्ष 2022–23 के दौरान, कुल एक बैठक आयोजित की गईं, अर्थात 25 नवंबर 2022 आयोजित बैठकों का विवरण निम्नानुसार है:–

क्र. सं.	नाम	धारित पद	आयोजित बैठकों की संख्या	बैठकों की संख्या, जिनमें भाग लिया
1.	डॉ. अशोक अहिरवार (स्वतंत्र निदेशक)	अध्यक्ष	1	1
2.	श्रीमती समीरा सौरभ (सरकार द्वारा नामित निदेशक)	सदस्य	1	1
3.	श्री कालंदी चरण सामल (स्वतंत्र निदेशक)	सदस्य	1	0
4.	श्री पी. रवि कुमार (आरएमए विभाग के प्रमुख)	सदस्य	1	1
5.	श्री संदीप मोहन (सीआईओ के रूप में आईटी विभाग के प्रमुख)	सदस्य	1	1
6.	श्री गौरांग दीक्षित	विशेष आमंत्रित	1	1

IV. स्वतंत्र निदेशकों की पृथक बैठक

31 मार्च 2023 तक कंपनी के बोर्ड में दो स्वतंत्र निदेशक थे। समीक्षाधीन अवधि के दौरान, स्वतंत्र निदेशकों की एक अलग बैठक 16 जनवरी 2023 को आयोजित की गई जिसमें सभी स्वतंत्र निदेशक उपस्थित थे।

V. सामान्य निकाय की बैठक

कंपनी की पिछली तीन वार्षिक आम बैठकों का विवरण निम्नानुसार है:

वित्त वर्ष	दिनांक	समय	स्थान	विशेष संकल्प (यदि कोई हो)
2021-22	19/12/2022	दोपहर 12.00 बजे	कंपनी का पंजीकृत कार्यालय	–
2020-21	29/11/2021	दोपहर 12.00 बजे		–
2019-20	19/02/2021	सायं 4.00 बजे		–

वित्तीय वर्ष 2022–23 के दौरान सदस्यों की कोई असाधारण आम बैठक नहीं हुई।

वित्तीय वर्ष 2022–23 के लिए वार्षिक आम बैठक दिनांक 12 दिसम्बर, 2023

VI. स्वतंत्र निदेशक द्वारा घोषणा

बोर्ड की पहली बैठक में सभी स्वतंत्र निदेशकों ने घोषणा की कि वे कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 149(6) और सीपीएसई के लिए कॉरपोरेट अभिशासन पर डीपीई के दिशानिर्देशों के तहत स्वतंत्रता के मानदंडों को पूरा करते हैं।

उक्त बैठक में निदेशक बोर्ड ने पुष्टि की कि कंपनी के स्वतंत्र निदेशक कंपनी अधिनियम, 2013 में निर्दिष्ट शर्तों को पूरा करते हैं, और सीपीएसई के लिए कॉर्पोरेट प्रशासन पर डीपीई के दिशानिर्देश तथा प्रबंधन से स्वतंत्र हैं।

VII. स्वतंत्र निदेशकों हेतु परिचय कार्यक्रम

समीक्षाधीन अवधि के दौरान, स्वतंत्र निदेशकों को भारत सरकार के वित्त मंत्रालय के तहत सार्वजनिक उद्यम विभाग द्वारा आयोजित सीपीएसई के गैर–आधिकारिक (स्वतंत्र) निदेशकों के प्रेरण प्रशिक्षण कार्यक्रम यानी 2–दिवसीय ओरिएंटेशन एंड लर्निंग समिट के लिए नामांकित किया गया था। क्षेत्र में चुनौतियों और अवसरों पर चर्चा करने के लिए सीपीएसई के वरिष्ठ नेतृत्व पर सत्र, 'अनिश्चितता की स्थिति में निर्णय लेने', भूमिकाएं और जिम्मेदारियां, क्षमता निर्माण आदि पर सत्र आयोजित किए जाते हैं।

स्वतंत्र निदेशकों ने कंपनी के समग्र दृष्टिकोण से परिचित होने के लिए कंपनी के क्षेत्रीय कार्यालयों और एनएसआईसी तकनीकी सेवा केंद्रों का भी दौरा किया।

VIII. आचार संहिता

डीपीई द्वारा जारी कॉरपोरेट अभिशासन दिशानिर्देशों के अनुसार, कंपनी ने बोर्ड के सदस्यों, प्रमुख प्रबंधन कर्मियों और वरिष्ठ प्रबंधन कर्मियों के लिए 'आचार संहिता' जारी की है। आचार संहिता की एक प्रति कंपनी की वेबसाइट पर भी अपलोड की गई है। जैसा कि आचार संहिता में उल्लेख किया गया है और बोर्ड के सदस्यों, प्रमुख प्रबंधन कर्मियों और वरिष्ठ प्रबंधन कार्मिक से प्राप्त पुष्टि के आधार पर, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक द्वारा की गई आचार संहिता के अनुपालन के संबंध में एक घोषणा इस रिपोर्ट के अनुलग्नक–I में संलग्न है।

IX. सहायक कंपनी

एक पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी, अर्थात एनएसआईसी वेंचर कैपिटल फंड लिमिटेड (एनवीसीएफएल) को 28 अगस्त 2020 को सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय द्वारा जारी दिशा–निर्देशों के अनुसार एसआरआई फंड को समर्थित करने हेतु एक विशेष प्रयोजन वाहन (एसपीवी) कंपनी के रूप में निगमित किया गया था। सेल्फ रिलायंट इंडिया (एसआरआई) फंड एनवीसीएफएल की पहली योजना है। लेखापरीक्षित वित्तीय विवरण एनवीसीएफएल की होल्डिंग कंपनी के समक्ष रखे जाते हैं।

X. कंपनी की वित्तीय स्थिति को प्रभावित करने वाले महत्वपूर्ण परिवर्तन और प्रतिबद्धताएँ

इस रिपोर्ट में प्रकटीकरण यदि कोई हो के अलावा, कंपनी की वित्तीय स्थिति को प्रभावित करने वाले ऐसे कोई महत्त्वपूर्ण परिवर्तन और प्रतिबद्धताएँ नहीं हैं, जो कंपनी के उस वित्तीय वर्ष के अंत, जिनसे वित्तीय विवरण संबंधित हैं और जिस तारीख की यह रिपोर्ट है, के बीच हुई हों।

XI. प्रकटीकरण

कारपोरेट सुशासन संबंधी सरकारी उद्यम विभाग के दिशानिर्देशों और कंपनी अधिनियम, 2013 के अनुसार निम्नलिखित प्रकटीकरण किए गए हैं:

- **प्रमुख प्रबंधकीय कार्मिक (केएमपीज)**

31 मार्च, 2023 को यथास्थिति कंपनी में "प्रमुख प्रबंधकीय कार्मिकों" के रूप में निम्नलिखित व्यक्ति हैं।

क्र. सं.	नाम	पदनाम	अवधि	
			से	तक
1.	श्रीमती मर्सी एपाओ	निदेशक (वित्त) अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक (अतिरिक्त प्रभार)	01.01.2023	31.03.2023
2.	श्रीमती मर्सी एपाओ	(योजना एवं विपणन) (अतिरिक्त प्रभार)	01.01.2023	20.02.2023
3.	श्री कार्तिकेय सिन्हा	निदेशक (योजना एवं विपणन)	21.02.2023	31.03.2023
4.	श्री पार्थ माझी	मुख्य वित्त अधिकारी	02.01.2023	31.03.2023
5.	श्रीमती निष्ठा गोयल	कंपनी सचिव	01.04.2022	31.03.2023

- संबंधित पक्षकार के लेन–देन के ब्यौरे वित्त वर्ष 2022–23 में फार्म एओसी–2 में दिए जाने में, जो कंपनी की बोर्ड रिपोर्ट के साथ संलग्न है।
- सीईओ/सीएफओ प्रमाणनः कॉरपोरेट अभिशासन पर डीपीई दिशानिर्देशों के अनुसार, वर्ष 2022–23 के लिए वित्तीय रिपोर्टिंग से संबंधित वित्तीय विवरणों और आंतरिक नियंत्रणों पर सीएमडी/सीएफओ द्वारा जारी अनुपालन प्रमाणपत्र को बोर्ड की लेखापरीक्षा समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया था।
- लागू कानूनों का अनुपालनः बोर्ड समय–समय पर कंपनी पर लागू सभी कानूनों की स्थिति की समीक्षा करता है।
- एनएसआईसी एक सरकारी कंपनी होने के नाते, कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 134(3)(पी) के प्रावधान, बोर्ड और इसकी समितियों के प्रदर्शन मूल्यांकन के संबंध में, कॉरपोरेट कार्य मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी अधिसूचना दिनांक 5 जून 2015 के अनुसार छूट प्राप्त है।
- कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 177 के अनुपालन के अनुसार, कंपनी ने 'व्हिसिल ब्लोअर नीति' को अपनाने के माध्यम से एक सतर्कता तंत्र लागू किया है, जिसका उद्देश्य किसी भी कर्मचारी को किसी भी या अप्रत्याशित अभ्यास और कदाचार की किसी भी घटना के बारे में सूचित करने के बारे में सक्षम बनाना है।
- संचार साधनः एनएसआईसी की एक समप्रित वेबसाइट है, अर्थात् www.nsic.co.in, जिसमें कंपनी की योजनाओं और गतिविधियों पर विस्तृत जानकारी का उल्लेख किया गया है और समय–समय पर अद्यतन किया जाता है। आधिकारिक वेबसाइट भी विभिन्न घटनाओं को पोस्ट करती है, जिसमें आधिकारिक समाचार रिलीज, दृष्टि, मिशन, नीतियां इत्यादि शामिल हैं, लेकिन ये इन तक ही सीमित नहीं है। कंपनी की वार्षिक रिपोर्ट जिसमें अन्य बातों के साथ–साथ एकल लेखापरीक्षित वित्तीय विवरण, लेखापरीक्षित समेकित वित्तीय विवरण, लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट, निदेशकों की रिपोर्ट, प्रबंधन चर्चा और विश्लेषण, कॉर्पोरेट प्रशासन रिपोर्ट आदि शामिल हैं, कंपनी की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं।

XII. कारपोरेट सुशासन संबंधी सरकारी उद्यम विभाग के दिशानिर्देशों की अपेक्षाओं के अनुपालन के विवरण

केंद्र सरकारी क्षेत्र उद्यमों के लिए कारपोरेट सुशासन संबंधी सरकारी उद्यम विभाग के दिशानिर्देशों की अपेक्षाओं का कंपनी द्वारा विधिवत पालन किया गया है। इस बारे में मैसर्स कुमार वाधवा एण्ड कंपनी, प्रैक्टिसिंग कंपनी सचिवों द्वारा जारी किया गया प्रमाण–पत्र **"अनुलग्नक–II"** के रूप में संलग्न है, जिसमें कारपोरेट सुशासन संबंधी सरकारी उद्यम विभाग के दिशानिर्देशों के अधीन निर्धारित शर्तों के अनुपालन की पुष्टि की गई है।

ह./–
(विपुल गोयल)
अध्यक्ष–एवं–प्रबंध निदेशक
डीआईएन : 10229523

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 12 दिसंबर, 2023

कारपोरेट अभिशासन पर डीपीई के दिशानिर्देशों के तहत आवश्यक घोषणा

"बोर्ड के सभी सदस्यों और वरिष्ठ प्रबंधन कर्मियों ने 31 मार्च 2023 को समाप्त वित्तीय वर्ष हेतु "बोर्ड के सदस्यों और वरिष्ठ प्रबंधन के लिए आचार संहिता" के अनुपालन की पुष्टि की है।"

ह./–
(विपुल गोयल)
अध्यक्ष–एवं–प्रबंध निदेशक
डीआईएन : 10229523

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 21 अगस्त, 2023

कारपोरेट सुशासन अनुपालन प्रमाण-पत्र

सेवा में,

सदस्यगण

राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम लिमिटेड

पंजीकृत पता: एनएसआईसी भवन, ओखला औद्योगिक क्षेत्र,

नई दिल्ली – 110020

हमने, भारी उद्योग और सरकारी उद्यम मंत्रालय, लोक उद्यम विभाग, भारत सरकार द्वारा जारी किए गए केंद्र सरकारी क्षेत्र के उद्यमों (सीपीएसईज) के लिए कारपोरेट सुशासन संबंधी दिशानिर्देशों में उल्लिखित, 31 मार्च, 2023 को समाप्त वर्ष के लिए **सीआईएन: यू74140डीएल1955जीओआई002481** में **राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम लिमिटेड** के कारपोरेट सुशासन की शर्तों के अनुपालन की जांच की है।

हमारी राय में और हमारी सर्वोत्तम सूचना के अनुसार तथा प्रबंधकवर्ग द्वारा हमें दिए गए स्पष्टीकरणों के अनुसार हम प्रमाणित करते हैं कि कंपनी ने उक्त दिशानिर्देशों में उल्लिखित कारपोरेट सुशासन की शर्तों का अनुपालन किया है।

कारपोरेट सुशासन प्रणाली की शर्तों का अनुपालन करना प्रबंधन की जिम्मेदारी है। हमारी जांच, भारी उद्योग और सरकारी उद्यम मंत्रालय, सरकारी उद्यम विभाग, भारत सरकार द्वारा जारी किए गए केंद्र सरकारी क्षेत्र के उद्यमों (सीपीएसई) के लिए कारपोरेट सुशासन संबंधी दिशानिर्देशों में उल्लिखित कारपोरेट सुशासन की शर्तों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए कंपनी द्वारा अंगीकृत प्रक्रियाओं और उनके कार्यान्वयन की समीक्षा करने तक सीमित थी। यह न तो कंपनी के वित्तीय विवरणों पर लेखापरीक्षा है और न ही इन पर राय की कोई अभिव्यक्ति।

हम यह भी उल्लेख करते हैं कि इस प्रकार का अनुपालन, न तो कंपनी की भावी व्यवहार्यता के बारे में या उस दक्षता या प्रभावकारिता के बारे में कोई आश्वासन है, जिससे प्रबंधकवर्ग ने कंपनी के कारोबार का संचालन किया है।

कृते कुमार वाधवा एण्ड कंपनी
कंपनी सचिव

ह./–
पी.सी.एस. संजय कुमार
प्रबंधन साझेदार
सदस्यता सं. : 9211
सी.पी. सं. : 7027
यूडीआईएन नः एफ009211ई001714631

स्थान : नई दिल्ली
दिनांकः 07 नवम्बर, 2023

स्वतंत्र लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट

सेवा में,

राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम लिमिटेड के सदस्यों

भारतीय लेखा मानक एकल वित्तीय विवरणों की लेखा–परीक्षा पर रिपोर्ट

राय

हमने **राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम लिमिटेड** ('निगम') के संलग्न एकल वित्तीय विवरणों की लेखापरीक्षा की है, जिसमें दिनांक 31 मार्च 2023 को समाप्त वर्ष हेतु लाभ और हानि के विवरण (अन्य व्यापक आय सहित) के साथ उस तिथि तक के तुलनपत्र और उस तिथि को समाप्त हुए वर्ष के लिए इक्विटी और नकदी प्रवाह के विवरण में परिवर्तन, और वित्तीय विवरणों के लिए नोट जिसमें महत्वपूर्ण लेखा नीतियों और अन्य व्याख्यात्मक जानकारी का सारांश शामिल है, जिसमें हमारे द्वारा लेखा परीक्षित प्रधान कार्यालय के वित्तीय विवरण तथा भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक द्वारा नियुक्त अन्य स्वतंत्र लेखापरीक्षकों द्वारा लेखापरीक्षित 54 शाखा कार्यालय और तकनीकी केंद्र के विवरण शामिल हैं। (जिन्हें इसमें आगे "अकेले वित्तीय विवरण" कहा गया है)।

हमारी राय में और हमारी सर्वोत्तम सूचना के अनुसार और हमें दिए गए स्पष्टीकरणों के अनुसार, उपर्युक्त अकेले वित्तीय विवरण, यथा अपेक्षित तरीके से, कंपनी अधिनियम, 2013 द्वारा अपेक्षित सूचना देते हैं और 31 मार्च, 2023 को यथास्थिति निगम के कारोबार की, उसी तिथि को समाप्त वर्ष के लिए इसके लाभ एवं हानि अन्य व्यापक आय, (इक्विटी में परिवर्तन) तथा इसके नकदी प्रवाह की यथा संसोधित कंपनी (भारतीय लेखाकंन मानक) नियमावली, 2015 ("भारतीय लेखाकंन मानक") के साथ पठित अधिनियम की धारा 133 के अंतर्गत विनिर्धारित भारतीय लेखाकंन मानकों और भारत में आमतौर पर स्वीकार किए गए अन्य लेखाकंन सिद्धांतों के अनुरूप सच्ची और सही तस्वीर प्रस्तुत करते हैं।

राय का आधार

हमने कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 143(10) के अनुसार अकेले वित्तीय विवरणों की अपनी लेखापरीक्षा की है। उन मानकों के अंतर्गत हमारी जिम्मेदारी, हमारी रिपोर्ट के अकेले वित्तीय विवरण भाग की 'लेखापरीक्षा के लिए लेखापरीक्षकों की जिम्मेदारियाँ' वर्णित हैं। हम, नैतिकता अपेक्षाओं, जो कंपनी अधिनियम, 2013 और उसके अंतर्गत बनाए गए नियमों के उपबंधों के अंतर्गत वित्तीय विवरणों की हमारी लेखापरीक्षा से सुसंगत हैं, के साथ–साथ भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान (आईसीएआई) द्वारा जारी की गई नैतिकता संहिता के अनुसार कंपनी से स्वतंत्र हैं और हमने इन अपेक्षाओं और आईसीएआई की नैतिकता संहिता के अनुसार अपनी अन्य नैतिक जिम्मेदारियाँ पूरी की हैं। हम विश्वास करते हैं कि जो लेखापरीक्षा साक्ष्य हमने प्राप्त किया है, वह अकेले वित्तीय विवरणों पर हमारी राय का आधार उपलब्ध कराने के लिए पर्याप्त और समुचित है।

मामलों पर जोर देना

1. हम निम्नलिखित मामलों की ओर ध्यान आकर्षित करते हैं:

क) औद्योगिक एस्टेट नैनी में भूमि और भवन से संबंधित एकल वित्तीय विवरणों के साथ टिप्पणी संख्या 35(4)(ख)(ग) जिसमें विस्तारपूर्वक वर्णन किया गया है कि वित्तीय वर्ष 2021–22 के दौरान निगम का लाभ रू. 15,30,910 कम करके आंका गया है।

ख) केएफडब्ल्यू के साथ समझौते की शर्तों के अनुसार 2249.65 लाख रुपए (वित्तीय वर्ष 2175.00 लाख रुपए) की केएफडब्ल्यू बारहवीं लाइन ऑफ क्रेडिट के संबंध में विनिमय अंतर हानियों के प्रावधान के 31.03.2023 के समापन शेष के संबंध में एकल वित्तीय विवरण के साथ संलग्न टिप्पणी संख्या 35(4)(ञ)(क)(ii)। तथापि, कुल बकाया ऋण (संलग्न एकल वित्तीय विवरणों के अनुबंध–15ए में दर्शाए गए अनुसार) केवल 1988.81 लाख रुपए (गत वर्ष 2021.90 लाख रुपए) है।

ग) डीपीई दिशानिर्देशों के अनुसार निगम द्वारा सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लिए बनाई गई चिकित्सा योजनाओं के लिए कोष के संबंध में संलग्न एकल वित्तीय विवरणों में टिप्पणी संख्या 35(4)(झ)(ग)। 01.01.2007 से पहले और 01.01.2007 को या उसके बाद सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों के लिए चिकित्सा योजना के लिए 31.03.2023 को कुल राशि क्रमशः 252.68 लाख रुपए (गत वर्ष 359.71 लाख रुपए) और 451.70 लाख रुपए (गत वर्ष 422.29 लाख रुपए) थी।

घ) डीपीई दिशानिर्देशों के अनुसार वर्ष 2022–23 के लिए निष्पादन संबंधी वेतन (पीआरपी) के कारण 618.29 लाख रुपए (गत वर्ष रू. 754.12 लाख) की राशि के लिए निगम द्वारा किए गए तदर्थ प्रावधान के संबंध में संलग्न एकल वित्तीय विवरण में टिप्पणी 35(4)(ङ)।

उपर्युक्त मामले के संबंध में हमारी राय सीमित नहीं है।

एकल वित्तीय विवरणों और उन पर लेखापरीक्षा रिपोर्ट के अलावा सूचना

अन्य सूचना के लिए निगम का निदेशक मंडल जिम्मेदार है। अन्य सूचना में, प्रबंधन रिपोर्ट और अध्यक्ष का कथन शामिल की गई सूचना शामिल है परंतु इसमें वित्तीय विवरण और उन पर लेखापरीक्षा रिपोर्ट शामिल नहीं है। वित्तीय विवरणों पर हमारी राय में अन्य सूचना शामिल नहीं की गई है और हम उस पर किसी भी रूप में कोई आश्वासन निष्कर्ष व्यक्त नहीं करते हैं।

एकल वित्तीय विवरणों की हमारी लेखापरीक्षा के संबंध में, हमारी जिम्मेदारी, ऊपर पहचान की गई अन्य सूचना को पढ़ना है, जब यह उपलब्ध हो और ऐसा करने में, यह विचार करना कि क्या अन्य सूचना अकेले वित्तीय विवरणों के या लेखापरीक्षा में प्राप्त की गई हमारी जानकारी के साथ सारवान रूप से सुसंगत है या अन्यथा सारवान रूप से अयथार्थ विवरण देने के रूप में प्रतीत होती है।

जब हम वार्षिक रिपोर्ट में शामिल अन्य सूचनाओं को पढ़ते हैं, और यदि हम यह निष्कर्ष निकालते हैं कि इसमें कोई महत्वपूर्ण गलत विवरण शामिल है, तो हमें इस मामले में शाषी प्राधिकारियों के साथ संवाद करने की आवश्यकता होगी।

एकल वित्तीय विवरणों के लिए प्रबंधन की जिम्मेदारी

ये एकल वित्तीय विवरण, जो अधिनियम की धारा 133 के अंतर्गत विनिर्दिष्ट मानकों सहित में आमतौर पर स्वीकार किए गए लेखांकन मानकों के अनुसार निगम की वित्तीय स्थिति, वित्तीय कार्य–निष्पादन, (इक्विटी में परिवर्तन) और नकदी प्रवाह, की सही और सच्ची तस्वीर प्रस्तुत करते हैं, तैयार करने के संबंध में कंपनी अधिनियम, 2013 (अधिनियम) की धारा 134(5) में उल्लिखित मामलों के लिए निगम का निदेशक मंडल जिम्मेदार है। इस जिम्मेदारी में निगम की परिसंपत्तियों की रक्षा करने के लिए और धोखाधड़ी तथा अन्य अनियमिताओं का पता लगाने और उनकी रोकथाम के लिए, समुचित लेखांकन नीतियों के चयन और अनुप्रयोग ऐसे निर्णय लेने और अनुमान लगाने, जो तर्कसंगत और विवेकपूर्ण हों, ऐसे उपयुक्त आंतरिक वित्तीय नियंत्रण के डिजाइन, कार्यान्वयन तथा अनुरक्षण, जो अकेले वित्तीय विवरण तैयार करने और प्रस्तुत करने के लिए सुसंगत लेखांकन रिकार्डों की परिशुद्धता और परिपूर्णता सुनिश्चित करने के लिए प्रचालरत हों, जो सच्ची और सही तस्वीर प्रस्तुत करते हों और सारवान मिथ्याकथन, चाहे धोखाधड़ी के कारण या गलती के कारण, से मुक्त हों, अधिनियम के उपबंधों के अनुसार पर्याप्त लेखांकन रिकार्ड का रखरखाव भी शामिल है।

अकेले वित्तीय विवरण तैयार करने में, निदेशक मंडल, के चलते रहने वाले प्रतिष्ठान के रूप में जारी रखे जाने की निगम की योग्यता का मूल्यांकन करने, चलते रहने वाले प्रतिष्ठान से संबंधित मामलों के प्रकटीकरण, जैसा लागू हो, और लेखांकन के चलते रहने वाले आधार का इस्तेमाल करने, जब तक निदेशक मंडल या तो निगम के परिसमापन करने की या प्रचालन बंद करने की मंशा न रखे या उसके पास ऐसा करने के अलावा कोई अन्य वास्तविक विकल्प न हो, के लिए भी जिम्मेदार है।

यह निदेशक मंडल, निगम की वित्तीय रिपोर्टिंग प्रक्रिया की निगरानी करने के लिए भी जिम्मेदार है।

एकल वित्तीय विवरणों की लेखापरीक्षा के लिए लेखापरीक्षकों की जिम्मेदारियाँ

हमारे उद्देश्य, इस बारे में तर्कसंगत आश्वासन प्राप्त करना है कि क्या पूरे अकेले वित्तीय विवरण, सारवान मिथ्याकथन से मुक्त हैं, चाहे वे धोखाधड़ी के कारण हों या गलती के कारण, और लेखापरीक्षा रिपोर्ट जारी करना है, जिसमें हमारी राय शामिल हो। तर्कसंगत आश्वासन, आश्वासन का एक उच्चस्तर है परंतु यह गारंटी नहीं है कि लेखांकन मानकों के अनुसार की गई लेखापरीक्षा, सदैव किसी सारवान मिथ्या कथन का पता लगा लेगी, जब यह मौजूद हो। मिथ्या कथन, धोखाधड़ी या गलती से उत्पन्न हो सकता है और उसे सारवान तभी माना जाता है यदि अलग–अलग या स्वीकृत रूप से उनसे, इन वित्तीय विवरणों के आधार पर लिए गए उपयोगकर्ताओं के आर्थिक विषयों को प्रभावित करने की संभावना हो।

लेखांकन मानकों के अनुसार लेखापरीक्षा के भाग के रूप में, हम व्यावसायिक निर्णय का इस्तेमाल करते हैं और पूरी लेखापरीक्षा के दौरान व्यावसायिक संदेह बनाए रखते हैं। हम निम्नलिखित भी करते हैं:

- वित्तीय विवरणों के सारवान मिथ्या कथन के जोखिमों की पहचान करना और उनका मूल्यांकन करना, चाहे वे धोखाधड़ी के कारण हों या गलती के कारण और इन जोखिमों के प्रति लेखापरीक्षा प्रक्रियाएं तैयार करना और लागू करना तथा ऐसे लेखापरीक्षा साक्ष्य प्राप्त करना, जो हमारी राय के लिए एक आधार उपलब्ध कराने के लिए पर्याप्त और समुचित है। धोखाधड़ी के परिणामस्वरूप किसी सारवान मिथ्या कथन का पता न लगाए जाने का जोखिम गलती के परिणामस्वरूप होने वाले जोखिम की तुलना में उच्चतर होता है, क्योंकि धोखाधड़ी में मिलीभगत, जालसाजी, जानबूझकर की गई चूंकें, मिथ्यनिरूपण या आंतरिक नियंत्रणों का अधिक्रमण शामिल हो सकता है।
- ऐसी लेखपरीक्षा प्रक्रियाएं तैयार करने की दृष्टि से, जो परिस्थितियों में समुचित हों, लेखापरीक्षा से सुसंगत आंतरिक नियंत्रण की समझबूझ प्राप्त करना। कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 143 (3)(i) के अंतर्गत, हम इस पर भी अपनी राय

व्यक्त करने के लिए जिम्मेदार हैं कि क्या कंपनी के पास वित्तीय विवरणों के संदर्भ में पर्याप्त आंतरिक वित्तीय नियंत्रण और उन नियंत्रणों का प्रचालनरत प्रभावीपन मौजूद हैं।

- इस्तेमाल की गई लेखांकन नीतियों की उपयुक्तता और लेखांकन अनुमानों तथा प्रबंधन द्वारा किए गए संबंधित विगोपनों की तर्कसंगतता का मूल्यांकन करना।
- लेखांकन के चल रहे प्रतिष्ठान आधार के प्रबंधन के इस्तेमाल की उपयुक्तता पर निष्कर्ष देना और प्राप्त किए गए लेखापरीक्षा साक्ष्य के आधार पर यह पता लगाना कि क्या घटनाओं या शर्तों से संबंधित कोई सारवान अनिश्चितता मौजूद है, जो चल रहे प्रतिष्ठान के रूप में जारी रखे जाने की निगम की योग्यता पर महत्त्वपूर्ण संदेह उत्पन्न कर सकती है। यदि हम यह निष्कर्ष निकालते हैं कि कोई सारवान अनिश्चितता मौजूद है तो हमारे लिए यह आवश्यक होगा कि हम अपनी लेखापरीक्षा रिपोर्ट में, वित्तीय विवरणों में संबंधित विगोपनों की ओर ध्यान आकर्षित करें या यदि ये विगोपन हमारी राय संशोधित करने के लिए अपर्याप्त हैं। हमारे निष्कर्ष हमारी लेखापरीक्षा रिपोर्ट की तारीख तक प्राप्त किए गए लेखापरीक्षा साक्ष्य पर आधारित हैं। तथापि, भावी घटनाएं या स्थितियां निगम के लिए एकचल रहे प्रतिष्ठान के रूप में जारी न रहने का कारण बन सकती हैं।
- विगोपनों सहित वित्तीय विवरणों के समग्र प्रस्तुतिकरण, संरचना और विषय–वस्तु का मूल्यांकन करना और क्या वित्तीय विवरण, किसी ऐसे तरीके से, जो उचित प्रस्तुतिकरण प्राप्त करता है, से अंतर्निहित लेन–देनों और घटनाओं को प्रदर्शित कर रहा है।

हम अन्य मामलों के साथ–साथ लेखापरीक्षा के नियोजित दायरे और समय तथा आंतरिक नियंत्रण में किसी महत्त्वपूर्ण कमी, जिसका पता हम अपनी लेखापरीक्षा के दौरान लगाते हैं, सहित सारवान लेखापरीक्षा निष्कर्षों के संबंध में अभिशासन के प्रभार वाले व्यक्तियों के साथ पत्र व्यवहार करते हैं।

हम अभिशासन के प्रभार वाले व्यक्तियों को एक विवरण भी उपलब्ध कराते हैं, जो हमने स्वतंत्रता के संबंध में सुसंगत नैतिक अपेक्षाओं के साथ संकलित किया है और उनके साथपत्र व्यवहार करने के लिए सभी संबंध और अन्य मामले, जो हमारी स्वतंत्रता के संबंध में तर्कसंगत समझे जाते हैं और जहाँ लागू हों, संबंधित रक्षोपाय भी उपलब्ध कराते हैं।

अभिशासन के प्रभार वाले व्यक्तियों के साथ संसूचित मामलों से हम ऐसे मामले निर्धारित करते हैं जो चालू अवधि के वित्तीय विवरणों की लेखापरीक्षा में सबसे अधिक महत्त्व के थे और इसलिए वे मुख्य लेखापरीक्षा के मामले हैं। हम अपनी लेखापरीक्षा रिपोर्ट में उन मामलों का वर्णन करते हैं। जब तक कानून या विनियम मामले के बारे में सार्वजनिक विगोपन से विवर्जित नहीं करते या जब अत्यधिक विरल परिस्थितियों में हम निर्धारित करते हैं कि कोई मामला हमारी रिपोर्ट में इसलिए संसूचित नहीं किया जाना चाहिए क्योंकि ऐसा करने के प्रतिकूल परिणामों से यह आशा है कि वे इस संसूचन के सार्वजनिक हित लाभ को तर्कसंगत ढंग से समाप्त कर देंगे।

अन्य मामले

1. हमने निगम के वित्तीय विवरणों में शामिल किए गए उन 54 (पिछले वर्ष 54) शाखा कार्यालयों और तकनीकी केंद्रों के अकेले वित्तीय विवरणों/सूचनाओं की लेखापरीक्षा नहीं की है, जिनके वित्तीय विवरण/वित्तीय सूचनाएं, 31 मार्च, 2023 की स्थिति के अनुसार 3,17,259.48 लाख रू. (31 मार्च, 2022 के अनुसार 2,98,451.15 लाख रुपए) की कुल परिसपत्तियां और उस तारीख को समाप्त वर्ष के वित्तीय विवरणों में यथानिर्धारित 2,72,151.38 लाख रुपए (पिछले वर्ष 2,59,702.55 लाख रुपए) का कुल राजस्व दर्शाते हैं, जैसाकि वित्तीय विवरणों पर विचार किया गया है। इन शाखाओं के वित्तीय विवरण/सूचनाओं की लेखापरीक्षा उन स्वतंत्र लेखापरीक्षकों जिनकी नियुक्ति, भारत के नियंत्रक और महालेखा परीक्षक द्वारा की गई है, जिनकी रिपोर्ट हमें प्रस्तुत की गई है और हमारी राय, जहाँ तक यह इन शाखाओं के संबंध में शामिल की गई राशियों और प्रकटनों का संबंध है, यह पूर्णतः उन शाखाओं के लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट पर आधारित है।
2. दिल्ली शाखा के शाखा लेखा परीक्षक ने उल्लेख किया है कि वित्तीय वर्ष 2019–20 के दौरान बैंक गारंटी के आह्वान के कारण केनरा बैंक (पूर्व में सिंडिकेट बैंक) से वसूली योग्य राशि बैंक द्वारा आज तक बकाया है। शाखा ने बैंक गारंटी के प्रति रु. 298.97 लाख की कुल बकाया राशि को अच्छा और पूरी तरह से वसूली योग्य माना है। प्रबंधन ने संकेत दिया कि वे सुनिश्चित हैं और कानूनी राय द्वारा भी समर्थित है कि राशि पूरी तरह से वसूली योग्य है और तदनुसार अच्छी और सुरक्षित मानी गई है। शाखा की लेखा नीति के अनुसार प्रावधान के अलावा कोई अन्य प्रावधान नहीं किया गया है क्योंकि यह मामला माननीय एनसीएलटी अदालत के अधीन विचारधीन है।

इन मामलों के संबंध में हमारे अभिमत में कोई बदलाव नहीं किया गया है।

अन्य विधिक और विनियामक अपेक्षाओं पर रिपोर्ट

1. जैसाकि कम्पनी अधिनियम (2013) की धारा 143 की

उप–धारा (11) के अनुसार भारत सरकार द्वारा जारी किए गए कंपनी (लेखापरीक्षक की रिपोर्ट) आदेश, 2020 ("आदेश") द्वारा अपेक्षित है, हम उक्त आदेश के पैरा 3 और 4 में विनिर्दिष्ट मामलों पर लागू सीमा तक एक विवरण **"अनुबंध–क"** देते हैं।

2. (क) जैसा कि अधिनियम की धारा 143(3) द्वारा अपेक्षित है, हम रिपोर्ट करते हैं कि:

(क) हमने वे सभी सूचनाएं और स्पष्टीकरण प्राप्त कर लिए हैं जो हमारी सर्वोत्तम जानकारी और विश्वास के अनुसार हमारी लेखापरीक्षा के प्रयोजन से आवश्यक थे।

(ख) हमारी राय में निगम ने कानून के अधीन अपेक्षित उचित लेखा–बहियांरखी हैं, जैसाकि लेखा–बहियों की जांच करने से हमें पता चला है और हमारी लेखापरीक्षा के प्रयोजन के लिए उन शाखाओं और तकनीकी केंद्रों से पर्याप्त उचित विवरण प्राप्त किए गए हैं, जिनका हमने दौरा नहीं किया है।

(ग) शाखा लेखापरीक्षकों द्वारा अधिनियम की धारा 143(8) के अंतर्गत कंपनी के लेखापरीक्षित शाखा कार्यालयों और तकनीकी केंद्रों के खातों की रिपोर्ट हमें भेजी गई है और हमारे द्वारा इस रिपोर्ट को तैयार करने में, इन्हें उपयुक्त रूप से शामिल किया गया है।

(घ) तुलन पत्र, लाभ और हानि का विवरण (अन्य व्यापक आय सहित), (इक्विटी में परिवर्तन के विवरण) और इस रिपोर्ट द्वारा निपटाए गए नगदी प्रवाह विवरण, लेखा–बहियों और शाखाएँ जो हमारे द्वारा नहीं देखी गईं, से प्राप्त विवरणियों के साथ सहमति में हैं।

(ङ) हमारी राय में, उपर्युक्त वित्तीय विवरण कंपनी (लेखा) नियमावली, 2014 के नियम 7 के साथ पठित अधिनियम की धारा 133 के अंतर्गत विनिर्दिष्ट लेखांकन मानकों के अनुरूप है।

(च) कारपोरेट कार्य मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी की गई अधिसूचना संख्या जीएसआर 463 (असाधारण) (ई) दिनांक 05–06–2015 के अनुसार, इस अधिनियम की धारा 164 की उपधारा–2 के प्रावधान इस निगम पर लागू नहीं होते हैं, क्योंकि यह एक सरकारी कंपनी है।

(छ) कंपनी की वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की पर्याप्तता और ऐसे नियंत्रणों के प्रचालनात्मक प्रभावीपन के संबंध में अनुबंध "ख" के रूप में हमारी पृथक रिपोर्ट देखें।

(ख) कंपनी (लेखापरीक्षा एवं लेखापरीक्षकों) नियमावली, 2014 के नियम 11 के अनुसार लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट में शामिल किए जाने वाले अन्य मामलों के संबंध में, हमारी राय में और हमारी सर्वोत्तम जानकारी के तथा हमें दिए गए स्पष्टीकरणों के अनुसारः

(i) निगम ने अपने वित्तीय विवरणों में अपनी वित्तीय स्थिति पर लंबित मुकदमों के प्रभाव का प्रकटन किया है – संलग्न एकल वित्तीय विवरणों की टिप्पणी 33 देखें।

(ii) निगम के पास व्युत्पत्ति संविदाओं सहित कोई ऐसी दीर्घावधि संविदा नहीं थी, जिनके लिए कोई महत्त्वपूर्ण अनुमानित हानियां थीं।

(iii) कोई ऐसी राशियाँ नहीं थीं, जिन्हें निगम द्वारा निवेशक शिक्षा और संरक्षण निधि में अंतरित किया जाना अपेक्षित था।

(iv) (क) प्रबंधन ने प्रतिवेदित किया है, कि अपने सर्वोत्तम संज्ञान और विश्वास के अनुसार, कंपनी द्वारा या किसी अन्य व्यक्तियों या संस्थाओं में, विदेशी संस्थाओं सहित ('मध्यवर्ती संस्थाएँ'), इस समझ के साथ, चाहे लिखित रूप में प्रलेखित किया गया हो या अन्यथा किसी भी फंड को अग्रिम तौर पर दिया या ऋण या निवेश (या तो उधार ली गई धनराशि से, या शेयर प्रीमियम, या किसी अन्य स्रोत, या किसी प्रकार की निधि से) नहीं किया गया है, कि मध्यवर्ती संस्था; 'प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से कंपनी द्वारा या उसकी ओर से किसी भी तरह से पहचाने गए अन्य व्यक्तियों अथवा संस्थाओं में ('अंतिम लाभार्थियो') उधार देगा या निवेश करेगा; अथवा 'अंतिम लाभार्थियों' को या उनकी ओर से कोई गारंटी, सुरक्षा या इसी तरह की कोई प्रतिभूति प्रदान करेगा;

(ख) प्रबंधन ने प्रतिवेदित किया है, कि अपने सर्वोत्तम संज्ञान और विश्वास के अनुसार, कंपनी द्वारा किसी भी व्यक्ति या संस्थाओं से कोई धन प्राप्त नहीं किया गया है, जिसमें विदेशी संस्थाएं ('वित्त पोषक पार्टियां') शामिल हैं, इस समझ के साथ, चाहे लिखित रूप में प्रलेखित किया गया हो या अन्यथा, कि कंपनी; 'प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से वित्त पोषक पार्टियों द्वारा या उसकी ओर से किसी भी तरह से पहचाने गए अन्य व्यक्तियों अथवा संस्थाओं में ('अंतिम लाभार्थियो') उधार देगा या निवेश करेगा; अथवा 'अंतिम लाभार्थियों को या उनकी ओर से कोई गारंटी, सुरक्षा या इसी तरह की कोई प्रतिभूति प्रदान करेगा।

(ग) लेखापरीक्षा प्रक्रियाओं के आधार पर जिन्हें उन परिस्थितियों में उचित और उपयुक्त माना गया है, हमारे संज्ञान में ऐसा कुछ भी नहीं आया है जिससे हमें विश्वास हो कि नियम 11(ई) के उप–खंड (i) और (ii) के तहत अभ्यावेदित, जैसा कि ऊपर (क) और (ख) के तहत प्रदान किया गया है, इसमें कोई भी महत्वपूर्ण गलत विवरण प्रदान किया गया है।

(v) वर्ष के दौरान, निगम ने कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 123 के अनुपालन में वित्त वर्ष 2021–22 से संबंधित लाभांश की घोषणा और भुगतान किया है।

(vi) कंपनी (लेखा) नियम, 2014 (यथा संशोधित) के नियम 3(1) का परंतु, जो लेखा बहियों में निगम द्वारा प्रयुक्त लेखापरीक्षा ट्रेल, संपादन लॉग और उपयोग किए गए लेखांकन सॉफ्टवेयर में संबंधित मामलों की सुविधा प्रदान करता है, केवल 1 अप्रैल, 2023 से शुरू होने वाले वित्तीय वर्ष से निगम पर लागू होता है, कंपनी (लेखा परीक्षा और लेखापरीक्षक) नियम, 2014 (संशोधित) के नियम 11 के खंड (छ) के तहत रिपोर्टिंग वर्तमान में लागू नहीं है।

(ग) अधिनियम के 197 (16) के अंतर्गत लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट के अनुसार शामिल किए जाने वाले मामलों के संबंध में:

हमारी राय में और हमें दी गई सूचना तथा स्पष्टीकरणों के अनुसार एमसीए की तारीख 05 जून. 2015 की अधिसूचना के अंतर्गत सरकारी कंपनियों प्रबंधकीय वर्ग का पारिश्रमिक के बारे में कंपनी अधिनियम के साथ पठित धारा 197 उपबंधों (V) के अनुप्रयोज्यता से छूट प्राप्त है।

3. हमारे द्वारा कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 143(5) के अधीन भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक द्वारा जारी किए गए निर्देशों के अनुसरण में मुख्य कार्यालय के 31 मार्च, 2023 को समाप्त वर्ष के खातों और भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक द्वारा नियुक्त किए गए अन्य लेखापरीक्षकों द्वारा 54 शाखा कार्यालयों और तकनीकी केंद्रों की लेखापरीक्षा के संबंध में तैयार की गई **"अनुबंध–ग"** के रूप में हमारी पृथक रिपोर्ट देखें।

गोयल पारूल एण्ड कंपनी
सनदी लेखाकार
फर्म पंजीकरण सं. : 016750एन

ह./–
(पारुल गोयल)
साझेदार
सदस्यता सं. 099172
यूडीआईएन नः 23099172बीजीवीजेडएटी9630

स्थान : नई दिल्ली
दिनांकः 28.08.2023

एकल भारतीय-लेखांकन मानक (इंड-एएस) वित्तीय विवरणों की लेखापरीक्षा पर स्वतंत्र लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट का अनुबंध 'क'

दिनांक 31 मार्च 2023 को समाप्त वर्ष के लिए राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम लिमिटेड के एकल भारतीय–लेखांकन मानक (इंड–एएस) वित्तीय विवरणों पर सम–तिथि की स्वतंत्र लेखा परीक्षक रिपोर्ट में हमारे 'अन्य कानूनी नियामक आवश्यकताओं पर रिपोर्ट' अनुभाग के तहत अनुच्छेद 1 में संदर्भित अनुबंध के संबंध में, हम रिपोर्ट करता हैं कि:–

(i) निगम की संपत्ति, संयंत्र और उपकरण और अमूर्त संपत्ति के संबंध में:

(क) (क) निगम ने, मात्रात्मक विवरण और संपत्ति, संयंत्र और उपकरण की स्थिति सहित पूरा विवरण दर्शाने वाले उचित रिकार्ड रखे हैं।

(ख) निगम ने अमूर्त संपत्तियों का पूर्ण विवरण दर्शाते हुए उचित प्रलेखों को अनुरक्षित किया है।

(ख) हमें दी गई जानकारी और स्पष्टीकरण के अनुसार, निगम के आकार और उसकी संपत्ति की प्रकृति को ध्यान में रखते हुए, संपत्ति, संयंत्र और उपकरणों को प्रबंधन द्वारा उचित अंतराल पर भौतिक रूप से सत्यापित किया गया है, और इस तरह के सत्यापन पर कोई भौतिक विसंगतियां नहीं देखी गईं।

(ग) वित्तीय विवरणों में प्रकट सभी अचल संपत्तियों (उन संपत्तियों के अलावा, जहाँ निगम पट्टेदार है, और पट्टा समझौतों को पट्टेदार के पक्ष में विधिवत निष्पादित किया गया है) के प्राधिकार विलेख, निगम के नाम पर निष्पादित/धारित किए जाते हैं, सिवाय निम्नलिखित को छोडकर:–

तुलन पत्रों में प्रासंगिक पंक्ति मदें	संपत्ति की वस्तु का विवरण	सकल वहन मूल्य (रु. लाख में)	निम्न के नाम पर धारित प्राधिकार विलेख	क्या प्राधिकार विलेख धारक प्रमोटर/ निदेशक का प्रमोटर, निदेशक या रिश्तेदार # प्रमोटर/ निदेशक का कर्मचारी है	किस तिथि से संपत्ति का धारण किया गया है	एनएसआईसी के नाम पर धारण नहीं किए जाने का कारण
पीपीई	तकनीकी केंद्र हावड़ा में भूमि	1.60	टिप्पणी–1 देखें	नहीं	1959-60	–
पीपीई	शाखा कार्यालय मुंबई में फ्लैट	11.52	टिप्पणी–2 देखें	नहीं	1988	–

टिप्पणी–1: यद्यपि स्वामित्व विलेख एनएसआईसी के नाम पर रखे गए हैं, तथापि, स्थानीय सरकार से शीर्षक कार्यों की भौतिक हार्ड कॉपी प्राप्त करने का मामला प्रक्रियाधीन है।

टिप्पणी–2: तिलक नगर, चेंबुर में सोसायटी का पुनर्विकास, जिसमें एनएसआईसी के छह फ्लैट हैं, पूरा हो चुका है और उसका स्वामित्व विलेख एनएसआईसी के नाम पर है। नए फ्लैट एनएसआईसी के कब्जे में हैं। हालाँकि, संबंधित सरकारी प्राधिकारी से दस्तावेज की भौतिक हार्ड कॉपी (स्वामित्व विलेख सहित) अभी तक प्राप्त नहीं की गई है।

(घ) निगम ने वर्ष के दौरान अपनी किसी भी संपत्ति, संयंत्र और उपकरण (उपयोग के अधिकार की संपत्ति सहित) या अमूर्त संपत्ति या दोनों का पुनर्मूल्यांकन नहीं किया है।

(ङ) हमें दी गई जानकारी और स्पष्टीकरण के अनुसार, किसी बेनामी लेनदेन (निषेध) अधिनियम, 1988 (वर्ष 1988 का 45) और उसके तहत बनाए गए नियमों के लिए निगम के खिलाफ कोई कार्यवाही आरंभ नहीं की गई है या लंबित नहीं है।

(ii) (क) हमें दी गई जानकारी और स्पष्टीकरण तथा हमारे द्वारा जांचे गए अभिलेखों के अनुसार, प्रबंधन द्वारा उचित अंतराल पर इन्वेंट्री का भौतिक सत्यापन किया गया है। हमारी राय में, प्रबंधन द्वारा इस तरह के सत्यापन की कवरेज और प्रक्रिया उचित है।

अभिलेखों की खाता–बहियों की तुलना में प्रबंधन द्वारा स्टॉक के भौतिक सत्यापन पर इन्वेंट्री के प्रत्येक वर्ग के लिए कुल मिलाकर 10% या उससे अधिक की कोई विसंगति नहीं देखी गई।

(ख) निगम को चालू परिसंपत्तियों की सुरक्षा के आधार पर, वर्ष के दौरान किसी भी समय, कुल मिलाकर रु. 5 करोड़ से अधिक की कार्यशील पूंजी सीमा बैंकों या वित्तीय संस्थान से स्वीकृत की गई है। निगम द्वारा ऐसे बैंक या वित्तीय संस्थान के साथ दाखिल विवरण की त्रैमासिक विवरणियां निगम के खाता–बहियों के अनुरूप है।

(iii) हमारे अभिमत में और हमें दी गई जानकारी तथा स्पष्टीकरण के अनुसार, निगम ने कंपनियों, फर्मों, सीमित देयता भागीदारों या किसी अन्य पक्ष को कोई गारंटी या सुरक्षा प्रदान नहीं की है। निगम ने निवेश किया है और वर्ष के दौरान कंपनियों, फर्मों, सीमित देयता भागीदारों और अन्य पार्टियों को सुरक्षित ऋण प्रदान किया है।

(क) हमारे अभिमत में और हमें दी गई जानकारी तथा स्पष्टीकरण के अनुसार, निगम का एक प्रमुख व्यवसाय ऋण प्रदान करना है (कंपनी आरबीआई के नियमों के अनुसार एक गैर–प्रमुख निवेश कंपनी है), और इसलिए आदेश के खंड 3 (iii)(क) के तहत रिपोर्टिंग कंपनी पर लागू नहीं होता है।

(ख) हमारे अभिमत में और हमें दी गई जानकारी तथा स्पष्टीकरण के अनुसार, दिए गए ऋण के नियम और शर्तें कंपनी के हितों के प्रतिकूल नहीं हैं।

(ग) हमारे अभिमत में और हमें दी गई जानकारी एवं स्पष्टीकरण के अनुसार, मूलधन की अदायगी और ब्याज के भुगतान की अनुसूची निर्धारित की गई है, और प्राप्तियाँ आम तौर पर नियमित होती हैं।

(घ) हमें दी गई जानकारी और स्पष्टीकरण के अनुसार तथा हमारे द्वारा निष्पादित लेखापरीक्षा प्रक्रियाओं के आधार पर, निगम द्वारा दिए गए ऋणों की अतिदेय राशियाँ निम्नलिखित हैं। हमें दी गई जानकारी और स्पष्टीकरण के अनुसार एवं हमारे द्वारा की गई लेखापरीक्षा प्रक्रियाओं के आधार पर, निगम ने मूलधन और ब्याज की वसूली के लिए उचित कदम उठाए हैं। हालांकि, 90 दिनों से अधिक के अतिदेय पर ब्याज को आय के रूप में मान्यता नहीं दी गई है और सुरक्षा के रूप में ली गई बैंक गारंटी के मूल्य के साथ कुल बकाया (मूलधन + ब्याज)।

(रू. लाख में)

मामलों की संख्या	मूल राशि अतिदेय	ब्याज अतिदेय	कुल अतिदेय	टिप्पणियाँ (यदि कोई)
246	28496.41	295.90	28792.31	शाखा लेखापरीक्षा रिपोर्ट के अनुसार

(ङ) हमारे अभिमत में और हमें दी गई जानकारी एवं स्पष्टीकरण के अनुसार, कंपनी आरबीआई के नियमों के अनुसार एक गैर–प्रमुख निवेश कंपनी है, और इसलिए आदेश के खंड 3(iii)(ङ) के तहत रिपोर्टिंग लागू नहीं है।

(च) निगम ने ऋण की प्रकृति में ऐसा कोई ऋण या अग्रिम नहीं दिया है, जो या तो मांग पर चुकाने योग्य या पुनर्भुगतान की कोई शर्तें निर्दिष्ट किए बिना है, और इसलिए आदेश का 3(iii)(च) कंपनी पर लागू नहीं है।

(iv) हमारे अभिमत में और हमें दी गई जानकारी एवं स्पष्टीकरण के अनुसार, और हमारे द्वारा संचालित लेखापरीक्षा प्रक्रियाओं के आधार पर, वर्ष के दौरान प्रदान की गई प्रतिभूतियाँ, और निगम द्वारा किए गए निवेश, ऋण और अग्रिम, गारंटी और के संबंध में, निगम ने अधिनियम की धारा 185 और 186 के प्रावधानों का अनुपालन किया है।

(v) हमारी राय में और हमें दी गई जानकारी और स्पष्टीकरण के अनुसार, निगम ने किसी भी जमा या राशि को स्वीकार नहीं किया है, जिसे भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा अधिनियम की धारा 73 से 76 या अधिनियम के किसी भी अन्य प्रासंगिक प्रावधान और उसके तहत बनाए गए प्रासंगिक नियम के प्रावधानों के तहत जारी निर्देश के अर्थ में जनता से जमा माना जाता है। इसलिए, आदेश के खंड 3(v) के अंतर्गत रिपोर्टिंग लागू नहीं है।

(vi) हमें दी गई जानकारी और स्पष्टीकरण के अनुसार, केंद्र सरकार ने कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 148 की

उप–धारा (1) के खंड (डी) के तहत लागत रिकॉर्ड के रखरखाव को निर्धारित नहीं किया है।

(vii) हमें दी गई जानकारी और स्पष्टीकरण के अनुसार सांविधिक देय राशि के संबंध में:

(क) निगम द्वारा भविष्य निधि, कर्मचारी राज्य बीमा, आय कर, बिक्री कर, सेवा कर, सीमा शुल्क, उत्पाद शुल्क, मूल्य वर्धित कर, उपकर और लागू अन्य किसी सांविधिक देय राशियों सहित अविवादित सांविधिक देय राशियां उपयुक्त प्राधिकारियों के पास नियमित रूप से जमा कराई जाती हैं। हमें दी गई सूचना और स्पष्टीकरणों के अनुसार, उपर्युक्त सांविधिक देय राशियों के संबंध में उनके देय होने की तारीख से 6 महीने से अधिक की अवधि के लिए 31 मार्च, 2022 की स्थिति के अनुसार कोई अविवादित राशि देय नहीं थी।

(ख) हमें दी गई जानकारी और स्पष्टीकरण के अनुसार, भविष्य निधि, कर्मचारी राज्य बीमा, आयकर, माल और सेवा कर (जीएसटी), उपकर का ऐसा कोई बकाया नहीं है, जिसे निम्नलिखित के अलावा किसी भी विवाद के कारण जमा नहीं किया गया है:–

क्र. सं.	संविधि की प्रकृति	देय राशियों का स्वरूप	धनराशि (लाख रु. में)	अवधि जिससे राशि संबंधित है	मंच, जहाँ विवाद लंबित है
1	सीएसटी अधिनियम, 1956	केंद्रीय बिक्री कर	0.49	2009–10	अपीलीय उपायुक्त, सीटी (III), चेन्नई
2	सीएसटी अधिनियम, 1956	केंद्रीय बिक्री कर	0.56	2011–12	अपीलीय उपायुक्त, सीटी (III), चेन्नई
3	वित्त अधिनियम, 1994	सेवा कर	3.29	2009–10	सेवा कर आयुक्त, चेन्नई
4	वित्त अधिनियम, 1994	सेवा कर	50.89	2015–16 से 2016–17	सेवा कर आयुक्त, चेन्नई
5	वाणिज्यिक कर	वाणिज्यिक कर	13.97	2012–13 एवं 2013–14	संयुक्त आयुक्त, बिक्री कर, कटक, उड़ीसा
6	बिक्री कर अधिनियम	सेवा कर	9.56	अक्टूबर 2007 से जून 2012	अपीलीय न्यायाधिकरण, इलाहाबाद
7	बिक्री कर अधिनियम	डिफरेंशियल टैक्स, ब्याज और जुर्माना	15.88	2005–06	बिक्री कर, उपायुक्त – अपील (मुम्बई)
8	बिक्री कर अधिनियम	डिफरेंशियल टैक्स, ब्याज और जुर्माना	23.92	2009–10	बिक्री कर, उपायुक्त – अपील (मुम्बई)
9	बिक्री कर अधिनियम	डिफरेंशियल टैक्स, ब्याज और जुर्माना	231.24	2012–13	बिक्री कर, संयुक्त आयुक्त, अपील (मुम्बई)
10	बिक्री कर अधिनियम	डिफरेंशियल टैक्स, ब्याज और जुर्माना	18.92	2013–14	बिक्री कर, उपायुक्त – अपील (मुम्बई)
11	बिक्री कर अधिनियम	डिफरेंशियल टैक्स, ब्याज और जुर्माना	46.97	2014–15	बिक्री कर, संयुक्त आयुक्त, अपील (मुम्बई)
12	बिक्री कर अधिनियम	डिफरेंशियल टैक्स, ब्याज और जुर्माना	82.43	2015–16	बिक्री कर, संयुक्त आयुक्त, अपील (मुम्बई)
13	सीमा शुल्क, उत्पाद शुल्क और सेवा कर	सेवा कर और जुर्माना	1.85	2015–16 से 2016–17	सीमा शुल्क एवं सेवा कर अपीलीय न्यायाधिकरण (सीईएसटी एटी), इलाहाबाद
14	जीएसटी (राज्यों को मुआवजा) अधिनियम, 2017	जीएसटी राज्य उपकर	71.08	2018–19	संयुक्त आयुक्त केन्द्रीय कर (अपील), कटक
15	उड़ीसा वैट अधिनियम	बिक्री कर	13.89	2014–15	बिक्री कर, संयुक्त आयुक्त, कटक
16	आय कर अधिनियम	आयकर नियमित मांग	18.39	2016–17	सीआईटी (अपीलस), IX नई दिल्ली
17	आय कर अधिनियम	सेवा कर	0.08	2017–18	डीसीआईटी, सर्कल – 25(1), नई दिल्ली
	कुल		**603.41**		

(viii) हमें दी गई जानकारी और स्पष्टीकरण के अनुसार, ऐसा कोई लेनदेन नहीं है, जो लेखा–बहियों में दर्ज नहीं किया गया हो, जिसे आयकर अधिनियम, 1961 के तहत कर निर्धारण में वर्ष के दौरान आय के रूप में अभ्यर्पित किया गया हो अथवा आय के रूप में प्रकट किया गया हो।

(ix) (क) हमारे अभिमत में और हमें दी गई जानकारी तथा स्पष्टीकरण के अनुसार, निगम ने ऋण या अन्य उधारी की अदायगी में, अथवा उस पर ब्याज के भुगतान में कोई चूक नहीं की है।

(ख) हमारे अभिमत में और हमें दी गई जानकारी और स्पष्टीकरण के अनुसार, बैंक अथवा वित्तीय संस्थान, या अन्य ऋणदाता द्वारा निगम को जानबूझ कर चूककर्ता (विलफुल डिफॉल्टर) घोषित नहीं किया गया है।

(ग) हमारी राय में और प्रबंधन द्वारा दी गई जानकारी तथा स्पष्टीकरण के अनुसार, निगम ने वर्ष के दौरान सावधि ऋण के रूप में प्राप्त धन का उपयोग उन उद्देश्यों के लिए किया है जिसके लिए उन्हें प्राप्त किया गया था।

(घ) हमें दी गई जानकारी और स्पष्टीकरण एवं हमारे द्वारा निष्पादित लेखापरीक्षा प्रक्रियाओं के अनुसार, और निगम के वित्तीय विवरणों की समग्र जांच पर, हम रिपोर्ट करते हैं कि अल्पकालिक आधार पर जुटाए गए किसी भी धन का उपयोग निगम द्वारा दीर्घकालिक उद्देश्यों के लिए नहीं किया गया है।

(ङ) हमें दी गई जानकारी और स्पष्टीकरण के अनुसार तथा निगम के वित्तीय विवरणों की समग्र जांच पर, हम रिपोर्ट करते हैं कि निगम ने अपनी सहायक कंपनियों, अनुषंगी सहयोगी, या संयुक्त उद्यम के दायित्वों को पूरा करने के लिए किसी भी इकाई या व्यक्ति से कोई धन नहीं लिया है।

(च) हमें दी गई जानकारी और स्पष्टीकरण एवं हमारे द्वारा निष्पादित लेखापरीक्षा प्रक्रियाओं के अनुसार, हम रिपोर्ट करते हैं कि निगम ने वर्ष के दौरान अपनी सहायक कंपनियों, संयुक्त उद्यमों या सहयोगी कंपनियों में रखी प्रतिभूतियों को गिरवी रखकर कोई ऋण नहीं लिया है।

(x) (क) निगम ने वर्ष के दौरान आरंभिक सार्वजनिक पेशकश, अथवा आगे सार्वजनिक पेशकश (ऋण लिखतों सहित) के माध्यम से कोई धन नहीं जुटाया है।

(ख) निगम ने वर्ष के दौरान कोई रियायती/अधिमान्य आवंटन, या शेयरों का निजी स्थापन, या परिवर्तनीय डिबेंचर (पूरी तरह या आंशिक रूप से या वैकल्पिक रूप से) नहीं किया है।

(xi) (क) हमारी राय में और हमें दी गई जानकारी तथा स्पष्टीकरण के अनुसार, वर्ष के दौरान निगम द्वारा कोई धोखाधड़ी या निगम पर कोई धोखाधड़ी नहीं देखी अथवा रिपोर्ट की गई है, और इसलिए आदेश के खंड 3(xi) (क) और (ख) के तहत रिपोर्टिंग कंपनी पर लागू नहीं होता है।

(ख) हमारी राय में और हमें दी गई जानकारी तथा स्पष्टीकरण के अनुसार, निगम को इस रिपोर्ट की तारीख तक कोई मुखबिर (व्हिसल ब्लोअर) शिकायत नहीं मिली है, और इसलिए आदेश के खंड 3(xi)(ग) के तहत रिपोर्टिंग लागू नहीं है।

(xii) हमारी राय में और हमें दी गई जानकारी तथा स्पष्टीकरण के अनुसार, निगम एक निधि कंपनी नहीं है, और निधि नियम, 2014 इस पर लागू नहीं होते हैं। तदनुसार, आदेश का खंड 3(xii) लागू नहीं होता है।

(xiii) हमें दी गई जानकारी और स्पष्टीकरण के अनुसार, संबंधित पक्षों के साथ सभी लेन–देन कंपनी अधिनियम की धारा 177 और 188 के अनुपालन में हैं, जहाँ लागू हो और विवरण का वित्तीय विवरणों में विधिवत खुलासा किया गया है।

(xiv) (क) हमारी राय में और हमें दी गई जानकारी तथा स्पष्टीकरण के अनुसार, निगम के पास अपने व्यवसाय के आकार और प्रकृति के अनुरूप एक आंतरिक लेखा परीक्षा प्रणाली है।

(ख) लेखापरीक्षा के दौरान आंतरिक लेखा परीक्षकों की रिपोर्टों पर विचार किया गया है।

(xv) हमारी राय में वर्ष के दौरान निगम ने अपने निदेशकों या अपने निदेशकों से जुड़े व्यक्तियों के साथ कोई गैर–नकद लेनदेन नहीं किया है, और इसलिए कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 192 के प्रावधान निगम पर लागू नहीं होते हैं।

(xvi) (क) हमें दी गई जानकारी और स्पष्टीकरण के अनुसार, निगम भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम, 1934 की धारा 45–आईए के तहत पंजीकृत है, और इसे पंजीकरण संख्या एन.14–03090 दिनांक 29.12.2005 एक गैर–बैंकिंग वित्तीय कंपनी के रूप में व्यवसाय करने के लिए जारी किया गया है।

(ख) हमारी राय में और हमें दी गई जानकारी तथा स्पष्टीकरण के अनुसार, भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम, 1934 के अनुसार, निगम ने भारतीय रिजर्व बैंक से पंजीकरण के वैध प्रमाण पत्र के बिना कोई गैर–बैंकिंग वित्तीय या आवास वित्त गतिविधियों का संचालन नहीं किया है। निगम को गैर–बैंकिंग वित्तीय कंपनी का व्यवसाय करने के लिए पंजीकरण संख्या एन.14.03090 दिनांक 29.12.2005 का प्रमाण पत्र प्रदान किया गया है।

(ग) हमारी राय में और हमें दी गई जानकारी तथा स्पष्टीकरण के अनुसार, निगम एक प्रमुख निवेश कंपनी (सीआईसी) नहीं है जैसा कि आरबीआई द्वारा बनाए गए नियमों में परिभाषित किया गया है। तदनुसार आदेश के खंड 3(xvi)(ग) के तहत रिपोर्टिंग लागू नहीं है।

(घ) हमारी राय में और हमें दी गई जानकारी एवं स्पष्टीकरण के अनुसार, समूह के भीतर कोई प्रमुख निवेश कंपनी नहीं है (जैसा कि कोर निवेश कंपनियों (रिज़र्व बैंक) निर्देश, 2016 में परिभाषित किया गया है), और तदनुसार आदेश के खंड 3 (xvi)(घ) के तहत रिपोर्टिंग लागू नहीं है।

(xvii) हमारी लेखापरीक्षा द्वारा शामिल किए गए वित्तीय वर्ष के दौरान, और तत्काल पूर्ववर्ती वित्तीय वर्ष के दौरान निगम को कोई नकद हानि नहीं हुई है।

(xviii) वर्ष के दौरान निगम के सांविधिक लेखापरीक्षकों द्वारा कोई त्यागपत्र नहीं दिया गया है।

(xix) वित्तीय अनुपात, जीवनकाल के घटने और वित्तीय परिसंपत्तियों की वसूली तथा वित्तीय देनदारियों के भुगतान की अपेक्षित तिथियों के आधार पर, साथ ही वित्तीय विवरणों के साथ अन्य जानकारी, और निदेशक मंडल एवं प्रबंधन योजनाओं के बारे में हमारी जानकारी, और साक्ष्यों के हमारे सत्यापन के आधार पर व मान्यताओं का समर्थन करते हुए, हमारे ध्यान में ऐसा कुछ भी नहीं आया है, जो हमें विश्वास दिलाता है कि लेखापरीक्षा रिपोर्ट की तारीख के अनुसार कोई भी भौतिक अनिश्चितता मौजूद है, तथा जो यह दर्शाता हो कि निगम तुलन पत्र की तारीख में अपनी मौजूदा देनदारियों को पूरा करने में सक्षम नहीं है, जैसा कि और जब वे तुलन पत्र की तारीख से एक वर्ष की अवधि के भीतर देय हो जाते हैं। हालांकि, हम प्रतिवेदित करते हैं कि यह निगम की भविष्य की व्यवहार्यता के बारे में कोई आश्वासन नहीं है। हम आगे वर्णित करते हैं कि हमारी रिपोर्टिंग लेखापरीक्षा रिपोर्ट की तारीख तक के तथ्यों पर आधारित है, और हम न तो कोई गारंटी देते हैं और न ही कोई आश्वासन देते हैं कि सभी देनदारियों का निबटान कर दिया जाएगा, जैसा कि और जब वे तुलन पत्र की तारीख से एक वर्ष की अवधि के भीतर देय हो जाते हैं।

(xx) हमारे राय में और हमें दी गई जानकारी के अनुसार, कंपनी अधिनियम की धारा 135 की धारा (5) के तहत किसी भी चल रही परियोजना के अनुसार या चल रही परियोजना के अलावा कोई भी राशि खर्च नहीं की गई है, इसलिए आदेश के खंड 3(xx) के तहत रिपोर्टिंग लागू नहीं है।

गोयल पारूल एण्ड कंपनी
सनदी लेखाकार
फर्म पंजीकरण सं. : 016750एन

ह./–
(पारुल गोयल)
साझेदार
सदस्यता सं. 099172
यूडीआईएन नः 23099172बीजीवीजेडएटी9630

स्थान : नई दिल्ली
दिनांकः 28.08.2023

राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम लिमिटेड के एकल भारतीय लेखाकंन मानक वित्तीय विवरणों पर सम तिथि की स्वतंत्र लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट का अनुबंध 'ख'

कंपनी अधिनियम, 2013 ("अधिनियम") की धारा 143 की उप–धारा 3 के खंड (i) के अधीन आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों पर रिपोर्ट

हमने 31 मार्च, 2023 की स्थिति के अनुसार **राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम लिमिटेड** ("कंपनी") के वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण की उस तारीख को समाप्त वर्ष के कंपनी के वित्तीय विवरणों की हमारी लेखापरीक्षा के साथ मिलाकर लेखापरीक्षा की है।

आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों के संबंध में प्रबंधक–वर्ग की जिम्मेदारी

भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान द्वारा जारी किए गए वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण की लेखापरीक्षा संबंधी दिशा–निर्देश टिप्पणी में उल्लिखित आंतरिक नियंत्रण के अनिवार्य घटकों पर विचार करते हुए कंपनी द्वारा स्थापित वित्तीय रिपोर्टिंग मापदंड पर आंतरिक नियंत्रण पर आधारित आंतरिक वित्तीय नियंत्रण स्थापित करने और बनाए रखने के लिए निगम का प्रबंधक–वर्ग जिम्मेदार होता है। इस जिम्मेदारी में ऐसा पर्याप्त आंतरिक वित्तीय नियंत्रण तैयार करना, लागू करना और बनाए रखना भी शामिल है जो इसके कारोबार का विधिवत और प्रभावी रूप से संचालन सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी रूप से कार्य कर रहा हो। इसमें कंपनी की नीतियों, इसकी परिसंपत्तियों की सुरक्षा, कपट और त्रुटि का निवारण तथा पता लगाना, लेखाकरण अभिलेखों की यथार्थता और पूर्णता तथा कंपनी अधिनियम, 2013 के अधीन अपेक्षित विश्वसनीय वित्तीय सूचना समय पर तैयार करना भी शामिल है।

लेखापरीक्षकों की जिम्मेदारी

हमारी जिम्मेदारी हमारी लेखापरीक्षा पर आधारित वित्तीय निगम के आंतारिक वित्तीय नियंत्रणों पर अपनी राय व्यक्त करना है। हमने अपनी लेखापरीक्षा वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की लेखापरीक्षा पर मार्गदर्शक टिप्पणी ("मार्गदर्शक टिप्पणी") तथा भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान द्वारा जारी किए गए आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की लेखापरीक्षा, दोनों पर प्रयोज्य सीमा तक लागू आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की लेखापरीक्षा एवं कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 143(10) के अधीन निर्धारित माने जाने वाले भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान द्वारा जारी किए गए लेखापरीक्षा के मानकों के अनुसार की है। इन मानकों और मार्गदर्शक टिप्पणी द्वारा यह अपेक्षित है कि हम नैतिक अपेक्षाओं का पालन करें और लेखापरीक्षा का नियोजन इस प्रकार करें, जिनसे यह उपयुक्त आश्वासन प्राप्त हो कि क्या वित्तीय रिपोर्टिंग के लिए पर्याप्त आंतरिक नियंत्रण स्थापित किए गए हैं और उनका संचालन किया गया एवं क्या ऐसे नियंत्रण प्रभावी रूप से कार्य कर रहे हैं।

हमारी लेखापरीक्षा में, वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक नियंत्रण प्रणाली की पर्याप्तता और उसकी प्रचालन प्रभावोत्पादकता के बारे में लेखापरीक्षा संबंधी साक्ष्य प्राप्त करने की निष्पादन प्रक्रियाएं अपनाना शामिल है। वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की जानकारी प्राप्त करने, जोखिम, जिनसे महत्त्वपूर्ण हानि होती है, का निर्धारण तथा निर्धारित जोखिम के आधार पर आंतरिक वित्तीय प्रणाली की प्रचालन प्रभावोत्पादकता की जांच तथा मूल्यांकन एवं निरूपण शामिल है। चयन की प्रक्रियाएँ लेखापरीक्षणों के निर्णयों पर आधारित होती हैं, जिनमें वित्तीय विवरणों की महत्त्वपूर्ण गलतबयानी, चाहे वह धोखाधड़ी हो या त्रुटि हो, के जोखिमों का निर्धारण भी शामिल करना है।

हम विश्वास करते हैं कि हमने जो लेखापरीक्षा संबंधी साक्ष्य प्राप्त किया है, वह वित्तीय रिपोर्टिंग पर कंपनी की आंतरिक नियंत्रण प्रणाली की हमारी लेखापरीक्षा की अर्हक राय का आधार उपलब्ध कराने के लिए पर्याप्त और समुचित है।

वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों से तात्पर्य

वित्तीय रिपोर्टिंग पर निगम का आंतरिक वित्तीय नियंत्रण एक ऐसी प्रक्रिया है, जो वित्तीय रिपोर्टिंग की विश्वसनीयता के बारे में उचित आश्वासन देने और सामान्य रूप से स्वीकृत लेखाकरण सिद्धांतों के अनुसार बाह्य प्रयोजनों के लिए वित्तीय विवरण तैयार करने के लिए बनाई गई है। वित्तीय रिपोर्टिंग पर कंपनी के आंतरिक वित्तीय नियंत्रण में वे नीतियां और प्रक्रियाएं शामिल हैं, जो (1) अभिलेखों को उचित विवरणों, यथार्थता से बनाए रखने से संबंधित हों और जिनमें कंपनी की परिसंपत्तियों के लेन–देन या निपटान को सही तरीके से दर्शाया गया हो, (2) इस संबंध में उचित आश्वासन दे कि सामान्य रूप से स्वीकृत लेखाकरण सिद्धांतों के अनुसार वित्तीय विवरण तैयार करने के लिए आवश्यक लेन–देनों को दर्ज किया गया है और कंपनी की प्राप्तियों और व्यय को कंपनी के प्रबंधक वर्ग और निदेशकों के प्राधिकार के अनुसार ही किया जाता है, और (3) अनधिकृत अधिग्रहण, उपयोग या कंपनी की परिसंपत्तियों के निपटान का निवारण करने या समय पर पता लगाने के बारे में उचित आश्वासन देता है, जिनका वित्तीय विवरणों पर महत्त्वपूर्ण प्रभाव पड़ता है।

वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की निहित सीमाएँ

प्रबंधन की मिलीभगत की संभावना या अनुचित प्रबंधन द्वारा नियंत्रण अधिभावी करने सहित वित्तीय रिपोर्टिंग पर निगम के आंतरिक वित्तीय नियंत्रण की निहित सीमाओं से त्रुटि या धोखाधड़ी के कारण महत्त्वपूर्ण मिथ्या कथन किया जा सकता हो और जिसका पता नहीं लग पाया हो, शामिल है। इसके अलावा, वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण पर किसी मूल्यांकन को भविष्य में दर्शाना, जिससे जोखिम हो सकता है और जो वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण के संबंध में बदली हुई स्थितियों में अपर्याप्त हो सकता है या जिनसे नीतियों और प्रक्रियाओं के अनुपालन की मात्रा में गिरावट आ सकती हो।

अर्हक रायः

हमें दी गई सूचना और स्पष्टीकरणों तथा हमारी लेखापरीक्षा के आधार पर, 31 मार्च 2023 को यथास्थिति निम्नलिखित प्रमुख कमियों का पता चलता हैः

1. उधारकर्ता के वित्तीय विवरणों/खातों की समीक्षा, कुछ मामलों में शेष राशि की आवधिक पुष्टि और इकाइयों को स्वीकृत सीमा के नवीनीकरण की प्रक्रिया को प्रभावी ढंग से लागू/निगरानी नहीं की गई थी। प्रबंधन ने बताया कि इसके प्रभावी कार्यान्वयन और निगरानी को सुनिश्चित करने के लिए आगामी वित्तीय वर्ष में इसकी समीक्षा और संशोधन किया जाएगा।

2. जोखिम प्रबंधन नीति, रणनीति, उसके दस्तावेजीकरण आदि के कार्यान्वयन की प्रक्रिया को और मजबूत करने की आवश्यकता है। प्रबंधन ने बताया कि इसकी समय–समय पर समीक्षा की जाती है और इसे निरंतर आधार पर लागू किया जाता है।

3. वित्तीय विवरणों की तैयारी और रिपोर्टिंग के संबंध में आंतरिक वित्तीय नियंत्रण को और मजबूत करने की आवश्यकता है और किसी भी मैन्युअल हस्तक्षेप से बचने के लिए, एक एकीकृत लेखांकन पैकेज को लागू किए जाने की आवश्यकता है।

हमारी राय में, हमारी सर्वोत्तम सूचना और हमें दिए गए स्पष्टीकरणों के अनुसार, नियंत्रण मापदंड के उद्देश्यों की प्राप्ति पर ऊपर दी गई महत्त्वपूर्ण कमियों के प्रभावों/संभावित प्रभावों को छोड़कर, कंपनी ने सभी प्रकार से महत्त्वपूर्ण वित्तीय रिपोर्टिंग पर पर्याप्त आंतरिक वित्तीय नियंत्रण बनाए रखा है और वित्तीय रिपोर्टिंग पर ये आंतरिक वित्तीय नियंत्रण "भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान द्वारा जारी किए गए वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों पर मार्गदर्शक टिप्पणी में उल्लिखित आंतरिक नियंत्रण के आवश्यक संघटकों पर विचार करते हुए, कंपनी द्वारा स्थापित वित्तीय रिपोर्टिंग मापदंड पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण" के आधार पर 31 मार्च, 2023 को यथास्थिति प्रभावी ढंग से प्रचालनरत थे।

अन्य मामले

वित्तीय विवरणों के संदर्भ में आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की पर्याप्तता और प्रभावशीलता पर हमारी पूर्वोक्त रिपोर्ट अधिनियम की धारा 143(3)(i) के तहत अब तक की 54 शाखाओं/कार्यालयों की वित्तीय विवरणों/सूचनाओं से संबंधित है जिन्हें भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक नियुक्त स्वतंत्र

लेखा परीक्षकों ने इस तरह की शाखाओं/कार्यालयों के लेखा परीक्षकों के लेखा परीक्षण रिपोर्ट पर आधारित है। तकनीकी केंद्रों और एनवीसीएफएल सहित की लेखापरीक्षा भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक द्वारा नियुक्त स्वतंत्र लेखापरीक्षकों द्वारा की गई है, जो ऐसी शाखाओं/कार्यालयों/कंपनियों के लेखापरीक्षकों की संबंधित रिपोर्ट पर आधारित है।

एनटीएससी–ओखला का शाखा लेखा परीक्षक ने शाखा के आंतरिक नियंत्रण में कई कमियों की सूचना दी है। इन कमियों में मुख्य रूप से ई–रिक्शा की खरीद प्रक्रिया में कमी, परफॉर्मा चालान की तुलना में वास्तविक चालान में सामग्री के विनिर्देश में विसंगतियां, अतिदेय के मामले में अनुवर्ती प्रणाली में कमजोरी, खरीदे गए निरीक्षण सामग्री की प्रक्रिया में कमी शामिल है।

इन मामलों के संबंध में हमारी राय सीमित नहीं है।

गोयल पारूल एण्ड कंपनी
सनदी लेखाकार
फर्म पंजीकरण सं. : 016750एन

ह./–
(पारुल गोयल)
साझेदार
सदस्यता सं. 099172
यूडीआईएन नः 23099172बीजीवीजेडएटी9630

स्थान : नई दिल्ली
दिनांकः 28.08.2023

राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम लिमिटेड के एकल भारतीय लेखाकंन मानक वित्तीय विवरणों पर समतिथि की स्वतंत्र लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट का अनुबंध 'ग'

31 मार्च, 2023 को समाप्त वर्ष के लिए एकल भारतीय लेखाकंन मानक वित्तीय विवरणों पर सदस्यों को समतिथि की हमारी रिपोर्ट के 'अन्य विधिक विनियामक अपेक्षाएं' भाग पर हमारी रिपोर्ट के अंतर्गत पैराग्राफ "3" में उल्लिखित अनुबंध

31 मार्च, 2023 को समाप्त वर्ष के लिए अन्य स्वतंत्र लेखा परीक्षकों द्वारा लेखा परीक्षा किए गए तकनीकी सेवा केन्द्रों सहित 54 शाखा कार्यालयों और हमारे द्वारा लेखा परीक्षा किए गए **राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम लिमिटेड, नई दिल्ली** के लेखाओं के संबंध में, कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 143 (5) के अंतर्गत भारत के नियंत्रक एवं महालेखा–परीक्षक द्वारा जारी किए गए निर्देशों पर रिपोर्ट।

क्र. सं.	दिशा–निर्देश	उत्तर
I	क्या कंपनी में सभी लेखांकन लेन–देन आईटी प्रणाली के जरिए प्रोसेस करने की प्रणाली विद्यमान है? यदि हाँ तो वित्तीय प्रभावों, यदि कोई हैं, के साथ–साथ लेखांकन के एकीकरण पर आईटी प्रणाली के बाहर लेखांकन लेन–देनों की प्रोसेसिंग के प्रभावों का उल्लेख किया जाए।	जी, हां, निगम में सभी लेखांकन लेन–देन आईटी प्रणाली के जरिए प्रोसेस करने के लिए प्रणाली विद्यमान है। निगम, लेखांकन के लिए टेली (ईआरपी 9) और स्टोव सॉफ्टवेयर का इस्तेमाल कर रहा है। आरएमए वित्तपोषण के लिए आरएमए सॉफ्टवेयर का इस्तेमाल कर रहा है। तथापि, टेली अब एकीकृत किया जा रहा है। लेखापरीक्षा की गई शाखाओं की रिपोर्टों, अपनाई गई लेखापरीक्षा प्रक्रिया के आधार पर और हमें दी गई सूचना तथा स्पष्टीकरणों के अनुसार आईटी प्रणाली के बाहर कोई लेखांकन लेन–देन प्रोसेस नहीं किया गया है/ना ही बाहर लेकर गए हैं।
II	क्या ऋण की अदायगी के लिए कंपनी की देयता के कारण, कंपनी को ऋणदाताओं द्वारा दिए गए कर्जों/ऋणों/ब्याज आदि की छूट/बट्टेखाते डालने के मामलों या मौजूद ऋण की कोई पुनर्संरचना की गई है? यदि हाँ तो वित्तीय प्रभाव का उल्लेख किया जाए।	हमें दी गई सूचना और स्पष्टीकरणों के अनुसार तथा रिकार्डों की हमारी जांच के आधार पर किसी मौजूदा ऋण या निगम को किसी ऋणदाता द्वारा दिए गए कर्जों/ऋणों/ब्याज आदि के मामलों की कोई पुनर्संरचना नहीं की गई है।
III	क्या केंद्र/राज्य सरकार या उसकी एजेंसियों से विशिष्ट स्कीमों के लिए प्राप्त/प्राप्तव्य धनराशि (अनुदान/सब्सिडी आदि) का इसके नियम और शर्तों एवं निबंधनों के अनुसार उनका उपयोग किया गया है? विपथन के मामलों की सूची दें।	लेखा परीक्षित शाखा रिपोर्टों के आधार पर, हमारे द्वारा की गई लेखापरीक्षा प्रक्रियाएं और हमें दी गई जानकारी एवं स्पष्टीकरण के अनुसार, संबंधित नियमों और शर्तों के अनुसार उपयोग की गई केंद्रीय/राज्य एजेंसियों से विशिष्ट योजनाओं के लिए प्राप्त/प्राप्त करने योग्य अभिलेखों की हमारी जांच पर आधारित हैं।

गोयल पारूल एण्ड कंपनी
सनदी लेखाकार
फर्म पंजीकरण सं. : 016750एन

ह./–
(पारुल गोयल)
साझेदार
सदस्यता सं. 099172
यूडीआईएन नः 23099172बीजीवीजेडएटी9630

स्थान : नई दिल्ली
दिनांकः 28.08.2023

अनुपालन संबंधी प्रमाणपत्र

हमने कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 143(5) के अंतर्गत भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक द्वारा जारी किए गए निर्देशों के अनुसार राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम लिमिटेड के 31 मार्च, 2023 को समाप्त वर्ष के लेखाओं की लेखापरीक्षा की है और प्रमाणित किया जाता है कि हमने, हमें जारी किए गए सभी निर्देशों/ उप–निर्देशों का पालन किया है।

गोयल पारूल एण्ड कंपनी
सनदी लेखाकार
फर्म पंजीकरण सं. : 016750एन

ह./–
(पारुल गोयल)
साझेदार
सदस्यता सं. 099172
यूडीआईएन नः 23099172बीजीवीजेडएटी9630

स्थान : नई दिल्ली
दिनांकः 28.08.2023

31 मार्च 2023 को समाप्त वर्ष के लिए गैर–बैंकिंग वित्तीय कंपनी लेखापरीक्षक की रिपोर्ट

निदेशक मंडल
राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम लिमिटेड
ओखला इंडस्ट्रियल एस्टेट,
नई दिल्ली–110020

महोदय,

जैसाकि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा जारी "गैर–बैंकिंग वित्तीय कंपनी लेखापरीक्षक की रिपोर्ट (रिजर्व बैंक) निदेश, 2016" द्वारा, उक्त निदेशों के अध्याय–II में निर्दिष्ट मामलों के संबंध में निगम पर यथाप्रयोज्य सीमा तक यथापेक्षित है और लेखापरीक्षा के प्रयोजनार्थ हमें दी गई जानकारी और स्पष्टीकरण के अनुसार, हम रिपोर्ट करते हैं कि:–

1) भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम, 1934 की धारा 45–आईए के अनुसरण में, कंपनी ने पंजीकरण संख्या एन–14.03090 दिनांक 29.12.2005 के तहत भारतीय रिजर्व बैंक से पंजीकरण प्रमाणपत्र प्राप्त कर लिया है, जिससे कंपनी को गैर–बैंकिंग वित्तीय कंपनी का कारोबार करने की अनुमति मिली है;

2) निदेशक मंडल ने 9 दिसंबर 1998 को भारतीय रिजर्व बैंक की पूर्व अनुमति के बिना भविष्य में सार्वजनिक जमा स्वीकार न करने के लिए एक प्रस्ताव पारित किया है; जिसकी 12 दिसंबर 2005 को पारित किए गए बोर्ड के प्रस्ताव में पुनः पुष्टि की गई है।

3) कंपनी ने 31 मार्च 2023 को समाप्त वर्ष के दौरान सार्वजनिक जमा स्वीकार नहीं किए हैं।

4) निगम 31 मार्च 2023 तक अपने प्रमुख व्यवसाय मानदंड (वित्तीय परिसंपत्ति/आय पैटर्न) के संदर्भ में पंजीकरण प्रमाणपत्र (सीओआर) जारी रखने का हकदार है।

5) निगम मास्टर निदेश–गैर–बैंकिंग वित्तीय कंपनी–व्यवस्थित रूप से महत्वपूर्ण जमा न लेने वाली कंपनी (रिजर्व बैंक) निदेश, 2016 में निर्धारित आवश्यक निवल स्वाधिकृत निधि संबंधी अपेक्षा को पूरा कर रहा है।

6) आरबीआई अधिसूचना संख्या आरबीआई/2019–20/170 डीओआर (एनबीएफसी) सीसी.पीडी.सं. 109/22.10.106/2019–20 दिनांक 13.03.2020 के आधार पर, कंपनी (भारतीय लेखांकन मानक) नियम, 2015 के नियम 4 के अंतर्गत आने वाली गैर–बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) को वर्ष 2019–20 और उसके बाद के वित्तीय विवरण तैयार करने के लिए भारतीय लेखांकन मानकों (इंडएएस) का अनुपालन करना आवश्यक है। इसलिए, वित्तीय वर्ष 2019–20 से, इंडएएस–109 के संदर्भ में ईसीएल को वित्तीय लिखतों पर हानि भत्ते के रूप में मान्यता दी गई है।

7) हमें दी गई जानकारी और स्पष्टीकरण के अनुसार, निगम द्वारा वित्तीय वर्ष 2022–23 की सभी तिमाहियों के लिए संबंधित तिमाहियों के अनंतिम वित्तीय परिणामों के आधार पर पूंजीगत निधियों, जोखिम परिसंपत्तियों/एक्सपोजर और जोखिम परिसंपत्ति अनुपात (डीएनबीएस03 रिटर्न) का विवरण दाखिल किया गया है जो आरबीआई के मानदंडों के अनुपालन में सीआरएआर सहित निर्धारित अवधि के भीतर दाखिल करने की तिथि पर किया गया है। इसके अलावा, 31.03.2023 को समाप्त वर्ष के लिए लेखापरीक्षित वित्तीय विवरणों के आधार पर सीआरएआर का परिकलन सही ढंग से किया गया है और यह आरबीआई द्वारा निर्धारित न्यूनतम सीआरएआर के अनुपालन में है।

गोयल पारूल एण्ड कंपनी
सनदी लेखाकार
फर्म पंजीकरण सं. : 016750एन

ह./–
(पारुल गोयल)
साझेदार
सदस्यता सं. 099172
यूडीआईएन नः 23099172बीजीवीजेडएटी9630

स्थान : नई दिल्ली
दिनांकः 28.08.2023

सांविधिक लेखापरीक्षक प्रमाणपत्र (एसएसी)

हमने 31 मार्च, 2023 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम लिमिटेड के प्रधान कार्यालय में रखे गए लेखा–विवरणों और अन्य अभिलेखों की जांच की है। हमें प्रस्तुत की गई सूचना के आधार पर, हम निम्नलिखित को प्रमाणित करते हैं:–

क्र. सं.	विवरण	ब्यौरा
1.	कंपनी का नाम	राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम लिमिटेड
2.	पंजीकरण संख्या का प्रमाण पत्र	एन.14.03090
3.	पंजीकृत कार्यालय का पता	एनएसआईसी भवन, ओखला औद्योगिक एस्टेट, नई दिल्ली–110020
4.	कॉर्पोरेट कार्यालय का पता	–वही–
5.	कंपनी को आरबीआई द्वारा निम्नानुसार वर्गीकृत किया गया है: (निवेश कंपनी / ऋण कंपनी / एएफसी / एनबीएफसी–एमएफआई / एनबीएफसी–फैक्टर / आईएफसी / आईडीएफ–एनबीएफसी)	ऋण कंपनी
6.	निवल स्वाधिकृत निधि (करोड़ रुपये में)	1076.06
7.	(इसकी गणना अनुबंध में दी गई है) कुल परिसंपत्तियाँ (करोड़ रुपये में)	3308.18
8.	परिसंपत्ति–आय पैटर्न: (आरबीआई की प्रेस विज्ञप्ति 1998–99 / 1269 दिनांक 8 अप्रैल 1999 के संदर्भ में) (क) कुल परिसंपत्ति में वित्तीय परिसंपत्तियों का % (ख) सकल आय में वित्तीय आय का % (एनबीएफसी–फैक्टर / एनबीएफसी–एमएफआई / एएफसी / आईएफसी की भी नीचे अलग से रिपोर्ट कर सकते हैं)	 88.66% 68.64%
9.	क्या 31 मार्च, 2023 तक कंपनी के पास कोई सार्वजनिक जमा राशि थी? यदि हाँ, तो राशि करोड़ में	नहीं
10.	क्या कंपनी ने वर्ष के लिए अपने निवल लाभ की कम से कम 20% राशि को आरक्षित निधि में स्थानांतरित कर दिया है? (आरबीआई अधिनियम, 1934 की धारा 45–आईसी के अनुसार)।	हाँ
11.	क्या कंपनी को कोई एफडीआई मिला है? यदि हाँ, तो क्या कंपनी ने एफडीआई के न्यूनतम पूंजीकरण मानदंडों का अनुपालन किया?	नहीं

क्र. सं.	विवरण	ब्यौरा
12.	यदि कंपनी को एनबीएफसी–फैक्टर के रूप में वर्गीकृत किया गया है; (क) कुल परिसंपत्ति में फैक्टरिंग परिसंपत्ति का % (ख) सकल आय में फैक्टरिंग आय का %	लागू नहीं
13.	निगम को एनबीएफसी–एमएफआई के रूप में वर्गीकृत किया गया है; निवल परिसंपत्तियों में अर्हक परिसंपत्तियों का प्रतिशत (02 दिसंबर 2011 की अधिसूचना डीएनबीएस.पीडी.सं. 234सीजीएम(यूएस) 2011 देखें)	लागू नहीं
14.	यदि कंपनी को एएफसी के रूप में वर्गीकृत किया गया है; (क) कुल परिसंपत्तियों के संदर्भ में आर्थिक कार्यकलाप में सहायक भौतिक/वास्तविक परिसंपत्ति के निर्माण के लिए दिए गए अग्रिमों का % (ख) कुल आय के संदर्भ में इन परिसंपत्तियों से उत्पन्न आय का %	लागू नहीं
15.	यदि कंपनी को एनबीएफसी–आईएफसी के रूप में वर्गीकृत किया गया है तो कुल परिसंपत्तियों के संदर्भ में बुनियादी ढांचा ऋण का %	लागू नहीं
16.	क्या वर्ष के दौरान कोई अधिग्रहण/नियंत्रण का अधिग्रहण/शेयरधारिता/प्रबंधन में कोई परिवर्तन हुआ है जिसके लिए भारतीय रिजर्व बैंक से पूर्वानुमोदन की आवश्यकता हुई? (विवरण के लिए कृपया इस विषय पर 09 जुलाई 2015 का डीएनबीआर (पीडी) सीसी.सं.065/03.10.001/2015–16 देखें)	लागू नहीं

मास्टर निदेश–गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनी लेखापरीक्षक की रिपोर्ट (रिजर्व बैंक) निदेश, दिनांक 29 सितंबर 2016 के अनुसार कंपनी के निदेशक मंडल के लिए एक अलग रिपोर्ट तैयार की गई है।

गोयल पारूल एण्ड कंपनी
सनदी लेखाकार
फर्म पंजीकरण सं. : 016750एन

ह./–
(पारुल गोयल)
साझेदार
सदस्यता सं. 099172
यूडीआईएन नः 23099172बीजीवीजेडएटी9630

स्थान : नई दिल्ली
दिनांकः 28.08.2023

क्र. सं.	पूंजी निधि –टियर I	(रुपये करोड़ में)
1	चुकता इक्विटी पूंजी	532.99
2	अधिमानी शेयरों को अनिवार्यतः इक्विटी में परिवर्तित किया जाना	
3	निर्बंध आरक्षित निधियां:	
	सामान्य आरक्षित निधियां	
	शेयर प्रीमियम	
	पूंजीगत आरक्षित निधियां	
	डिबेंचर मोचन आरक्षित निधियां	
	पूंजी मोचन आरक्षित निधियां	
	पी एंड एल खाते में क्रेडिट शेष	546.08
	अन्य निर्बंध आरक्षित निधियाँ (निर्दिष्ट किया जा सकता है)	
4	विशेष आरक्षित निधियाँ	83.90
	कुल 1 से 4	1162.97
5	**घटाएं:** (i) संचित हानि शेष	
	(ii) आस्थगित राजस्व व्यय	
	(iii) आस्थगित कर परिसंपत्तियाँ (निवल)	35.28
	(iv) अन्य अमूर्त परिसंपत्तियाँ	51.63
	स्वामित्व निधि	**1076.06**
6	निम्नलिखित के शेयरों में निवेश (i) एक ही समूह की कंपनियाँ	
	(ii) सहायक कंपनियाँ	6.00
	(iii) पूर्ण स्वामित्वाधीन सहायक कंपनियाँ	
	(iv) अन्य एनबीएफसी	
7	निम्नलिखित के संदर्भ में डिबेंचर, बॉन्ड का बही मूल्य, बकाया ऋण और अग्रिम, खरीदे गए और भुनाए गए बिल (एचपी और लीज फाइनेंस सहित) और उनके साथ किए गए जमा	
	(i) एक ही समूह की कंपनियाँ	0.06
	(ii) सहायक कंपनियाँ	
	(iii) विदेश में पूर्ण स्वामित्वाधीन सहायक/संयुक्त उद्यम	
8	कुल 6 और 7	6.06
9	मद 8 में स्वामित्वाधीन निधि के 10% से अधिक राशि	-
10	**निवल स्वाधिकृत निधि**	**1076.06**

टिप्पणियाँ, जो 31 मार्च, 2023 को समाप्त वर्ष के लिए एकल वित्तीय विवरणों का एक अभिन्न अंग हैं

टिप्पणी – 1 : कॉरपोरेट सूचना एवं लेखांकन का आधार

1. कॉरपोरेट सूचना

राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम लिमिटेड (जिसे 'एनएसआईसी' या 'निगम' कहा गया है), वर्ष 1955 में अधिनियमित किया गया था। रा.ल.उ.नि. कंपनी अधिनियम के अंतर्गत विनियमित भारत में स्थित और अधिनिगमित (सीआईएन संख्या यू74140डीएल1955जीओआई002481) है और दिनांक 29.12.2005 के प्रमाण–पत्र सं. एन14.03090 के अंतर्गत भारतीय रिजर्व बैंक के साथ पंजीकृत सुव्यवस्थित महत्वपूर्ण गैर–जमा स्वीकार करने वाले गैर–बैंकिंग वित्तीय कंपनी (एनबीएफसी) है। ग्लोबल लीगल एनटीटी आइडेंटिफायर फाउण्डेशन (जीएलईआईएफ) के पास पंजीकृत विधिक सत्ता अभिनिर्धारक (लीगल एनटीटी आइडेंटिफायर) कोड 335800935क्यूडी3एलजेजीओएलजेड39 है। यह निगम सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) मंत्रालय के अधीन भारत सरकार का एक "मिनिरत्न श्रेणी–1" आईएसओ 9001–2015 प्रमाणित उद्यम है।

एनएसआईसी अपने विभिन्न कार्यालयों/तकनीकी केंद्रों के माध्यम से देश में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों को बढ़ावा देने, सहायता देने और प्रगति को प्रोत्साहित करने के लिए कार्य कर रहा है। एनएसआईसी सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों की प्रतियोगितात्मकता में वृद्धि करने के लिए विशेष रूप से तैयार की गई योजना के एक सेट के साथ उन्हें सुविधा प्रदान करता है। एनएसआईसी, विपणन, प्रौद्योगिकी, वित्तपोषण और अन्य सहायता सेवाओं के अंतर्गत एकीकृत सहायता सेवाएं उपलब्ध कराता है।

2. लेखांकन का आधार

i. अनुपालन कथन

निगम के वित्तीय विवरण इण्डएएस के अनुसार होंगे, जिन्हें कंपनी (लेखा) नियम 2014 के साथ पठित कंपनी अधिनियम, 2013 के लागू प्रावधान के कंपनी (भारतीय लेखाकरण मानक), नियम 2015 (यथासंशोधित) और अन्य लागू विनियामक मापदंड/दिशानिर्देशों के अधीन अधिसूचित किया गया है।

निगम के वित्तीय विवरण उपार्जित लेखा प्रणाली (बशर्ते कि अन्यथा उल्लेख न हो), भारतीय लेखाकरण मानक (जिसका उल्लेख "इण्डएएस के रूप में किया गया है) का ऐतिहासिक लागत की परंपरा का पालन करने के अधीन चलन के आधार पर तैयार किया गया है। यह निगम कंपनी (लेखा) नियमावली 2014 और अन्य लागू विनियामक मानदंडों/दिशानिर्देशों के साथ पठित कंपनी अधिनियम 2013 के लागू प्रावधानों के अनुसार यथासंशोधित कंपनी (भारतीय लेखाकरण मानक) नियमावली 2015 के अधीन अधिसूचित है।

ii. तैयार करने और प्रस्तुत करने का आधार

भारतीय लेखांकन मानक वित्तीय विवरण एक चल रहे प्रतिष्ठान के रूप में उपार्जित आधार पर और ऐतिहासिक लागत परंपरा के अंतर्गत तैयार किए गए हैं, सिवाय कुछ वित्तीय परिसंपत्तियों के (अन्य व्यापक आय आदि के जरिए उचित मूल्य के रूप में वर्गीकृत इक्विटी विलेख) और वित्तीय देयताओं (प्रतिभूति जमा राशियों आदि) के, जिन्हें सुसंगत भारतीय लेखांकन मानकों के अंतर्गत यथापेक्षित रिपोर्ट की प्रत्येक तारीख के अंत में उचित मूल्य पर मापा जाता है। इन नीतियों को वित्तीय विवरणों में प्रस्तुत सभी अवधियों/समय के लिए लगातार लागू किया गया है। ये नीतियां वित्तीय विवरणों में प्रस्तुत सभी अवधियों में सतत रूप से लागू की गई हैं।

iii. अनुमानों, कल्पनाओं और प्रबंधन निर्णयों का उपयोग

निगम की लेखांकन नीतियों के अनुरूप वित्तीय विवरण तैयार करने में प्रबंधन से यह अपेक्षा की जाती है कि वह ऐसे अनुमान लगाएगा और कल्पना करेगा, जो वित्तीय विवरणों की तारीख को यथास्थिति आकस्मिक देयताओं के विगोपन और परिसंपत्तियों तथा देयताओं की रिपोर्ट की गई धनराशियों, रिपोर्ट की गई अवधि के दौरान राजस्व और खर्चों की धनराशि तथा वित्तीय विवरणों की टिप्पणियों को प्रभावित करेगा। हालांकि ये अनुमान प्रबंधन की वर्तमान कार्यक्रमों और कार्यवाहियों की सर्वोत्तम जानकारी पर आधारित हैं, परंतु वास्तविक परिणाम इन अनुमानों से भिन्न हो सकते हैं। लेखांकन अनुमानों में किए गए किसी

संशोधन को उस अवधि में मान्यता दी जाती है, जिसमें ये परिणाम स्पष्ट हो जाएं।

iv. महत्त्वपूर्ण लेखांकन अनुमान और प्रबंधन निर्णय

लेखांकन नीतियों के अनुप्रयोग में, निगम के प्रबंधन से यह अपेक्षा की जाती है कि वह परिसंपत्तियों और देयताओं की लागत धनराशियों के बारे में निर्णय करे, अनुमान लगाए और कल्पना करे, जो अन्य स्रोतों से आसानी से स्पष्ट न हो सके। ये अनुमान और कल्पनाएं ऐतिहासिक अनुभव और अन्य कारकों पर आधारित हैं, जिन्हें सुसंगत माना जाता है।

लेखांकन नीतियां, जिनका वित्तीय विवरणों में मान्यता दी गई धनराशियों पर सबसे अधिक महत्त्वपूर्ण प्रभाव पड़ता है, लागू करने में इस्तेमाल किए गए अनुमान, अनिश्चितता और महत्त्वपूर्ण निर्णयों के महत्त्वपूर्ण क्षेत्रों के बारे में सूचना नीचे दी गई है:

क. संपत्ति, संयंत्र और उपस्कर (पीपीई)

पीपीईज और अमूर्त परिसंपत्तियों के अवशिष्ट मूल्य और अनुमानित उपयोगी जीवनकाल का मूल्यांकन, परिसंपत्तियों के स्वरूप, परिसंपत्ति के अनुमानित उपयोग, परिसंपत्ति की परिचालनात्मक स्थिति, प्रतिस्थापन के पिछले इतिवृत्त और अनुरक्षण सहायता को ध्यान में रखते हुए, रिपोर्ट की गई प्रत्येक तारीख को किया जाता है। समीक्षा करने पर प्रबंधन, मूल्यह्रास/मौद्रिकीकरण के परिकलन के लिए दिया गया उपयोगी जीवनकाल और अवशिष्ट मूल्य स्वीकार करता है।

ख. बिक्री के लिए रखी गई परिसंत्तियां

भारतीय लेखाकंन मानक 105 "बिक्री के लिए रखी गई गैर–वर्तमान परिसंपत्तियों और बंद कर दिए गए प्रचालन" के अंतर्गत बिक्री के लिए रखी गई गैर–वर्तमान परिसंपत्तियों का लेखाकंन लागू करने के लिए महत्वपूर्ण निर्णय की आवश्यकता होती है। अनुप्रयोज्यता का आकलन करने में प्रबंधन ने, तत्काल बिक्री के लिए परिसंपत्ति की उपलब्धता, बिक्री के लिए प्रबंधन की प्रतिबद्धता और एक वर्ष के अंदर बिक्री की संभावना का मूल्याकंन करने के लिए निर्णय लिया है ताकि इस निष्कर्ष पर पहुंचा जा सके कि क्या निरंतर उपयोग के जरिए के बजाए बिक्री लेनदेन के जरिए उनका रखाव मूल्य सिद्धांततः वसूल किया जाएगा।

ग. आय कर

भुगतान की जाने वाली प्रत्याशित धनराशि/अनिश्चित कर स्थितियों के लिए वसूल की गई धनराशि सहित आय कर के लिए प्रावधान निर्धारित करने में अनुमान शामिल होते हैं। स्थगित कर परिसंपत्ति देनदारियां का मूल्यांकन करने के लिए प्रत्याशित भावी लाभप्रदता के संबंध में निर्णय लिए जाते हैं।

घ. वित्तीय साधनों की हानि

वित्तीय साधनों की हानि का मूल्यांकन, प्रत्याशित हानि और चूक के जोखिम के बारे में लगाए गए अनुमानों के आधार पर किया जाता है। हानिकरण के परिकलन के लिए इनपुट का चयन, अनुमान, पिछले इतिवृत्त, बाज़ार स्थितियों और रिपोर्ट की जाने वाली प्रत्येक तारीख के अंत में भावी अनुमानों पर विचार करते हुए प्रबंधन के निर्णय पर आधारित है।

ङ. गैर–वित्तीय परिसंपत्तियों का हानिकरण (पीपीई)

गैर–वित्तीय परिसंपत्तियों के हानिकरण का मूल्यांकन उन परिसंपत्तियों की वसूलीयोग्य धनराशि के अनुमान के आधार पर निर्धारित किया जाता है। वसूलीयोग्य धनराशि का परिकलन करने में इस्तेमाल किए गए अनुमान प्रबंधन के निर्णय पर आधारित होते हैं।

च. सुनिश्चित लाभ स्कीमें और अन्य दीर्घावधि कर्मचारी लाभ

सुनिश्चित लाभ योजनाओं और अन्य दीर्घावधि कर्मचारी लाभों की लागत और

इस दायित्व का वर्तमान मूल्य स्वतंत्र बीमांकिक मूल्यांकक द्वारा निर्धारित किया जाता है। इस बीमांकिक मूल्यांकन में ऐसे विभिन्न अनुमान लगाने शामिल हैं, जो भविष्य में वास्तविक प्रगतियों से भिन्न हो सकते हैं। प्रबंधन का विश्वास है कि बट्टा दर, भावी वेतन वृद्धियां, मर्त्यता दरों और संघर्षण दरों के निर्धारण में बीमांकिक द्वारा लगाए गए अनुमान तर्कसंगत होते हैं। मूल्यांकन में शामिल जटिलताओं और इसके दीर्घावधिक स्वरूप के कारण इन अनुमानों में कोई परिवर्तन करने के लिए यह दायित्व अत्यधिक संवेदनशील है। सभी अनुमानों की समीक्षा रिपोर्टिंग की प्रत्येक तारीख को की जाती है।

छ. वित्तीय विलेखों का उचित मूल्य मापन

जब वित्तीय परिसंपत्तियों और वित्तीय देयताओं के उचित मूल्य सक्रिय बाज़ारों में उद्धृत मूल्यों के आधार पर नहीं मापे जा सकते तो ऐसी स्थिति में प्रबंधन इसके उचित मूल्य निर्धारित करने के लिए अन्य मूल्यांकन तकनीकों का इस्तेमाल करता है। ये तकनीकें लागू करने के लिए इनपुट, जहाँ कहीं संभव हो, अवलोकनयोग्य बाज़ारों से प्राप्त किए जाते हैं, परंतु जहां ऐसा करना व्यवहार्य नहीं है, उचित मूल्य स्थापित करने में निर्णय का इस्तेमाल किया जाता है। इन निर्णयों में परिशोधन जोखिम, क्रेडिट जोखिम और सचलता जैसे इनपुटों पर विचार शामिल हैं।

ज. प्रावधान और आकस्मिकताएं

अन्य प्रावधानों की मान्यता और मापन, संसाधनों के बर्हिवय की संभाव्यता के मूल्यांकन और रिपोर्टिंग की तारीख को ज्ञात परिस्थितियों तथा पिछले अनुभव पर आधारित होते हैं। इसलिए, भविष्य की किसी तारीख को संसाधनों का वास्तविक बर्हिवय, प्रत्येक रिपोर्टिंग अवधि के अंत में अनुमानित आंकड़ों से भिन्न हो सकता है।

v. कार्यात्मक और प्रस्तुतिकरण मुद्रा

ये भारतीय लेखांकन मानक समेकित वित्तीय विवरण भारतीय रुपयों, जो भारत की मुद्रा है और निगम की कार्यात्मक मुद्रा है, में तैयार किए जाते हैं। रुपयों में प्रस्तुत की गई सभी वित्तीय सूचना को दो दशमलव के साथ निकटतम लाख रुपयों में पूर्णांकित कर दिया गया है, जब तक अन्यथा न दर्शाया गया हो।

टिप्पणी – 2: महत्त्वपूर्ण लेखांकन नीतियाँ

वित्तीय विवरण तैयार करने और प्रस्तुत करने में लागू की गई महत्त्वपूर्ण लेखांकन नीतियों का एक सारांश, जो नीचे दिया गया है, वित्तीय विवरणों में प्रस्तुत की गई सभी अवधियों के लिए निरंतर लागू किया गया है।

I. संपत्ति, संयत्र और उपस्कर (पीपीई) – मूर्त पीपीईज

क) आरंभिक मान्यता और मापन

i. संपत्ति, संयंत्र और उपकरण की वस्तुओं को प्रारंभ में लागत पर मान्यता दी जाती है। लागत में व्यय और अन्य संबंधित व्यय शामिल होते हैं जो पीपीई को उसके इच्छित उपयोग के लिए आवश्यक स्थान पर लाने और कार्य करने की स्थिति में लाने के लिए सीधे जिम्मेदार होते हैं। ऋण लागत (उधार ली गई धनराशि के अस्थायी निवेश पर आय में कटौती के बाद, यदि कोई हो) सीधे संपत्ति, संयंत्र और उपकरण की निर्दिष्ट मद को आरोप्य होती है, या ऐसी वस्तुओं को पूंजीकृत की जाती है।

ii. उत्तरवर्ती का मापन

क. **पट्टाधारित परिसंपत्तियों और 31 मार्च, 2001 तक अधिगृहीत पट्टाधारित परिसंपत्तियों में से जब्त की गई पट्टाधारित परिसंपत्तियों** का उल्लेख ऐतिहासिक लागत पर मूल्यह्रास के पश्चात निवल संचित शेष, पट्टा समाप्ति समायोजन और संचित हानिकरण हानियां, यदि कोई हैं, के आधार पर किया जाता है।

ख. **पट्टाधारित परिसंपत्तियों और पट्टाधारित परिसंपत्तियों में से**

जब्त कर ली गई पट्टाधारित परिसंपत्तियों के अलावा, संपत्ति, संयंत्र और उपस्कर की मदों का उल्लेख उनके अधिग्रहण की मूल लागत के आधार पर किया जाता है, जिसमें कर, ड्यूटियां, मालभाड़ा और संचित मूल्यह्रास तथा संचित हानिकरण हानियां, यदि कोई हैं, घटाकर संबंधित परिसंपत्तियों के अधिग्रहण और संस्थापन से संबंधित अन्य प्रासंगिक खर्चे शामिल हैं।

iii. जब पीपीई की किसी मद के भागों का उपयोगी जीवनकाल भिन्न होता है तो उन्हें ऐसे संघटकों का पता लगाकर अलग से मान्यता दी जाती है।

iv. इस्तेमाल के लिए/इस्तेमाल में लाने के लिए उपलब्ध परिसंपत्तियों के मामले में, जहां अंतिम लेखा विवरण/ठेकेदारों/कार्यान्वयन एजेंसी के साथ बिलों का निपटान अभी किया जाना है, ऐसी स्थिति में पूंजीकरण आवश्यक समायोजनों, जिनमें अंतिम निपटान के वर्ष में मध्यस्थता/न्यायालय के मामलों के निपटान से उत्पन्न समायोजन शामिल हैं, की शर्त के अधीन अनुमानित आधार पर किया जाता है।

ख) <u>उत्तरवर्ती लागतें</u>

उत्तरवर्ती खर्च को संपत्ति, संयंत्र और उपस्कर की लागत धनराशि में वृद्धि के रूप में मान्यता दी जाती है, जब यह संभावना हो कि लगाई गई लागत से प्राप्त होने वाले भावी आर्थिक लाभ उद्यम में प्राप्त होंगे और संपत्ति, संयंत्र और उपस्कर की लागत विश्वसनीय ढंग से मापी जा सकती है।

संपत्ति, संयंत्र और उपस्कर की किसी मद के प्रतिस्थापन भाग की लागत को उस मद की लागत धनराशि में मान्यता दी जाती है, यदि यह संभावना हो कि उस भाग के अंदर शामिल भावी आर्थिक लाभ निगम को प्राप्त होंगे और इसकी लागत विश्वसनीय ढंग से मापी जा सकती है। प्रतिस्थापित भाग की वहन धनराशि का विमान्यताकरण कर दिया जाता है। संपत्ति, संयंत्र और उपस्कर की दिन–प्रति दिन की सर्विसिंग की लागतों को, लाभ एवं हानि विवरण में मान्यता दी जाती है।

ग) <u>विमान्यताकरण</u>

संपत्ति, संयंत्र और उपस्कर को विमान्यताकृत कर दिया जाता है, जब उनके इस्तेमाल से या उनके निपटान पर किसी भावी आर्थिक लाभ की आशा न हो। संपत्ति, संयंत्र और उपस्कर की किसी मद के निपटान पर हुए लाभ और हानियां संपत्ति, संयंत्र और उपस्कर की लागत धनराशि के साथ निपटान से प्राप्त धनराशि की तुलना करके निर्धारित किए जाते हैं और इन्हें लाभ एवं हानि विवरण में मान्यता दी जाती है।

II. चल रहा पूंजीगत कार्य

क) चल रहे पूंजीगत कार्य में उन अचल परिसंपत्तियों की लागत शामिल है, जो तुलन–पत्र की तारीख को उनके आशयित इस्तेमाल के लिए तैयार नहीं हैं।

ख) निर्माणाधीन परिसंपत्तियां लागत के आधार पर ली जाती हैं, जिनमें इसके आशयित इस्तेमाल के लिए परिसंपत्तियों को स्थान पर तथा आवश्यक कार्यचालन स्थिति में लाने के कारण प्रत्यक्ष लागत (सामग्री की लागत, श्रम और अन्य प्रासंगिक व्यय) तथा संबंधित अप्रत्यक्ष व्यय (ऊपरी व्यय सहित) शामिल हैं।

ग) निर्माण अवधि से संबंधित आय जैसे ब्याज संबंधी आय, वसूल की गई परिसमापन हानियां आदि को निर्माण अवधि के दौरान हुए खर्च के प्रति समायोजित किया जाता है।

घ) निक्षेप कार्य/लागत जमा संविदा को ठेकेदारों से प्राप्त लेखा विवरणों के आधार पर लेखे में लिया जाता है। जब तक परिसंपत्तियों को पीपीई के रूप में मान्यता दी जाती है।

ङ) पीपीई के अर्जन/निर्माण के लिए प्रदत्त उन अग्रिमों को 'पूंजी अग्रिमों' के अधीन वर्गीकृत किया गया है, जो तुलन–पत्र की तारीख को बकाया है।

III. अमूर्त परिसंपत्तियां

क) <u>आरंभिक मान्यता और मापन</u>

ऐसी अमूर्त परिसंपत्तियां, जो समूह द्वारा अर्जित की

गई हैं, जिनका निश्चित उपयोगी जीवनकाल हो, को लागत के आधार पर मान्यता दी जाती है। उत्तरवर्ती मापन से संचित मौद्रिकीकरण और संचित हानिकरण हानियां, यदि कोई हैं, घटाकर निकाली गई लागत पर मापन किया जाता है। उक्त लागत में ऐसा व्यय शामिल है जो प्रत्यक्षतः परिसंपत्ति को स्थान तक लाने और इसके आशयित उपयोग के लिए आवश्यक कार्य स्थिति में लाने के कारण हुआ है।

ख) उत्तरवर्ती लागते

उत्तरवर्ती खर्च को परिसंपत्ति की लागत धनराशि में वृद्धि के रूप में मान्यता दी जाती है, जब यह संभावना हो कि लगाई गई लागत से प्राप्त होने वाले भावी आर्थिक लाभ उद्यम में प्राप्त होंगे और परिसंपत्ति की लागत विश्वसनीय ढंग से मापी जा सकती है।

ग) विकास के अधीन अमूर्त परिसंपत्तियां

भारतीय लेखाकंन मानक–38 के अनुसार, किया गया कोई खर्च, विशेष रूप से किसी अमूर्त परिसंपत्ति के विकास के प्रति श्रेय देने योग्य खर्च और मान्यता एवं मापन मानदंड पूरा करने की संभावना वाला खर्च, विकास पूरा हो जाने पर, ''विकास के अंतर्गत अमूर्त परिसंपत्तियां'' के रूप में पूजीकृत किए जाते हैं, जब तक वे उनके आशयित उपयोग के लिए तैयार हैं।

जो कार्य वित्तीय वर्ष के 31 मार्च तक शुरू हो चुका है, लेकिन पूरा नहीं हुआ है, उसे ''पीपीई के तहत विकास के तहत अमूर्त परिसंपत्ति'' के रूप में दर्शाया गया है, जबकि जो कार्य वित्तीय वर्ष के 31 मार्च तक भी शुरू नहीं किया गया है, लेकिन संविदात्मक समझौते के संदर्भ में कुछ अग्रिम भुगतान किया गया है, तो ऐसे अग्रिम को ''गैर–वित्तीय परिसंपत्तियों के तहत विक्रेता को अग्रिम'' के रूप में दर्शाया गया है।

घ) विमान्यताकरण

अमूर्त परिसंपत्ति को विमान्यताकृत कर दिया जाता है, जब उनके इस्तेमाल से या उनके निपटान पर किसी भावी आर्थिक लाभ की आशा न हो। अमूर्त परिसंपत्ति की किसी मद के निपटान पर हुए लाभ और हानियां अमूर्त परिसंपत्ति की लागत धनराशि के साथ निपटान से प्राप्त धनराशि की तुलना करके निर्धारित किए जाते हैं और इन्हें लाभ एवं हानि विवरण में मान्यता दी जाती है।

IV. संपत्ति, संयंत्र एवं उपस्कर तथा अमूर्त परिसंपत्तियों का हानिकरण

संपत्ति, संयंत्र एवं उपस्कर तथा अमूर्त परिसंपत्तियों को हानिकृत के रूप में माना जाता है, जब परिसंपत्तियों की रखाव लागत इसकी वसूलीयोग्य धनराशि से अधिक हो। हानिकृत हानि को उस वर्ष में लाभ एवं हानि विवरण में तुरंत मान्यता दी जाती है जिस वर्ष में परिसंपत्ति की पहचान हानिकृत के रूप में की गई हो और संपत्ति की लागत धनराशि इसकी वसूलीयोग्य धनराशि से घटा दी गई हो, जब तक संबंधित परिसंपत्ति पुनर्मूल्यकृत धनराशि पर लाई गई हो, जब हानिकृत हानि को पुनर्मूल्यांकन कमी के रूप में माना गया हो। यदि ऐसा कोई संकेत मिलता है कि पहले मूल्यांकन किया गया हानिकरण हानि अब मौजूद नहीं है तो ऐसी स्थिति में वसूलीयोग्य धनराशि का पुनर्मूल्यांकन किया जाता है और परिसंपत्ति को वसूलीयोग्य धनराशि के रूप में दर्शाया जाता है।

V. बिक्री के लिए रखी गई परिसंत्तियां

गैर वर्तमान परिसंत्तियां, बिक्री के लिए रखी गई परिसंत्तियों के रूप में वर्गीकृत की जाती हैं, यदि उनकी वहन धनराशि, एक बिक्री लेनेदेन के जरिए (निरंतर उपयोग के जरिए के बजाए) सिद्धांततः वसूल किए जाने के लिए आशयित हो, जब यह परिसंपत्ति, अपनी वर्तमान स्थिति में तत्काल बिक्री के लिए उपलब्ध हो, केवल उन शर्तों के अधीन जो ऐसी परिसंपत्ति की बिक्री के लिए प्रायिक और प्रथागत हैं और यह बिक्री अत्यधिक संभावना वाली है और वर्गीकरण की तारीख से एक वर्ष के अंदर एक पूरी कर ली गई बिक्री के रूप में मान्यता हेतु अर्हक बनने की आशा वाली है।

बिक्री के लिए रखी गई के रूप में वर्गीकृत गैर–वर्तमान परिसंपत्तियां, बिक्री लागतें घटाकर उचित मूल्य तथा उनकी रखाव धनराशि से निम्नतर मूल्य पर मापी जाती हैं, उन परिसंत्तियों को छोड़कर जैसे आस्थगित कर कर्मचारी लाभ से उत्पन्न परिसंपत्तियां, आर्थिक परिसंपत्तियां और बीमा संविदाओं के अंतर्गत संविदात्मक अधिकार, जो विशेष रूप से इस शर्त से छूट प्राप्त हैं। बिक्री लागतें घटाकर निकाले गए उचित मूल्य के निर्धारण में, प्रबंधन के आकलनों और अनुमानों का उपयोग शामिल है।

गैर–वर्तमान परिसंपत्तियों का मूल्यह्रास या परिशोधन नहीं

किया जाता, जब वे बिक्री के लिए रखी गई के रूप में वर्गीकृत की जाती हैं। बिक्री के लिए रखी गई गैर–वर्तमान परिसंपत्तियां, तुलन–पत्र में अन्य परिसंपत्तियों से अलग प्रस्तुत की जाती हैं।

VI. मूर्त परिसंपत्तियों और परिशोधन तथा अमूर्त पीपीईज पर मूल्यह्रास

क) पट्टाधारित परिसंपत्तियां और 31 मार्च, 2001 तक अधिगृहीत पट्टाधारित परिसंपत्तियों में से जब्त कर ली गई परिसंपत्तियां :

मूल्यह्रास, कंपनी अधिनियम, 2013 की अनुसूची II के भाग 'ग' में विनिर्धारित उपयोगी जीवनकाल के अनुसार अपलेखित मूल्य पद्धति पर, परिसंपत्तियों के इस्तेमाल में लाने के दिन से अनुपाततः आधार पर किया जाता है।

ख) पट्टाधारित परिसंपत्तियां और पट्टाधारित परिसंपत्तियों में से जब्त कर ली गई पट्टाधारित परिसंपत्तियों के अलावा संपत्ति, संयंत्र एवं उपस्कर की मदें

i) पीपीई पर मूल्यह्रास, कंपनी अधिनियम, 2013 की अनुसूची II के भाग 'ग' में विनिर्दिष्ट उपयोगी जीवनकाल के अनुसार सीधी रेखा पद्धति आधार पर प्रभारित किया जाता है, सिवाय मोबाइल फोन यंत्र के।

क्र. सं.	परिसंपत्तियों के स्वरूप	उपयोगी जीवनकाल	दर (एसएलएम)	अवशिष्ट मूल्य
i.	आरसीसी फ्रेम ढांचा बनाना	60 वर्ष	1.58%	मूल लागत का 5%
ii.	आरसीसी फ्रेम ढांचे के अलावा अन्य बनाना	30 वर्ष	3.17%	मूल लागत का 5%
iii.	अस्थायी ढांचा बनाना	3 वर्ष	31.67%	मूल लागत का 5%
iv.	सड़कें – कारपेटेड – आरसीसी	10 वर्ष	9.50%	मूल लागत का 5%
v	सड़कें – कारपेटेड – आरसीसी के अलावा	5 वर्ष	19.00%	मूल लागत का 5%
vi.	सड़कें – गैर–कारपेरेटेड	3 वर्ष	31.67%	मूल लागत का 5%
vii.	संयंत्र और मशीनरी	15 वर्ष	6.33%	मूल लागत का 5%
viii.	फर्नीचर और फिटिंग	10 वर्ष	9.50%	मूल लागत का 5%
ix.	वाहन दुपहिया	10 वर्ष	9.50%	मूल लागत का 5%
x.	वाहन चारपहिया	8 वर्ष	11.88%	मूल लागत का 5%
xi.	कार्यालय उपस्कर	5 वर्ष	19.00%	मूल लागत का 5%
xii.	प्रसंकरण इकाइयों, कम्प्यूटर, लैपटॉप आदि के रूप में अंतिम उपयेगकर्ता उपकरण	3 वर्ष	31.67%	मूल लागत का 5%
xiii.	सर्वर और नेटवर्क	6 वर्ष	15.83%	मूल लागत का 5%
xiv.	विधुत वितरण संयंत्र	35 वर्ष	2.71%	मूल लागत का 5%
xv.	विद्युतीय संस्थापनाएं और उपस्कर	10 वर्ष	9.50%	मूल लागत का 5%
xvi.	ग्रिड कनेक्टेड रूफटॉप सोलर फोटो वोल्टेज (पीवी) सिस्टम	25 वर्ष	3.80%	मूल लागत का 5%
xvii.	अमूर्त परिसंपत्तियां – सॉफ्टवेयर	5 वर्ष	20.00%	₹ 1/-
xviii	मोबाइल फोन उपकरण	3 वर्ष	33.33%	₹ 1/-
xix	वेबसाइट	3 वर्ष	33.33%	₹ 1/-

ii) वर्ष के दौरान संपत्ति, संयंत्र एवं उपस्कर (पीपीई) से घटावों/अभिवृद्धियों पर मूल्यह्रास, उस तारीख, जिसको परिसंपत्ति उपयोग/निपटान के लिए उपलब्ध है, से/तक अनुपाततः आधार पर प्रभारित किया जाता है।

iii) 0.10 लाख रुपए तक की लागत की परिसंपत्तियां, अवशिष्ट मूल्य के रूप में मूल लागत का 5% रखने के पश्चात, खरीद के वर्ष में पूर्णतः मूल्य ह्रासित की जाती हैं, सिवाय मोबाइल फोन उपकरण जहाँ रूपये 1 को अवशिष्ट मूल्य के रूप में रखा जाता है।

iv) 0.10 लाख से अधिक मूल्य के मोबाइल फोन उपकरण, अवशिष्ट मूल्य के रूप में 1/– रुपया रखने के पश्चात, उस वर्ष, जिसमें यह प्राप्त किया गया था, से आरंभ करके 3 वर्ष की अवधि में मूल्यह्रासित किया जाता है।

v) सरकारी अनुदानों से खरीदे गए पीपीई के मामले में मूल्यह्रास, उन परिसंपत्तियों पर प्रभारित मूल्यह्रास के अनुपात में 'पूंजीगत आरक्षित' (जो आस्थगित आय के स्वरूप

का है) के प्रति प्रभारित किया जाता है। पूंजीगत आरक्षित, खरीद लागत के साथ प्राप्त अनुदानों में से स्थिर परिसंपत्तियों की खरीद के समय सृजित किया जाता है।

vi) पट्टाधारित भूमि का परिशोधन, पट्टा अवधि में किया जाता है।

vii) 'अमूर्त परिसंपत्तियों' के रूप में मान्यताप्राप्त सॉफ्टवेयर की लागत का परिशोधन, अवशिष्ट मूल्य के रूप में 1/– रुपया रखने के पश्चात, उस वर्ष, जिसमें यह प्राप्त की गई थी, से आरंभ करके पांच वर्ष की अवधि में सीधी रेखा पद्धति आधार पर किया जाता है। हालांकि, जहाँ सॉफ्टवेयर का जीवनकाल पांच वर्ष से कम है, ऐसी संपत्तियों के उपयोगी जीवन पर लागत को रु. 1/– अवशिष्ट मूल्य के रूप में बनाए रखने के बाद परिशोधित/चुकता किया जाता है।

viii) सदस्यता के आधार पर खरीदे गए सॉफ्टवेयर को उसी के सापेक्ष किए भुगतान हेतु सदस्यता अवधि के वर्ष में लाभ और हानि के विवरण के अधीन प्रभारित किया जाता है।

VII. उधार लागतें

उधार लागतों में ब्याज और अन्य लागतें शामिल हैं, जो निगम निधियां उधार लेने के संबंध में खर्च करता है।

अर्हक परिसंपत्तियों के लिए लगाई गई उधार लागतें, विशेष रूप से परिसपंत्ति के वित्तपोषण के लिए खर्च की गई, उधार लेने के आधार पर, उन निधियों के अस्थायी निवेश पर अर्जित किसी आय के 'नेटिंग ऑफ' के पश्चात, आशयित उपयोग के लिए तैयार होने की तारीख तक पूंजीकृत की जाती हैं। अर्हक परिसंपत्तियां, ऐसी परिसंपत्तियां हैं, जो उनके आशयित उपयोग या बिक्री के लिए तैयार होने में पर्याप्त समय लेती हैं।

अन्य सभी उधार लागतों को, लाभ एवं हानि का समेकित विवरण में उस रिपोर्टिंग अवधि में मान्यता दी जाती है, जिसमें वे उपार्जित हुई हैं।

VIII. मालसूचियाँ

क) मालसूची में मुख्यतः निम्नलिखित शामिल हैं:

i. लेखन–सामग्री का स्टॉक और विविध मदें।

ii. भंडार, औज़ार, मापन उपकरण और मार्गस्थ सामान।

iii. वाणिज्यिक क्रियाकलापों से संबंधित तैयार माल का स्टॉक।

iv. माल किराया खरीद (एचपी) और संयुक्त सावधि ऋण (सीटीएल) के अधीन पुनः कब्जे में ली गई/जब्त की गई/अभ्यप्रित मशीनों का भंडार।

v. जहां परिसंपत्तियां 01.04.2001 को या उसके बाद दी गई हैं, उपस्कर पट्टे के अधीन पुनः कब्जे में ली गई/ जब्त की गई/अभ्यप्रित मशीनों का भंडार।

vi. अप्रचलित और उपयोग में न लाई जाने वाली परिसंपत्तियां।

ख) लागत का निर्धारण 'पहले आए पहले जाए' (एफआईएफओ) आधार पर किया जाता है।

ग) मालसूचियों का मूल्यांकन, लागत के निम्नतर और निवल वसूलीयोग्य मूल्य पर किया जाता है।

घ) लागत में, खरीद की लागत और माल की उनके वर्तमान स्थान और स्थिति में लाने में लगाई गई अन्य लागतें शामिल हैं।

ङ) खरीदे गए माल की लागतें, छूट और बट्टे घटाने के पश्चात निर्धारित की जाती हैं।

च) वसूलीयोग्य निवल मूल्य, सामान्य व्यवसाय के दौरान अनुमानित विक्रय मूल्य में से बिक्री करने के लिए आवश्यक अनुमानित लागतें और पूर्ण करने की अनुमानित लागतें घटाकर निकाला गया मूल्य है।

IX. अनुसंधान और विकास

क) राजस्व प्रकृति के अनुसंधान और विकास पर व्यय, लाभ और हानि के विवरण में प्रभारित किया जाता है।

ख) पूंजीगत प्रकृति के अनुसंधान और विकास पर व्यय को पीपीई के अतिरिक्त के रूप में दिखाया गया है।

X. राजस्व मान्यता

राजस्व, प्राप्त किए गए और प्राप्तियोग्य प्रतिफल के उचित मूल्य पर मापा जाता है। आय/राजस्व (प्रशिक्षण क्रियाकलापों और सामान्य सुविधाओं से प्राप्त राजस्व सहित) की सभी मदें और व्यय, प्रोद्भवन आधार पर लेखे में लिए जाते हैं, जहाँ नीचे यथा उल्लिखित वसूली के बारे में निश्चितता हो:

क) किराया खरीद, विपणन, कच्चे माल के वितरण / सहायता, थोक विक्रेताओं और खुदरा व्यापारियों को सहायता, बिल छूट और समग्र सावधि ऋण के तहत वित्तीय गतिविधियों से आय

i. ऋणों और अग्रिमों के संबंध में ब्याज आय को, संविदात्मक अवधियों के संदर्भ में प्रोद्भवन (समय अनुपात) आधार पर मान्यता दी जाती है।

ii. मास्टर निर्देश–गैर–बैंकिंग वित्तीय कंपनी – सर्वांगी रूप से महत्त्वपूर्ण गैर–जमा लेने वाली कंपनी और जमा लेने वाली कंपनी (रिजर्व बैंक) निर्देश, 2016 के अनुसार, जिस तारीख से ऋण और अग्रिम एनपीए बन जाते हैं, उस तारीख से कोई ब्याज उपार्जित नहीं होगा।

iii. एनपीए लेखों के मामले में अर्जित लेकिन प्राप्त नहीं किए गए ब्याज को, रिपोर्टिंग की तारीख को अतिरिक्त सामान्य ब्याज उचंत (पीआईएस) के रूप में प्रत्यावर्जित किया जाता है और तदनुसार उसे कुल बकाया देयताओं में से घटाया जाता है। परंतु ऐसा उन मामलों में नहीं किया जाता है, जहाँ नई बैंक गारंटी की बिक्री से प्राप्त आय को रिपोर्टिंग की तारीख तक प्राप्त नहीं किया जाता है। (नीचे X(क)(ix) देखें)।

iv. बैंक गारंटी (बीजी) मांगे जाने पर बैंक गारंटी जारी करने वाले बैंक के पास अपना दावा पत्र प्रस्तुत करने की तारीख से बंद कर दिया जाता है और अर्जित, लेकिन प्राप्त नहीं किया गया ब्याज, जिसमें कुल देयताएं, यदि कोई हों, भी शामिल हैं, को 'अतिरिक्त/सामान्य ब्याज उच्चंत (पीआईएस)' के रूप में ब्याज आय से प्रत्यावर्तित नहीं किया जाता है। वर्ष के अंत में, यदि, निगम के नामित बैंक लेखे में मांगी गई बैंक गारंटी से प्राप्त आय नहीं प्राप्त होती है, तो इस रकम को **"बैंक से वसूली योग्य"** के रूप में समझा जाएगा। लेकिन यदि बैंक मांगी गई बैंक गारंटी की बिक्री से प्राप्त आय को जारी करने में विलंब करता है, तो दावा करने की तारीख से निगम के नामित बैंक खाते, यदि कोई हो, में बिक्री से प्राप्त आय प्राप्त होने तक की विलंबित अवधि के लिए ब्याज लगाया जाएगा, जिसे उसकी प्राप्ति के वर्ष में आय के रूप में माना जाएगा।

v. प्रसंस्करण शुल्क/सेवा शुल्क को बीजी के विरुद्ध आरएमए/एडब्ल्यूआरटी/बीडी के तहत समय के अनुपात में आय के रूप में और अन्य मामलों में इसे प्रोद्भवन के आधार पर माना जाता है।

vi. आवेदन प्रसंस्करण शुल्क, जहाँ भी लागू हो, प्राप्ति के आधार पर आय के रूप में माना जाता है।

vii. जब्ती/विनियोजित/समप्रण की तारीख को किराया खरीद और उपकरण लीज के मामले में, उनके मूल्य से अधिक जब्त/विनियोजित/समप्रण की गई मशीनों की बिक्री से अधिक राशि को किराएदार केध्पट्टेदार के खाते के सापेक्ष समायोजित किया जाता है। किराएदार/पट्टेदार से देय राशि से अधिक कोई भी अधिक राशि, बिक्री आय की प्राप्ति के वर्ष में आय के रूप में मानी जाती है।

ख) ब्याज की मान्यता

i. निगम की विभिन्न गतिविधियों/योजनाओं के तहत विलंबित भुगतान/अतिरिक्त/सामान्य ब्याज पर दंडात्मक ब्याज/ब्याज, जहाँ कहीं वसूली के लिए संदिग्ध माना जाता है, को इसकी वसूली के वर्ष में आय के रूप में माना जाता है।

ii. जहाँ यूनिट के खाते फ्रीज/अप्रयुक्त हो जाते हैं, वहाँ यूनिट के खाते में कोई और ब्याज प्रभारित नहीं किया जाता है।

ग) माल और सेवाओं की बिक्री

i. बिक्री जीएसटी, छूट, रिबेट, रिटर्न, आदि के शुद्ध योग होते हैं, और अनुबंध के नियमों और शर्तों के अनुसार, चालान मूल्य के आधार पर इनका हिसाब लगाया जाता है।

ii. उत्पादों और परियोजनाओं के निर्यात के अंतर्गत बिक्री, निर्यात की शर्तों के अनुसार चालान मूल्य के आधार पर की जाती है।

घ) एकल बिंदु पंजीकरण योजना के अंतर्गत पंजीकरण शुल्क

एकल बिंदु पंजीकरण योजना के अंतर्गत पंजीकरण शुल्क को, नए पंजीकरण/नवीकरण/उसमें संशोधन के लिए प्रमाणपत्र के जारी किए जाने की तारीख को ही आय के रूप में माना जाता है।

ङ) बी2बी पोर्टल (एमएसएमई मार्ट)–(बी2बी स्कीम) का सदस्यता शुल्क

बी2बी स्कीम के अधीन बी2बी पोर्टल (एमएसएमई मार्ट) के सदस्यता शुल्क को यूनिट की सदस्यता सक्रिय होने (एक्टिवेशन) पर ही आय के रूप में समझा जाएगा।

च) प्रशिक्षण संबंधी क्रिया–कलापों और सामान्य सुविधाओं से प्राप्त राजस्व

प्रायोजित प्रशिक्षण को छोड़कर प्रशिक्षण गतिविधियों से राजस्व प्रशिक्षण कार्यक्रम के पूरा होने तक संचय (समय अनुपात) के आधार पर पहचाना जाता है।

प्रायोजित और अन्य संबद्ध प्रशिक्षण से प्राप्त राजस्व को प्रशिक्षण पाठ्यक्रम पूरा होने के बाद मान्यता दी जाती है और जब यह निश्चित हो जाता है कि शुल्क अनुबंध/संविदा/समझौता ज्ञापन के नियमों व शर्तों के अनुरूप मान्यता दी जाती है।

सामान्य सुविधाओं (जिनमें अन्य बातों के साथ–साथ परीक्षण शुल्क, जॉब कार्य प्रभार मशीनों पर मशीनिंग सुविधा इत्यदि एनटीएससी में शामिल हैं) से प्राप्त राजस्व को परीक्षण और जॉब कार्य पूरा होने पर मान्यता दी जाती है।

छ) तकनीकी इन्क्यूबेशन केंद्र (टीआईसी) इकाइयों से रॉयल्टी आय

टीआईसी इकाइयों से रॉयल्टी के कारण प्राप्त राजस्व को संचय आधार पर आय के रूप में मान्यता दी जाती है। शुल्क/रॉयल्टी को नामांकित प्रशिक्षुओं की संख्या, पाठ्यक्रम शुल्क और पाठ्यक्रम की अवधि के आधार पर मासिक आधार पर मान्यता दी जाती है।

ज) समग्र (टर्नकी) परियोजनाओं/सेवा संविदाओं से प्राप्त आय

i. परामर्शी सेवाओं, परियोजना प्रबंधन और पर्यवेक्षण प्रभारों से प्राप्त राजस्व को संविदा की शर्तों के अनुसार रिपोर्टिंग की तारीख को परियोजना संबंधी लेन–देन और परियोजना की सुपुर्दगी के पूरा होने की अवस्था में आनुपातिक रूप में लाभ या हानि विवरण मान्यता दी जाती है।

ii. परियोजना पर किए गए प्रत्यक्ष व्यय का लेखा परियोजना के अंतर्गत किया जाता है, और अप्रत्यक्ष व्ययों को संबंधित शीर्ष के खाते के प्राकृतिक शीर्ष के अधीन लेखांकित किया जाता है।

झ) पट्टाकरण से आय

पट्टे, को प्रचालन पट्टे और वित्त पट्टे के रूप में वर्गीकृत किए गए हैं। ऐसे पट्टे, जिनमें निगम, परिसंपत्ति के स्वामित्व के सभी जोखिम और प्रतिफल/लाभ पर्याप्त रूप से पट्टेदार को अंतरित नहीं करता, प्रचालन पट्टे के रूप में वर्गीकृत किए गए हैं। प्रचालन पट्टे के अलावा अन्य पट्टे, वित्त पट्टे के रूप में वर्गीकृत किए गए हैं।

i. निगम, अपने उपस्कर पट्टाकरण व्यवसाय के अंतर्गत सहायता प्रदान कर रहा था, जिसे 2013 से बंद कर दिया गया है। ऐसी पट्टाधारित परिसंपत्तियों के संबंध में आय की मान्यता और पट्टाधारित परिसंपत्तियों में से जब्त की गई परिसंत्तियां निम्नलिखित हैं

I. दिनांक 31 मार्च, 2001 तक निष्पादित किए गए पट्टा लेन–देनों पर

i. दिनांक 31 मार्च, 2001 तक निष्पादित किए गए लेन–देनों के संबंध में पट्टा किरायों को पट्टा समकरण प्रभारों से घटाकर, प्रोद्भूत, आधार पर हिसाब में लिया जाता है।

ii. पट्टाधारित परिसंपत्तियों में बकाया निवल निवेश से संबंधित पूंजी की लागत को पूंजी की वसूली निकालने के लिए पट्टा किराए से घटा दिया जाता है। पूंजी की वसूली और सांविधिक मूल्यह्रास के अंतर को, पट्टा समकरण प्रभार लेखा के माध्यम से प्रदर्शित किया जाता है। ऐसे पट्टा समकरण लेखे के प्रति प्रभाव को, तुलन–पत्र में पट्टा सीमांत समायोजन लेखा प्रचालित करके प्रदर्शित किया जाता है। पूंजी की वसूली में कमी, यदि कोई हो, को परिसंपत्ति के निपटान के वर्ष में हिसाब में लिया जाता है।

II. दिनांक 01 अप्रैल, 2001 को अथवा उसके बाद निष्पादित किए गए पट्टा लेन–देन

वित्त आय और पट्टा किराया में शामिल की गई निवल निवेश की वसूली का हिसाब, पट्टे में दी गई ब्याज दर पर लगाया जाता है। वित्त आय को आय के रूप में मान्यता दी जाती है और उसे लाभ व हानि विवरण में क्रेडिट किया जाता है। पट्टाधारित किराया और वित्त आय के अंतर को निवल निवेश के प्रति वसूली माना जाता है।

III. भारतीय लेखांकन मानक (इंड–एएस)–116 के अनुसार अन्य लीज के संबंध में आय की मान्यता।

i. पट्टाकर्ता के रूप में निगम

इसमें अन्य बातों के साथ–साथ निगम के स्वामित्व और निगम द्वारा पट्टे पर दिए जाने वाले स्थान, गोदाम, आदि भी शामिल होंगे, जिनके संबंध में किराया आय प्राप्त होती है। पट्टे पर दी गई परिसंपत्तियां भी संपत्ति, संयंत्र और उपस्कर में शामिल की जाती हैं और इनके उपयोगी रहने तक इन पर मूल्यह्रास दिया जाता है। 'प्रचालन संबंधी पट्टे से संबंधित पट्टा आय को पट्टे की अवधि के दौरान सीधी रेखा के आधार पर लाभ और हानि के विवरण में दर्शाया जाता है।

निगम द्वारा पट्टाकर्ता के रूप में कोई वित्तीय पट्टा निष्पादित नहीं किया जाता है।

ii. पट्टेदार के रूप में निगम

इसमें अन्य बातों के साथ–साथ स्थान, गोदाम, कर्मचारियों के लिए आवास आदि शामिल है, जिसे निगम ने पट्टे पर लिया है और जिसके संबंध में पट्टा किराये का भुगतान किया जाता है। इन पट्टों की व्यवस्था का सामान्यतः आपस में तय की जाने वाली शर्तों के आधार पर नवीकरण किया जाता है।

निगम द्वारा पट्टाकर्ता के रूप में कोई वित्तीय पट्टा निष्पादित नहीं किया जाता है।

निये मानक इण्डएएस–116 के अधीन पट्टेदार द्वारा इसका लेखाकरण इस प्रकार किया जाता है:–

निगम परिसंपत्तियों को उपयोग करने के अधिकार और सभी पट्टा व्यवस्थाओं के लिए तदनुरूप पट्टा देयता को स्वीकार करता है, जिसमें इन्हें पट्टे पर दिया जाता है। लेकिन बारह माह या कम (अल्पकालिक पट्टों) की अवधि के संबंध में यह पट्टा स्वीकार नहीं किया जाता है, क्योंकि बिना लिखित करार और कम मूल्य वाली परिसंपत्तियों के पट्टे को स्वीकार नहीं किया जाता है।

अल्पकालिक पट्टे बारह माह या बारह माह से अधिक के पट्टा करारों से कम के संबंध में यह पट्टा करार लागू नहीं होता है, क्योंकि कुछ नोटिस अवधि देकर किसी भी समय इन्हें रद्द किया जा सकता है। बारह माह से अधिक की अवधि के निगम द्वारा निष्पादित पट्टा करार को भी अल्पकालिक पट्टे के रूप में समझा जाएगा, लेकिन इसमें उसे रद्द करने संबंधी एक खंड दिया जाएगा।

मानक में कम मूल्य की परिसंपत्तियों की कोई सीमा नहीं बताई गई है, लेकिन इसमें टेबलेट्स, पर्सनल कंप्यूटर/लैपटॉप और पीपीई की छोटी मदें आदि जैसी कम मूल्य की परिसंपत्तियां शामिल होती हैं।

अल्पकालिक और कम मूल्य वाली परिसंपत्तियों के संबंध में निगम पट्टे की अदायगी को पट्टे की अवधि के संबंध में ''स्ट्रेट लाइन'' आधार पर प्रचालन व्यय के रूप में स्वीकार करती है।

परिसंपत्तियों के प्रयोग के अधिकार को प्रारंभ में लागत पर स्वीकार किया जाता है, जिसमें पट्टा देयता की आरंभिक रकम शामिल होती है, जो ऐसे पट्टे भुगतान के संबंध में समायोजित की जाती है, जो किसी पट्टा प्रोत्साहन की प्रारंभिक प्रत्यक्ष लागत से कम और पट्टे की तारीख से या उससे पहले

अदा की जाती है। इनका मापन बाद में ऐसी कम लागत पर किया जाता है, जिसमें संचित मूल्यह्रास/परिशोधन और हानियां शामिल होती हैं। परिसंपत्तियों के उपयोग का आधार इण्डएएस 16–संपत्ति, संयंत्र और उपस्कर (पीपीई) के अनुसार कम किया जाएगा।

शुरू में पट्टे के दायित्व को भावी पट्टा भुगतान के वर्तमान मूल्य पर मापा जाता है। पट्टे के भुगतान, पट्टे में निहित ब्याज दर का इस्तेमाल करके या यदि तत्काल निर्धारण योग्य नहीं है तो वृद्धित उधार दर का इस्तेमाल करके बंद कर दिए जाते हैं।

ञ) दी गई डिक्री का निरूपण

जहाँ एनएसआईसी के पक्ष में एक आदेश पारित किया गया है, बकाया की वसूली के समय इकाई के लेखों में आवश्यक समायोजन किए जाते हैं।

ट) **लाभांश आय**

निवेश पर लाभांश को, उस आधार पर हिसाब में लिया जाता है, जब इसे प्राप्त करने का अधिकार सिद्ध हो जाता है।

ठ) **स्क्रैप बिक्री**

स्क्रैप की बिक्री से प्राप्त आय को वसूली आधार पर लेखे में लिया जाता है।

XI. विदेशी मुद्रा लेन–देन और रूपांतरण

क) विदेशी मुद्राओं में लेन–देन आरंभतः लेन–देन की मान्यता के लिए पहले अर्हता प्राप्त करने की तारीख को कार्यात्मक मुद्रा स्थल दरों पर दर्ज किए जाते हैं।

ख) विदेशी मुद्राओं में रखी गई मौद्रिक परिसंपत्तियां और देयताएं, रिपोर्टिंग तारीख को विनिमय की कार्यात्मक मुद्रा तत्समय दरों पर रूपांतरित की जाती हैं।

ग) मौद्रिक मदों के निपटान या रूपांतरण पर उत्पन्न विनिमय अंतरों को उस वर्ष, जिसमें ये उत्पन्न होते हैं, में लाभ या हानि में मान्यता दी जाती है।

घ) गैर–मौद्रिक वस्तुएं जिन्हें विदेशी मुद्रा में उचित मूल्य पर मापा जाता है, उन्हें उस तिथि पर विनिमय दरों का उपयोग करके अनुवादित किया जाता है जब उचित मूल्य निर्धारित किया गया था।

ङ) गैर–मौद्रिक मदें, लेन–देन की तारीख को विनिमय दर का इस्तेमाल करके रूपांतरित की गई विदेशी मुद्रा में ऐतिहासिक लागत के अनुसार मापी जाती हैं।

XII. सरकारी अनुदान

क) विभिन्न क्रियाकलापों के अंतर्गत भारत सरकार से प्राप्त अनुमोदित अनुदानों को प्रोद्भूत आधार पर मान्यता दी जाती है, जहां यह तर्कसंगत आश्वासन हो कि अनुदान प्राप्त होगा और सभी संबद्ध शर्तों का अनुपालन किया जाएगा।

ख) अनुमोदित संवर्धनात्मक क्रियाकलापों के मामले में, वर्ष के लिए खर्च किए गए/प्रतिबद्ध खर्च, परंतु अगले वर्ष में प्राप्त अनुदान, को प्रोद्भूत आधार पर हिसाब में लिया जाता है।

ग) प्राप्त अनुदानों को, भारत सरकार से प्राप्त अग्रिम के रूप में माना जाता है और इन्हें भारत सरकार को भुगतान योग्य राशियों के रूप में जाता है।

घ) इसके पश्चात, अनुदान को, किए गए खर्च की सीमा तक लाभ एवं हानि विवरण में आय के रूप में मान्यता दी जाती है।

ङ) पूंजीगत अनुदान के मामले में, किए गए खर्च को, आरक्षित पूंजी निधि, जो 'आस्थगित आय' के स्वरूप की है, सृजित करके मान्य अनुदान आय में से कम कर दिया जाता है। आरक्षित पूंजी को, उन परिसंपत्तियों पर मूल्यह्रास के अनुपात में सुसंगत परिसंपत्तियों के हर वर्ष में आय के रूप में मान्यता दी जाती है।

च) राजस्व से संबंधित सरकारी अनुदानों को उस अवधि के दौरान व्यवस्थित आधार पर लाभ और हानि के समेकित विवरण में मान्यता दी जाती है, जिसमें एनएसआईसी खर्च से संबंधित लागतों को व्यय के रूप में मान्यता देता है, जिससे कि ऐसे अनुदान संबंधित हैं/शामिल करने के लिए तैयार किए गए हैं।

छ) एसपीआरएस स्कीम के अंतर्गत सदस्यता शुल्क (एनएसएसएच), 'एसपीआरएस स्कीम के अंतर्गत निरीक्षण प्रभार (एनएसएसएच)', **'बी2बी स्कीम के अंतर्गत सदस्यता शुल्क (एनएसएसएच)'**, 'क्षमता निर्माण के लिए प्रशिक्षण शुल्क (एनएसएसएच)' और 'कार्यालय परिसरों के किराए (एनएसएसएचओ)' (लागू, जहाँ संपत्ति का स्वामित्व एनएसआईसी के पास है और जहाँ किराए का भुगतान, बाहरी व्यक्ति को किया जाता है, उसे एनएसएसएचओ के व्यय के रूप में लेखे में लिया जाता है) के प्रति शुल्कों की धनराशि की प्रतिपूर्ति के प्रति सरकारी अनुदान, "एनएसएसएच के अंतर्गत सदस्यता/निरीक्षण शुल्क, किराया आदि" समूह शीर्ष के अंतर्गत

उपयोग में लाए गए अनुदान के रूप में प्रभारित किए जाएंगे और मान्यताप्राप्त अनुदान आय से घटा दिए जाएंगे। इसी प्रकार, प्रशिक्षण संस्थानों को सहायता (एटीआई) स्कीम के अंतर्गत प्रशिक्षण शुल्कों की प्रतिपूर्ति के प्रति सरकारी अनुदान भी **"एटीआई के अंतर्गत प्रशिक्षण शुल्क"** समूह शीर्ष के अंतर्गत उपयोग में लाए गए अनुदान के रूप में प्रभारित किए जाते हैं और मान्यताप्राप्त अनुदान आय से घटा दिए जाएंगे।

उसी तर्ज पर, पीएमएसएस योजना के तहत सदस्यता शुल्क, विज्ञापन आदि की प्रतिपूर्ति के लिए सरकारी अनुदान को भी समूह शीर्ष **"बी2बी योजना (पीएमएसएस) के तहत सदस्यता शुल्क, विज्ञापन, आदि"** के तहत उपयोग किए जाने वाले अनुदान के रूप में प्रभारित किया जाता है और मान्यता प्राप्त आय अनुदान से कम किया जाता है।

क्योंकि निगम वाणिज्यिक आधार पर उपर्युक्त सभी सेवाएं पहले ही दे रहा है, इसलिए अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति की इकाईयों के मामले में निगम का वाणिज्यिक शुल्क का भुगतान अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति की एमएसई की इकाईयों के बजाए भारत सरकार द्वारा किया जा रहा है। अतः उपर्युक्त सभी प्रतिपूर्तियों को "सेवा की बिक्री" के अधीन अलग–अलग शीर्षों में **वाणिज्यिक राजस्व** के रूप में भी समझा जाता है।

ज) अनुमोदित दिशानिर्देशों की शर्तों के अनुसार खर्च की गई रकम पर किसी भी सरकारी प्रोत्साहन स्कीम के कार्यान्वयन के लिए निगम को दिया जाने वाला प्रशासनिक व्यय, यदि कोई हो, (जिसमें मानीटरिंग और रख–रखाव संबंधी सहायता, निगम का वाणिज्यिक राजस्व आदि पर किए गए व्यय की रकम शामिल नहीं होगी) को, **"सरकारी स्कीम के कार्यान्वयन के लिए प्रशासनिक प्रभार (अनुदान और सब्सिडीज)"** के समूह शीर्ष के अधीन प्रयुक्त अनुदान के रूप में प्रभारित किया जाता है और तदनुसार स्वीकृत अनुदान राजस्व से घटाया जाता है। चूंकि यह निगम का वाणिज्यिक राजस्व है, अतः उसे भी "सेवा की बिक्री" शीर्ष के अधीन **"सरकारी स्कीम के कार्यान्वयन के लिए प्रशासनिक प्रभार (अनुदान और सब्सिडीज)"** समूह शीर्ष में वाणिज्यिक राजस्व के रूप में भी दर्शाया जाएगा।

झ) यह निगम प्रोत्साहन स्कीम भी चालू कर रही है, यथा खरीद और विपणन सहायता स्कीम (पीएमएसएस), अंतरराष्ट्रीय सहयोग (आईसी), आदि। ये स्कीम मंत्रालय द्वारा जारी किए गए दिशानिर्देशों के अनुसार **प्रतिपूर्ति आधारित स्कीम** हैं, जिनमें एनएसआईसी द्वारा डीसी–एमएसएमई/मंत्रालय के कार्यालय से निधियों की प्राप्ति होती है और जिनके संबंध में दावाकृत व्यय की प्रतिपूर्ति की जाती है और उस वर्ष में उसे तदनुरूप अनुदान के रूप में समझा जाता है, जिस वर्ष में यह निधि प्राप्त होती है। पीएमएसएस घटक के मामले को छोड़कर ई–कॉमर्स प्लेटफार्म को अपनाना।

ञ) एटीआई और एनएसएसएच स्कीम, यदि कोई हो, के अधीन प्रशिक्षण के कारण किए गए वास्तविक प्रत्यक्ष व्यय को संबंधित शीर्ष के सामान्य लेखा शीर्ष के अधीन वाणिज्यिक व्यय के रूप में हिसाब में लिया जाता है।

ट) सरकारी अनुदान पर अर्जित ब्याज, यदि कोई हो, को अनुदान की मंजूरी की शर्तों के अनुसार भारत सरकार से प्राप्त अग्रिम के रूप में मान्यता दी जाती है और इसे भारत सरकार को भुगतान योग्य राशियों के रूप में दर्शाया जाता है।

ठ) यदि विभिन्न संवर्धनात्मक क्रियाकलापों के अग्रिम लेखाओं के अंतर्गत निवल परिणाम "घाटा" हो तो इसे वित्तीय परिसंपत्तियां शीर्ष के अंतर्गत "अनुदानों में घाटे के लिए भारत सरकार से प्राप्तियोग्य राशि" के रूप में दर्शाया जाता है और यदि "अधिशेष" है तो इसे वित्तीय देयताएं शीर्ष के अंतर्गत "अनुदानों में अधिशेष के लिए भारत सरकार को भुगतान योग्य राशि" के रूप में दर्शाया जाता है।

XIII. व्यय का आवंटन

वाणिज्यिक गतिविधियों के लिए सीधे जिम्मेदार खर्च, संबंधित गतिविधियों के लिए प्रभारित किए जाते हैं। अप्रत्यक्ष व्यय के मामले में, उन्हें वर्ष के दौरान विभिन्न वाणिज्यिक

गतिविधियों के तहत अर्जित राजस्व/आय के आधार पर आवंटित किया जाता है।

XIV. कर्मचारी लाभ

कर्मचारी लाभ में, वेतन और मजदूरियां, भविष्य निधि, उपदान, छुट्टी नकदीकरण और अन्य सेवांत लाभ शामिल हैं।

क) अल्पावधि कर्मचारी लाभ

अल्पावधि कर्मचारी लाभों में, वेतनों, भत्तों, वार्षिक छुट्टी और रुग्णता छुट्टी जैसी कर्मचारी लागतें शामिल हैं, जो उस वर्ष के दौरान उपार्जित की जाती हैं, जिसमें निगम के कर्मचारियों द्वारा संबद्ध सेवाएं प्रदान की जाती हैं।

अल्पावधि कर्मचारी लाभों के संबंध में मान्यताप्राप्त देयताएं, संबंधित सेवाओं के बदले में भुगतान किए जाने के लिए प्रत्याशित लाभों की अबट्टाकृत धनराशियों पर मापी जाती हैं।

ख) नियोजनोपरांत लाभ और अन्य दीर्घावधि कर्मचारी लाभ

(i) <u>परिभाषित अंशदान योजना</u>

परिभाषित अंशदान, एक ऐसा नियोजनोपरांत लाभ है, जहाँ एनएसआईसी, भिन्न–भिन्न संगठनों में निश्चित अंशदान का भुगतान करता है और आगे धनराशियों का भुगतान करने के लिए उसका कोई विधिक या रचनात्मक दायित्व नहीं होगा। निगम द्वारा भविष्य निधि, पेंशन निधि एवं सेवानिवृत्ति के बाद चिकित्सा लाभ (पीआरएमबी) में भुगतान किए गए अंशदानों को परिभाषित अंशदान योजना माना जाता है। वर्ष के दौरान भुगतान किए गए/भुगतान योग्य इन अंशदानों को, उस वर्ष, जिसमें संबंधित सेवाएं प्रदान की गई हैं, के लिए लाभ एवं हानि विवरण में कर्मचारी लाभ व्यय के रूप में मान्यता दी जाती है।

भविष्य निधि में अंशदान का भुगतान, किसी अलग न्यास के जरिए संचालित निधि में किया जाता है और पेंशन निधि में अंशदान का भुगतान, न्यास के जरिए भारतीय जीवन बीमा निगम में किया जाता है। पीआरएमबी के संबंध में, लोक उद्यम विभाग के दिशानिर्देशों के अनुसार चिकित्सा कॉप्रस सृजित किया जाता है, जिसका उपयोग, बीमा कंपनी को प्रीमियम का भुगतान करने के लिए किया जाता है। परोपकारी निधि में योगदान निधि के नियमों के अनुसार किया जाता है।

(ii) <u>परिभाषित लाभ योजना</u>

परिभाषित लाभ योजना, परिभाषित अंशदान योजना के अलावा एक अन्य नियोजनोत्तर लाभ योजना है। निगम द्वारा भुगतान किए जाने वाले उपदान, छुट्टी नकदीकरण और अन्य कर्मचारी लाभों नामतः रुग्णता छुट्टी, सेवानिवृत्ति पर यात्रा भत्ते, के प्रति निगम की देयता को परिभाषित लाभ योजना के अंतर्गत माना जाता है।

ऐसी परिभाषित लाभ योजनाओं के अंतर्गत दायित्व का वर्तमान मूल्य, अनुमानित इकाई क्रेडिट पद्धति का उपयोग करके वर्ष के अंत में बीमांकिक मूल्यांकन के आधार पर निर्धारित किया जाता है।

पुनः मापन, जिसमें बीमांकिक लाभ और हानियां शामिल हैं, को प्रत्यक्षतः अन्य व्यापक आय में उस अवधि में मान्यता दी जाती है, जिसमें वे होती हैं। अन्य व्यापक आय (ओसीआई) में मान्यता दिए गए पुनःमापन को तुरंत अवधारित अर्जनों में दर्शाया जाता है और उसे लाभ एवं हानि विवरण में पुनः वर्गीकृत नहीं किया जाता।

XV. पूर्वावधि व्यय और आय

पूर्वावधि से संबंधित आय/व्यय, जो प्रत्येक मामले में प्रचालनों से निगम के राजस्व के 0.25 प्रतिशत से अधिक नहीं है, को चालू वर्ष के आय/व्यय के रूप में माना जाता है।

XVI. पूर्व–प्रदत्त मदें

उत्तरवर्ती वर्ष (वर्षों) से संबंधित खर्चों को, पूर्व–प्रदत्त के रूप में केवल तभी माना जाता है, जहाँ यह भुगतान, प्रत्येक मामले में 1.00 लाख रुपए से अधिक हो।

XVII. कराधान

अवधि के खर्चों में, चालू कर और आस्थगित कर शामिल होते हैं। कर को लाभ एवं हानि विवरण में मान्यता दी जाती है, सिवाय उस सीमा तक, जिस सीमा तक यह अन्य व्यापक आय या प्रत्यक्ष रूप से इक्विटी में मान्यता प्राप्त मदों से संबंधित है, जहाँ कर को अन्य व्यापक आय या इक्विटी में भी मान्यता दी जाती है।

क) चालू कर

चालू कर, लागू होने वाली कर दरों और आय कर अधिनियम, 1961 तथा लागू होने वाले अन्य कर कानूनों के अनुसार यथानिर्धारित, वर्ष के लिए कर योग्य आय पर भुगतान योग्य कर है।

ख) आस्थगित कर

i. आस्थगित कर को, वित्तीय विवरणों में परिसंपत्तियों और देयताओं की रखाव धनराशियों के बीच अस्थायी अंतरों के संबंध में मान्यता दी जाती है और तदनुसार धनराशियों का उपयोग, कराधान उद्देश्य के लिए किया जाता है।

शिकायतों का आधार (अर्थात शिकायतों का कारण)	वर्ष के शुरू में लंबित शिकायतों की संख्या	वर्ष के दौरान प्राप्त शिकायतों की संख्या	पिछले वर्षों में प्राप्त शिकायतों की संख्या में वृद्धि/कमी की प्रतिशतता	वर्ष के अंत में लंबित शिकायतों की संख्या	कॉलम 5 में से ऐसी शिकायतों की संख्या जो 30 दिन से अधिक समय से लंबित हैं
31 मार्च, 2022 को समाप्त वर्ष					
ग्राउंड–1 एससीएसटी हब	-	7		1	-
ग्राउंड – 2 एसपीआरएस	-	11		-	-
ग्राउंड – 3 आरएमडी	-	5		-	-
ग्राउंड – 4 टेंडर मार्केटिंग	-	5		-	-
ग्राउंड – 5 एमएसएमई डेटाबैंक	-	2		-	-
कुल	-	**30**		**1**	-

iii 31 मार्च, 2023 को समाप्त वर्ष (पिछले वर्ष शून्य) के दौरान उचित व्यवहार संहिता के तहत उधारकर्ताओं से निगम को कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई है।

ण) किसी जमा स्वीकार न करने वाली गैर–वित्तीय कंपनी (यथासंशेधित, दिनांक 01 सिंतबर, 2016 के मास्टर निर्देश डीएनबीआर. पीडी.008/03.10.119/2016–17 के अंतर्गत जारी किए गए, गैर–बैंकिंग वित्तीय कंपनियां – व्यवस्थित रूप से महत्त्वपूर्ण जमा स्वीकार न करने वाली कंपनी और जमा स्वीकार करने वाली कंपनी (रिजर्व बैंक) निर्देश, 2016 के मास्टर निर्देश के पैराग्राफ 18 के अनुसार यथा अपेक्षित) के तुलन–पत्र की अनुसूची

देयताएँ पक्ष

1) उन पर उपार्जित ब्याज सहित गैर–बैंकिंग वित्तीय कंपनी द्वारा लिए गए परंतु भुगतान न किए गए ऋण और अग्रिमः

(लाख रू. में)

विवरण		31 मार्च, 2023 को यथास्थिति		31 मार्च, 2022 को यथास्थिति	
		बकाया धनराशि	अतिदेय धनराशि	बकाया धनराशि	अतिदेय धनराशि
(क)	डिबेंचर	-	-	-	-
(ख)	आस्थगित क्रेडिट	-	-	-	-
(ग)	सावधि ऋण	4817.23	-	4844.13	-
(घ)	अंतर–कॉरपोरेट ऋण और उधार	-	-	-	-
(ङ)	वाणिज्यिक पेपर	-	-	-	-
(च)	सार्वजनिक जमा	-	-	-	-
(छ)	अन्य ऋण				
	बैंक ओवरड्राफ्ट, नकद क्रेडिट एवं कार्यशील पूंजी मांग ऋण	150932.84	-	147502.51	-

2) ऊपर 1(च) (उन पर उपार्जित ब्याज सहित बकाया परंतु भुगतान न की गई सार्वजनिक जमा राशियाँ) का अलग–अलग विवरण:

–लागू नहीं–

परिसंपत्ति पक्ष

3) प्राप्तियोग्य बिलों सहित {नीचे (4) में शामिल किए गए के अलावा} ऋणों और अग्रिमों का अलग–अलग विवरण

(लाख रू. में)

विवरण	बकाया धनराशि	
	31 मार्च, 2023 को यथास्थिति	31 मार्च, 2022 को यथास्थिति
(क) प्रतिभूत (प्रावधान के पश्चात निवल)	-	-
(ख) बैंक/सरकारी गारंटियों द्वारा कवर किए गए (प्रावधान के पश्चात निवल)	261701.14	242888.18
(ग) अप्रतिभूत (प्रावधान के पश्चात निवल)	-	-

4) एएफसी क्रियाकलापों के प्रति गिने जाने वाले किराये और बंधक–पत्र के ऋणों पर पट्टे पर दी गई परिसंपत्तियों और स्टॉक का अलग–अलग विवरण

–लागू नहीं–

5) निवेशों का अलग–अलग विवरण (घटाव को छोड़कर निवल):

(लाख रू. में)

विवरण		बकाया धनराशि	
		31 मार्च, 2023 को यथास्थिति	31 मार्च, 2022 को यथास्थिति
चालू निवेश			
1	**उद्धृत**		
(i)	शेयर	शून्य	शून्य
(क)	इक्विटी		
(ख)	वरीयता		
(ii)	डिबेंचर और बांड		
(iii)	म्युचुअल फंड की यूनिटें		
(iv)	सरकारी प्रतिभूतियाँ		
(v)	अन्य		
2	**अनुद्धृत**		
(i)	शेयर		
(क)	इक्विटी	शून्य	शून्य
(ख)	वरीयता	शून्य	शून्य
(ii)	डिबेंचर और बांड	शून्य	शून्य
(iii)	म्युचुअल फंड की यूनिटें	शून्य	शून्य
(iv)	सरकारी प्रतिभूतियाँ	शून्य	शून्य

विवरण		बकाया धनराशि	
		31 मार्च, 2023 को यथास्थिति	31 मार्च, 2022 को यथास्थिति
(v)	अन्य	शून्य	शून्य
	दीर्घावधि निवेश		
1	**उद्धृत**		
(i)	शेयर		
(क)	इक्विटी (उचित मूल्य)	304.76	269.07
(ख)	वरीयता	शून्य	शून्य
(ii)	डिबेंचर और बांड	शून्य	शून्य
(iii)	म्युचुअल फंड की यूनिटें	शून्य	शून्य
(iv)	सरकारी प्रतिभूतियाँ	शून्य	शून्य
(v)	अन्य	शून्य	शून्य
2	**अनुद्धृत**		
(i)	शेयर		
(क)	इक्विटी (हानिकरण के पश्चात निवल)	600.00	600.00
(ख)	वरीयता	शून्य	शून्य
(ii)	डिबेंचर और बांड	शून्य	शून्य
(iii)	म्युचुअल फंड की यूनिटें	शून्य	शून्य
(iv)	सरकारी प्रतिभूतियाँ	शून्य	शून्य
(v)	अन्य	5.25	1.78

6) ऊपर (3) और (4) में दिए गए अनुसार वित्तपोषित परिसंपत्तियों का ऋणी समूह–वार वर्गीकरण

(लाख रू. में)

श्रेणी		31 मार्च, 2023 को यथास्थिति			31 मार्च, 2022 को यथास्थिति		
		प्रतिभूत (प्रावधान के पश्चात निवल)	बैंक/सरकारी गारंटियों द्वारा कवर किया गया (प्रावधान के पश्चात निवल)	अप्रतिभूत (प्रावधान के पश्चात निवल)	प्रतिभूत (प्रावधान के पश्चात निवल)	बैंक/सरकारी गारंटियों द्वारा कवर किया गया (प्रावधान के पश्चात निवल)	अप्रतिभूत (प्रावधान के पश्चात निवल)
1	संबंधित पक्षकार						
(क)	आर्थिक सहायता	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य
(ख)	उसी समूह में कंपनियाँ	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य
(ग)	अन्य संबंधित पक्षकार	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य
2	संबंधित पक्षकारों के अलावा	शून्य	261701.14	शून्य	शून्य	242888.18	शून्य

7) **शेयरों और प्रतिभूतियों (उद्धृत और अनुद्धृत दोनों) में सभी निवेशों (चालू और दीर्घावधि) का निवेशक समूह–वार वर्गीकरणः**

(लाख रू. में)

श्रेणी		31 मार्च, 2023 को यथास्थिति		31 मार्च, 2022 को यथास्थिति	
		उचित मूल्य	अंकित मूल्य	उचित मूल्य	अंकित मूल्य
1	संबंधित पक्षकार				
(क)	आर्थिक सहायता	600.00	600.00	600.00	600.00
(ख)	उसी समूह में कंपनियाँ	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य
(ग)	अन्य संबंधित पक्षकार	5.52	5.52	1.78	1.78
2	संबंधित पक्षकारों के अलावा	304.76	304.76	269.07	269.07

5. वर्ष के दौरान, निगम ने अनुसंधान और विकास (आर एंड डी)/नवाचार पर रु. 347.77 लाख (रू. 211.86) का व्यय किया है।

6. 31.03.2023 (पिछले वर्ष शून्य) तक कोई बिल नहीं किया गया (व्यापार देय और व्यापार प्राप्य) नहीं है।

7. सभी धनराशियां लाख रुपयों में हैं, जब तक अन्यथा उल्लेख न किया गया हो।

8. वित्तीय विवरणों की टिप्पणियों में कोष्ठक में दिए गए आंकड़े पिछले वर्ष के आंकड़ों को प्रदर्शित करते हैं।

9. पिछले वर्ष के आँकड़ों को जहाँ कहीं आवश्यक हो, पुनर्वर्गीकृत, पुनर्व्यवस्थित और पुनर्गठित किया गया है।

****

राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम लिमिटेड

[सीआईएन नं. : यू74140डीएल1955जीओआई002481]

31.03.2023 को समाप्त वर्ष के लिए लाभ एवं हानि (वाणिज्य) का एकल विवरण

(लाख रू. में)

विवरण		नोट संख्या	31.03.23 को यथास्थिति	31.03.22 को यथास्थिति
I	**राजस्व**			
क	प्रचालनों से राजस्व	21		
	उत्पादों की बिक्री		232491.66	221163.92
	सेवाओं की बिक्री		10994.01	9087.87
	ब्याज आय		28316.10	26130.56
	शुल्क और कमीशन आय		4730.12	4735.83
	[इसमें संचालित माल और प्रदान की गई सेवा के लिए 4730.12 लाख रू. (4735.83 लाख रू.) के मूल्य के अर्जित प्रोसेसिंग शुल्क सेवा प्रभार 1684329.65 लाख रू. (1819418.11 लाख रू.) शामिल है।]			
	अन्य परिचालन आय		481.88	751.80
	प्रचालन से कुल राजस्व		**277013.77**	**261869.98**
ख	अन्य आय	22	160.70	121.87
ग	अनुदान और सब्सिडियां	23	0.00	0.00
	कुल राजस्व (क + ख + ग)		**277174.47**	**261991.85**
II	**व्यय**			
	उत्पादों की खरीद	24	231796.49	220204.04
	माल–सूचियों में परिवर्तन	25	0.00	1.91
	कर्मचारी लाभ व्यय	26	13019.43	13021.74
	वित्त लागतें	27	9084.67	6261.56
	मूल्यह्रास और परिशोधन व्यय	28	703.59	742.00
	निगमित सामाजिक जिम्मेदारी	29	278.27	230.60
	अन्य व्यय	30	7396.73	6915.85
	शुल्क और कमीशन व्यय	34	84.09	71.85
	कुल व्यय		**262363.27**	**247449.55**
III	**आपवादिक मदों, और कर से पूर्व लाभ**		**14811.20**	**14542.30**
	असाधारण मदें (टिप्पणी–35 की बिंदु संख्या 4च(ख) देखें)		-13.94	-6.20
IV	**कर पूर्व लाभ**		**14825.14**	**14548.50**
	कर व्यय	31		
	वर्तमान कर		3500.00	3500.00
	आस्थगित कर		310.68	234.25
	पूर्ववर्ती वर्ष		-33.81	-8.33
V	**कुल कर व्यय**		**3776.87**	**3725.92**
VI	**चल रहे प्रचालनों से अवधि के लिए कर–पश्चात लाभ**		**11048.27**	**10822.58**
VII	बंद हो गए प्रचालनों से लाभ		0.00	0.00
VIII	बंद हो गए प्रचालनों से कर व्यय		0.00	0.00

राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम लिमिटेड

[सीआईएन नं. : यू74140डीएल1955जीओआई002481]

31.03.2023 को समाप्त वर्ष के लिए लाभ एवं हानि (वाणिज्य) का एकल विवरण

(लाख रू. में)

विवरण		नोट संख्या	31.03.23 को यथास्थिति	31.03.22 को यथास्थिति
IX	बंद हो गए प्रचालनों से लाभ (कर–पश्चात)		0.00	0.00
X	**अवधि का लाभ**		**11048.27**	**10822.58**
XI	**अन्य व्यापक आय**			
क	मदें, जिन्हें लाभ अथवा हानि में पुनः वर्गीकृत नहीं किया जाएगा		35.69	94.70
	ऐसी मदें, जो लाभ या हानि.सुनिश्चित लाभ स्कीमों पर लाभ/हानि पुनः वर्गीकृत नहीं किया जाएगा।		3.02	-141.37
	उन मदों से संबंधित आयकर, जो लाभ/हानि में पुनः वर्गीकृत नहीं किया जाएगा		-9.73	11.75
	उप–जोड़ (क)		**28.98**	**-34.92**
ख	मदें, जिन्हें लाभ अथवा हानि में पुनःवर्गीकृत किया जाएगा		0.00	0.00
	उन मदों से संबंधित आय कर, जिन्हें लाभ अथवा हानि में पुनः वर्गीकृत किया जाएगा		0.00	0.00
	उप–जोड़ (ख)		**0.00**	**0.00**
	अन्य व्यापक आय (क + ख)		**28.98**	**-34.92**
XII	**अवधि के लिए कुल विस्तृत आय (X + XI) (लाभ/हानि सहित) और अवधि के लिए अन्य व्यापक आय**		**11077.25**	**10787.66**
XIII	**प्रति इक्विटी शेयर अर्जन (सतत प्रचालनों से)**	**32**		
	मूल (रु.)		20.73	20.31
	न्यूनीकृत (रु.)		20.73	20.31
XIV	**आकस्मिक प्रतिबद्धताएं**	**33 (i)**	**3974.46**	**1286.20**
XV	**पूंजीगत प्रतिबद्धताएं**	**33 (ii)**	**986.82**	**1620.93**
	लेखाओं पर अन्य टिप्पणियां	**35**		

कॉरपोरेट सूचना विवरण (टिप्पणी–1), लेखांकन नीतियां (टिप्पणी–2)

टिप्पणीः उपर्युक्त संदर्भित टिप्पणियां 1 से 35 वित्तीय विवरणों का अभिन्न अंग हैं।

इक्विटी स्टेटमेंट में परिवर्तन तुलन पत्र का अभिन्न अंग है और लाभ एवं हानि लेखों का विवरण के पश्चात रखा गया है

इसी तारीख को हमारी संलग्न रिपोर्ट के अनुसार
गोयल पारूल एण्ड कंपनी
सनदी लेखाकार
फर्म पंजीकरण सं.: 016750एन

ह./–
(पारूल गोयल)
साझेदार
[सदस्यता सं.: 099172]
स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 28.08.2023
यूडीआईएन : 23099172बीजीवीजेड़एटी9630

निदेशक मंडल के लिए और उनकी ओर से

ह./–
गौरव गुलाटी
निदेशक (वित्त)
[डीआईएन नं.: 10144109]

ह./–
विपुल गोयल
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक
[डीआईएन नं.: 10229523]

ह./–
पार्थ माझी
महाप्रबंधक (वित्त एवं लेखा)

ह./–
निष्ठा गोयल
कंपनी सचिव
[सदस्यता संख्याः ए22768]

राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम लिमिटेड

[सीआईएन नं. : यू74140डीएल1955जीओआई002481]

31.03.2023 को समाप्त वर्ष के लिए लाभ एवं हानि (संवर्धनात्मक) का एकल विवरण

(लाख रू. में)

विवरण		नोट संख्या	31.03.23 को यथास्थिति	31.03.22 को यथास्थिति
I	**राजस्व**			
क	**प्रचालनों से राजस्व**	21		
	उत्पादों की बिक्री		0.00	0.00
	सेवाओं की बिक्री		0.00	0.00
	ब्याज आय		0.00	0.00
	प्रोसेसिंग शुल्क		0.00	0.00
	अन्य प्रचालन आय		0.00	0.00
	प्रचालनों से कुल राजस्व		**0.00**	**0.00**
ख	अन्य आय	22	0.00	0.00
ग	अनुदान और सब्सिडियां	23	10508.11	6700.65
	कुल राजस्व (क + ख + ग)		**10508.11**	**6700.65**
II	**व्यय**			
	उत्पादों की खरीद	24	0.00	0.00
	माल–सूचियों में परिवर्तन	25	0.00	0.00
	कर्मचारी लाभ व्यय	26	357.85	379.49
	वित्त लागतें	27	0.00	0.00
	मूल्यह्रास और परिशोधन व्यय	28	0.00	0.00
	निगमित सामाजिक जिम्मेदारी	29	0.00	0.00
	अन्य व्यय	30	10150.26	6321.16
	शुल्क और कमीशन व्यय	34	0.00	0.00
	कुल व्यय		**10508.11**	**6700.65**
III	**आपवादिक मदों, और कर से पूर्व लाभ**		**0.00**	**0.00**
	आपवादिक मदें		0.00	0.00
IV	**कर पूर्व लाभ**		**0.00**	**0.00**
	कर व्यय	31		
	वर्तमान कर		0.00	0.00
	आस्थगित कर		0.00	0.00
	पूर्ववर्ती वर्ष		0.00	0.00
V	**कुल कर व्यय**		**0.00**	**0.00**
VI	**चल रहे प्रचालनों से अवधि के लिए कर–पश्चात लाभ**		**0.00**	**0.00**
VII	बंद हो गए प्रचालनों से लाभ		0.00	0.00
VIII	बंद हो गए प्रचालनों से कर व्यय		0.00	0.00
IX	बंद हो गए प्रचालनों से लाभ (कर–पश्चात)		0.00	0.00
X	**अवधि का लाभ**		**0.00**	**0.00**

राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम लिमिटेड

[सीआईएन नं. : यू74140डीएल1955जीओआई002481]

31.03.2023 को समाप्त वर्ष के लिए लाभ एवं हानि (संवर्धनात्मक) का एकल विवरण

(लाख रू. में)

विवरण		नोट संख्या	31.03.23 को यथास्थिति	31.03.22 को यथास्थिति
XI	**अन्य विस्तृत आय**			
क	मदें जिन्हें लाभ अथवा हानि–निवेश/सुनिश्चित लाभ स्कीमों पर बीमांकिक लाभ/हानि पुनः वर्गीकृत नहीं किया जाएगा।		0.00	0.00
	उन मदों से संबंधित आय कर, जिन्हें लाभ अथवा हानि में पुनः वर्गीकृत नहीं किया जाएगा।		0.00	0.00
	उप जोड़ (क)		**0.00**	**0.00**
ख	मदें, जिन्हें लाभ अथवा हानि में पुनः वर्गीकृत किया जाएगा		0.00	0.00
	उन मदों से संबंधित आय कर, जिन्हें लाभ अथवा हानि में पुनः वर्गीकृत किया जाएगा		0.00	0.00
	उप जोड़ (ख)		**0.00**	**0.00**
	अन्य व्यापक आय (क + ख)		0.00	0.00
XII	**अवधि के लिए कुल व्यापक आय (X + XI) (लाभ/हानि सहित) और अवधि के लिए अन्य व्यापक आय**		0.00	0.00
XIII	**प्रति इक्विटी शेयर अर्जन (सतत प्रचालनों से)**	32		
	मूल (रु.)		0.00	0.00
	न्यूनीकृत (रु.)		0.00	0.00
XIV	**आकस्मिक देयताएं**	33 (i)	**0.00**	**0.00**
XV	**पूंजीगत प्रतिबद्धताएं**	33 (ii)	**0.00**	**1675.82**
	लेखाओं पर अन्य टिप्पणियां	35		

कॉरपोरेट सूचना विवरण (टिप्पणी–1), लेखांकन नीतियां (टिप्पणी–2)

टिप्पणी: उपर्युक्त संदर्भित टिप्पणियां 1 से 35 वित्तीय विवरणों का अभिन्न अंग हैं।

इक्विटी स्टेटमेंट में परिवर्तन तुलन पत्र का अभिन्न अंग है और लाभ एवं हानि लेखों का विवरण के पश्चात रखा गया है

इसी तारीख को हमारी संलग्न रिपोर्ट के अनुसार
गोयल पारूल एण्ड कंपनी
सनदी लेखाकार
फर्म पंजीकरण सं.: 016750एन

ह./–
(पारूल गोयल)
साझेदार
[सदस्यता सं.: 099172]
स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 28.08.2023
यूडीआईएन : 23099172बीजीवीजेड़एटी9630

निदेशक मंडल के लिए और उनकी ओर से

ह./–
गौरव गुलाटी
निदेशक (वित्त)
[डीआईएन नं.: 10144109]

ह./–
विपुल गोयल
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक
[डीआईएन नं.: 10229523]

ह./–
पार्थ माझी
महाप्रबंधक (वित्त एवं लेखा)

ह./–
निष्ठा गोयल
कंपनी सचिव
[सदस्यता संख्या: ए22768]

31 मार्च 2023 को समाप्त वर्ष के लिए राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम लिमिटेड के वित्तीय विवरणों पर कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 143(6)(ख) के अधीन भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक की टिप्पणियाँ

कंपनी अधिनियम, 2013 (अधिनियम) के अधीन निर्धारित वित्तीय रिपोर्टिंग ढांचे के अनुसार 31 मार्च, 2023 को समाप्त वर्ष के राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम लिमिटेड के वित्तीय विवरण तैयार करना कंपनी के प्रबंधन का उत्तरदायित्व है। उक्त अधिनियम की धारा 139(5) के अधीन भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक द्वारा नियुक्त सांविधिक लेखापरीक्षक उक्त अधिनियम की धारा 143(10) के अधीन निर्धारित लेखापरीक्षा मानकों के अनुसार स्वतंत्र लेखापरीक्षा पर आधारित अधिनियम की धारा 143 के आधार पर इन वित्तीय विवरणों पर राय व्यक्त करने के लिए उत्तरदायी है। उनकी दिनांक 18 अगस्त, 2023 की लेखापरीक्षा रिपोर्ट के जरिए बताया गया है कि ऐसा कर दिया गया है।

मैंने, भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक की ओर से, कंपनी अधिनियम की धारा 143(6)(ख) के अधीन राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम लिमिटेड के दिनांक 31 मार्च, 2023 को समाप्त वर्ष के वित्तीय विवरणों की अनुपूरक लेखापरीक्षा की है। यह अनुपूरक लेखा परीक्षा सांविधिक लेखापरीक्षकों के कार्यशील दस्तावेजों को प्राप्त किए बिना स्वतंत्र रूप से की गई है और यह मुख्य रूप से सांविधिक लेखापरीक्षकों और कंपनी के कार्मिकों की पूछताछ और कुछ लेखाकंन रिकार्डों की चयनात्मक जांच तक सीमित है।

मेरी पूरक लेखापरीक्षा के आधार पर, तथा मेरी जानकारी में ऐसा कुछ भी महत्वपूर्ण नहीं आया है, जो अधिनियम की धारा 143(6)(ख) के तहत सांविधिक लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट पर किसी टिप्पणी का कारण बनती हो अथवा इसका पूरक बनती हो।

भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक के लिए और की ओर से

ह./–
(संजय कुमार झा)
प्रधान लेखापरीक्षा निदेशक
(उद्योग और कार्पोरेट मामले)

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 6 नवंबर, 2023

स्वतंत्र लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट

सेवा में,

राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम लिमिटेड के सदस्यगण

भारतीय लेखा मानक समेकित वित्तीय विवरणों की लेखा–परीक्षा पर रिपोर्ट

राय

हमने **राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम लिमिटेड** (इसके बाद 'होल्डिंग कंपनी' के रूप में संदर्भित) और इसकी सहायक – एनएसआईसी वेंचर कैपिटल फंड लिमिटेड (होल्डिंग कंपनी और इसकी सहायक कंपनी को 'समूह' के रूप में संदर्भित किया गया है), के संलग्न **समेकित** वित्तीय विवरणों का लेखा–परीक्षण किया है, जिसमें 31 मार्च 2023 को समेकित तुलन पत्र, लाभ और हानि का समेकित विवरण (अन्य व्यापक आय सहित), इक्विटी में परिवर्तन का समेकित विवरण, और समाप्त वर्ष के लिए नकदी प्रवाह का समेकित विवरण और टिप्पणियाँ शामिल हैं, साथ ही इसमें समेकित वित्तीय विवरण, जिसमें महत्वपूर्ण लेखा नीतियों और अन्य व्याख्यात्मक जानकारी का सारांश (इसके बाद समेकित वित्तीय विवरण के रूप में संदर्भित) शामिल है (जिन्हें इसमें आगे समेकित वित्तीय विवरण कहा गया है)।

हमारे अभिमत में और हमारी सर्वोत्तम जानकारी के अनुसार तथा हमें दिए गए स्पष्टीकरणों के अनुसार, और अलग–अलग वित्तीय विवरणों पर अन्य लेखा परीक्षकों की रिपोर्टों पर विचार के आधार पर, और सहायक की अन्य वित्तीय जानकारी के आधार पर उपरोक्त समेकित वित्तीय विवरण देते हैं कंपनी अधिनियम 2013 द्वारा अपेक्षित तरीके से आवश्यक जानकारी, और दिनांक 31 मार्च 2023 तक समूह के मामलों की समेकित स्थिति के भारत में आम तौर पर स्वीकार किए गए लेखांकन सिद्धांतों के अनुरूप एक सही और निष्पक्ष दृष्टिकोण प्रदान करता है, जिसमें समेकित लाभ (कुल व्यापक आय सहित), इक्विटी में समेकित परिवर्तन, और उस तारीख को समाप्त वर्ष के लिए समेकित नकदी प्रवाह शामिल है।

राय का आधार

हमने कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 143(10) के अनुसार समेकित वित्तीय विवरणों की अपनी लेखापरीक्षा की है। उन मानकों के अंतर्गत हमारी जिम्मेदारी, हमारी रिपोर्ट के समेकित वित्तीय विवरण भाग की 'लेखापरीक्षा के लिए लेखापरीक्षकों की जिम्मेदारियाँ' वर्णित हैं। हम, नैतिकता अपेक्षाओं, जो कंपनी अधिनियम, 2013 और उसके अंतर्गत बनाए गए नियमों के उपबंधों के अंतर्गत वित्तीय विवरणों की हमारी लेखापरीक्षा से सुसंगत हैं, के साथ–साथ भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान (आईसीएआई) द्वारा जारी की गई नैतिकता संहिता के अनुसार कंपनी से स्वतंत्र हैं और हमने इन अपेक्षाओं और नैतिकता संहिता के अनुसार अपनी अन्य नैतिक जिम्मेदारियाँ पूरी की हैं। हम विश्वास करते हैं कि जो लेखापरीक्षा साक्ष्य हमने प्राप्त किया है, वह हमारी राय का आधार उपलब्ध कराने के लिए पर्याप्त और समुचित है।

मामलों पर जोर देना

1. **हम निम्नलिखित मामलों की ओर ध्यान आकर्षित करते हैं:**

   क) **औद्योगिक एस्टेट नैनी में भूमि और भवन से संबंधित एकल वित्तीय विवरणों के साथ टिप्पणी संख्या 35(4)(ख)(ग) जिसमें विस्तारपूर्वक वर्णन किया गया है कि वित्तीय वर्ष 2021–22 के दौरान समूह का लाभ 15,30,910 कम करके आंका गया है।**

   ख) केएफडब्ल्यू के साथ समझौते की शर्तों के अनुसार 2249.66 लाख रुपए (गत वर्ष 2175.00 लाख रुपए) की केएफडब्ल्यू बारहवीं लाइन ऑफ क्रेडिट के संबंध में विनिमय अंतर हानियों के प्रावधान के 31.03.2023 के समापन शेष के संबंध में एकल वित्तीय विवरण के साथ संलग्न टिप्पणी संख्या 35(4)(ञ)(क)(ii)। तथापि, कुल बकाया ऋण (संलग्न एकल वित्तीय विवरणों के अनुबंध–15ए में दर्शाए गए अनुसार) केवल 1988.81 लाख रुपए (गत वर्ष 2021.90 लाख रुपए) है।

   ग) डीपीई दिशानिर्देशों के अनुसार निगम द्वारा सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लिए बनाई गई चिकित्सा योजनाओं के लिए कोष के संबंध में संलग्न एकल वित्तीय विवरणों में टिप्पणी संख्या 35(4)(झ)(घ)।

01.01.2007 से पहले और 01.01.2007 को या उसके बाद सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों के लिए चिकित्सा योजना के लिए 31.03.2023 को कुल राशि क्रमशः 252.68 लाख रुपए (गत वर्ष 359.71 लाख रुपए) और 451.70 लाख रुपए (गत वर्ष 422.29 लाख रुपए) थी।

घ) डीपीई दिशानिर्देशों के अनुसार वर्ष 2022–23 के लिए निष्पादन संबंधी वेतन (पीआरपी) के कारण 618.29 लाख रुपए (गत वर्ष 754.12 लाख) की राशि के लिए समूह द्वारा किए गए तदर्थ प्रावधान के संबंध में संलग्न एकल वित्तीय विवरण में टिप्पणी 35(4)(त)।

उपर्युक्त मामले के संबंध में हमारी राय सीमित नहीं है।

समेकित वित्तीय विवरणों और उन पर लेखापरीक्षा रिपोर्ट के अलावा सूचना

अन्य सूचना के लिए समूह का निदेशक मंडल जिम्मेदार है। अन्य सूचना में, प्रबंधन रिपोर्ट और अध्यक्ष का कथन शामिल की गई सूचना शामिल है परंतु इसमें वित्तीय विवरण और उन पर लेखापरीक्षा रिपोर्ट शामिल नहीं है। समेकित वित्तीय विवरणों पर हमारी राय में अन्य सूचना शामिल नहीं की गई है और हम उस पर किसी भी रूप में कोई आश्वासन निष्कर्ष व्यक्त नहीं करते हैं।

समेकित वित्तीय विवरणों की हमारी लेखापरीक्षा के संबंध में, हमारी जिम्मेदारी है कि हम अन्य सूचनाओं को पढ़ें और ऐसा करने में, इस बात पर विचार करें कि क्या अन्य जानकारी, समेकित वित्तीय विवरणों के साथ भौतिक रूप से असंगत है, अथवा भौतिक रूप से गलत बताया जाना अथवा लेखा परीक्षा में प्राप्त हमारी जानकारी या अन्यथा प्रकट होती है। यदि, हमारे द्वारा किए गए कार्य के आधार पर, हम यह निष्कर्ष निकालते हैं कि इस अन्य जानकारी का एक महत्वपूर्ण गलत विवरण है; और हमें उस तथ्य की रिपोर्ट करने की आवश्यकता है।

हमारे पास इस संबंध में रिपोर्ट करने के लिए कुछ भी नहीं है।

समेकित वित्तीय विवरणों के लिए प्रबंधन की जिम्मेदारी

ये समेकित वित्तीय विवरण, जो अधिनियम की धारा 133 के अंतर्गत विनिर्दिष्ट मानकों सहित में आमतौर पर स्वीकार किए गए लेखांकन मानकों के अनुसार निगम की वित्तीय स्थिति, वित्तीय कार्य–निष्पादन, (इक्विटी में परिवर्तन) और नकदी प्रवाह, की सही और सच्ची तस्वीर प्रस्तुत करते हैं, तैयार करने के संबंध में कंपनी अधिनियम, 2013 (अधिनियम) की धारा 134(5) में उल्लिखित मामलों के लिए समूह का निदेशक मंडल जिम्मेदार है। इस जिम्मेदारी में कंपनी की परिसंपत्तियों की रक्षा करने के लिए और धोखाधड़ी तथा अन्य अनियमिताओं का पता लगाने और उनकी रोकथाम के लिए, समुचित लेखांकन नीतियों के चयन और अनुप्रयोग ऐसे निर्णय लेने और अनुमान लगाने, जो तर्कसंगत और विवेकपूर्ण हों, ऐसे उपयुक्त आंतरिक वित्तीय नियंत्रण के डिजाइन, कार्यान्वयन तथा अनुरक्षण, जो समेकित वित्तीय विवरण तैयार करने और प्रस्तुत करने के लिए सुसंगत लेखांकन रिकार्डों की परिशुद्धता और परिपूर्णता सुनिश्चित करने के लिए प्रचालरत हों, जो सच्ची और सही तस्वीर प्रस्तुत करते हों और सारवान मिथ्याकथन, चाहे धोखाधड़ी के कारण या गलती के कारण, से मुक्त हों, अधिनियम के उपबंधों के अनुसार पर्याप्त लेखांकन रिकार्ड का रखरखाव भी शामिल है। वित्तीय विवरण तैयार करने में, निदेशक मंडल, के चलते रहने वाले प्रतिष्ठान के रूप में जारी रखे जाने की कंपनी की योग्यता का मूल्यांकन करने, चलते रहने वाले प्रतिष्ठान से संबंधित मामलों के प्रकटीकरण, जैसा लागू हो, और लेखांकन के चलते रहने वाले आधार का इस्तेमाल करने, जब तक निदेशक मंडल या तो कंपनी के परिसमापन करने की या प्रचालन बंद करने की मंशा न रखे या उसके पास ऐसा करने के अलावा कोई अन्य वास्तविक विकल्प न हो, के लिए भी जिम्मेदार है।

यह निदेशक मंडल, कंपनी की वित्तीय रिपोर्टिंग प्रक्रिया की निगरानी करने के लिए भी जिम्मेदार है।

समेकित वित्तीय विवरणों की लेखापरीक्षा के लिए लेखापरीक्षकों की जिम्मेदारियाँ।

हमारे उद्देश्य, इस बारे में तर्कसंगत आश्वासन प्राप्त करना है कि क्या पूरे **समेकित वित्तीय विवरण**, सारवान मिथ्याकथन से मुक्त हैं, चाहे वे धोखाधड़ी के कारण हों या गलती के कारण, और लेखापरीक्षा रिपोर्ट जारी करना है, जिसमें हमारी राय शामिल हो। तर्कसंगत आश्वासन, आश्वासन का एक उच्चस्तर है परंतु यह गारंटी नहीं है कि लेखांकन मानकों के अनुसार की गई लेखापरीक्षा, सदैव किसी सारवान मिथ्या कथन का पता लगा लेगी, जब यह मौजूद हो। मिथ्या कथन, धोखाधड़ी या गलती से उत्पन्न हो सकता है और उसे सारवान तभी माना जाता है यदि अलग–अलग या स्वीकृत रूप से उनसे, इन वित्तीय विवरणों

के आधार पर लिए गए उपयोगकर्ताओं के आर्थिक विषयों को प्रभावित करने की संभावना हो।

लेखांकन मानकों के अनुसार लेखापरीक्षा के भाग के रूप में, हम व्यावसायिक निर्णय का इस्तेमाल करते हैं और पूरी लेखापरीक्षा के दौरान व्यावसायिक संदेह बनाए रखते हैं। हम निम्नलिखित भी करते हैं:

- वित्तीय विवरणों के सारवान मिथ्या कथन के जोखिमों की पहचान करना और उनका मूल्यांकन करना, चाहे वे धोखाधड़ी के कारण हों या गलती के कारण और इन जोखिमों के प्रति लेखापरीक्षा प्रक्रियाएं तैयार करना और लागू करना तथा ऐसे लेखापरीक्षा साक्ष्य प्राप्त करना, जो हमारी राय के लिए एक आधार उपलब्ध कराने के लिए पर्याप्त और समुचित है। धोखाधड़ी के परिणामस्वरूप किसी सारवान मिथ्या कथन का पता न लगाए जाने का जोखिम गलती के परिणामस्वरूप होने वाले जोखिम की तुलना में उच्चतर होता है, क्योंकि धोखाधड़ी में मिलीभगत, जालसाजी, जानबूझकर की गई चूकें, मिथ्यनिरूपण या आंतरिक नियंत्रणों का अधिक्रमण शामिल हो सकता है।

- ऐसी लेखपरीक्षा प्रक्रियाएं तैयार करने की दृष्टि से, जो परिस्थितियों में समुचित हों, लेखापरीक्षा से सुसंगत आंतरिक नियंत्रण की समझबूझ प्राप्त करना। कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 143 (3)(i) के अंतर्गत, हम इस पर भी अपनी राय व्यक्त करने के लिए जिम्मेदार हैं कि क्या समूह के पास वित्तीय विवरणों के संदर्भ में पर्याप्त आंतरिक वित्तीय नियंत्रण और उन नियंत्रणों का प्रचालनरत प्रभावीपन मौजूद हैं।

- इस्तेमाल की गई लेखांकन नीतियों की उपयुक्तता और लेखांकन अनुमानों तथा प्रबंधन द्वारा किए गए संबंधित विगोपनों की तर्कसंगतता का मूल्यांकन करना।

- लेखांकन के चल रहे प्रतिष्ठान आधार के प्रबंधन के इस्तेमाल की उपयुक्तता पर निष्कर्ष देना और प्राप्त किए गए लेखापरीक्षा साक्ष्य के आधार पर यह पता लगाना कि क्या घटनाओं या शर्तों से संबंधित कोई सारवान अनिश्चितता मौजूद है, जो चल रहे प्रतिष्ठान के रूप में जारी रखे जाने की समूह की योग्यता पर महत्त्वपूर्ण संदेह उत्पन्न कर सकती है। यदि हम यह निष्कर्ष निकालते हैं कि कोई सारवान अनिश्चितता मौजूद है तो हमारे लिए यह आवश्यक होगा कि हम अपनी लेखापरीक्षा रिपोर्ट में, वित्तीय विवरणों में संबंधित विगोपनों की ओर ध्यान आकर्षित करें या यदि ये विगोपन हमारी राय संशोधित करने के लिए अपर्याप्त हैं। हमारे निष्कर्ष हमारी लेखापरीक्षा रिपोर्ट की तारीख तक प्राप्त किए गए लेखापरीक्षा साक्ष्य पर आधारित हैं। तथापि, भावी घटनाएं या स्थितियां समूह के लिए एक चल रहे प्रतिष्ठान के रूप में जारी न रहने का कारण बन सकती हैं।

- विगोपनों सहित वित्तीय विवरणों के समग्र प्रस्तुतिकरण, संरचना और विषय–वस्तु का मूल्यांकन करना और क्या वित्तीय विवरण, किसी ऐसे तरीके से, जो उचित प्रस्तुतिकरण प्राप्त करता है, से अंतर्निहित लेन–देनों और घटनाओं को प्रदर्शित कर रहा है।

हम अन्य मामलों के साथ–साथ लेखापरीक्षा के नियोजित दायरे और समय तथा आंतरिक नियंत्रण में किसी महत्त्वपूर्ण कमी, जिसका पता हम अपनी लेखापरीक्षा के दौरान लगाते हैं, सहित सारवान लेखापरीक्षा निष्कर्षों के संबंध में अभिशासन के प्रभार वाले व्यक्तियों के साथ पत्र व्यवहार करते हैं।

हम अभिशासन के प्रभार वाले व्यक्तियों को एक विवरण भी उपलब्ध कराते हैं, जो हमने स्वतंत्रता के संबंध में सुसंगत नैतिक अपेक्षाओं के साथ संकलित किया है और उनके साथ पत्र व्यवहार करने के लिए सभी संबंध और अन्य मामले, जो हमारी स्वतंत्रता के संबंध में तर्कसंगत समझे जाते हैं और जहाँ लागू हों, संबंधित रक्षोपाय भी उपलब्ध कराते हैं।

अभिशासन के प्रभार वाले व्यक्तियों के साथ संसूचित मामलों से हम ऐसे मामले निर्धारित करते हैं जो चालू अवधि के वित्तीय विवरणों की लेखापरीक्षा में सबसे अधिक महत्त्व के थे और इसलिए वे मुख्य लेखापरीक्षा के मामले हैं। हम अपनी लेखापरीक्षा रिपोर्ट में उन मामलों का वर्णन करते हैं। जब तक कानून या विनियम मामले के बारे में सार्वजनिक विगोपन से विवर्जित नहीं करते या जब अत्यधिक विरल परिस्थितियों में हम निर्धारित करते हैं कि कोई मामला हमारी रिपोर्ट में इसलिए संसूचित नहीं किया जाना चाहिए क्योंकि ऐसा करने के प्रतिकूल परिणामों से यह आशा है कि वे इस संसूचन के सार्वजनिक हित लाभ को तर्कसंगत ढंग से समाप्त कर देंगे।

अन्य मामले

1. हमने उस तारीख को समाप्त वर्ष के लिए इसकी सहायक कंपनी – एनवीसीएफएल के वित्तीय विवरणों का लेखा–जोखा नहीं किया, जिनके वित्तीय विवरण/वित्तीय जानकारी में कुल रु. 1406.66 लाख (पिछले वर्ष 903.57 लाख) की संपत्ति और उस तारीख को समाप्त वर्ष के लिए कुल रु. 413.12 लाख (पिछले वर्ष 201.60 लाख) का राजस्व दर्शाया गया है, जैसा कि समेकित वित्तीय विवरणों में इनकी गणना की गई है। एनवीसीएफएल की वित्तीय विवरण/सूचनाओं की लेखापरीक्षा उन स्वतंत्र लेखापरीक्षकों जिनकी नियुक्ति, भारत के नियंत्रक और महालेखा परीक्षक द्वारा की गई है, जिनकी रिपोर्ट हमें प्रस्तुत की गई है और हमारी राय, जहाँ तक यह इन शाखाओं के संबंध में शामिल की गई राशियों और प्रकटनों का संबंध है, यह पूर्णतः उन शाखाओं के लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट पर आधारित है।

2. हमने निगम के एकल वित्तीय विवरणों में शामिल तकनीकी केंद्रों सहित 54 (पिछले वर्ष 54) शाखा कार्यालयों के वित्तीय विवरणों (जानकारी की लेखापरीक्षा भी नहीं की है, जिनके वित्तीय विवरण) वित्तीय जानकारी 31 मार्च, 2023 की स्थिति के अनुसार 3,17,259.48 लाख रुपए (31 मार्च, 2022 तक 2,98,451.15 लाख रुपए) की कुल परिसंपत्ति दर्शाते है और उस तारीख को समाप्त वर्ष के लिए कुल राजस्व 2,72,151.38 लाख रुपए (गत वर्ष 2,59,702.55 लाख रुपए), जैसा कि समेकित वित्तीय विवरणों में विचारित है। इन शाखाओं के वित्तीय विवरण/जानकारी की लेखापरीक्षा भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक द्वारा नियुक्त स्वतंत्र लेखा परीक्षकों द्वारा की गई है, जिनकी रिपोर्ट हमें प्रस्तुत की गई है। जहां तक यह ऐसी शाखाओं के संबंध में समेकित वित्तीय विवरणों में शामिल राशि और प्रकटीकरण का संबंध है, हमने अपनी राय बनाने में प्रबंधन द्वारा हमें प्रदान किए गए स्पष्टीकरण, अन्य जानकारी और रिकॉर्ड के साथ इन लेखा परीक्षकों के निष्कर्षों पर विचार किया है।

3. एनएसआईसी की दिल्ली शाखा के शाखा लेखा परीक्षक ने उल्लेख किया है कि वित्तीय वर्ष 2019–20 के दौरान बैंक गारंटी के आह्वान के कारण केनरा बैंक (पूर्व में सिंडिकेट बैंक) से वसूली योग्य राशि बैंक द्वारा आज तक बकाया है। शाखा ने बैंक गारंटी के प्रति रु. 298.97 लाख की कुल बकाया राशि को अच्छा और पूरी तरह से वसूली योग्य माना है। प्रबंधन ने संकेत दिया कि वे सुनिश्चित हैं और कानूनी राय द्वारा भी समर्थित है कि राशि पूरी तरह से वसूली योग्य है और तदनुसार अच्छी और सुरक्षित मानी गई है। शाखा की लेखा नीति के अनुसार प्रावधान के अलावा कोई अन्य प्रावधान नहीं किया गया है क्योंकि यह मामला माननीय एनसीएलटी अदालत के अधीन विचाराधीन है।

4. निगम ने वित्तीय वर्ष 2021–22 के लिए एनएसआईसी की बहियों में 'एनवीसीएफएल के साथ विनिमय खाता शेष'' और एनवीसीएफएल की बहियों में "एनएसआईसी को देय" के आंकड़ों को 33.33 लाख की सीमा तक नहीं हटाया है। इस प्रकार, वित्तीय वर्ष 2021–22 की अन्य वित्तीय परिसंपत्तियां और अन्य वित्तीय देनदारियाँ उस सीमा तक अधिक बताई गई हैं।

इन मामलों के संबंध में हमारे अभिमत में कोई बदलाव नहीं किया गया है।

अन्य विधिक और विनियामक अपेक्षाओं पर रिपोर्ट

1. जैसाकि कम्पनी अधिनियम (2013) की धारा 143 की उप–धारा (11) के अनुसार भारत सरकार द्वारा जारी किए गए कंपनी (लेखापरीक्षक की रिपोर्ट) आदेश, 2020 ("आदेश") द्वारा अपेक्षित है, हम उक्त आदेश के पैरा 3 और 4 में विनिर्दिष्ट मामलों पर लागू सीमा तक एक विवरण अनुबंध–"क" देते हैं।

2. (क) जैसा कि अधिनियम की धारा 143(3) द्वारा अपेक्षित है, हम लागू सीमा तक रिपोर्ट करते हैं कि:

   (क) हमने ऐसी सभी जानकारी और स्पष्टीकरण प्राप्त किए हैं और मांगे हैं, जो हमारे सर्वोत्तम ज्ञान और विश्वास के लिए पूर्वोक्त समेकित वित्तीय विवरणों की हमारी लेखापरीक्षा के प्रयोजनों के लिए आवश्यक थे।

   (ख) हमारे अभिमत में, पूर्वोक्त समेकित वित्तीय विवरण तैयार करने के संबंध में कानून द्वारा

अपेक्षित उचित लेखा बहियों का अनुरक्षण किया गया है, जहाँ तक उन लेखा बहियों की हमारी जांच और अन्य लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट से प्रतीत होता है।

(ग) समेकित बैलेंस शीट, लाभ और हानि का समेकित विवरण (अन्य व्यापक आय सहित), इक्विटी में समेकित परिवर्तन, और इस रिपोर्ट द्वारा निपटाए गए नकदी प्रवाह का समेकित विवरण, समेकित वित्तीय विवरण तैयार करने का उद्देश्य के लिए तैयार किए गए लेखा बहियों की प्रासंगिक प्रलेखों के अनुरूप हैं।

(घ) हमारी राय में, उपर्युक्त समेकित वित्तीय विवरण कंपनी (लेखा) नियमावली, 2014 के नियम 7 के साथ पठित अधिनियम की धारा 133 के अंतर्गत विनिर्दिष्ट लेखांकन मानकों के अनुरूप है।

(ङ) कारपोरेट कार्य मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी की गई अधिसूचना संख्या जीएसआर 463(ई) दिनांक 05–06–2015 के अनुसार, इस अधिनियम की धारा 164 की उपधारा–2 के प्रावधान इस निगम पर लागू नहीं होते हैं, क्योंकि यह एक सरकारी कंपनी है।

(च) कंपनी की वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की पर्याप्तता और ऐसे नियंत्रणों के प्रचालनात्मक प्रभावीपन के संबंध में **अनुबंध "ख"** के रूप में हमारी पृथक रिपोर्ट देखें।

(ख) कंपनी (लेखापरीक्षा एवं लेखापरीक्षकों) नियमावली, 2014 के नियम 11 के अनुसार लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट में शामिल किए जाने वाले अन्य मामलों के संबंध में, हमारी राय में और हमारी सर्वोत्तम जानकारी के तथा हमें दिए गए स्पष्टीकरणों के अनुसारः

(i) समेकित वित्तीय विवरण समूह की समेकित वित्तीय स्थिति पर लंबित मुकदमों के प्रभाव का खुलासा करते हैं। संलग्न समेकित वित्तीय विवरण में नोट 35 देखें।

(ii) समूह के पास व्युत्पन्न अनुबंधों सहित कोई दीर्घकालिक अनुबंध नहीं था, जिसके लिए कोई वास्तविक नुकसान हुआ हो।

(iii) कोई ऐसी राशियाँ नहीं थीं, जिन्हें समूह द्वारा निवेशक शिक्षा और संरक्षण निधि में अंतरित किया जाना अपेक्षित था।

(iv)

(क) समूह प्रबंधन ने प्रतिवेदित किया है, कि अपने सर्वोत्तम संज्ञान और विश्वास के अनुसार, समूह द्वारा या किसी अन्य व्यक्तियों या संस्थाओं में, विदेशी संस्थाओं सहित ('मध्यवर्ती संस्थाएँ'), इस समझ के साथ, चाहे लिखित रूप में प्रलेखित किया गया हो या अन्यथा किसी भी फंड को अग्रिम तौर पर दिया या ऋण या निवेश (या तो उधार ली गई धनराशि से, या शेयर प्रीमियम, या किसी अन्य स्रोत, या किसी प्रकार की निधि से) नहीं किया गया है, कि मध्यवर्ती संस्था; प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से समूह द्वारा या उसकी ओर से किसी भी तरह से पहचाने गए अन्य व्यक्तियों अथवा संस्थाओं में ('अंतिम लाभार्थियो') उधार देगा या निवेश करेगा; अथवा 'अंतिम लाभार्थियों' को या उनकी ओर से कोई गारंटी, सुरक्षा या इसी तरह की कोई प्रतिभूति प्रदान करेगा;

(ख) प्रबंधन ने प्रतिवेदित किया है, कि अपने सर्वोत्तम संज्ञान और विश्वास के अनुसार, समूह द्वारा किसी भी व्यक्ति या संस्थाओं से कोई धन प्राप्त नहीं किया गया है, जिसमें विदेशी संस्थाएं ('वित्त पोषक पार्टियां') शामिल हैं, इस समझ के साथ, चाहे लिखित रूप में प्रलेखित किया गया हो या अन्यथा, कि समूह; 'प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से वित्त पोषक पार्टियों द्वारा या उसकी ओर से किसी भी तरह से पहचाने गए अन्य व्यक्तियों अथवा संस्थाओं में ('अंतिम लाभार्थियो') उधार देगा या निवेश करेगा; अथवा अंतिम लाभार्थियों को या उनकी ओर से कोई गारंटी, सुरक्षा या इसी तरह की कोई प्रतिभूति प्रदान करेगा।

(ग) लेखापरीक्षा प्रक्रियाओं के आधार पर जिन्हें उन परिस्थितियों में उचित और उपयुक्त माना गया है, हमारे संज्ञान में ऐसा कुछ भी नहीं आया है जिससे हमें विश्वास हो कि नियम 11(ई) के उप–खंड (i) और (ii) के तहत अभ्यावेदित, जैसा कि ऊपर (क) और (ख) के तहत प्रदान किया गया है, इसमें कोई भी महत्वपूर्ण गलत विवरण प्रदान किया गया है।

(v) समूह ने कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 123 के अनुपालन में वर्ष के दौरान लाभांश घोषित या भुगतान किया है।

(vi) कंपनी (लेखा) नियम, 2014 (यथा संशोधित) के नियम 3(1) का परंतुक, जो लेखा बहियों में निगम द्वारा प्रयुक्त लेखापरीक्षा ट्रेल, संपादन लॉग और उपयोग किए गए लेखांकन सॉफ्टवेयर में संबंधित मामलों की सुविधा प्रदान करता है, केवल 1 अप्रैल, 2023 से शुरू होने वाले वित्तीय वर्ष से निगम पर लागू होता है, कंपनी (लेखा परीक्षा और लेखापरीक्षक) नियम, 2014 (संशोधित) के नियम 11 के खंड (छ) के तहत रिपोर्टिंग वर्तमान में लागू नहीं है।

गोयल पारूल एण्ड कंपनी
सनदी लेखाकार
फर्म पंजीकरण सं. : 016750एन

ह./–
(पारूल गोयल)
साझेदार
सदस्यता सं. : 099172
यूडीआईएनः 23099172बीजीवीजेड़एयू5557

स्थान : नई दिल्ली
दिनांकः 28 अगस्त, 2023

समेकित भारतीय-लेखांकन मानक इंड-एएस वित्तीय विवरणों की लेखापरीक्षा पर स्वतंत्र लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट का अनुबंध 'क'

दिनांक 31 मार्च 2023 को समाप्त वर्ष के लिए राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम लिमिटेड के समेकित वित्तीय विवरणों पर सम–तिथि की स्वतंत्र लेखा परीक्षक रिपोर्ट में हमारे 'अन्य कानूनी नियामक आवश्यकताओं पर रिपोर्ट' अनुभाग के तहत अनुच्छेद 1 में संदर्भित अनुबंध के संबंध में, हम रिपोर्ट करते हैं कि:–

अधिनियम की धारा 143(11) के संदर्भ में केंद्र सरकार द्वारा जारी कंपनी (लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट) आदेश, 2020 ('आदेश') के पैराग्राफ 3(xxi) और 4 में निर्दिष्ट मामलों के संबंध में, हमें दी गई जानकारी और स्पष्टीकरण के अनुसार, तथा कंपनी के समेकित वित्तीय विवरणों में शामिल सहायक कंपनी के लेखा परीक्षक द्वारा जारी सीएआरओ रिपोर्ट के आधार पर, जो लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट में शामिल है, जिस पर सीएआरओ के तहत रिपोर्टिंग लागू है, और जो कि कंपनी के प्रबंधन द्वारा हमें प्रदान किया गया है, और संबंधित घटक के लेखा परीक्षकों द्वारा उनकी सीएआरओ रिपोर्ट में योग्यता या प्रतिकूल टिप्पणियों के मामलों की पहचान के आधार पर और हमें प्रदान किया गया है, हम रिपोर्ट करते हैं कि ऐसी कंपनियों के लेखापरीक्षकों ने अपनी सीएआरओ रिपोर्ट में किसी योग्यता या प्रतिकूल टिप्पणी की सूचना नहीं दी है।

गोयल पारूल एण्ड कंपनी
सनदी लेखाकार
फर्म पंजीकरण सं. : 016750एन

ह./–
(पारूल गोयल)
साझेदार
सदस्यता सं. : 099172
यूडीआईएनः 23099172बीजीवीजेड़एयू5557

स्थान : नई दिल्ली
दिनांकः 28 अगस्त, 2023

राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम लिमिटेड के समेकित भारतीय लेखाकंन मानक वित्तीय विवरणों पर सम तिथि की स्वतंत्र लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट का अनुबंध 'ख'

कंपनी अधिनियम, 2013 ("अधिनियम") की धारा 143 की उप–धारा 3 के खंड (i) के अधीन आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों पर रिपोर्ट।

दिनांक 31 मार्च 2023 को समाप्त वर्ष के लिए कंपनी के समेकित वित्तीय विवरणों की हमारी लेखा परीक्षा के संयोजन के साथ, हमने राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम लिमिटेड (जिसे इसके बाद 'मूल कंपनी' के रूप में संदर्भित किया जाएगा) और इसकी सहायक कंपनियों के वित्तीय विवरणों के संदर्भ में आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों का लेखा–जोखा किया है:

आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों के संबंध में प्रबंधक–वर्ग की जिम्मेदारी

मूल कंपनी और उसकी सहायक कंपनी के संबंधित निदेशक मंडल, भारतीय चार्टर्ड एकाउंटेंट्स संस्थान द्वारा जारी वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की लेखापरीक्षा पर मार्गदर्शी नोट में बताए गए आंतरिक नियंत्रण के आवश्यक घटकों पर विचार करते हुए, कंपनी द्वारा स्थापित वित्तीय रिपोर्टिंग मानदंडों के अनुसार आंतरिक नियंत्रण के आधार पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण स्थापित करने और बनाए रखने के लिए जिम्मेदार हैं। इस जिम्मेदारी में ऐसा पर्याप्त आंतरिक वित्तीय नियंत्रण तैयार करना, लागू करना और बनाए रखना भी शामिल है जो इसके कारोबार का विधिवत और प्रभावी रूप से संचालन सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी रूप से कार्य कर रहा हो। इसमें कंपनी की नीतियों, इसकी परिसंपत्तियों की सुरक्षा, कपट और त्रुटि का निवारण तथा पता लगाना, लेखाकरण अभिलेखों की यथार्थता और पूर्णता तथा कंपनी अधिनियम, 2013 के अधीन अपेक्षित विश्वसनीय वित्तीय सूचना समय पर तैयार करना भी शामिल है।

लेखापरीक्षकों की जिम्मेदारी

हमारी जिम्मेदारी हमारी लेखापरीक्षा पर आधारित वित्तीय निगम के आंतारिक वित्तीय नियंत्रणों पर अपनी राय व्यक्त करना है। हमने अपनी लेखापरीक्षा वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की लेखापरीक्षा पर मार्गदर्शक टिप्पणी ("मार्गदर्शक टिप्पणी") तथा भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान द्वारा जारी किए गए आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की लेखापरीक्षा, दोनों पर प्रयोज्य सीमा तक लागू आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की लेखापरीक्षा एवं कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 143(10) के अधीन निर्धारित माने जाने वाले भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान द्वारा जारी किए गए लेखापरीक्षा के मानकों के अनुसार की है। इन मानकों और मार्गदर्शक टिप्पणी द्वारा यह अपेक्षित है कि हम नैतिक अपेक्षाओं का पालन करें और लेखापरीक्षा का नियोजन इस प्रकार करें, जिनसे यह उपयुक्त आश्वासन प्राप्त हो कि क्या वित्तीय रिपोर्टिंग के लिए पर्याप्त आंतरिक नियंत्रण स्थापित किए गए हैं और उनका संचालन किया गया एवं क्या ऐसे नियंत्रण प्रभावी रूप से कार्य कर रहे हैं।

हमारी लेखापरीक्षा में, वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक नियंत्रण प्रणाली की पर्याप्तता और उसकी प्रचालन प्रभावोत्पादकता के बारे में लेखापरीक्षा संबंधी साक्ष्य प्राप्त करने की निष्पादन प्रक्रियाएं अपनाना शामिल है। वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की जानकारी प्राप्त करने, जोखिम, जिनसे महत्त्वपूर्ण हानि होती है, का निर्धारण तथा निर्धारित जोखिम के आधार पर आंतरिक वित्तीय प्रणाली की प्रचालन प्रभावोत्पादकता की जांच तथा मूल्यांकन एवं निरूपण शामिल है। चयन की प्रक्रियाएँ लेखापरीक्षणों के निर्णयों पर आधारित होती हैं, जिनमें वित्तीय विवरणों की महत्त्वपूर्ण गलतबयानी, चाहे वह धोखाधड़ी हो या त्रुटि हो, के जोखिमों का निर्धारण भी शामिल करना है।

हम विश्वास करते हैं कि हमने जो लेखापरीक्षा संबंधी साक्ष्य प्राप्त किया है, वह वित्तीय रिपोर्टिंग पर कंपनी की आंतरिक नियंत्रण प्रणाली की हमारी लेखापरीक्षा की अर्हक राय का आधार उपलब्ध कराने के लिए पर्याप्त और समुचित है।

वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों से तात्पर्य

वित्तीय रिपोर्टिंग पर निगम का आंतरिक वित्तीय नियंत्रण एक ऐसी प्रक्रिया है, जो वित्तीय रिपोर्टिंग की विश्वसनीयता के बारे में उचित

आश्वासन देने और सामान्य रूप से स्वीकृत लेखाकरण सिद्धांतों के अनुसार बाह्य प्रयोजनों के लिए वित्तीय विवरण तैयार करने के लिए बनाई गई है। वित्तीय रिपोर्टिंग पर कंपनी के आंतरिक वित्तीय नियंत्रण में वे नीतियां और प्रक्रियाएं शामिल हैं, जो (1) अभिलेखों को उचित विवरणों, यथार्थता से बनाए रखने से संबंधित हों और जिनमें कंपनी की परिसंपत्तियों के लेन–देन या निपटान को सही तरीके से दर्शाया गया हो, (2) इस संबंध में उचित आश्वासन दे कि सामान्य रूप से स्वीकृत लेखाकरण सिद्धांतों के अनुसार वित्तीय विवरण तैयार करने के लिए आवश्यक लेन–देनों को दर्ज किया गया है और कंपनी की प्राप्तियों और व्यय को कंपनी के प्रबंधक वर्ग और निदेशकों के प्राधिकार के अनुसार ही किया जाता है, और (3) अनधिकृत अधिग्रहण, उपयोग या कंपनी की परिसंपत्तियों के निपटान का निवारण करने या समय पर पता लगाने के बारे में उचित आश्वासन देता है, जिनका वित्तीय विवरणों पर महत्त्वपूर्ण प्रभाव पड़ता है।

वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की निहित सीमाएँ

प्रबंधन की मिलीभगत की संभावना या अनुचित प्रबंधन द्वारा नियंत्रण अधिभावी करने सहित वित्तीय रिपोर्टिंग पर निगम के आंतरिक वित्तीय नियंत्रण की निहित सीमाओं से त्रुटि या धोखाधड़ी के कारण महत्त्वपूर्ण मिथ्या कथन किया जा सकता हो और जिसका पता नहीं लग पाया हो, शामिल है। इसके अलावा, वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण पर किसी मूल्यांकन को भविष्य में दर्शाना, जिससे जोखिम हो सकता है और जो वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण के संबंध में बदली हुई स्थितियों में अपर्याप्त हो सकता है या जिनसे नीतियों और प्रक्रियाओं के अनुपालन की मात्रा में गिरावट आ सकती हो।

अर्हक रायः

हमें दी गई सूचना और स्पष्टीकरणों तथा हमारी लेखापरीक्षा के आधार पर, 31 मार्च 2023 को यथास्थिति निम्नलिखित प्रमुख कमियों का पता चलता हैः

1. उधारकर्ता के वित्तीय विवरणों/खातों की समीक्षा, कुछ मामलों में शेष राशि की आवधिक पुष्टि और इकाइयों को स्वीकृत सीमा के नवीनीकरण की प्रक्रिया को प्रभावी ढंग से लागू/निगरानी नहीं की गई थी। प्रबंधन ने बताया कि इसके प्रभावी कार्यान्वयन और निगरानी को सुनिश्चित करने के लिए आगामी वित्तीय वर्ष में इसकी समीक्षा और संशोधन किया जाएगा।

2. जोखिम प्रबंधन नीति, रणनीति, उसके दस्तावेजीकरण आदि के कार्यान्वयन की प्रक्रिया को और मजबूत करने की आवश्यकता है। प्रबंधन ने बताया कि इसकी समय–समय पर समीक्षा की जाती है और इसे निरंतर आधार पर लागू किया जाता है।

3. वित्तीय विवरणों की तैयारी और रिपोर्टिंग के संबंध में आंतरिक वित्तीय नियंत्रण को और मजबूत करने की आवश्यकता है और किसी भी मैन्युअल हस्तक्षेप से बचने के लिए, एक एकीकृत लेखांकन पैकेज को लागू किए जाने की आवश्यकता है।

हमारी राय में, हमारी सर्वोत्तम सूचना और हमें दिए गए स्पष्टीकरणों के अनुसार, नियंत्रण मापदंड के उद्देश्यों की प्राप्ति पर ऊपर दी गई महत्त्वपूर्ण कमियों के प्रभावों/संभावित प्रभावों को छोड़कर, कंपनी ने सभी प्रकार से महत्त्वपूर्ण वित्तीय रिपोर्टिंग पर पर्याप्त आंतरिक वित्तीय नियंत्रण बनाए रखा है और वित्तीय रिपोर्टिंग पर ये आंतरिक वित्तीय नियंत्रण "भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान द्वारा जारी किए गए वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों पर मार्गदर्शक टिप्पणी में उल्लिखित आंतरिक नियंत्रण के आवश्यक संघटकों पर विचार करते हुए, कंपनी द्वारा स्थापित वित्तीय रिपोर्टिंग मापदंड पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण" के आधार पर 31 मार्च, 2022 को यथास्थिति प्रभावी ढंग से प्रचालनरत थे।

अन्य मामले

1. वित्तीय विवरणों के संदर्भ में आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की पर्याप्तता और प्रभावशीलता पर हमारी पूर्वोक्त रिपोर्ट अधिनियम की धारा 143(3)(i) के तहत अब तक की 54 शाखाओं/कार्यालयों की वित्तीय विवरणों/सूचनाओं से संबंधित है जिन्हें भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक नियुक्त स्वतंत्र लेखा परीक्षकों ने इस तरह की शाखाओं/कार्यालयों के लेखा परीक्षकों के लेखा परीक्षण रिपोर्ट पर आधारित है। तकनीकी केंद्रों और एनवीसीएफएल सहित

की लेखापरीक्षा भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक द्वारा नियुक्त स्वतंत्र लेखापरीक्षकों द्वारा की गई है, जो ऐसी शाखाओं/कार्यालयों/कंपनियों के लेखापरीक्षकों की संबंधित रिपोर्ट पर आधारित है।

2. एनटीएससी–ओखला के शाखा लेखापरीक्षक ने शाखा के आंतरिक नियंत्रण में कुछ कमियों की सूचना दी है, जिसमें अन्य बातों के साथ–साथ जेम पोर्टल के माध्यम से निविदा प्रक्रिया में कमी, परफॉर्मा चालान की तुलना में वास्तविक चालान में सामग्री के विनिर्देश में विसंगतियां, अतिदेय के मामले में अनुवर्ती प्रणाली में कमजोरी, खरीदी गई सामग्री के निरीक्षण की प्रक्रिया में कमी आदि शामिल है। इन मामलों के संबंध में हमारी राय सीमित नहीं है।

गोयल पारूल एण्ड कंपनी
सनदी लेखाकार
फर्म पंजीकरण सं. : 016750एन

ह./–
(पारूल गोयल)
साझेदार
सदस्यता सं. : 099172
यूडीआईएनः 23099172बीजीवीजेड़एयू5557

स्थान : नई दिल्ली
दिनांकः 28 अगस्त, 2023

टिप्पणियाँ, जो 31 मार्च, 2023 को समाप्त वर्ष के लिए समेकित वित्तीय विवरणों का एक अभिन्न अंग हैं

टिप्पणी – 1 : समूह सूचना एवं लेखांकन का आधार

1. कॉरपोरेट सूचना

राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम लिमिटेड (जिसे 'एनएसआईसी' या 'मूल निगम' कहा गया है), वर्ष 1955 में अधिनियमित किया गया था। रा.ल.उ.नि. कंपनी अधिनियम के अंतर्गत विनियमित भारत में स्थित और अधिनिगमित (सीआईएन संख्या यू74140डीएल1955जीओआई002481) है और दिनांक 29.12.2005 के प्रमाण–पत्र सं. एन14.03090 के अंतर्गत भारतीय रिजर्व बैंक के साथ पंजीकृत सुव्यवस्थित महत्वपूर्ण गैर–जमा स्वीकार करने वाले गैर–बैंकिंग वित्तीय कंपनी (एनबीएफसी) है। ग्लोबल लीगल एनटीटी आइडेंटिफायर फाउण्डेशन (जीएलईआईएफ) के पास पंजीकृत विधिक सत्ता अभिनिर्धारक (लीगल एनटीटी आइडेंटिफायर) कोड 335800935क्यूडी3एलजेजीओएलजेड39 है। यह निगम सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) मंत्रालय के अधीन भारत सरकार का एक "मिनिरत्न श्रेणी–1" आईएसओ 9001–2015 प्रमाणित उद्यम है।

एनएसआईसी अपने विभिन्न कार्यालयों/तकनीकी केंद्रों के माध्यम से देश में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों को बढ़ावा देने, सहायता देने और प्रगति को प्रोत्साहित करने के लिए कार्य कर रहा है। एनएसआईसी सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों की प्रतियोगितात्मकता में वृद्धि करने के लिए विशेष रूप से तैयार की गई योजना के एक सेट के साथ उन्हें सुविधा प्रदान करता है। एनएसआईसी, विपणन, प्रौद्योगिकी, वित्तपोषण और अन्य सहायता सेवाओं के अंतर्गत एकीकृत सहायता सेवाएं उपलब्ध कराता है।

एनएसआईसी वेंचर कैपिटल फंड लिमिटेड (जिसे 'एनवीसीएफएल' या 'सहायक कंपनी' कहा जाता है), भारत में अवस्थित एक सार्वजनिक लिमिटेड कंपनी है, और जो कंपनी अधिनियम, 2013 के प्रावधानों के तहत 28 अगस्त 2020 को निगमित किया गया था। कंपनी राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम लिमिटेड ('एनएसआईसी' या 'एनएसआईसी'), भारत सरकार के एक उद्यम की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी है, और पंजीकरण संख्या IN/AIF2/21-22/0924 दिनांक 01/09/2021 के माध्यम से सेबी (वैकल्पिक निवेश कोष) विनियम, 2012 के अधीन श्रेणी–II वैकल्पिक निवेश कोष के रूप में पंजीकृत है। इस योजना में भारत सरकार, एनएसआईसी और कंपनी इसके योगदानकर्ता हैं, और इसे एक अलग 'एसोसिएशन ऑफ पर्सन' (व्यक्तियों का संघ) के रूप में माना गया है। इस योजना का उद्देश्य इक्विटी, अर्ध–इक्विटी और ऋण के माध्यम से एमएसएमई को विकास पूंजी के रूप में सहायता के प्रावधान के लिए संतति/अनुषंगी निधियों को वित्त पोषण सहायता प्रदान करना है।

हालांकि, एनवीसीएफएल को भारतीय रिजर्व बैंक के समय–समय पर अद्यतन किए गए मास्टर निदेश के तहत आरबीआई अधिनियम, 1934 के प्रावधानों में निर्दिष्ट छूट के अंतर्गत गैर–बैंकिंग वित्त कंपनियों (एनबीएफसी) के रूप में आरबीआई के साथ पंजीकरण से छूट दी गई है, एनवीसीएफएल ने 31 मार्च 2023 को समाप्त अवधि के लिए अपने वित्तीय विवरण तैयार करते समय कंपनी अधिनियम, 2013 की अनुसूची–III के भाग–III का अनुपालन किया है। भाग–III एनबीएफसी पर लागू होता है जैसा कि कंपनी (भारतीय लेखा मानक नियम), 2015 में यथा परिभाषित किया गया है, जिसमें वेंचर कैपिटल फंड कंपनियां शामिल हैं और एनवीसीएफएल को एआईएफ की स्थापना के विशिष्ट उद्देश्य के साथ एक वेंचर कैपिटल फंड कंपनी के रूप में स्थापित किया गया था, और यह 31 मार्च 2021 को समाप्त अवधि के दौरान सेबी से अपेक्षित अनुमोदन प्राप्त करने की प्रक्रिया में था। दिनांक 31 मार्च 2022 को समाप्त वर्ष के दौरान, कंपनी को विधिवत पंजीकरण प्रमाणपत्र प्राप्त हो गया है, और यह एक स्वीकृत/मान्य एआईएफ है।

एनएसआईसी और एनवीसीएफएल दोनों का पंजीकृत कार्यालय एनएसआईसी भवन, ओखला इंडस्ट्रीयल एस्टेट, फेस–III, नई दिल्ली–110020 में स्थित है।

इन समेकित वित्तीय विवरणों में एनएसआईसी और इसकी सहायक – एनएसआईसी वेंचर कैपिटल फंड लिमिटेड (जो सामूहिक रूप से 'समूह' के रूप में संदर्भित किया गया है) के वित्तीय विवरण शामिल हैं।

2. लेखांकन का आधार

i. अनुपालन कथन

निगम के समेकित वित्तीय विवरण इण्डएएस के

अनुसार होंगे, जिन्हें कंपनी (लेखा) नियम 2014 के साथ पठित कंपनी अधिनियम, 2013 के लागू प्रावधान के कंपनी (भारतीय लेखाकरण मानक), नियम 2015 (यथासंशोधित) और अन्य लागू विनियामक मापदंड/दिशानिर्देशों के अधीन अधिसूचित किया गया है।

निगम के समेकित वित्तीय विवरण उपार्जित लेखा प्रणाली (बशर्ते कि अन्यथा उल्लेख न हो), भारतीय लेखाकरण मानक (जिसका उल्लेख "इण्डएएस के रूप में किया गया है) का ऐतिहासिक लागत की परंपरा का पालन करने के अधीन चलन के आधार पर तैयार किया गया है। यह निगम कंपनी (लेखा) नियमावली 2014 और अन्य लागू विनियामक मानदंडों/दिशानिर्देशों के साथ पठित कंपनी अधिनियम 2013 के लागू प्रावधानों के अनुसार यथासंशोधित कंपनी (भारतीय लेखाकरण मानक) नियमावली 2015 के अधीन अधिसूचित है।

ii. तैयार करने और प्रस्तुत करने का आधार

भारतीय लेखांकन मानक समेकित वित्तीय विवरण एक चल रहे प्रतिष्ठान के रूप में उपार्जित आधार पर और ऐतिहासिक लागत परंपरा के अंतर्गत तैयार किए गए हैं, सिवाय कुछ वित्तीय परिसंपत्तियों के (अन्य व्यापक आय आदि के जरिए उचित मूल्य के रूप में वर्गीकृत इक्विटी विलेख) और वित्तीय देयताओं (प्रतिभूति जमा राशियों आदि) के, जिन्हें सुसंगत भारतीय लेखांकन मानकों के अंतर्गत यथापेक्षित रिपोर्ट की प्रत्येक तारीख के अंत में उचित मूल्य पर मापा जाता है। इन नीतियों को वित्तीय विवरणों में प्रस्तुत सभी अवधियों/समय के लिए लगातार लागू किया गया है। ये नीतियां वित्तीय विवरणों में प्रस्तुत सभी अवधियों में सतत रूप से लागू की गई हैं।

iii. समेकन के सिद्धांत

इन समेकित वित्तीय विवरणों की तैयारी में, भारतीय लेखा मानक (इंड एएस) 110, समेकित वित्तीय विवरणों के अनुसार, सहायक कंपनियों में निवेश का लेखा–जोखा लगाया गया है। समेकित वित्तीय विवरण निम्नलिखित आधार पर तैयार किए गए हैं:

अप्राप्त लाभ या हानि के साथ सभी महत्वपूर्ण अंतर–समूह बकाया/लेन–देन को पूर्ण करने के बाद, संपत्ति, देनदारियों, आय और व्यय की समान वस्तुओं के बही मूल्यों को एक साथ जोड़कर, पंक्ति–दर–पंक्ति आधार पर सहायक कंपनियों को समेकित किया गया हैए सिवाय उन मामलों के जहाँ लागत की वसूली नहीं की जा सकती।

जहाँ तक संभव हो, समेकित वित्तीय विवरण समान लेखा नीतियों का उपयोग करके तैयार किए गए हैं, जैसे लेनदेन और समान परिस्थितियों में अन्य घटनाएँ हुई हों तथा जहाँ तक संभव हो, मूल कंपनी के एकल वित्तीय विवरणों की तरह ही प्रस्तुत की जाती हैं। लेखांकन नीतियों में अंतर को अलग से दर्शाया गया है (यदि कोई हो)।

iv. अनुमानों, कल्पनाओं और प्रबंधन निर्णयों का उपयोग

समूह की लेखांकन नीतियों के अनुरूप समेकित वित्तीय विवरण तैयार करने में प्रबंधन से यह अपेक्षा की जाती है कि वह ऐसे अनुमान लगाएगा और कल्पना करेगा, जो समेकित वित्तीय विवरणों की तारीख को यथास्थिति आकस्मिक देयताओं के विगोपन और परिसंपत्तियों तथा देयताओं की रिपोर्ट की गई धनराशियों, रिपोर्ट की गई अवधि के दौरान राजस्व और खर्चों की धनराशि तथा समेकित वित्तीय विवरणों की टिप्पणियों को प्रभावित करेगा। हालांकि ये अनुमान प्रबंधन की वर्तमान कार्यक्रमों और कार्यवाहियों की सर्वोत्तम जानकारी पर आधारित हैं, परंतु वास्तविक परिणाम इन अनुमानों से भिन्न हो सकते हैं। लेखांकन अनुमानों में किए गए किसी संशोधन को उस अवधि में मान्यता दी जाती है, जिसमें ये परिणाम स्पष्ट हो जाएं।

v. महत्त्वपूर्ण लेखांकन अनुमान और प्रबंधन निर्णय

लेखांकन नीतियों के अनुप्रयोग में, समूह के प्रबंधन से यह अपेक्षा की जाती है कि वह परिसंपत्तियों और देयताओं की लागत धनराशियों के बारे में निर्णय करे, अनुमान लगाए और कल्पना करे, जो अन्य स्रोतों से आसानी से स्पष्ट न हो सके। ये अनुमान और कल्पनाएं ऐतिहासिक अनुभव और अन्य कारकों पर आधारित हैं, जिन्हें सुसंगत माना जाता है।

लेखांकन नीतियां, जिनका समेकित वित्तीय विवरणों में मान्यता दी गई धनराशियों पर सबसे अधिक

महत्त्वपूर्ण प्रभाव पड़ता है, लागू करने में उपयोग किए गए अनुमान, अनिश्चितता और महत्त्वपूर्ण निर्णयों के महत्त्वपूर्ण क्षेत्रों के बारे में सूचना नीचे दी गई है:

क. संपत्ति, संयंत्र और उपस्कर (पीपीई)

पीपीईज और अमूर्त परिसंपत्तियों के अवशिष्ट मूल्य और अनुमानित उपयोगी जीवनकाल का मूल्यांकन, परिसंपत्तियों के स्वरूप, परिसंपत्ति के अनुमानित उपयोग, परिसंपत्ति की परिचालनात्मक स्थिति, प्रतिस्थापन के पिछले इतिवृत्त और अनुरक्षण सहायता को ध्यान में रखते हुए, रिपोर्ट की गई प्रत्येक तारीख को किया जाता है। समीक्षा करने पर प्रबंधन, मूल्यह्रास/ मौद्रिकीकरण के परिकलन के लिए दिया गया उपयोगी जीवनकाल और अवशिष्ट मूल्य स्वीकार करता है।

ख. बिक्री के लिए रखी गई परिसंपत्ति

भारतीय लेखाकंन मानक 105 ''बिक्री के लिए रखी गई गैर–वर्तमान परिसंपत्तियों और बंद कर दिए गए प्रचालन'' के अंतर्गत बिक्री के लिए रखी गई गैर–वर्तमान परिसंपत्तियों का लेखाकंन लागू करने के लिए महत्वपूर्ण निर्णय की आवश्यकता होती है। अनुप्रयोज्यता का आकलन करने में प्रबंधन ने, तत्काल बिक्री के लिए परिसंपत्ति की उपलब्धता, बिक्री के लिए प्रबंधन की प्रतिबद्धता और एक वर्ष के अंदर बिक्री की संभावना का मूल्याकंन करने के लिए निर्णय लिया है ताकि इस निष्कर्ष पर पहुंचा जा सके कि क्या निरंतर उपयोग के जरिए के बजाए बिक्री लेनदेन के जरिए उनका रखाव मूल्य सिद्धांततः वसूल किया जाएगा।

ग. आय कर

भुगतान की जाने वाली प्रत्याशित धनराशि/अनिश्चित कर स्थितियों के लिए वसूल की गई धनराशि सहित आय कर के लिए प्रावधान निर्धारित करने में अनुमान शामिल होते हैं। स्थगित कर परिसंपत्ति का मूल्यांकन करने के लिए प्रत्याशित भावी लाभप्रदता के संबंध में निर्णय लिए जाते हैं।

घ. वित्तीय साधनों की हानि

वित्तीय साधनों की हानि का मूल्यांकन, प्रत्याशित हानि और चूक के जोखिम के बारे में लगाए गए अनुमानों के आधार पर किया जाता है। हानिकरण के परिकलन के लिए इनपुट का चयन, अनुमान, पिछले इतिवृत्त, बाज़ार स्थितियों और रिपोर्ट की जाने वाली प्रत्येक तारीख के अंत में भावी अनुमानों पर विचार करते हुए प्रबंधन के निर्णय पर आधारित है।

ङ. गैर–वित्तीय परिसंपत्तियों का हानिकरण (पीपीई)

गैर–वित्तीय परिसंपत्तियों के हानिकरण का मूल्यांकन उन परिसंपत्तियों की वसूलीयोग्य धनराशि के अनुमान के आधार पर निर्धारित किया जाता है। वसूलीयोग्य धनराशि का परिकलन करने में उपयोग किए गए अनुमान प्रबंधन के निर्णय पर आधारित होते हैं।

च. सुनिश्चित लाभ योजनाएं और अन्य दीर्घावधि कर्मचारी लाभ

सुनिश्चित लाभ योजनाओं और अन्य दीर्घावधि कर्मचारी लाभों की लागत और इस दायित्व का वर्तमान मूल्य स्वतंत्र बीमांकिक मूल्यांकक द्वारा निर्धारित किया जाता है। इस बीमांकिक मूल्यांकन में ऐसे विभिन्न अनुमान लगाने शामिल हैं, जो भविष्य में वास्तविक प्रगतियों से भिन्न हो सकते हैं। प्रबंधन का विश्वास है कि बट्टा दर, भावी वेतन वृद्धियां, मर्त्यता दरों और संघर्षण दरों के निर्धारण में बीमांकिक द्वारा लगाए गए अनुमान तर्कसंगत होते हैं। मूल्यांकन में शामिल जटिलताओं और इसके दीर्घावधिक स्वरूप के कारण इन अनुमानों

में कोई परिवर्तन करने के लिए यह दायित्व अत्यधिक संवेदनशील है। सभी अनुमानों की समीक्षा रिपोर्टिंग की प्रत्येक तारीख को की जाती है।

छ. वित्तीय विलेखों का उचित मूल्य मापन

जब वित्तीय परिसंपत्तियों और वित्तीय देयताओं के उचित मूल्य सक्रिय बाज़ारों में उद्धृत मूल्यों के आधार पर नहीं मापे जा सकते तो ऐसी स्थिति में प्रबंधन इसके उचित मूल्य निर्धारित करने के लिए अन्य मूल्यांकन तकनीकों का उपयोग करता है। ये तकनीकें लागू करने के लिए इनपुट, जहाँ कहीं संभव हो, अवलोकनयोग्य बाज़ारों से प्राप्त किए जाते हैं, परंतु जहां ऐसा करना व्यवहार्य नहीं है, उचित मूल्य स्थापित करने में निर्णय का उपयोग किया जाता है। इन निर्णयों में परिशोधन जोखिम, क्रेडिट जोखिम और सचलता जैसे इनपुटों पर विचार शामिल हैं।

ज. प्रावधान और आकस्मिकताएं

अन्य प्रावधानों की मान्यता और मापन, संसाधनों के बर्हिवय की संभाव्यता के मूल्यांकन और रिपोर्टिंग की तारीख को ज्ञात परिस्थितियों तथा पिछले अनुभव पर आधारित होते हैं। इसलिए, भविष्य की किसी तारीख को संसाधनों का वास्तविक बर्हिवय, प्रत्येक रिपोर्टिंग अवधि के अंत में अनुमानित आंकड़ों से भिन्न हो सकता है।

झ. निधि द्वारा व्यय की प्रतिपूर्ति (एसआरआई फंड एनवीसीएफएल):

एसआरआई निधि की ओर से कंपनी द्वारा खर्च की गई किसी भी राशि की प्रतिपूर्ति इस निधि द्वारा, निधि दस्तावेजों के रूप में की जाती है और लेखाबहियों में समायोजित की जाती है।

vi. कार्यात्मक और प्रस्तुतिकरण मुद्रा

ये भारतीय लेखांकन मानक समेकित वित्तीय विवरण भारतीय रुपयों, जो भारत की मुद्रा है और निगम की कार्यात्मक मुद्रा है, में तैयार किए जाते हैं। रुपयों में प्रस्तुत की गई सभी वित्तीय सूचना को दो दशमलव के साथ निकटतम लाख रुपयों में पूर्णांकित कर दिया गया है, जब तक अन्यथा न दर्शाया गया हो।

टिप्पणी – 2: महत्त्वपूर्ण लेखांकन नीतियां

समेकित वित्तीय विवरण तैयार करने और प्रस्तुत करने में लागू की गई महत्त्वपूर्ण लेखांकन नीतियों का एक सारांश, जो नीचे दिया गया है, समेकित वित्तीय विवरणों में प्रस्तुत की गई सभी अवधियों के लिए निरंतर लागू किया गया है।

I. संपत्ति, संयत्र और उपस्कर (पीपीई) – मूर्त पीपीईज़

क) आरंभिक मान्यता और मापन

i. संपत्ति, संयंत्र और उपकरण की वस्तुओं को प्रारंभ में लागत पर मान्यता दी जाती है। लागत में व्यय और अन्य संबंधित व्यय शामिल होते हैं जो पीपीई को उसके इच्छित उपयोग के लिए आवश्यक स्थान पर लाने और कार्य करने की स्थिति में लाने के लिए सीधे जिम्मेदार होते हैं। ऋण लागत (उधार ली गई धनराशि के अस्थायी निवेश पर आय में कटौती के बाद, यदि कोई हो) सीधे संपत्ति, संयंत्र और उपकरण की निर्दिष्ट मद को आरोप्य होती है, या ऐसी वस्तुओं को पूंजीकृत की जाती है।

ii. उत्तरवर्ती का मापन

क. **पट्टाधारित परिसंपत्तियों और 31 मार्च, 2001 तक अधिगृहीत पट्टाधारित परिसंपत्तियों में से जब्त की गई पट्टाधारित परिसंपत्तियों** का उल्लेख ऐतिहासिक लागत पर मूल्यह्रास के पश्चात निवल संचित शेष, पट्टा समाप्ति समायोजन और संचित हानिकरण हानियां, यदि कोई हैं, के आधार पर किया जाता है।

ख. **पट्टाधारित परिसंपत्तियों और पट्टाधारित परिसंपत्तियों में से जब्त कर ली गई पट्टाधारित परिसंपत्तियों** के अलावा, संपत्ति, संयंत्र और उपस्कर की मदों का उल्लेख उनके अधिग्रहण की मूल लागत के आधार पर किया जाता है, जिसमें कर, ड्यूटियाँ, मालभाड़ा और संचित मूल्यह्रास तथा संचित हानिकरण हानियां, यदि कोई हैं, घटाकर संबंधित परिसंपत्तियों के अधिग्रहण और संस्थापन से संबंधित अन्य प्रासंगिक खर्चे शामिल हैं।

iii जब पीपीई की किसी मद के भागों का उपयोगी जीवनकाल भिन्न होता है तो उन्हें ऐसे संघटकों का पता लगाकर अलग से मान्यता दी जाती है।

iv उपयोग के लिए/उपयोग में लाने के लिए उपलब्ध परिसंपत्तियों के मामले में, जहां अंतिम लेखा विवरण/ठेकेदारों/कार्यान्वयन एजेंसी के साथ बिलों का निपटान अभी किया जाना है, ऐसी स्थिति में पूंजीकरण आवश्यक समायोजनों, जिनमें अंतिम निपटान के वर्ष में मध्यस्थता/न्यायालय के मामलों के निपटान से उत्पन्न समायोजन शामिल हैं, की शर्त के अधीन अनुमानित आधार पर किया जाता है।

ख) <u>उत्तरवर्ती का मापन</u>

उत्तरवर्ती खर्च को संपत्ति, संयंत्र और उपस्कर की लागत धनराशि में वृद्धि के रूप में मान्यता दी जाती है, जब यह संभावना हो कि लगाई गई लागत से प्राप्त होने वाले भावी आर्थिक लाभ उद्यम में प्राप्त होंगे और संपत्ति, संयंत्र और उपस्कर की लागत विश्वसनीय ढंग से मापी जा सकती है।

संपत्ति, संयंत्र और उपस्कर की किसी मद के प्रतिस्थापन भाग की लागत को उस मद की लागत धनराशि में मान्यता दी जाती है, यदि यह संभावना हो कि उस भाग के अंदर शामिल भावी आर्थिक लाभ निगम को प्राप्त होंगे और इसकी लागत विश्वसनीय ढंग से मापी जा सकती है। प्रतिस्थापित भाग की वहन धनराशि का विमान्यताकरण कर दिया जाता है। संपत्ति, संयंत्र और उपस्कर की दिन–प्रति दिन की सर्विसिंग की लागतों को, लाभ एवं हानि का समेकित विवरण में मान्यता दी जाती है।

ग) <u>विमान्यताकरण</u>

संपत्ति, संयंत्र और उपस्कर को विमान्यताकृत कर दिया जाता है, जब उनके उपयोग से या उनके निपटान पर किसी भावी आर्थिक लाभ की आशा न हो। संपत्ति, संयंत्र और उपस्कर की किसी मद के निपटान पर हुए लाभ और हानियां संपत्ति, संयंत्र और उपस्कर की लागत धनराशि के साथ निपटान से प्राप्त धनराशि की तुलना करके निर्धारित किए जाते हैं और इन्हें लाभ एवं हानि का समेकित विवरण में मान्यता दी जाती है।

II. चल रहा पूंजीगत कार्य

क) चल रहे पूंजीगत कार्य में उन पीपीई की लागत शामिल है, जो तुलन–पत्र की तारीख को उनके आशयित उपयोग के लिए तैयार नहीं हैं।

ख) निर्माणाधीन परिसंपत्तियां लागत के आधार पर ली जाती हैं, जिनमें इसके आशयित उपयोग के लिए परिसंपत्तियों को स्थान पर तथा आवश्यक कार्यचालन स्थिति में लाने के कारण प्रत्यक्ष लागत (सामग्री की लागत, श्रम और अन्य प्रासंगिक व्यय) तथा संबंधित अप्रत्यक्ष व्यय (ऊपरी व्यय सहित) शामिल हैं।

ग) निर्माण अवधि से संबंधित आय जैसे ब्याज संबंधी आय, वसूल की गई परिसमापन हानियां आदि को निर्माण अवधि के दौरान हुए खर्च के प्रति समायोजित किया जाता है।

घ) निक्षेप कार्य/लागत जमा संविदा को ठेकेदारों से प्राप्त लेखा विवरणों के आधार पर लेखे में लिया जाता है। जब तक परिसंपत्तियों को पीपीई के रूप में मान्यता दी जाती है।

ङ) पीपीई के अर्जन/निर्माण के लिए प्रदत्त उन अग्रिमों को 'पूंजी अग्रिमों' के अधीन वर्गीकृत किया गया है, जो तुलन–पत्र की तारीख को बकाया है।

III. अमूर्त परिसंपत्तियां

क) आरंभिक मान्यता और मापन

ऐसी अमूर्त परिसंपत्तियां, जो समूह द्वारा अर्जित की गई हैं, जिनका निश्चित उपयोगी जीवनकाल हो, को लागत के आधार पर मान्यता दी जाती है। उत्तरवर्ती मापन से संचित मौद्रिकीकरण और संचित हानिकरण हानियां, यदि कोई हैं, घटाकर निकाली गई लागत पर मापन किया जाता है। उक्त लागत में ऐसा व्यय शामिल है जो प्रत्यक्षतः परिसंपत्ति को स्थान तक लाने और इसके आशयित उपयोग के लिए आवश्यक कार्य स्थिति में लाने के कारण हुआ है।

ख) उत्तरवर्ती लागतें

उत्तरवर्ती खर्च को परिसंपत्ति की लागत धनराशि में वृद्धि के रूप में मान्यता दी जाती है, जब यह संभावना हो कि लगाई गई लागत से प्राप्त होने वाले भावी आर्थिक लाभ उद्यम में प्राप्त होंगे और परिसंपत्ति की लागत विश्वसनीय ढंग से मापी जा सकती है।

ग) विकास के अधीन अमूर्त परिसंपत्तियां

भारतीय लेखाकंन मानक–38 के अनुसार, समूह द्वारा किया गया कोई खर्च, विशेष रूप से किसी अमूर्त परिसंपत्ति के विकास के प्रति श्रेय देने योग्य खर्च और मान्यता एवं मापन मानदंड पूरा करने की संभावना वाला खर्च, विकास पूरा हो जाने पर, ''विकास के अंतर्गत अमूर्त परिसंपत्तियां'' के रूप में पूजीकृत किए जाते हैं, जब तक वे उनके आशयित उपयोग के लिए तैयार हैं।

जो कार्य वित्तीय वर्ष के 31 मार्च तक शुरू हो चुका है, लेकिन पूरा नहीं हुआ है, उसे ''पीपीई के तहत विकास के तहत अमूर्त परिसंपत्ति'' के रूप में दर्शाया गया है, जबकि जो कार्य वित्तीय वर्ष के 31 मार्च तक भी शुरू नहीं किया गया है, लेकिन संविदात्मक समझौते के संदर्भ में कुछ अग्रिम भुगतान किया गया है, तो ऐसे अग्रिम को ''गैर–वित्तीय परिसंपत्तियों के तहत विक्रेता को अग्रिम'' के रूप में दर्शाया गया है।

घ) विमान्यताकरण

अमूर्त परिसंपत्ति को विमान्यताकृत कर दिया जाता है, जब उनके उपयोग से या उनके निपटान पर किसी भावी आर्थिक लाभ की आशा न हो। अमूर्त परिसंपत्ति की किसी मद के निपटान पर हुए लाभ और हानियां अमूर्त परिसंपत्ति की लागत धनराशि के साथ निपटान से प्राप्त धनराशि की तुलना करके निर्धारित किए जाते हैं और इन्हें लाभ एवं हानि का समेकित विवरण में मान्यता दी जाती है।

IV. संपत्ति, संयंत्र एवं उपस्कर तथा अमूर्त परिसंपत्तियों का हानिकरण

संपत्ति, संयंत्र एवं उपस्कर तथा अमूर्त परिसंपत्तियों को हानिकृत के रूप में माना जाता है, जब परिसंपत्तियों की रखाव लागत इसकी वसूलीयोग्य धनराशि से अधिक हो। हानिकृत हानि को उस वर्ष में लाभ एवं हानि का समेकित विवरण में तुरंत मान्यता दी जाती है जिस वर्ष में परिसंपत्ति की पहचान हानिकृत के रूप में की गई हो और संपत्ति की लागत धनराशि इसकी वसूलीयोग्य धनराशि से घटा दी गई हो, जब तक संबंधित परिसंपत्ति पुनर्मूल्यकृत धनराशि पर लाई गई हो, जब हानिकृत हानि को पुनर्मूल्यांकन कमी के रूप में माना गया हो। यदि ऐसा कोई संकेत मिलता है कि पहले मूल्यांकन किया गया हानिकरण हानि अब मौजूद नहीं है तो ऐसी स्थिति में वसूलीयोग्य धनराशि का पुनर्मूल्यांकन किया जाता है और परिसंपत्ति को वसूलीयोग्य धनराशि के रूप में दर्शाया जाता है।

V. बिक्री के लिए रखी गई परिसंत्तियां

गैर वर्तमान परिसंत्तियां, बिक्री के लिए रखी गई परिसंत्तियों के रूप में वर्गीकृत की जाती हैं, यदि उनकी वहन धनराशि, एक बिक्री लेनेदेन के जरिए (निरंतर उपयोग के जरिए के बजाए) सिद्धांततः वसूल किए जाने के लिए आशयित हो, जब यह परिसंपत्ति, अपनी वर्तमान स्थिति में तत्काल बिक्री के लिए उपलब्ध हो, केवल उन शर्तों के अधीन जो ऐसी परिसंपत्ति की बिक्री के लिए प्रायिक और प्रथागत हैं और यह बिक्री अत्यधिक संभावना वाली है और वर्गीकरण की तारीख से एक वर्ष के अंदर एक पूरी कर ली गई बिक्री के रूप में मान्यता हेतु अर्हक बनने की आशा वाली है।

बिक्री के लिए रखी गई के रूप में वर्गीकृत गैर–वर्तमान परिसंपत्तियां, बिक्री लागतें घटाकर उचित मूल्य तथा उनकी

रखाव धनराशि से निम्नतर मूल्य पर मापी जाती हैं, उन परिसंत्तियों को छोड़कर जैसे आस्थगित कर कर्मचारी लाभ से उत्पन्न परिसंपत्तियां, आर्थिक परिसंपत्तियां और बीमा संविदाओं के अंतर्गत संविदात्मक अधिकार, जो विशेष रूप से इस शर्त से छूट प्राप्त हैं। बिक्री लागतें घटाकर निकाले गए उचित मूल्य के निर्धारण में, प्रबंधन के आकलनों और अनुमानों का उपयोग शामिल है।

गैर–वर्तमान परिसंपत्तियों का मूल्यह्रास या परिशोधन नहीं किया जाता, जब वे बिक्री के लिए रखी गई के रूप में वर्गीकृत की जाती हैं। बिक्री के लिए रखी गई गैर–वर्तमान परिसंपत्तियां, तुलन–पत्र में अन्य परिसंपत्तियों से अलग प्रस्तुत की जाती हैं।

VI. मूर्त परिसंपत्तियों और परिशोधन तथा अमूर्त पीपीईज़ पर मूल्यह्रास

क) पट्टाधारित परिसंपत्तियां और 31 मार्च, 2001 तक अधिगृहीत पट्टाधारित परिसंपत्तियों में से जब्त कर ली गई परिसंपत्तियां :

मूल्यह्रास, कंपनी अधिनियम, 2013 की अनुसूची II के भाग 'ग' में विनिर्धारित उपयोगी जीवनकाल के अनुसार अपलेखित मूल्य पद्धति पर, परिसंपत्तियों के उपयोग में लाने के दिन से अनुपाततः आधार पर किया जाता है।

ख) पट्टाधारित परिसंपत्तियां और पट्टाधारित परिसंपत्तियों में से जब्त कर ली गई पट्टाधारित परिसंपत्तियों के अलावा संपत्ति, संयंत्र एवं उपस्कर की मदें

i) पीपीई पर मूल्यह्रास, कंपनी अधिनियम, 2013 की अनुसूची II के भाग 'ग' में विनिर्दिष्ट उपयोगी जीवनकाल के अनुसार सीधी रेखा पद्धति आधार पर प्रभारित किया जाता है, सिवाय मोबाइल फोन यंत्र के।

क्र. सं.	परिसंपत्तियों के स्वरूप	उपयोगी जीवनकाल	दर (एसएलएम)	अवशिष्ट मूल्य
i.	आरसीसी फ्रेम ढांचा बनाना	60 वर्ष	1.58%	मूल लागत का 5%
ii.	आरसीसी फ्रेम ढांचे के अलावा अन्य बनाना	30 वर्ष	3.17%	मूल लागत का 5%
iii.	अस्थायी ढांचा बनाना	3 वर्ष	31.67%	मूल लागत का 5%
iv.	सड़कें – कारपेटेड – आरसीसी	10 वर्ष	9.50%	मूल लागत का 5%
v	सड़कें – कारपेटेड – आरसीसी के अलावा	5 वर्ष	19.00%	मूल लागत का 5%
vi.	सड़कें – गैर–कारपेरेटेड	3 वर्ष	31.67%	मूल लागत का 5%
vii.	संयंत्र और मशीनरी	15 वर्ष	6.33%	मूल लागत का 5%
viii.	फर्नीचर और फिटिंग	10 वर्ष	9.50%	मूल लागत का 5%
ix.	वाहन दुपहिया	10 वर्ष	9.50%	मूल लागत का 5%
x.	वाहन चारपहिया	8 वर्ष	11.88%	मूल लागत का 5%
xi.	कार्यालय उपस्कर	5 वर्ष	19.00%	मूल लागत का 5%
xii.	कंप्यूटर और प्रोसेसिंग इकाइयां	3 वर्ष	31.67%	मूल लागत का 5%
xiii.	सर्वर और नेटवर्क	6 वर्ष	15.83%	मूल लागत का 5%
xiv.	विद्युत वितरण संयंत्र	35 वर्ष	2.71%	मूल लागत का 5%
xv.	विद्युतीय संस्थापनाएं और उपस्कर	10 वर्ष	9.50%	मूल लागत का 5%
xvi.	ग्रिड कनेक्टेड रूफऑप सोलर फोटो वोल्टेज (पीवी) प्रणाली	25 वर्ष	3.80%	मूल लागत का 5%
xvii.	अमूर्त परिसंपत्तियां – सॉफ्टवेयर	5 वर्ष	20.00%	₹ 1/-
xviii.	मोबाइल फोन उपकरण	3 वर्ष	33.33%	₹ 1/-
xviii.	वेबसाइट	3 वर्ष	33.33%	₹ 1/-

ii) वर्ष के दौरान संपत्ति, संयंत्र एवं उपस्कर (पीपीई) से घटावों/अभिवृद्धियों पर मूल्यह्रास, उस तारीख, जिसको परिसंपत्ति उपयोग/निपटान के लिए उपलब्ध है, से/तक अनुपाततः आधार पर प्रभारित किया जाता है।

iii) 0.10 लाख रुपए तक की लागत पीपीई, अवशिष्ट मूल्य के रूप में मूल लागत का 5% रखने के पश्चात, खरीद के वर्ष में पूर्णतः मूल्य ह्रासित की जाती हैं, सिवाय मोबाइल फोन उपकरण जहाँ रूपये 1 को अवशिष्ट मूल्य के रूप में रखा जाता है।

iv) 0.10 लाख से अधिक मूल्य के मोबाइल फोन उपकरण, अवशिष्ट मूल्य के रूप में रू. 1/– रखने के पश्चात, उस वर्ष, जिसमें यह प्राप्त किया गया था, से आरंभ करके 3 वर्ष की अवधि में मूल्यह्रासित किया जाता है।

v) सरकारी अनुदानों से खरीदे गए पीपीई के मामले में मूल्यह्रास, उन परिसंपत्तियों पर प्रभारित मूल्यह्रास के अनुपात में 'पूंजीगत आरक्षित' (जो आस्थगित आय के स्वरूप का है) के प्रति प्रभारित किया जाता है। पूंजीगत आरक्षित, खरीद लागत के साथ प्राप्त अनुदानों में से स्थिर परिसंपत्तियों की खरीद के समय सृजित किया जाता है।

vi) पट्टाधारित भूमि का परिशोधन, पट्टा अवधि में किया जाता है।

vii) 'अमूर्त परिसंपत्तियों' के रूप में मान्यताप्राप्त सॉफ्टवेयर की लागत का परिशोधन, अवशिष्ट मूल्य के रूप में रू. 1/– रखने के पश्चात, उस वर्ष, जिसमें यह प्राप्त की गई थी, से आरंभ करके पांच वर्ष की अवधि में सीधी रेखा पद्धति आधार पर किया जाता है। हालांकि, जहाँ सॉफ्टवेयर का जीवनकाल पांच वर्ष से कम है, ऐसी संपत्तियों के उपयोगी जीवन पर लागत को रु. 1/– अवशिष्ट मूल्य के रूप में बनाए रखने के बाद परिशोधित/चुकता किया जाता है।

viii) सदस्यता के आधार पर खरीदे गए सॉफ्टवेयर को उसी के सापेक्ष किए भुगतान हेतु सदस्यता अवधि के वर्ष में लाभ और हानि के विवरण के अधीन प्रभारित किया जाता है।

VII. उधार लागतें

उधार लागतों में ब्याज और अन्य लागतें शामिल हैं, जो निगम निधियां उधार लेने के संबंध में खर्च करता है।

अर्हक परिसंपत्तियों के लिए लगाई गई उधार लागतें, विशेष रूप से परिसपंत्ति के वित्तपोषण के लिए खर्च की गई, उधार लेने के आधार पर, उन निधियों के अस्थायी निवेश पर अर्जित किसी आय के 'नेटिंग ऑफ' के पश्चात, आशयित उपयोग के लिए तैयार होने की तारीख तक पूंजीकृत की जाती हैं। अर्हक परिसंपत्तियाँ, ऐसी परिसंपत्तियां हैं, जो उनके आशयित उपयोग या बिक्री के लिए तैयार होने में पर्याप्त समय लेती हैं।

अन्य सभी उधार लागतों को, लाभ एवं हानि विवरण में उस रिपोर्टिंग अवधि में मान्यता दी जाती है, जिसमें वे उपार्जित हुई हैं।

VIII. मालसूचियाँ

क) मालसूची में मुख्यतः निम्नलिखित शामिल हैं:

i. लेखन–सामग्री का स्टॉक और विविध मदें।

ii. भंडार, औज़ार, मापन उपकरण और मार्गस्थ सामान।

iii. वाणिज्यिक क्रियाकलापों से संबंधित तैयार माल का स्टॉक।

iv. माल किराया खरीद (एचपी) और संयुक्त सावधि ऋण (सीटीएल) के अधीन पुनः कब्जे में ली गई/जब्त की गई/अभ्यप्रित मशीनों का भंडार।

v. जहां परिसंपत्तियां 01.04.2001 को या उसके बाद दी गई हैं, उपस्कर पट्टे के अधीन पुनः कब्जे में ली गई/ जब्त की गई/अभ्यप्रित मशीनों का भंडार।

vi. अप्रचलित और उपयोग में न लाई जाने वाली परिसंपत्तियां।

ख) लागत का निर्धारण 'पहले आए पहले जाए' (एफआईएफओ) आधार पर किया जाता है।

ग) मालसूचियों का मूल्यांकन, लागत के निम्नतर और निवल वसूलीयोग्य मूल्य पर किया जाता है।

घ) खरीदी गई इन्वेंट्री की लागत छूट और छूट में कटौती के बाद निर्धारित की जाती है।

ङ) खरीदे गए माल की लागतें, छूट और बट्टे घटाने के

पश्चात निर्धारित की जाती हैं। वसूलीयोग्य निवल मूल्य, सामान्य व्यवसाय के दौरान अनुमानित विक्रय मूल्य में से बिक्री करने के लिए आवश्यक अनुमानित लागतें और पूर्ण करने की अनुमानित लागतें घटाकर निकाला गया मूल्य है।

IX. अनुसंधान और विकास

क) राजस्व प्रकृति के अनुसंधान और विकास पर व्यय, लाभ और हानि के विवरण में प्रभारित किया जाता है।

ख) पूंजीगत प्रकृति के अनुसंधान और विकास पर व्यय को पीपीई के अतिरिक्त के रूप में दिखाया गया है।

X. राजस्व मान्यता

राजस्व, प्राप्त किए गए और प्राप्तियोग्य प्रतिफल के उचित मूल्य पर मापा जाता है। आय/राजस्व (प्रशिक्षण क्रियाकलापों और सामान्य सुविधाओं से प्राप्त राजस्व सहित) की सभी मदें और व्यय, प्रोद्भवन आधार पर लेखे में लिए जाते हैं, जहाँ नीचे यथा उल्लिखित वसूली के बारे में निश्चितता हो:

क) **किराया खरीद, विपणन, कच्चे माल के वितरण / सहायता, थोक विक्रेताओं और खुदरा व्यापारियों को सहायता, बिल छूट और समग्र सावधि ऋण के तहत वित्तीय गतिविधियों से आय**

i. ऋणों और अग्रिमों के संबंध में ब्याज आय को, संविदात्मक अवधियों के संदर्भ में प्रोद्भवन (समय अनुपात) आधार पर मान्यता दी जाती है।

ii. मास्टर निर्देश–गैर–बैंकिंग वित्तीय कंपनी – सर्वांगी रूप से महत्त्वपूर्ण गैर–जमा लेने वाली कंपनी और जमा लेने वाली कंपनी (रिजर्व बैंक) निर्देश, 2016 के अनुसार, जिस तारीख से ऋण और अग्रिम एनपीए बन जाते हैं, उस तारीख से कोई ब्याज उपार्जित नहीं होगा।

iii. एनपीए लेखों के मामले में अर्जित लेकिन प्राप्त नहीं किए गए ब्याज को, रिपोर्टिंग की तारीख को अतिरिक्त सामान्य ब्याज उचंत (पीआईएस) के रूप में प्रत्यावर्जित किया जाता है और तदनुसार उसे कुल बकाया देयताओं में से घटाया जाता है। परंतु ऐसा उन मामलों में नहीं किया जाता है, जहाँ नई बैंक गारंटी की बिक्री से प्राप्त आय को रिपोर्टिंग की तारीख तक प्राप्त नहीं किया जाता है। (नीचे X(क)(iv) देखें)।

iv. बैंक गारंटी (बीजी) मांगे जाने पर बैंक गारंटी जारी करने वाले बैंक के पास अपना दावा पत्र प्रस्तुत करने की तारीख से बंद कर दिया जाता है और अर्जित, लेकिन प्राप्त नहीं किया गया ब्याज, जिसमें कुल देयताएं, यदि कोई हों, भी शामिल हैं, को 'अतिरिक्त/सामान्य ब्याज उच्चंत (पीआईएस)' के रूप में ब्याज आय से प्रत्यावर्तित नहीं किया जाता है। वर्ष के अंत में, यदि, निगम के नामित बैंक लेखे में मांगी गई बैंक गारंटी से प्राप्त आय नहीं प्राप्त होती है, तो इस रकम को **"बैंक से वसूली योग्य"** के रूप में समझा जाएगा। लेकिन यदि बैंक मांगी गई बैंक गारंटी की बिक्री से प्राप्त आय को जारी करने में विलंब करता है, तो दावा करने की तारीख से निगम के नामित बैंक खाते, यदि कोई हो, में बिक्री से प्राप्त आय प्राप्त होने तक की विलंबित अवधि के लिए ब्याज लगाया जाएगा, जिसे उसकी प्राप्ति के वर्ष में आय के रूप में माना जाएगा।

v. प्रसंस्करण शुल्क/सेवा शुल्क को बीजी के विरुद्ध आरएमए/एडब्ल्यूआरटी/बीडी के तहत समय के अनुपात में आय के रूप में और अन्य मामलों में इसे प्रोद्भवन के आधार पर माना जाता है।

vi. आवेदन प्रसंस्करण शुल्क, जहाँ भी लागू हो, प्राप्ति के आधार पर आय के रूप में माना जाता है।

vii. जब्ती/विनियोजित/समप्रण की तारीख को किराया खरीद और उपकरण लीज के मामले में, उनके मूल्य से अधिक जब्त/विनियोजित/समप्रण की गई मशीनों की बिक्री से अधिक राशि को किराएदार के/पट्टेदार के खाते के सापेक्ष समायोजित

किया जाता है। किराएदार/पट्टेदार से देय राशि से अधिक कोई भी अधिक राशि, बिक्री आय की प्राप्ति के वर्ष में आय के रूप में मानी जाती है।

ख) **ब्याज की मान्यता और खातों को फ्रीज करना**

i. निगम की विभिन्न गतिविधियों/योजनाओं के तहत विलंबित भुगतान/अतिरिक्त/सामान्य ब्याज पर दंडात्मक ब्याज/ब्याज, जहाँ कहीं वसूली के लिए संदिग्ध माना जाता है, को इसकी वसूली के वर्ष में आय के रूप में माना जाता है।

ii. जहाँ यूनिट के खाते फ्रीज/अप्रयुक्त हो जाते हैं, वहाँ यूनिट के खाते में कोई और ब्याज प्रभारित नहीं किया जाता है।

ग) **माल और सेवाओं की बिक्री**

i. बिक्री जीएसटी, छूट, रिबेट, रिटर्न, आदि के शुद्ध योग होते हैं, और अनुबंध के नियमों और शर्तों के अनुसार, चालान मूल्य के आधार पर इनका हिसाब लगाया जाता है।

ii. उत्पादों और परियोजनाओं के निर्यात के अंतर्गत बिक्री, निर्यात की शर्तों के अनुसार चालान मूल्य के आधार पर की जाती है।

घ) **एकल बिंदु पंजीकरण योजना के अंतर्गत पंजीकरण शुल्क**

एकल बिंदु पंजीकरण योजना के अंतर्गत पंजीकरण शुल्क को, नए पंजीकरण/नवीकरण/उसमें संशोधन के लिए प्रमाणपत्र के जारी किए जाने की तारीख को ही आय के रूप में माना जाता है।

ङ) **ब्याज आय (एनवीसीएफएल)**

सावधि जमा पर ब्याज आय समय के आधार पर, मूल बकाया और लागू प्रभावी ब्याज दर के संदर्भ में अर्जित की जाती है, जो कि वह दर है जो अनुमानित भविष्य की नकद रसीद को उस परिसंपत्ति की शुद्ध वहन राशि के लिए प्रारंभिक मान्यता/मूल्य पर वित्तीय परिसंपत्तियों के अपेक्षित जीवन के माध्यम से छूट देती है।

च) **प्रबंधन शुल्क (एनवीसीएफएल)**

भारत सरकार द्वारा जारी परिचालन दिशानिर्देशों और फंड के योगदानकर्ताओं के साथ हस्ताक्षरित योगदान समझौते के अनुसार, एनवीसीएफएल द्वारा एक निवेश प्रबंधन शुल्क ('प्रबंधन शुल्क') प्राप्य है। एनवीसीएफएल द्वारा प्राप्य प्रबंधन शुल्क, अंशदान समझौते में निर्दिष्ट प्रतिशत के रूप में एनवीसीएफएल द्वारा प्राप्य प्रबंधन शुल्क, वास्तव में निधि के निपटान में रखी गई राशि से है।

छ) **बी2बी पोर्टल (एमएसएमई मार्ट)–(बी2बी स्कीम) का सदस्यता शुल्क**

बी2बी स्कीम के अधीन बी2बी पोर्टल (एमएसएमई मार्ट) के सदस्यता शुल्क को यूनिट की सदस्यता सक्रिय होने एक्टिवेशन पर ही आय के रूप में समझा जाएगा।

ज) **प्रशिक्षण संबंधी क्रिया–कलापों और सामान्य सुविधाओं से प्राप्त राजस्व**

प्रशिक्षण संबंधी क्रिया–कलापों से प्राप्त राजस्व को उपार्जन (समय अनुपात) के आधार पर मान्यता दी जाती है, जब तक प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रायोजित प्रशिक्षण की अपेक्षा करता है।

प्रायोजित और अन्य संबद्ध प्रशिक्षण से प्राप्त राजस्व को प्रशिक्षण पाठ्यक्रम पूरा होने के बाद मान्यता दी जाती है और जब यह निश्चित हो जाता है कि शुल्क समझौते/अनुबंध/एमओयू के नियमों और शर्तों के अनुरूप वसूल किया जाएगा।

सामान्य सुविधाओं (जिनमें अन्य बातों के साथ–साथ परीक्षण शुल्क, जॉब कार्य प्रभार एनटीएससी में मशीनों पर मशीनिंग सुविधा आदि शामिल हैं) से प्राप्त राजस्व को परीक्षण और जॉब कार्य पूरा होने पर मान्यता दी जाती है।

झ) **तकनीकी इन्क्यूबेशन केंद्र (टीआईसी) इकाइयों से रॉयल्टी आय**

टीआईसी इकाइयों से रॉयल्टी के कारण प्राप्त राजस्व को संचय आधार पर आय के रूप में मान्यता दी जाती है। शुल्क/रॉयल्टी को नामांकित प्रशिक्षुओं

की संख्या, पाठ्यक्रम शुल्क और पाठ्यक्रम की अवधि के आधार पर मासिक आधार पर मान्यता दी जाती है।

ञ) **समग्र (टर्नकी) परियोजनाओं/सेवा संविदाओं से प्राप्त आय**

i. परामर्शी सेवाओं, परियोजना प्रबंधन और पर्यवेक्षण प्रभारों से प्राप्त राजस्व को संविदा की शर्तों के अनुसार रिपोर्टिंग की तारीख को परियोजना संबंधी लेन–देन और परियोजना की सुपुर्दगी के पूरा होने की अवस्था में आनुपातिक रूप में लाभ या हानि का समेकित विवरण मान्यता दी जाती है।

ii. परियोजना पर किए गए प्रत्यक्ष व्यय का लेखा परियोजना के अंतर्गत किया जाता है, और अप्रत्यक्ष व्ययों को संबंधित शीर्ष के खाते के प्राकृतिक शीर्ष के अधीन लेखांकित किया जाता है।

ट) **पट्टाकरण से आय**

पट्टे, को प्रचालन पट्टे और वित्त पट्टे के रूप में वर्गीकृत किए गए हैं। ऐसे पट्टे, जिनमें निगम, परिसंपत्ति के स्वामित्व के सभी जोखिम और प्रतिफल/लाभ पर्याप्त रूप से पट्टेदार को अंतरित नहीं करता, प्रचालन पट्टे के रूप में वर्गीकृत किए गए हैं। प्रचालन पट्टे के अलावा अन्य पट्टे, वित्त पट्टे के रूप में वर्गीकृत किए गए हैं।

i. निगम, अपने उपस्कर पट्टाकरण व्यवसाय के अंतर्गत सहायता प्रदान कर रहा था, जिसे 2003 से बंद कर दिया गया है। ऐसी पट्टाधारित परिसंपत्तियों के संबंध में आय की मान्यता और पट्टाधारित परिसंपत्तियों में से जब्त की गई परिसंत्तियां निम्नलिखित हैं:

I. **दिनांक 31 मार्च, 2001 तक निष्पादित किए गए पट्टा लेन–देनों पर**

i. दिनांक 31 मार्च, 2001 तक निष्पादित किए गए लेन–देनों के संबंध में पट्टा किरायों को पट्टा समकरण प्रभारों से घटाकर, प्रोद्भूत, आधार पर हिसाब में लिया जाता है।

ii. पट्टाधारित परिसंपत्तियों में बकाया निवल निवेश से संबंधित पूंजी की लागत को पूंजी की वसूली निकालने के लिए पट्टा किराए से घटा दिया जाता है। पूंजी की वसूली और सांविधिक मूल्यह्रास के अंतर को, पट्टा समकरण प्रभार लेखा के माध्यम से प्रदर्शित किया जाता है। ऐसे पट्टा समकरण लेखे के प्रति प्रभाव को, तुलन–पत्र में पट्टा सीमांत समायोजन लेखा प्रचालित करके प्रदर्शित किया जाता है। पूंजी की वसूली में कमी, यदि कोई हो, को परिसंपत्ति के निपटान के वर्ष में हिसाब में लिया जाता है।

II. **दिनांक 01 अप्रैल, 2001 को अथवा उसके बाद निष्पादित किए गए पट्टा लेन–देन**

वित्त आय और पट्टा किराया में शामिल की गई निवल निवेश की वसूली का हिसाब, पट्टे में दी गई ब्याज दर पर लगाया जाता है। वित्त आय को आय के रूप में मान्यता दी जाती है और उसे लाभ व हानि विवरण में क्रेडिट किया जाता है।

पट्टाधारित किराया और वित्त आय के अंतर को निवल निवेश के प्रति वसूली माना जाता है।

ii. भारतीय लेखांकन मानक (इंड–एएस)–116 के अनुसार अन्य लीज के संबंध में आय की मान्यता।

I पट्टाकर्ता के रूप में निगम

i इसमें अन्य बातों के साथ–साथ निगम के स्वामित्व और निगम द्वारा पट्टे पर दिए जाने वाले स्थान, गोदाम, आदि भी शामिल होंगे, जिनके संबंध में किराया आय प्राप्त होती है। पट्टे पर दी गई परिसंपत्तियां भी संपत्ति, संयंत्र और उपस्कर में शामिल की जाती हैं और इनके उपयोगी रहने तक इन पर मूल्यह्रास दिया जाता है। 'प्रचालन संबंधी पट्टे से संबंधित पट्टा आय को पट्टे की अवधि के दौरान सीधी रेखा के आधार पर लाभ और हानि के विवरण में दर्शाया जाता है।

ii निगम द्वारा पट्टाकर्ता के रूप में कोई वित्तीय पट्टा निष्पादित नहीं किया जाता है।

II पट्टेदार के रूप में निगम

i इसमें अन्य बातों के साथ–साथ स्थान, गोदाम, कर्मचारियों के लिए आवास आदि शामिल है, जिसे निगम ने पट्टे पर लिया है और जिसके संबंध में पट्टा किराये का भुगतान किया जाता है। इन पट्टों की व्यवस्था का सामान्यतः आपस में तय की जाने वाली शर्तों के आधार पर नवीकरण किया जाता है।

ii निगम द्वारा पट्टाकर्ता के रूप में कोई वित्तीय पट्टा निष्पादित नहीं किया जाता है।

iii नये मानक इण्डएएस–116 के अधीन पट्टेदार द्वारा इसका लेखाकरण इस प्रकार किया जाता है:–

निगम परिसंपत्तियों को उपयोग करने के अधिकार और सभी पट्टा व्यवस्थाओं के लिए तदनुरूप पट्टा देयता को स्वीकार करता है, जिसमें इन्हें पट्टे पर दिया जाता है। लेकिन बारह माह या कम (अल्पकालिक पट्टों) की अवधि के संबंध में यह पट्टा स्वीकार नहीं किया जाता है, क्योंकि बिना लिखित करार और कम मूल्य वाली परिसंपत्तियों के पट्टे को स्वीकार नहीं किया जाता है।

अल्पकालिक पट्टे बारह माह या बारह माह से अधिक के पट्टा करारों से कम के संबंध में यह पट्टा करार लागू नहीं होता है, क्योंकि कुछ नोटिस अवधि देकर किसी भी समय इन्हें रद्द किया जा सकता है। बारह माह से अधिक की अवधि के निगम द्वारा निष्पादित पट्टा करार को भी अल्पकालिक पट्टे के रूप में समझा जाएगा, लेकिन इसमें उसे रद्द करने संबंधी एक खंड दिया जाएगा।

मानक में कम मूल्य की परिसंपत्तियों की कोई सीमा नहीं बताई गई है, लेकिन इसमें टेबलेट्स, पर्सनल

कंप्यूटर/लैपटॉप और पीपीई की छोटी मदें आदि जैसी कम मूल्य की परिसंपत्तियां शामिल होती हैं।

अल्पकालिक और कम मूल्य वाली परिसंपत्तियों के संबंध में निगम पट्टे की अदायगी को पट्टे की अवधि के संबंध में "स्ट्रेट लाइन" आधार पर प्रचालन व्यय के रूप में स्वीकार करती है।

परिसंपत्तियों के प्रयोग के अधिकार को प्रारंभ में लागत पर स्वीकार किया जाता है, जिसमें पट्टा देयता की आरंभिक रकम शामिल होती है, जो ऐसे पट्टे भुगतान के संबंध में समायोजित की जाती है, जो किसी पट्टा प्रोत्साहन की प्रारंभिक प्रत्यक्ष लागत से कम और पट्टे की तारीख से या उससे पहले अदा की जाती है। इनका मापन बाद में ऐसी कम लागत पर किया जाता है, जिसमें संचित मूल्यह्रास/परिशोधन और हानियां शामिल होती हैं। परिसंपत्तियों के उपयोग का आधार इण्डएएस 16–संपत्ति, संयंत्र और उपस्कर (पीपीई) के अनुसार कम किया जाएगा।

शुरू में पट्टे के दायित्व को भावी पट्टा भुगतान के वर्तमान मूल्य पर मापा जाता है। पट्टे के भुगतान, पट्टे में निहित ब्याज दर का उपयोग करके या यदि तत्काल निर्धारण योग्य नहीं है तो वृद्धित उधार दर का उपयोग करके बंद कर दिए जाते हैं।

ठ) **दी गई डिक्री का निरूपण**

जहाँ एनएसआईसी के पक्ष में एक आदेश पारित किया गया है, बकाया की वसूली के समय इकाई के लेखों में आवश्यक समायोजन किए जाते हैं।

ड) **स्क्रैप बिक्री**

स्क्रैप की बिक्री से प्राप्त आय को वसूली आधार पर लेखे में लिया जाता है।

XI. विदेशी मुद्रा लेन–देन और रूपांतरण

क) विदेशी मुद्राओं में लेन–देन आरंभतः लेन–देन की मान्यता के लिए पहले अर्हता प्राप्त करने की तारीख को कार्यात्मक मुद्रा स्थल दरों पर दर्ज किए जाते हैं।

ख) विदेशी मुद्राओं में रखी गई मौद्रिक परिसंपत्तियां और देयताएं, रिपोर्टिंग तारीख को विनिमय की कार्यात्मक मुद्रा तत्समय दरों पर रूपांतरित की जाती हैं।

ग) मौद्रिक मदों के निपटान या रूपांतरण पर उत्पन्न विनिमय अंतरों को उस वर्ष, जिसमें ये उत्पन्न होते हैं, में लाभ या हानि में मान्यता दी जाती है।

घ) गैर–मौद्रिक वस्तुएं जिन्हें विदेशी मुद्रा में उचित मूल्य पर मापा जाता है, उन्हें उचित मूल्य निर्धारित की गई तिथि पर विनिमय दरों का उपयोग करके परिवर्तित किया जाता है।

ङ) गैर–मौद्रिक मदें, लेन–देन की तारीख को विनिमय दर का उपयोग करके रूपांतरित की गई विदेशी मुद्रा में ऐतिहासिक लागत के अनुसार मापी जाती हैं।

XII. सरकारी अनुदान

क) विभिन्न क्रियाकलापों के अंतर्गत भारत सरकार से प्राप्त अनुमोदित अनुदानों को प्रोद्भूत आधार पर मान्यता दी जाती है, जहां यह तर्कसंगत आश्वासन हो कि अनुदान प्राप्त होगा और सभी संबद्ध शर्तों का अनुपालन किया जाएगा।

ख) अनुमोदित संवर्धनात्मक क्रियाकलापों के मामले में, वर्ष के लिए खर्च किए गए/प्रतिबद्ध खर्च, परंतु अगले वर्ष में प्राप्त अनुदान, को प्रोद्भूत आधार पर हिसाब में लिया जाता है।

ग) प्राप्त अनुदानों को, भारत सरकार से प्राप्त अग्रिम के रूप में माना जाता है और इन्हें भारत सरकार को भुगतान योग्य राशियों के रूप में जाता है।

घ) इसके पश्चात, अनुदान को, किए गए खर्च की सीमा

तक लाभ एवं हानि का समेकित विवरण में आय के रूप में मान्यता दी जाती है।

ङ) पूंजीगत अनुदान के मामले में, किए गए खर्च को, आरक्षित पूंजी निधि, जो 'आस्थगित आय' के स्वरूप की है, सृजित करके मान्य अनुदान आय में से कम कर दिया जाता है। आरक्षित पूंजी को, उन परिसंपत्तियों पर मूल्यह्रास के अनुपात में सुसंगत परिसंपत्तियों के हर वर्ष में आय के रूप में मान्यता दी जाती है।

च) राजस्व से संबंधित सरकारी अनुदानों को उस अवधि के दौरान व्यवस्थित आधार पर लाभ और हानि के समेकित विवरण में मान्यता दी जाती है, जिसमें एनएसआईसी खर्च से संबंधित लागतों को व्यय के रूप में मान्यता देता है, जिससे कि ऐसे अनुदान संबंधित हैं/शामिल करने के लिए तैयार किए गए हैं।

छ) एसपीआरएस स्कीम के अंतर्गत सदस्यता शुल्क (एनएसएसएच), 'एसपीआरएस स्कीम के अंतर्गत निरीक्षण प्रभार (एनएसएसएच)', 'बी2बी स्कीम के अंतर्गत सदस्यता शुल्क (एनएसएसएच)', 'क्षमता निर्माण के लिए प्रशिक्षण शुल्क (एनएसएसएच)' और 'कार्यालय परिसरों के किराए (एनएसएसएचओ)' (लागू, जहाँ संपत्ति का स्वामित्व एनएसआईसी के पास है और जहां किराए का भुगतान, बाहरी व्यक्ति को किया जाता है, उसे एनएसएसएचओ के व्यय के रूप में लेखे में लिया जाता है) के प्रति शुल्कों की धनराशि की प्रतिपूर्ति के प्रति सरकारी अनुदान, **"एनएसएसएच के अंतर्गत सदस्यता/निरीक्षण शुल्क, किराया आदि"** समूह शीर्ष के अंतर्गत उपयोग में लाए गए अनुदान के रूप में प्रभारित किए जाएंगे और मान्यताप्राप्त अनुदान आय से घटा दिए जाएंगे। इसी प्रकार, प्रशिक्षण संस्थानों को सहायता (एटीआई) स्कीम के अंतर्गत प्रशिक्षण शुल्कों की प्रतिपूर्ति के प्रति सरकारी अनुदान भी **"एटीआई के अंतर्गत प्रशिक्षण शुल्क"** समूह शीर्ष के अंतर्गत उपयोग में लाए गए अनुदान के रूप में प्रभारित किए जाते हैं और मान्यताप्राप्त अनुदान आय से घटा दिए जाएंगे।

उसी तर्ज पर, पीएमएसएस योजना के तहत सदस्यता शुल्क, विज्ञापन आदि की प्रतिपूर्ति के लिए सरकारी अनुदान को भी समूह शीर्ष **"बी2बी योजना (पीएमएसएस) के तहत सदस्यता शुल्क, विज्ञापन, आदि"** के तहत उपयोग किए जाने वाले अनुदान के रूप में प्रभारित किया जाता है और मान्यता प्राप्त आय अनुदान से कम किया जाता है।

क्योंकि एनएसआईसी वाणिज्यिक आधार पर उपर्युक्त सभी सेवाएं पहले ही दे रहा है, इसलिए अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति की इकाईयों के मामले में एनएसआईसी का वाणिज्यिक शुल्क का भुगतान अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति की एमएसई की इकाईयों के बजाए भारत सरकार द्वारा किया जा रहा है। अतः उपर्युक्त सभी प्रतिपूर्तियों को "सेवा की बिक्री" के अधीन अलग–अलग शीर्षों में **वाणिज्यिक राजस्व** के रूप में भी समझा जाता है।

ज) अनुमोदित दिशानिर्देशों की शर्तों के अनुसार खर्च की गई रकम पर किसी भी सरकारी प्रोत्साहन स्कीम के कार्यान्वयन के लिए एनएसआईसी को दिया जाने वाला प्रशासनिक व्यय, यदि कोई हो, (जिसमें मानीटरिंग और रख–रखाव संबंधी सहायता, निगम का वाणिज्यिक राजस्व आदि पर किए गए व्यय की रकम शामिल नहीं होगी) को, **"सरकारी स्कीम के कार्यान्वयन के लिए प्रशासनिक प्रभार (अनुदान और सब्सिडीज)"** के समूह शीर्ष के अधीन प्रयुक्त अनुदान के रूप में प्रभारित किया जाता है और तदनुसार स्वीकृत अनुदान राजस्व से घटाया जाता है। चूंकि यह निगम का वाणिज्यिक राजस्व है, अतः उसे भी "सेवा की बिक्री" शीर्ष के अधीन **"सरकारी स्कीम के कार्यान्वयन के लिए प्रशासनिक प्रभार (अनुदान और सब्सिडीज)"** समूह शीर्ष में वाणिज्यिक राजस्व के रूप में भी दर्शाया जाएगा।

झ) यह एनएसआईसी प्रोत्साहन स्कीम भी चालू कर रही है, यथा खरीद और विपणन सहायता स्कीम (पीएमएसएस), अंतरराष्ट्रीय सहयोग (आईसी), आदि। ये स्कीम मंत्रालय द्वारा जारी किए गए दिशानिर्देशों के अनुसार **प्रतिपूर्ति आधारित स्कीम** हैं, जिनमें एनएसआईसी द्वारा डीसी–एमएसएमई/मंत्रालय के कार्यालय से निधियों की प्राप्ति होती है और जिनके संबंध में दावाकृत व्यय की प्रतिपूर्ति की जाती है और उस वर्ष में उसे तदनुरूप अनुदान के रूप में समझा जाता है, जिस वर्ष में यह निधि प्राप्त होती है

पीएमएसएस घटक के मामले को छोड़कर ई–कॉमर्स प्लेटफार्म को अपनाना।

ञ) एटीआई और एनएसएसएच स्कीम, यदि कोई हो, के अधीन प्रशिक्षण के कारण किए गए वास्तविक प्रत्यक्ष व्यय को संबंधित शीर्ष के सामान्य लेखा शीर्ष के अधीन वाणिज्यिक व्यय के रूप में हिसाब में लिया जाता है।

ट) सरकारी अनुदान पर अर्जित ब्याज, यदि कोई हो, को अनुदान की मंजूरी की शर्तों के अनुसार भारत सरकार से प्राप्त अग्रिम के रूप में मान्यता दी जाती है और इसे भारत सरकार को भुगतान योग्य राशियों के रूप में दर्शाया जाता है।

ठ) यदि विभिन्न संवर्धनात्मक क्रियाकलापों के अग्रिम लेखाओं के अंतर्गत निवल परिणाम "घाटा" हो तो इसे वित्तीय परिसंपत्तियां शीर्ष के अंतर्गत "अनुदानों में घाटे के लिए भारत सरकार से प्राप्तियोग्य राशि" के रूप में दर्शाया जाता है और यदि "अधिशेष" है तो इसे वित्तीय देयताएं शीर्ष के अंतर्गत "अनुदानों में अधिशेष के लिए भारत सरकार को भुगतान योग्य राशि" के रूप में दर्शाया जाता है।

XIII. व्यय की प्रतिपूर्ति (एनवीसीएफएल)

ऐसी राशि जो एसआरआई फंड की ओर से कंपनी द्वारा खर्च की जाती है, निधि के दस्तावेजों के अनुसार निधि द्वारा प्रतिपूर्ति की जाती है, और यह लाभ और हानि खाते में दर्ज/प्रविष्ट की जाती है।

XIV. व्यय का आवंटन

वाणिज्यिक गतिविधियों के लिए सीधे जिम्मेदार खर्च, संबंधित गतिविधियों के लिए प्रभारित किए जाते हैं।

अप्रत्यक्ष व्यय के मामले में, उन्हें वर्ष के दौरान विभिन्न वाणिज्यिक गतिविधियों के तहत अर्जित राजस्व/आय के आधार पर आवंटित किया जाता है।

XV. कर्मचारी लाभ

कर्मचारी लाभ में, वेतन और मजदूरियां, भविष्य निधि, उपदान, छुट्टी नकदीकरण और अन्य सेवांत लाभ शामिल हैं।

क) अल्पावधि कर्मचारी लाभ

अल्पावधि कर्मचारी लाभों में, वेतनों, भत्तों, वार्षिक छुट्टी और रुग्णता छुट्टी जैसी कर्मचारी लागतें शामिल हैं, जो उस वर्ष के दौरान उपार्जित की जाती हैं, जिसमें एनएसआईसी के कर्मचारियों द्वारा संबद्ध सेवाएं प्रदान की जाती हैं।

अल्पावधि कर्मचारी लाभों के संबंध में मान्यताप्राप्त देयताएं, संबंधित सेवाओं के बदले में भुगतान किए जाने के लिए प्रत्याशित लाभों की अबट्टाकृत धनराशियों पर मापी जाती हैं।

ख) नियोजनोपरांत लाभ और अन्य दीर्घावधि कर्मचारी लाभ

(i) <u>परिभाषित अंशदान योजना</u>

परिभाषित अंशदान, एक ऐसा नियोजनोपरांत लाभ है, जहाँ एनएसआईसी, भिन्न–भिन्न संगठनों में निश्चित अंशदान का भुगतान करता है और आगे धनराशियों का भुगतान करने के लिए उसका कोई विधिक या रचनात्मक दायित्व नहीं होगा। एनएसआईसी द्वारा भविष्य निधि, पेंशन निधि एवं सेवानिवृत्ति के बाद चिकित्सा लाभ (पीआरएमबी) में भुगतान किए गए अंशदानों को परिभाषित अंशदान योजना माना जाता है। वर्ष के दौरान भुगतान किए गए/भुगतान योग्य इन अंशदानों को, उस वर्ष, जिसमें संबंधित सेवाएं प्रदान की गई हैं, के लिए लाभ एवं हानि का समेकित विवरण में कर्मचारी लाभ व्यय के रूप में मान्यता दी जाती है।

भविष्य निधि में अंशदान का भुगतान, किसी अलग न्यास के जरिए संचालित निधि में किया जाता है और पेंशन निधि में अंशदान का भुगतान, न्यास के जरिए भारतीय जीवन बीमा निगम में किया जाता है। पीआरएमबी के संबंध में, लोक उद्यम विभाग के दिशानिर्देशों के अनुसार चिकित्सा कॉप्रस सृजित किया जाता है, जिसका उपयोग, बीमा कंपनी को प्रीमियम का भुगतान करने

के लिए किया जाता है।

(ii) परिभाषित लाभ योजना

परिभाषित लाभ योजना, परिभाषित अंशदान योजना के अलावा एक अन्य नियोजनोत्तर लाभ योजना है। एनएसआईसी द्वारा भुगतान किए जाने वाले उपदान, छुट्टी नकदीकरण और अन्य कर्मचारी लाभों नामतः रुग्णता छुट्टी, सेवानिवृत्ति पर यात्रा भत्ते, के प्रति एनएसआईसी की देयता को परिभाषित लाभ योजना के अंतर्गत माना जाता है।

ऐसी परिभाषित लाभ योजनाओं के अंतर्गत दायित्व का वर्तमान मूल्य, अनुमानित इकाई क्रेडिट पद्धति का उपयोग करके वर्ष के अंत में बीमांकिक मूल्यांकन के आधार पर निर्धारित किया जाता है।

पुनः मापन, जिसमें बीमांकिक लाभ और हानियां शामिल हैं, को प्रत्यक्षतः अन्य व्यापक आय में उस अवधि में मान्यता दी जाती है, जिसमें वे होती हैं। अन्य व्यापक आय (ओसीआई) में मान्यता दिए गए पुनःमापन को तुरंत अवधारित अर्जनों में दर्शाया जाता है और उसे लाभ एवं हानि का समेकित विवरण में पुनः वर्गीकृत नहीं किया जाता।

XVI. पूर्वावधि व्यय और आय

पूर्वावधि से संबंधित आय/व्यय, जो प्रत्येक मामले में प्रचालनों से एनएसआईसी के राजस्व के 0.25 प्रतिशत से अधिक नहीं है, को चालू वर्ष के आय/व्यय के रूप में माना जाता है।

XVII. पूर्व–प्रदत्त मदें

उत्तरवर्ती वर्ष (वर्षों) से संबंधित खर्चों को, पूर्व–प्रदत्त के रूप में केवल तभी माना जाता है, जहाँ यह भुगतान, प्रत्येक मामले में 1.00 लाख रुपए से अधिक हो।

XVIII. कराधान

अवधि के खर्चों में, चालू कर और आस्थगित कर शामिल होते हैं। कर को लाभ एवं हानि का समेकित विवरण में मान्यता दी जाती है, सिवाय उस सीमा तक, जिस सीमा तक यह अन्य व्यापक आय या प्रत्यक्ष रूप से इक्विटी में मान्यता प्राप्त मदों से संबंधित है, जहाँ कर को अन्य व्यापक आय या इक्विटी में भी मान्यता दी जाती है।

क) चालू कर

चालू कर, लागू होने वाली कर दरों और आय कर अधिनियम, 1961 तथा लागू होने वाले अन्य कर कानूनों के अनुसार यथानिर्धारित, वर्ष के लिए कर योग्य आय पर भुगतान योग्य कर है।

ख) आस्थगित कर

i. आस्थगित कर को, वित्तीय विवरणों में परिसंपत्तियों और देयताओं की रखाव धनराशियों के बीच अस्थायी अंतरों के संबंध में मान्यता दी जाती है और तदनुसार धनराशियों का उपयोग, कराधान उद्देश्य के लिए किया जाता है।

ii. आस्थगित कर देयताओं को आमतौर पर, सभी कर योग्य अस्थायी अंतरों के लिए मान्यता दी जाती है।

iii. आस्थगित कर परिसंपत्तियों को आमतौर पर, केवल उस सीमा तक मान्यता दी जाती है जिस सीमा तक यह संभावना हो कि भावी कर योग्य लाभ उपलब्ध होगा, जिसके प्रति परिसंपत्तियों का उपयोग किया जा सकता है।

iv. आस्थगित कर परिसंपत्तियों की रखाव धनराशि की समीक्षा, प्रत्येक रिपोर्टिंग अवधि के अंत में की जाती है और उस सीमा तक घटा दिया जाता है, जिस सीमा तक अब यह संभावना न हो कि संबंधित कर लाभ प्राप्त हो जाएंगे।

ग) अतिरिक्त आय कर

अतिरिक्त आय कर, जो लाभांश के वितरण से उत्पन्न होता है, को उस समय मान्यता दी जाती है, जब संबंधित लाभांश भुगतान करने की देयता को मान्यता दी जाती है।

XIX. नकदी और नकदी समतुल्य

नकदी में, हस्तगत नकदी, बैंकों में मांग जमा राशियां आदि शामिल होती हैं। समूह, नकदी समतुल्य को, सभी अल्पावधि शेषों (अर्जन की तारीख से तीन महीने या इससे कम की मूल परिपक्वता अवधि वाले), अत्याधिक अस्थिर निवेशों, जो नकदी की ज्ञात धनराशियों में तत्काल परिवर्तित हैं और जो मूल्य में परिवर्तनों के नगण्य जोखिम के अधीन हों, के रूप में मानता है।

XX. प्रति शेयर अर्जन

प्रति शेयर मूल अर्जन का परिकलन इक्विटी शेयरधारकों पर आरोप्य अवधि के लिए निवल लाभ एवं हानि को अवधि के दौरान बकाया इक्विटी शेयरों की भारित औसत संख्या से विभाजित करके किया जाता है।

XXI. लाभांश

क) लाभांश आय

निवेश पर लाभांश को, उस आधार पर हिसाब में लिया जाता है, जब इसे प्राप्त करने का अधिकार सिद्ध हो जाता है।

ख) लाभांश व्यय

"समूह के शेयरधारकों को भुगतान योग्य लाभांश को उस अवधि में इक्विटी में परिवर्तनों के रूप में मान्यता दी जाती है, जिसमें उन्हें समय–समय पर आरबीआई डीआईपीएएम, सेबी, डीपीई, आदि द्वारा परिपत्रों/दिशानिर्देशों पर विचार करने के बाद क्रमशः शेयरधारकों की बैठक और निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित/सिफारिश किया जाता है।

XXII. नकदी प्रवाह विवरण

नकदी प्रवाह, भारतीय लेखांकन मानक–7 'नकदी प्रवाह विवरण' में यथाविनिर्धारित अप्रत्यक्ष पद्धति का उपयोग करके, रिपोर्ट किए जाते हैं।

XXIII. प्रावधान, आकस्मिक देयताएं और आकस्मिक परिसंपत्तियां

क) प्रावधान

(i) प्रावधानों को, उस समय मान्यता दी जाती है, जब किसी पिछली घटना के परिणामस्वरूप निगम का कोई वर्तमान विधिक या रचनात्मक दायित्व हो, बशर्ते कि यह संभाव्य हो कि समूह के लिए इस दायित्व का निपटान करना आवश्यक होगा और दायित्व की धनराशि का एक विश्वसनीय अनुमान लगाया जा सकता हो।

(ii) प्रावधान के रूप में मानी गई धनराशि, दायित्व के जोखिमों और उसके इर्द–गिर्द की अनिश्चितताओं को ध्यान में रखते हुए, रिपोर्टिंग अवधि के अंत में वर्तमान दायित्व का निपटान करने के लिए अपेक्षित प्रतिफल का सर्वोत्तम अनुमान होती है।

(iii) जब किसी प्रावधान का निपटान करने के लिए अपेक्षित कुछ या सभी आर्थिक लाभों के, किसी तृतीय पक्षकार से वसूल किए जाने की आशा हो तो प्राप्तियोग्य धनराशि को, परिसंपत्ति के रूप में मान्यता दी जाती है, बशर्ते कि यह वास्तविक रूप से निश्चित हो कि प्रतिपूर्ति प्राप्त हो जाएगी और प्राप्तियोग्य धनराशि को विश्वसनीय रूप से मापा जा सकता है।

(iv) केंद्र सरकार/राज्य सरकार/सरकारी संस्थाओं/सरकारी कंपनियों और अन्य केंद्रीय/राज्य सरकारी विभागों/निकायों से प्राप्य और ऋण एवं अग्रिमों से संबंधित प्रावधानों, यदि अपेक्षित हों, को लागू किया जाता है, बशर्ते कि प्रबंधकवर्ग द्वारा इसे उचित समझा जाए।

(v) उस सीमा तक नियति और विपणन स्कीम के अधीन "प्राप्य रकमों" के संबंध में प्राप्य रकमों के लिए प्रावधान नहीं किया जाता है, जब तक वे "देय" के अधीन वह रकम दर्शायी जाती है और जिस सीमा तक आपूर्तिकर्ताओं के साथ बैक टू बैक व्यवस्था के अधीन उस लेन–देन के संबंध में आपूर्तियों के लिए आपूर्तिकर्ता को देय रकम के अनुसार सेवा प्रभार समायोजित किए जाते हैं।

(vi) भारतीय रिजर्व बैंक की दिनांक 13.03.2020 की अधिसूचना संख्या आरबीआई/2019–20/170 डीओआर (एनबीएफसी) सीसी. पीडी संख्या 109/22.10.106/2019–20 के आधार पर ईसीएलएस को भारतीय लेखांकन मानक–109 के अनुसार, वित्तीय वर्ष 2019–20 से वित्तीय विलेखों से हानि संबंधी छूटों के रूप में मान्यता दी जाती है।

(vii) भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा जारी किए गए भारतीय लेखांकन मानकों व आईआरएसी प्रूडेंशियल मानदंड के संदर्भ में प्राप्य व ऋण एंव अग्रिमों (ब्याज संस्पेंस खाते के निवल) के लिए वर्गीकरण और मानदण्ड की व्याख्या यहाँ संलग्न किया गया है।

ख) आकस्मिक देयताएं

आकस्मिक देयताएं, पिछले कार्य कार्यक्रमों से उत्पन्न एक संभावित दायित्व है, जिसके अस्तित्व की पुष्टि, निगम नियंत्रण के पूरी तरह अंदर न होने वाले एक या एक से अधिक अनिश्चित भावी घटना के घटित होने या घटित न होने द्वारा की जाएगी। जहाँ यह संभावना नहीं है कि आर्थिक लाभों का बहिर्वाह आवश्यक या धनराशि का अनुमान, विश्वसनीय ढंग से नहीं लगाया जा सकता तो दायित्व का प्रकटीकरण, आकस्मिक देयता के रूप में किया जाता है, जब तक कि आर्थिक लाभों के बहिर्वाह की संभाव्यता बहुत ही कम न हो।

समूह, आकस्मिक देयताओं के अस्तित्व का प्रकटीकरण, समेकित वित्तीय विवरणों की टिप्पणियों में करता है। आकस्मिक देयताओं का प्रकटीकरण, प्रबंधन/स्वतंत्र विशेषज्ञों के निर्णय के आधार पर करता है और यह निर्धारित करने के लिए क्या आर्थिक संसाधनों का बहिर्वाह संभाव्य हो गया है, प्रत्येक तुलन–पत्र की तारीख को निरंतर इनकी समीक्षा/मूल्यांकन किया जाता है। यदि बहिर्वाह संभाव्य हो जाता है तो तुलनात्मक प्रावधान को, प्रबंधन के चालू अनुमान प्रदर्शित करने के लिए समेकित वित्तीय विवरणों में मान्यता दी जाती है।

ग) आकस्मिक परिसंपत्तियां

आकस्मिक परिसंपत्तियों को मान्यता नहीं दी जाती बल्कि इनका प्रकटीकरण उन टिप्पणियों में किया जाता है, जो आमतौर पर योजना न बनाई गई या अन्य अप्रत्याशित घटनाओं से उत्पन्न होती हैं, जो आर्थिक लाभों के बहिर्वाह की संभाव्यता को जन्म देता है।

आकस्मिक परिसंपत्तियों का मूल्यांकन निरंतर रूप से यह निर्धारित करने के लिए किया जाता है कि क्या आर्थिक लाभों को अंतर्वाह वास्तव में निश्चित हो गया है। इसके पश्चात ऐसी परिसंपत्तियों और तुलनात्मक आय को समेकित वित्तीय विवरणों में मान्यता दी जाएगी।

XXIV. वित्तीय विलेख

वित्तीय विलेख, एक ऐसा संविदा है, जिससे एक कंपनी की वित्तीय परिसंपत्ति उत्पन्न होती है और दूसरी कंपनी की वित्तीय देयता या इक्विटी विलेख उत्पन्न होता है।

क. वित्तीय संपत्तियों और वित्तीय देनदारियों की प्रारंभिक पहचान और माप

वित्तीय परिसंपत्तियों और वित्तीय देयताओं को आरंभतः उचित मूल्य पर मापा जाता है, सिवाय व्यापार प्राप्तव्यों के मामलों में, जिसमें इन्हें लेन–देन के मूल्य पर मापा जाता है। लेन–देन लागतें, जो प्रत्यक्षतः वित्तीय परिसंपत्तियों और वित्तीय देयताओं (लाभ एवं हानि के जरिए उचित मूल्य पर वित्तीय परिसंपत्ति के अलावा) के अर्जन या निर्गमन के कारण होती हैं, आरंभिक मान्यता पर, वित्तीय परिसंपत्तियों या वित्तीय देयताओं, जैसा भी उपयुक्त हो, के उचित मूल्य में जोड़ दी जाती हैं या उनमें से घटा दी जाती हैं। एफवीटीपीएल पर वित्तीय परिसंपत्ति के अर्जन के कारण प्रत्यक्षतः लेन–देन लागतों को, लाभ एवं हानि विवरण में तुरंत मान्यता दी जाती है।

ख. वित्तीय परिसंपत्तियां

वित्तीय परिसंपत्तियों में, निवेश, ऋण, व्यापार प्राप्य, प्रतिभूति जमा राशियां, नकदी और नकदी समतुल्य आदि शामिल हैं। मापन, उस उद्देश्य, जिसके लिए ये परिसंपत्तियां अर्जित की गई थीं, पर निर्भर करते हुए

आरंभिक मान्यता पर किसी परिसंपत्ति का वर्गीकरण निर्धारित करता है।

I. उत्तरवर्ती मापन

उत्तरवर्ती मापन के उद्देश्य के लिए, वित्तीय परिसंपत्तियां, आरंभिक मान्यता पर निम्नलिखित श्रेणियों में वर्गीकृत की जाती हैं:

1) प्रभावी ब्याज दर (ईआईआर) का उपयोग करके परिशोधित लागत पर

2) लाभ या हानि के जरिए उचित मूल्य पर (एफवीटीपीएल)

3) अन्य व्यापक आय के जरिए उचित मूल्य पर (एफवीओसीआई)

एफवीटीपीएल पर परिसंपत्तियों के अलावा, अन्य सभी वित्तीय परिसंपत्तियां, कम से कम प्रत्येक रिपोर्टिंग तारीख पर हानिकरण हेतु समीक्षा के अधीन हैं।

i) परिशोधित लागत पर वित्तीय परिसंपत्तियाँ– कोई वित्तीय परिसंपत्ति, परिशोधित लागत पर मापी जाएगी, यदि निम्नलिखित शर्तों में से दोनों शर्तें पूरी की गई हों:

क) वित्तीय परिसंपत्ति किसी ऐसे व्यवसाय मॉडल के अंदर रखी गई हो, जिसका उद्देश्य संविदात्मक नकदी प्रवाह प्राप्त करने की दृष्टि से वित्तीय परिसंपत्तियां रखना है।

ख) वित्तीय परिसंपत्तियों की संविदात्मक शर्तें, विशेष तारीखों को ऐसे नकदी प्रवाह उत्पन्न करना है, जो अनन्य रूप से मूलधन और मूलधन की बकाया धनराशि पर ब्याज के भुगतान हों।

आरंभिक मापन के पश्चात ये वित्तीय परिसंपत्तियां बाद में प्रभावी ब्याज दर (ईआईआर) पद्धति का उपयोग करके परिशोधित लागत पर मापी जाती है। यह ईआईआर पद्धति किसी वित्तीय परिसंपत्ति की लागत का परिकलन करने और सुसंगत अवधि में ब्याज आय आबंटित करने की एक पद्धति है। प्रभावी ब्याज दर, वह दर है, जो वित्तीय परिसंपत्ति के प्रत्याशित जीवनकाल के जरिए या जहां उपयुक्त हो, आरंभिक मान्यता पर निवल रखरखाव धनराशि की अपेक्षाकृत कम अवधि की प्रत्याशित भावी नकदी प्राप्तियों (भुगतान की गई या प्राप्त की गई सभी शुल्कों सहित, जो प्रभावी ब्याज दर, लेन–देन लागतें और अन्य प्रीमियमों और छूटों का एक अभिन्न अंग है) में सही–सही बट्टाकृत करती हैं।

समूह की नकदी और नकदी समतुल्य, व्यापार प्राप्य और अन्य ऋण तथा अग्रिम वित्तीय विलेखों की इस श्रेणी में आते हैं।

ii) अन्य व्यापक आय के जरिए उचित मूल्य पर (एफवीटीओसीआई) – कोई वित्तीय परिसंपत्ति, अन्य व्यापक आय के जरिए उचित मूल्य पर मापी जाएगी, यदि निम्नलिखित दोनों शर्तें पूरी की गई हैं:

क) व्यवसाय मॉडल का उद्देश्य, संविदात्मक नकदी प्रवाह एकत्र करके और वित्तीय परिसंपत्तियां बेचकर प्राप्त किया गया हो; तथा

ख) परिसंपत्ति की संविदात्मक शर्तें नकदी प्रवाह के लिए ऐसी निर्दिष्ट तिथियों को निर्धारित करती हैं, जो मूलधन पर मूलधन और ब्याज का एकमात्र भुगतान (एसपीपीआई) बकाया हैं।

ग) उचित मूल्य संचालनों को ओसीआई में मान्यता दी जाती

है और आरक्षित में संचित किया जाता है।

इक्विटी विलेख, एफवीटीओसीआई पर वर्गीकृत किए जाते हैं, जिनमें लाभांशों को छोड़कर विलेख पर सभी उचित मूल्य परिवर्तनों को ओसीआई में मान्यता दी जाती है। निवेश की बिक्री पर भी ओसीआई से लाभ एवं हानि में धनराशियों की रिसाइक्लिंग नहीं की जाती। तथापि, कंपनी, संचयी लाभ या हानि को इक्विटी के अंदर अंतरित कर सकती है।

स्टॉक एक्सचेंजों में सूचीबद्ध इक्विटी शेयर, बम्बई स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) में, वित्तीय वर्ष के अंतिम व्यापार दिवस के भारित औसत मूल्य पर मूल्यांकित किए जाते हैं।

iii) लाभ या हानि के जरिए उचित मूल्य (एफवीटीपीएल)

कोई वित्तीय परिसंपत्ति, एफवीटीपीएल पर मापी जाती है, जब तक यह लाभ एवं हानि का विवरण में माने गए उचित मूल्य में सभी परिवर्तनों के साथ परिशोधित लागत या एफवीटीओसीआई पर न मापी गई हो।

II. वित्तीय परिसंपत्तियों में हानिकरण

समूह प्रत्येक रिपोर्टिंग वर्ष के अंत में साक्ष्य या सूचना, जो अनुचित लागत या प्रयास के बिना उपलब्ध हो, के आधार पर हानिकरण के लिए वित्तीय परिसंपत्तियों या वित्तीय परिसंपत्तियों के समूह (लाभ या हानि के जरिए उचित मूल्य पर रखी गई वित्तीय परिसंपत्तियों के अलावा) की जांच करता है। प्रत्याशित क्रेडिट हानि (ईसीएल) का मूल्यांकन किया जाता है और हानिकरण क्षति को मान्यता दी जाती है, यदि वित्तीय परिसंपत्ति के क्रेडिट जोखिम में पर्याप्त वृद्धि हो जाती है।

हानिकरण क्षतियों और प्रत्यावर्तनों को लाभ एवं हानि का समेकित विवरण में मान्यता दी जाती है।

भारतीय लेखांकन मानक 109 के अंतर्गत हानिकरण मॉडल, वित्तीय विलेखों पर लागू होता है, जो नीचे सूचीबद्ध हैं:

1) वित्तीय परिसंपत्तियां, जो ऋण विलेख हैं, परिशोधित लागत पर मापी जाती हैं। जैसें ऋण, ऋण प्रतिभूतियां, जमा और बैंक शेष।

2) इक्विटी निवेश, अन्य व्यापक आय (एफवीटीओसीआई) के जरिए उचित मूल्य पर मापे जाते हैं।

3) ऋण प्रतिबद्धताएं, एफवीटीपीएल (लाभ एवं हानि के जरिए उचित मूल्य) पर नहीं मापी जाती।

4) इण्डएएस–116 के अधीन प्राप्य पट्टा

5) व्यापार और अन्य प्राप्य सामग्री

भारतीय रिजर्व बैंक की दिनांक 13.03.2020 की अधिसूचना संख्या आरबीआई/2019–20/170 डीओआर (एनबीएफसी) सीसी. पीडी संख्या 109/22.10.106/2019–20 के आधार पर ईसीएलएस को भारतीय लेखांकन मानक–109 के अनुसार, वित्तीय वर्ष 2019–20 से वित्तीय विलेखों से हानि संबंधी छूटों के रूप में मान्यता दी जाती है जिसमें निम्नलिखित बातें शामिल हैं:

क) कच्चा माल सहायता, बिल बट्टा, मियादी ऋण, संमिश्र मियादी ऋण और बैंकों से प्राप्त ऋणों के अधीन ग्राहकों को दिया जाने वाला ऋण और अग्रिम।

ख) किराया खरीद, पट्टा, विपणन और अन्य (जिसमें बिक्री सेवा

वाले लेन–देनों के कारण प्राप्त होने वाली रकम भी शामिल है) के अधीन होने वाली देयताओं के संबंध में व्यापार से प्राप्त राशि।

भारतीय रिजर्व बैंक की दिनांक 13.03.2020 की उपर्युक्त अधिसूचना के अनुसार किराया खरीद, पट्टा, कच्चा माल सहायता, बिल पट्टा, मियादी ऋण, संमिश्र मियादी ऋण बैंकों आदि से प्राप्त होने वाली रकम संबंधी स्कीमों के अधीन देयताओं के संबंध में प्राप्त होने वाली रकम सहित वित्तीय स्कीम के अधीन प्राप्त होने वाली रकम और ऋण एवं अग्रिम, जिनमें इण्डएएस–109 के अधीन हानि भत्ता आईआरएसीपी के अधीन अपेक्षित प्रावधान से कम हो (जिसमें मानक परिसंपत्तियों का प्रावधान भी शामिल है, एनएसआईसी **"हानि आरक्षित निधि"** को पृथक करने के लिए कर के बाद अपने निवल लाभ या हानि से इस अंतर को पृथक करता है। इस प्रकार का अंतरण कर के बाद लाभ या हानि के अनुसार पृथक करने के बजाय लाभ के अनुसार प्रभारित किया जाएगा।

III. वित्तीय परिसंपत्तियों की विमान्यताकरण

वित्तीय परिसंपत्तियों का विमान्यताकरण तब किया जाता है जब वित्तीय परिसंपत्तियों से नकदी प्रवाह प्राप्त करने का संविदात्मक अधिकार समाप्त हो जाता है या परिसंपत्तियों से नकदी प्रवाह प्राप्त करने के संविदात्मक अधिकार अंतरित कर दिए जाते हैं।

पूरी तरह किसी वित्तीय परिसंपत्ति के विमान्यकरण पर परिसंपत्ति की रखाव धनराशि और प्राप्त हुए या प्राप्तियोग्य प्रतिफल तथा संचयी लाभ या हानि, जिसे समेकित अन्य व्यापक आय और इक्विटी में संचित के रूप में मान्यता दी गई थी, की रकम के बीच के अंतर को लाभ एवं हानि का समेकित विवरण के रूप में मान्यता दी जाती है, यदि यह लाभ या हानि उस वित्तीय परिसंपत्ति के निपटान पर लाभ एवं हानि का समेकित विवरण में अन्यथा मान्यता दी गई हो।

ग. वित्तीय देयता और इक्विटी विलेख

(xi) (क) हमें प्रदान की गई जानकारी और स्पष्टीकरण के अनुसार, इस अवधि के दौरान कंपनी पर या कंपनी द्वारा कोई धोखाधड़ी नहीं देखी गई अथवा प्रतिवेदित नहीं की गई है।

(ख) हमें प्रदान की गई जानकारी और स्पष्टीकरण के अनुसार, अधिनियम की धारा 143 की उप–धारा (12) के तहत कंपनी (लेखा परीक्षा और लेखा परीक्षक) नियम 2014 के नियम 13 के अधीन निर्दिष्ट प्रपत्र एडीटी–4 में केंद्र सरकार कोई रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई है।

(ग) जैसा कि प्रबंधन द्वारा हमें प्रस्तुत किया गया है, वर्ष के दौरान कंपनी को कोई मुखबिर शिकायत प्राप्त नहीं हुई है।

(xii) हमें दी गई सूचना और स्पष्टीकरणों के अनुसार, कंपनी एक निधि कंपनी नहीं है। तदनुसार, आदेश का पैरा 3(xii) कंपनी पर लागू नहीं होता।

(xiii) हमें दी गई सूचना और स्पष्टीकरणों के अनुसार, कंपनी पर लागू होने वाली सीमा तक अधिनियम की धारा 177 और 188 का अनुपालन किया है और ऐसे लेनदेनों के ब्यौरे, लागू होने वाले लेखाकंन मानकों द्वारा यथा अपेक्षित, वित्तीय विवरणों में प्रकट किए गए हैं।

(xiv) (क) हमारे अभिमत में और हमारी जांच के आधार पर, कंपनी के पास आंतरिक लेखा परीक्षा प्रणाली नहीं है और अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार आंतरिक लेखा परीक्षा प्रणाली रखे जाने की आवश्यकता नहीं है।

(ख) हमारे अभिमत में और हमारी जांच के आधार पर, कंपनी के पास लेखापरीक्षा की जाने वाली अवधि के लिए आंतरिक लेखापरीक्षा प्रणाली मौजूद नहीं थी और तदनुसार किसी आंतरिक लेखापरीक्षा रिपोर्ट पर विचार नहीं किया गया है।

(xv) हमें दी गई सूचना और स्पष्टीकरणों के अनुसार, कंपनी ने, कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 192 द्वारा कवर किए गए निदेशकों या उनसे संबंधित व्यक्ति के साथ कोई गैर–नकदी लेनदेन नहीं किए हैं।

(xvi) हमें दी गई जानकारी और स्पष्टीकरण के अनुसार, कंपनी को भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, 1934 की धारा 45–आईए के तहत पंजीकृत होने की आवश्यकता नहीं है, क्योंकि इसने भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) से एक वैकल्पिक निवेश कोष (एआईएफ) की स्थापना के लिए प्रमाण पत्र दिनांक 1 सितंबर 2021 के माध्यम से आवश्यक नियामक अनुमोदन प्राप्त कर लिया है और मास्टर निर्देश – आरबीआई अधिनियम 1934 के प्रावधानों से छूट के अनुसार, जैसा कि समय–समय पर अद्यतन किया गया है, भारतीय रिजर्व बैंक ने विशेष रूप से (एआईएफ) को भारतीय रिजर्व बैंक के साथ

पंजीकरण से छूट दी है। तदनुसार, अनुच्छेद 3 (xvi) कंपनी पर लागू नहीं होता है।

(xvii) कंपनी को चालू वित्त वर्ष में कोई नकद घाटा नहीं हुआ है।

(xviii) वर्ष के दौरान कंपनी के सांविधिक लेखापरीक्षकों द्वारा कोई त्यागपत्र नहीं दिया गया है।

(xix) वित्तीय अनुपात, काल प्रभावान और वित्तीय परिसंपत्तियों का प्रापण तथा वित्तीय देनदारियों के भुगतान की अपेक्षित तारीखों के आधार पर, वित्तीय विवरणों के साथ अन्य जानकारी व निदेशक मंडल और प्रबंधन योजनाओं के बारे में हमारी जानकारी के अनुसार और समर्थक साक्ष्यों की हमारी जांच के आधार पर हमारे ध्यान में ऐसा कुछ भी नहीं आया है, जो हमें यह विश्वास दिलाता है कि लेखापरीक्षा प्रतिवेदन की तिथि के अनुसार कोई भी भौतिक अनिश्चितता मौजूद है और जो यह दर्शाता हो कि कंपनी तुलन पत्रों की तिथि पर मौजूद अपनी देनदारियों को पूरा करने में सक्षम नहीं है तथा जब कभी वे तुलन पत्र की तिथि से एक वर्ष की अवधि के भीतर देय हो जाते हैं। हालांकि, हम कहते हैं कि यह कंपनी की भविष्य की व्यवहार्यता के संबंध में कोई आश्वासन नहीं है। हम आगे उल्लेख करते हैं कि हमारी रिपोर्टिंग लेखापरीक्षा प्रतिवेदन की तिथि तक के तथ्यों पर आधारित है और हम न तो कोई गारंटी देते हैं और न ही कोई आश्वासन देते हैं, कि तुलन पत्रों की तिथि से एक वर्ष की अवधि के भीतर देय सभी देनदारियों को कंपनी द्वारा, जब कभी भी वे देय हों, अदायगी कर दी जाएगी।

(xx) हमारे अभिमत में और हमें प्रदान की गई जानकारी और स्पष्टीकरण के अनुसार, अधिनियम की धारा 135 के प्रावधान कंपनी पर लागू नहीं होते हैं। तदनुसार, आदेश का अनुच्छेद 3(xx) कंपनी पर लागू नहीं होता है।

देवन्द्र कुमार जैन एण्ड एसोसिएट्स के लिए
सनदी लेखाकार
फर्म पंजीकरण सं.: 007799एन

ह./–
सीए डी.के. जैन
साझेदार
सदस्यता सं. : 083417

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 28.08.2023

31 मार्च, 2023 को समाप्त अवधि के लिए एनएसआईसी वेंचर कैपीटल लिमिटेड के सदस्यों को हमारी स्वतंत्र लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट में उल्लिखित अनुबंध ख

कंपनी अधिनियम, 2013 ('अधिनियम') की धारा 143 की उप–धारा 3 के खंड (i) के अधीन आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों पर रिपोर्ट

हमने 31 मार्च, 2023 तक "कंपनी" की स्थिति के अनुसार एनएसआईसी वेंचर कैपीटल फंड लिमिटेड के वित्तीय विवरणों के संदर्भ में आंतारिक वित्तीय नियंत्रणों रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण की उस तारीख को समाप्त वर्ष के कंपनी के वित्तीय विवरणों की हमारी लेखापरीक्षा के साथ मिलाकर लेखापरीक्षा की है।

आंतरिक वित्तीय नियंत्रण के संबंध में प्रबंधक–वर्ग की जिम्मेदारी

भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान ('आईसीएआई') द्वारा जारी किए गए वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण की लेखापरीक्षा संबंधी दिशा–निर्देश टिप्पणी में उल्लिखित आंतरिक नियंत्रण के अनिवार्य घटकों पर विचार करते हुए कंपनी द्वारा स्थापित वित्तीय रिपोर्टिंग मापदंड पर आंतरिक नियंत्रण पर आधारित आंतरिक वित्तीय नियंत्रण स्थापित करने और बनाए रखने के लिए कंपनी का प्रबंधक–वर्ग जिम्मेदार होता है। इस जिम्मेदारी में ऐसा पर्याप्त आंतरिक वित्तीय नियंत्रण तैयार करना, लागू करना और बनाए रखना भी शामिल है जो इसके कारोबार का विधिवत और प्रभावी रूप से संचालन सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी रूप से कार्य कर रहा हो। इसमें निगम की नीतियों, इसकी परिसंपत्तियों की सुरक्षा, कपट और त्रुटि का निवारण तथा पता लगाना, लेखाकरण अभिलेखों की यथार्थता और पूर्णता तथा अधिनियम के अधीन अपेक्षित विश्वसनीय वित्तीय सूचना समय पर तैयार करना भी शामिल है।

लेखापरीक्षकों की जिम्मेदारी

हमारी जिम्मेदारी हमारी लेखापरीक्षा पर आधारित कंपनी के आंतारिक वित्तीय विवरणों पर अपना अभिमत व्यक्त करना है। हमने अपनी लेखापरीक्षा वित्तीय रिपोर्टिंग की लेखापरीक्षा पर मार्गदर्शक टिप्पणी ("मार्गदर्शक टिप्पणी") तथा भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान द्वारा जारी किए गए आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की लेखापरीक्षा, दोनों पर प्रयोज्य सीमा तक लागू आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की लेखापरीक्षा एवं कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 143(10) के अधीन निर्धारित माने जाने वाले भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान द्वारा जारी किए गए लेखापरीक्षा के मानकों के अनुसार की है। इन मानकों और मार्गदर्शक टिप्पणी द्वारा यह अपेक्षित है कि हम नैतिक अपेक्षाओं का पालन करें और लेखापरीक्षा का नियोजन इस प्रकार करें, जिनसे यह उपयुक्त आश्वासन प्राप्त हो कि क्या वित्तीय रिपोर्टिंग के लिए पर्याप्त आंतरिक नियंत्रण स्थापित किए गए हैं और उनका संचालन किया गया एवं क्या ऐसे नियंत्रण प्रभावी रूप से कार्य कर रहे हैं।

हमारी लेखापरीक्षा में, वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक नियंत्रण प्रणाली की पर्याप्तता और उसकी प्रचालन प्रभावोत्पादकता के बारे में लेखापरीक्षा संबंधी साक्ष्य प्राप्त करने की निष्पादन प्रक्रियाएँ अपनाना शामिल है। वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की जानकारी प्राप्त करने, जोखिम, जिनसे महत्त्वपूर्ण हानि होती है, का निर्धारण तथा निर्धारित जोखिम के आधार पर आंतरिक वित्तीय प्रणाली की प्रचालन प्रभावोत्पादकता की जांच तथा मूल्यांकन एवं निरूपण शामिल है। चयन की प्रक्रियाएँ लेखापरीक्षणों के निर्णयों पर आधारित होती हैं, जिनमें वित्तीय विवरणों की महत्त्वपूर्ण गलतबयानी, चाहे वह धोखाधड़ी हो या त्रुटि हो, के जोखिमों का निर्धारण भी शामिल करना है।

हम विश्वास करते हैं कि हमने जो लेखापरीक्षा संबंधी साक्ष्य प्राप्त किया है, वह वित्तीय रिपोर्टिंग पर कंपनी की आंतरिक नियंत्रण प्रणाली की हमारी लेखापरीक्षा की अर्हक मूल अभिमत उपलब्ध कराने के लिए पर्याप्त और समुचित है।

वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण से तात्पर्य

वित्तीय रिपोर्टिंग पर कंपनी का आंतरिक वित्तीय नियंत्रण एक ऐसी प्रक्रिया है, जो वित्तीय रिपोर्टिंग की विश्वसनीयता के बारे में उचित आश्वासन देने और सामान्य रूप से स्वीकृत लेखाकरण सिद्धांतों के अनुसार बाह्य प्रयोजनों के लिए वित्तीय विवरण तैयार करने के लिए बनाई गई है। वित्तीय रिपोर्टिंग पर कंपनी के आंतरिक वित्तीय नियंत्रण में वे नीतियां और प्रक्रियाएं शामिल हैं, जो (1) अभिलेखों को उचित विवरणों, यथार्थता से बनाए रखने से संबंधित हों और जिनमें निगम की परिसंपत्तियों के लेन–देन या निपटान को सही तरीके से दर्शाया गया हो, (2) इस संबंध में उचित आश्वासन दे कि सामान्य रूप से स्वीकृत लेखाकरण सिद्धांतों के अनुसार वित्तीय विवरण तैयार करने के लिए आवश्यक लेन–देनों को दर्ज किया गया है और कंपनी की प्राप्तियों और व्यय को निगम के प्रबंधक वर्ग और निदेशकों के प्राधिकार के अनुसार ही किया जाता है और (3) अनधिकृत अधिग्रहण, उपयोग

या निगम की परिसंपत्तियों के निपटान का निवारण करने या समय पर पता लगाने के बारे में उचित आश्वासन देता है, जिनका वित्तीय विवरणों पर महत्त्वपूर्ण प्रभाव पड़ता है।

वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण की निहित सीमाएँ

प्रबंधन की मिलीभगत की संभावना या अनुचित प्रबंधन द्वारा नियंत्रण अधिभावी करने सहित वित्तीय रिपोर्टिंग पर निगम के आंतरिक वित्तीय नियंत्रण की निहित सीमाओं से त्रुटि या धोखाधड़ी के कारण महत्त्वपूर्ण मिथ्या कथन किया जा सकता हो और जिसका पता नहीं लग पाया हो, शामिल है। इसके अलावा, वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण पर किसी मूल्यांकन को भविष्य में दर्शाना, जिससे जोखिम हो सकता है और जो वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण के संबंध में बदली हुई स्थितियों में अपर्याप्त हो सकता है या जिनसे नीतियों और प्रक्रियाओं के अनुपालन की मात्रा में गिरावट आ सकती हो।

अभिमत

हमारे अभिमत में, कंपनी के पास सभी भौतिक मामलों हेतु वित्तीय विवरणों के संदर्भ में एक पर्याप्त आंतरिक वित्तीय नियंत्रण प्रणाली है और वित्तीय विवरणों के संदर्भ में ऐसे आंतरिक वित्तीय नियंत्रण, 31 मार्च 2023 तक प्रभावी ढंग से काम कर रहे थे और जो इंस्टिट्यूट ऑफ़ चार्टर्ड एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया द्वारा जारी आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की लेखापरीक्षा पर वित्तीय प्रतिवेदन हेतु मार्गदर्शन नोट में बताए गए आंतरिक नियंत्रण के आवश्यक घटकों पर विचार करते हुए, कंपनी द्वारा स्थापित वित्तीय विवरण मानदंड के संदर्भ में आंतरिक नियंत्रण पर आधारित हैं।

देवन्द्र कुमार जैन एण्ड एसोसिएट्स के लिए
सनदी लेखाकार
फर्म पंजीकरण सं.: 007799एन

ह./–
सीए डी.के. जैन
साझेदार
सदस्यता सं. : 083417

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 28.08.2023

31 मार्च, 2023 को समाप्त अवधि के लिए एनएसआईसी वेंचर कैपीटल लिमिटेड के सदस्यों को हमारी स्वतंत्र लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट में उल्लिखित अनुबंध ग

31 मार्च, 2023 को समाप्त अवधि के लिए एनएसआईसी वेंचर कैपीटल फंड लिमिटेड के वित्तीय विवरणों के संबंध में कंपनी अधिनियम, 2013 ("अधिनियम") की धारा 143(5) के अंतर्गत भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक द्वारा जारी किए गए निर्देशों पर रिपोर्ट।

क्र. सं.	निर्देश	उत्तर
I	क्या कंपनी में सभी लेखांकन लेन–देन आईटी प्रणाली के जरिए प्रोसेस करने की प्रणाली विद्यमान है? यदि हाँ तो वित्तीय प्रभावों, यदि कोई हैं, के साथ–साथ लेखाओं के एकीकरण पर आईटी प्रणाली के बाहर लेखांकन लेन–देनों की प्रसंस्करण के प्रभावों का उल्लेख किया जाए।	हाँ, कंपनी में सभी लेखांकन लेन–देन आईटी प्रणाली के जरिए प्रोसेस करने के लिए प्रणाली विद्यमान है। कंपनी लेखांकन के लिए टेली, सॉफ्टवेयर का उपयोग कर रहा है। लेखापरीक्षा प्रक्रिया के आधार पर और हमें दी गई सूचना तथा स्पष्टीकरणों के अनुसार आईटी प्रणाली के बाहर कोई लेखांकन लेन–देन प्रोसेस नहीं किया गया है/ना ही बाहर लेकर गए हैं।
II	क्या ऋण की अदायगी के लिए कंपनी की देयता के कारण, कंपनी को ऋणदाताओं द्वारा दिए गए कर्जों/ऋणों/ब्याज आदि की छूट/बट्टेखाते डालने के मामलों या मौजूद ऋण की कोई पुनर्संरचना की गई है? यदि हाँ, तो वित्तीय प्रभाव का उल्लेख किया जाए।	हमें दी गई सूचना और स्पष्टीकरणों के अनुसार तथा रिकार्डों की हमारी जांच के आधार पर किसी मौजूदा ऋण या कंपनी ने इस अवधि के दौरान ऋण दाताओं से कोई ऋण स्वीकार नहीं किया है।
III	क्या केंद्र/राज्य सरकार की एजेंसियों से विशिष्ट स्कीमों के लिए प्राप्त/प्राप्य निधियों को उचित ढंग से लेखे में लिया गया है/शर्तों एवं निबंधनों के अनुसार उनका उपयोग किया गया है? विपथन के मामलों की सूची दें।	हमें प्रदान की गई जानकारी और स्पष्टीकरण के अनुसार और प्रलेखों की हमारी जांच के आधार पर, कंपनी को 12 अक्टूबर 2021 के योगदान समझौते के अनुसार, एसआरआई फंड में अपने योगदान के रूप में केंद्र सरकार से धनराशि प्राप्त हुई है। एसआरआई फंड की ओर से कंपनी द्वारा किए गए खर्चों की प्रतिपूर्ति को छोड़कर, इसका समुचित लेखा–जोखा रखा है और एक अलग बैंक खाते में रखा गया है तथा तुलन–पत्र की तिथि के अनुसार इसका उपयोग नहीं किया गया है।

देवन्द्र कुमार जैन एण्ड एसोसिएट्स के लिए
सनदी लेखाकार
फर्म पंजीकरण सं.: 007799एन

ह./–
सीए डी.के. जैन
साझेदार
सदस्यता सं. : 083417

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 28.08.2023

अनुपालन संबंधी प्रमाणपत्र

हमने कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 143(5) के अंतर्गत भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक द्वारा जारी किए गए निर्देशों के अनुसार एनएसआईसी वेंचर कैपीटल फंड लिमिटेड के 31 मार्च, 2023 को समाप्त वर्ष के लेखाओं की लेखापरीक्षा की है और प्रमाणित किया जाता है कि हमने, हमें जारी किए गए सभी निर्देशों/उप–निर्देशों का पालन किया है।

देवन्द्र कुमार जैन एण्ड एसोसिएट्स
सनदी लेखाकार
आईसीएआई फर्म पंजीकरण संख्या : 007799एन

ह./–
सीए डी.के. जैन
साझेदार
सदस्यता सं. : 083417
यूडीआईएनः 23083417बीजीएक्सएचसीजे2856

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 28.08.2023

टिप्पणियाँ, जो 31 मार्च, 2023 को समाप्त अवधि के लिए वित्तीय विवरणों का एक अभिन्न अंग हैं।

टिप्पणी – 1 : कॉरपोरेट सूचना एवं लेखांकन का आधार

क. कंपनी सूचना

एनएसआईसी वेंचर कैपिटल फंड लिमिटेड ('एनवीसीएफएल' या 'कंपनी'), एक सार्वजनिक लिमिटेड कंपनी है, जो भारत में अवस्थित है और कंपनी अधिनियम, 2013 के प्रावधानों के तहत 28 अगस्त, 2020 को निगमित की गई है। कंपनी भारत सरकार के एक उद्यम राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम लिमिटेड ('एनएसआईसी'), के अंतर्गत एक पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी है और इसका पंजीकृत कार्यालय एनएसआईसी भवन, ओखला औद्योगिक एस्टेट, फेस–III, नई दिल्ली–110020 (भारत) में स्थित है। दिनांक 1 सितंबर 2021 से, एनवीसीएफएल को भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड ('सेबी') के साथ भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (वैकल्पिक निवेश कोष) विनियम, 2012 ('विनियम') के तहत आत्मनिर्भर भारत (एसआरआई) फंड ("योजना" या "निधि") नामक इसकी पहली योजना के लिए श्रेणी II वैकल्पिक निवेश कोष के रूप में पंजीकृत किया गया और पंजीकरण संख्या IN/AIF2/21-22/0924 प्राप्त हुई है। इस योजना में भारत सरकार, एनएसआईसी और कंपनी इसके योगदानकर्ता हैं और इसे एक अलग 'एसोसिएशन ऑफ पर्सन' (व्यक्तियों का संघ) के रूप में माना गया है। इस योजना का उद्देश्य इक्विटी, अर्ध–इक्विटी और ऋण के माध्यम से एमएसएमई को विकास पूंजी के रूप में सहायता के प्रावधान के लिए संतति/अनुषंगी निधियों (डॉटर फंड) को वित्त पोषण सहायता प्रदान करना है।

ख. लेखांकन का आधार

I. अनुपालन कथन

कंपनी अधिनियम, 2013 ("एक्ट") के प्रावधानों के अंतर्गत भारतीय लेखाकरण मानकों का अनुपालन करते हुए वित्तीय विवरण तैयार किया जाएगा। यथासंशोधित कंपनी (भारतीय लेखाकरण मानक) नियमावली 2015 और इस अधिनियम के अन्य संबन्धित प्रावधानों का अनुपालन करते हुए भारतीय लेखाकरण मानकों का निर्धारण अधिनियम के अनुच्छेद 133 अंतर्गत किया गया है।

II. तैयार करने और प्रस्तुत करने का आधार

भारतीय लेखांकन मानक वित्तीय विवरण एक चल रहे प्रतिष्ठान के रूप में उपार्जित आधार पर और ऐतिहासिक लागत परंपरा के अंतर्गत तैयार किए गए हैं, सिवाय कुछ वित्तीय परिसंपत्तियों के और वित्तीय देयताओं, जिन्हें सुसंगत भारतीय लेखांकन मानकों के अंतर्गत यथापेक्षित रिपोर्ट की प्रत्येक तिथि के अंत में उचित मूल्य पर मापा जाता है। इन नीतियों को वित्तीय विवरणों में प्रस्तुत सभी अवधियों / समय के लिए लगातार लागू किया गया है।

हालांकि, मास्टर निदेश – आरबीआई अधिनियम, 1934 के प्रावधानों से छूट के अनुसार कंपनी को भारतीय रिजर्व बैंक के साथ गैर–बैंकिंग वित्त कंपनियों (एनबीएफसी) के रूप में पंजीकरण से छूट दी गई है, जैसा कि समय–समय पर अद्यतन किया जाता है, दिनांक 31 मार्च, 2023 को समाप्त अवधि के लिए अपने वित्तीय विवरणों को तैयार करते समय कंपनी ने कंपनी अधिनियम, 2013 की अनुसूची III की डिवीजन III का पालन किया है। डिवीजन III एनबीएफसी पर लागू होता है जैसा कि कंपनियों (भारतीय लेखा मानक नियम) 2015 में परिभाषित किया गया है, जिसमें उद्यम पूंजी निधि कंपनियाँ शामिल हैं और कंपनी को एआईएफ की स्थापना के विशिष्ट उद्देश्य के साथ एक उद्यम पूंजी निधि कंपनी के रूप में स्थापित किया गया है।

III. निर्णयों और अनुमानों का उपयोग

कम्पनी की लेखांकन नीतियों के अनुरूप वित्तीय विवरण तैयार करने में प्रबंधन से यह अपेक्षा की जाती है कि वह ऐसे अनुमान लगाएगा और कल्पना करेगा, जो वित्तीय विवरणों की तिथि को यथास्थिति आकस्मिक देयताओं के विगोपन और परिसंपत्तियों तथा देयताओं की रिपोर्ट की गई धनराशियों, रिपोर्ट की गई अवधि के दौरान राजस्व और खर्चों की धनराशि तथा वित्तीय विवरणों की टिप्पणियों को प्रभावित करेगा। हालांकि ये अनुमान प्रबंधन की

वर्तमान कार्यक्रमों और कार्यवाहियों की सर्वोत्तम जानकारी पर आधारित हैं, परंतु वास्तविक परिणाम इन अनुमानों से भिन्न हो सकते हैं। लेखांकन अनुमानों में किए गए किसी संशोधन को उस अवधि में मान्यता दी जाती है, जिसमें ये परिणाम स्पष्ट हो जाएँ।

IV. महत्वपूर्ण लेखांकन अनुमान और प्रबंधन निर्णय

लेखांकन नीतियों के अनुप्रयोग में, कम्पनी के प्रबंधन से यह अपेक्षा की जाती है कि वह परिसंपत्तियों और देयताओं की लागत धनराशियों के बारे में निर्णय करे, अनुमान लगाए और कल्पना करें, जो अन्य स्रोतों से आसानी से स्पष्ट न हो सके। ये अनुमान और कल्पनाएँ ऐतिहासिक अनुभव और अन्य कारकों पर आधारित है, जिन्हें सुसंगत माना जाता है। लेखांकन नीतियाँ, जिनका वित्तीय विवरणों में मान्यता दी गई धनराशियों पर सबसे अधिक महत्त्वपूर्ण प्रभाव पड़ता है, लागू करने में उपयोग किए गए अनुमान, अनिश्चितता और महत्त्वपूर्ण निर्णयों के महत्त्वपूर्ण क्षेत्रों के बारे में सूचना नीचे दी गई है:

- **संपत्ति, संयंत्र और उपकरण (पीपीई) अमूर्त परिसंपत्तियाँ:** परिसंपत्तियों के स्वरूप, परिसंपत्ति के अनुमानित उपयोग, परिसंपत्ति की परिचालनात्मक स्थिति, प्रतिस्थापन के पिछले इतिवृत्त और अनुरक्षण सहायता को ध्यान में रखते हुए रिपोर्ट की गई प्रत्येक तिथि को पीपीईज और अमूर्त परिसंपत्तियों के अवशिष्ट मूल्य और अनुमानित उपयोगी जीवनकाल का मूल्यांकन किया जाता है। समीक्षा करने पर प्रबंधन, मूल्यह्रास/मौद्रिकीकरण के परिकलन के लिए दिया गया उपयोगी जीवनकाल और अवशिष्ट मूल्य स्वीकार करता है।

- **आय कर:** भुगतान की जाने वाली प्रत्याशित धनराशि/अनिश्चित कर स्थितियों के लिए वसूल की गई धनराशि सहित आय कर के लिए प्रावधान निर्धारित करने में अनुमान शामिल होते हैं। स्थगित कर परिसंपत्ति का मूल्यांकन करने के लिए प्रत्याशित भावी लाभप्रदाता के संबंध में निर्णय लिए जाते हैं।

- **वित्तीय परिसंपत्तियों की हानि:** व्यापार प्राप्य और ऋण और अग्रिम सहित वित्तीय साधनों की हानि का मूल्यांकन, प्रत्याशित हानि और चूक के जोखिम के बारे में लगाए गए अनुमानों के आधार पर किया जाता है। हानिकरण के परिकलन के लिए इनपुट का चयन, अनुमान, पिछले इतिवृत्त, बाजार स्थितियों और रिपोर्ट की जाने वाली प्रत्येक तिथि के अंत में भावी अनुमानों पर विचार करते हुए प्रबंधन के निर्णय पर आधारित है।

- **गैर–वित्तीय परिसंपत्तियों का हानिकरण (पीपीई):** गैर–वित्तीय परिसंपत्तियों के हानिकरण का मूल्यांकन उन परिसंपत्तियों की वसूलीयोग्य धनराशि के अनुमान के आधार पर निर्धारित किया जाता है। वसूलीयोग्य धनराशि का परिकलन करने में उपयोग किए गए अनुमान प्रबंधन के निर्णय पर आधारित होते हैं।

- **सुनिश्चित लाभ योजनाएं और अन्य दीर्घावधि कर्मचारी लाभ:** वर्तमान में, कंपनी में केवल एक कर्मचारी है, परिभाषित लाभ योजना की लागत और अन्य दीर्घकालिक कर्मचारी लाभ और ऐसे दायित्व का वर्तमान मूल्य स्वतंत्र बीमांकिक मूल्यांकनकर्ता द्वारा निर्धारित किया जाता है। बीमांकिक मूल्यांकन में विभिन्न धारणाएँ बनाना शामिल होता है जो वास्तविक से भिन्न हो सकती हैं। प्रबंधन का मानना है कि छूट दर, भविष्य में वेतन वृद्धि, मृत्यु दर और नौकरी छोड़ने की दर के निर्धारण में बीमांकिक द्वारा उपयोग की गई धारणा उचित है।

- **वित्तीय विलेखों का उचित मूल्य मापन:** जब वित्तीय परिसंपत्तियों और वित्तीय देयताओं के उचित मूल्य सक्रिय बाजारों में उद्धृत मूल्यों के आधार पर नहीं मापे जा सकते तो ऐसी स्थिति में प्रबंधन इसके उचित मूल्य निर्धारित करने के लिए अन्य

मूल्यांकन तकनीकों का उपयोग करता है। ये तकनीकें लागू करने के लिए इनपुट, जहां कही संभव हो, अवलोकनयोग्य बाजारों से प्राप्त किए जाते हैं, परंतु जहाँ ऐसा करना व्यवहार्य नहीं है, उचित मूल्य स्थापित करने में निर्णय का उपयोग किया जाता है। इन निर्णयों में परिशोधन जोखिम, क्रेडिट जोखिम और सचलता जैसे इनपुटों पर विचार शामिल हैं।

- **प्रावधान और आकस्मिकताएँ:** अन्य प्रावधानों की मान्यता और मापन, संसाधनों के बहिर्वाह की संभाव्यता के मूल्यांकन और रिपोर्टिंग की तिथि को ज्ञात परिस्थितियों तथा पिछले अनुभव पर आधारित होते हैं। इसलिए, भविष्य की किसी तिथि को संसाधनों का वास्तविक बहिर्वाह, प्रत्येक रिपोर्टिंग अवधि के अंत में अनुमानित आंकड़ों से भिन्न हो सकता है।

- **निधि द्वारा व्यय की प्रतिपूर्ति:** निधि द्वारा किए गए खर्चों हेतु निधि में से प्रतिपूर्ति की गई राशि, जो निधि की ओर से कंपनी द्वारा वहन की जाती है, निधि दस्तावेजों के अनुसार, निधि के व्यय के सापेक्ष उचित व्यय खाते की प्रस्तुति के 30 (तीस) कैलेंडर दिनों के भीतर, जो उपयुक्त चालान और/या रसीदों द्वारा समर्थित हो, एनवीसीएफएल की विधिवत प्रतिपूर्ति की जाती है और इसे कंपनी के बही खातों में समायोजित किया जाता है।

V. कार्यात्मक और प्रस्तुतिकरण मुद्रा

ये भारतीय लेखांकन मानक वित्तीय विवरण भारतीय रुपयों, जो भारत की मुद्रा है और कम्पनी की कार्यात्मक मुद्रा है।

टिप्पणी – 2 : महत्वपूर्ण लेखांकन नीतियाँ

वित्तीय विवरण तैयार करने और प्रस्तुत करने में लागू की गई महत्वपूर्ण लेखांकन नीतियों का एक साथ जो नीचे दिया गया है। वित्तीय विवरणों में प्रस्तुत की गई सभी अवधियों के लिए निरंतर लागू किया गया है।

2.1 संपत्ति, संयंत्र और उपकरण (पीपीई) – मूर्त पीपीईज

2.1.1 आरंभिक मान्यता और मापन

I. संपत्ति, संयंत्र और उपकरण की मदों को आरंभतः लागत आधार पर मान्यता दी जाती है। उत्तरवर्ती मापन से संचित मूल्यह्रास, पट्टा समाप्ति समायोजन और संचित हानिकरण हानियाँ, यदि कोई हैं। घटाकर निकाली गई लागत पर मापन किया जाता है। उक्त लागत में ऐसा व्यय शामिल है जो प्रत्यक्षतः परिसंपत्ति को स्थान तक लाने और इसके अभीष्ट उपयोग के लिए आवश्यक कार्य स्थिति में लाने के कारण हुआ है।

II. जब पीपीई की किसी मद के भागों का उपयोगी जीवनकाल भिन्न होता है तो उन्हें ऐसे संघटकों का पता लगाकर अलग से मान्यता जाती है।

III. उक्त लागत में ऐसा व्यय शामिल है जो प्रत्यक्षतः परिसंपत्ति को स्थान तक लाने और इसके अभीष्ट उपयोग के लिए आवश्यक कार्य स्थिति में लाने के कारण हुआ है। संपत्ति, संयंत्र और उपकरण की विनिर्दिष्ट मद के प्रत्यक्षतः कारण उधार लेने की लागतें (उधार ली गई निधियों, यदि कोई हो, के अस्थायी निवेश पर आय घटाने के पश्चात) उन मदों के प्रति पूंजीकृत की जाती है।

2.1.2 उत्तरवर्ती लागतें

उत्तरवर्ती खर्च को संपत्ति, संयंत्र और उपकरण की लागत धनराशि में वृद्धि के रूप में मान्यता दी जाती है, जब यह संभावना हो कि लगाई गई लागत से प्राप्त होने वाले भावी आर्थिक लाभ उद्यम में प्राप्त होंगे और संपत्ति, संयंत्र और उपकरण की लागत विश्वसनीय ढंग से मापी जा सकती है। संपत्ति, संयंत्र और उपकरण की किसी मद के प्रतिस्थापन भाग की लागत को उस मद की लागत धनराशि में मान्यता दी जाती है, यदि यह संभावना हो कि उस भाग के अंदर शामिल भावी आर्थिक लाभ कम्पनी को प्राप्त

होंगे और इसकी लागत विश्वसनीय ढंग से मापी जा सकती है। प्रतिस्थापित भाग की लागत धनराशि का विमान्यताकरण कर दिया जाता है। संपत्ति, संयंत्र और उपकरण की दिन–प्रतिदिन की सर्विसिंग की लागतों को लाभ या हुई हानि में मान्यता दी जाती है।

2.1.3 विमान्यताकरण

संपत्ति, संयंत्र और उपकरण को विमान्यताकृत कर दिया जाता है, जब उनके उपयोग से या उनके निपटान पर किसी भावी आर्थिक लाभ की आशा न हो। संपत्ति, संयंत्र और उपकरण की किसी मद के निपटान पर हुए लाभ और हानियाँ संपत्ति, संयंत्र और उपकरण की लागत धनराशि के साथ निपटान से प्राप्त धनराशि की तुलना करके निर्धारित किए जाते हैं और इन्हें लाभ एवं हानि विवरण में मान्यता दी जाती है।

2.1.4 संपत्ति, संयंत्र एवं उपकरण का हानिकरण

संपत्ति, संयंत्र एवं उपकरण को हानिकृत के रूप में माना जाता है, जब परिसंपत्तियों की रखाव लागत इसकी वसूलीयोग्य धनराशि से अधिक हो हानिकृत हानि को उस वर्ष में लाभ एवं हानि विवरण में तुरंत मान्यता दी जाती है जिस वर्ष में परिसंपत्ति की पहचान हानिकृत के रूप में की गई हो और संपत्ति की लागत धनराशि इसकी वसूलीयोग्य धनराशि से घटा दी गई हो, जब तक संबंधित परिसंपत्ति पूर्नमूल्यकृत धनराशि पर लाई गई हो, जब हानिकृत हानि को पुनर्मूल्यांकन कमी के रूप में माना गया हो। यदि ऐसा कोई संकेत मिलता है कि पहले मूल्यांकन किया गया हानिकरण हानि अब मौजूद नहीं है तो ऐसी स्थिति में वसूलीयोग्य धनराशि का पूर्नमूल्याकन किया जाता है और परिसंपत्ति को वसूलीयोग्य धनराशि के रूप मे दर्शाया जाता है।

2.1.5 मूर्त परिसंपत्तियों पर मूल्यह्रास

I. कंपनी अधिनियम, 2013 की अनुसूची II के भाग ग में विनिर्दिष्ट उपयोगी जीवनकाल के अनुसार, मोबाइल फोन उपकरण को छोड़कर मूल्यह्रास सीधी रेखा पद्धति आधार पर प्रभारित किया जाता है।

क्र. सं.	परिसंपत्तियों के स्वरूप	उपयोगी जीवन	दर	अवशिष्ट मूल्य
1	कंप्यूटर, लैपटाप और प्रोसेसिंग यूनिट्स	3 वर्ष	31.67%	मूल लागत का 5%
2	मोबाइल फोन उपकरण	3 वर्ष	33.33%	रु. 1/–
3	कार्यालय उपकरण	10 वर्ष	9.50%	मूल लागत का 5%

II. वर्ष के दौरान संपत्ति, संयंत्र एवं उपकरण (पीपीई) से घटावों/अभिवृद्धियों पर मूल्यह्रास उस तिथि, जिसको परिसंपत्ति उपयोग/निपटान के लिए उपलब्ध है, से/तक यथा अनुपात आधार पर प्रभारित किया जाता है।

III. 0.10 लाख रूपये तक की लागत की परिसंपत्तियाँ, अवशिष्ट मूल्य के रूप में मूल लागत का 5% रखने के पश्चात खरीद के वर्ष में पूर्णतः मूल्यह्रासित की जाती है, सिवाय मोबाइल फोन उपकरण के, जहाँ 1 रूपये को अवशिष्ट मूल्य के रूप में रखा जाता है।

IV. 0.10 लाख से अधिक मूल्य के मोबाइल फोन उपकरण, अवशिष्ट मूल्य के रूप में 1/– रुपया रखने के पश्चात, उस वर्ष, जिसमें यह प्राप्त किया गया था, से आरंभ करके प्रबंधन के अनुसार उनके उपयोगी जीवन के अनुमान पर विचार करते हुए 3 वर्ष की अवधि में मूल्यह्रासित किया जाता है।

2.2 अमूर्त संपत्तियाँ

2.2.1 प्रारंभिक मान्यता और माप

निगम द्वारा अर्जित की गई अमूर्त संपत्ति, जिनका सीमित उपयोगी जीवनकाल है, किसी भी इकाई द्वारा प्रतिपूर्ति की गई किसी भी लागत से कम के रूप में लागत के आधार पर मान्यता दी जाती

हैं। बाद में माप लागत, कम संचित परिशोधन और संचित क्षति हानि, यदि कोई हो, के आधार पर किया जाता है। लागत में ऐसे कोई भी प्रत्यक्ष रूप से जिम्मेदार आकस्मिक व्यय भी शामिल है, जो संपत्ति को उसके इच्छित उपयोग के लिए तैयार करने के लिए आवश्यक है। इसके अलावा, यदि कंपनी द्वारा अमूर्त आस्तियों के विकास द्वारा खर्च की गई राशि की किसी भी इकाई द्वारा पूरी तरह से प्रतिपूर्ति की जाती है, तो अमूर्त परिसंपत्तियों को उसके अस्तित्व को दर्ज करने के लिए खातों की पुस्तकों में रु. 1 के नाममात्र मूल्य पर दर्ज किया जाता है।

2.2.2 अनुवर्ती लागतें

बाद के अनुवर्ती व्यय को परिसंपत्ति की वहन राशि में वृद्धि के रूप में माना जाता है, जब यह संभव हो कि भविष्य में होने वाली लागत से प्राप्त होने वाले आर्थिक लाभ उद्यम में प्रवाहित होंगे और वस्तु की लागत को उसके टिकाऊपन के आधार पर मापा जा सकता है।

2.2.3 विकास के तहत अमूर्त परिसंपत्तियाँ

कंपनी द्वारा किए गए व्यय जो विशेष रूप से एक अमूर्त परिसंपत्ति के विकास के लिए समर्पित हों और यदि इसमें भारतीय लेखांकन मानक 38 का अनुपालन किया जाता है और विकास पूरा होने पर इनमें मान्यता और माप मानदंडों को पूरा करने की संभावना है तो इसे ''विकास के तहत अमूर्त संपत्ति'' के रूप में पूंजीकृत किया जाता है। कंपनी ने एआईएफ के संचालन के लिए सेबी से एक नियामक अनुमोदन प्राप्त करने की प्रक्रिया पर खर्च किया है और सभी प्रत्यक्ष रूप से समर्पित खर्च, जिसके परिणामस्वरूप आर्थिक लाभ की संभावना है, को पूंजीकृत किया गया है और विकास के तहत अमूर्त संपत्ति के रूप में प्रकट किया गया है और ऐसी संपत्ति सेबी अनुमोदन प्राप्त होने की तिथि से परिशोधित होगी। इसके अलावा, यदि कंपनी द्वारा किए गए किसी भी राशि की प्रतिपूर्ति किसी भी संस्था द्वारा की जाती है, तो विकास के तहत अमूर्त संपत्ति की लागत को खाता बहियों में प्रतिपूर्ति की गई राशि के साथ समायोजित किया जाता है।

2.2.4 अमान्य किया जाना

एक अमूर्त परिसंपत्ति को तब अमान्य कर दिया जाता है, जब उनके उपयोग या उनके निपटान से कोई भविष्य के आर्थिक लाभ की उम्मीद नहीं होती है। अमूर्त संपत्ति की एक वस्तु के निपटान पर लाभ और हानि को अमूर्त परिसंपत्तियों की अग्रणी राशि के साथ निपटान से प्राप्त आय की तुलना करके निर्धारित किया जाता है और लाभ और हानि के विवरण में दर्ज किया जाता है।

2.3 राजस्व मान्यता

राजस्व प्राप्त किए गए और प्राप्तियोग्य प्रतिफल के उचित मूल्य पर मापा जाता है। आय/राजस्व की सभी मदें और व्यय प्रोद्भवन आधार पर लेखे में लिए जाते हैं जहाँ नीचे उल्लिखित वसूली के बारे में निश्चित हो:

2.3.1 ब्याज आय

सावधि जमा पर ब्याज आय समय के आधार पर, बकाया मूलधन और लागू प्रभावी ब्याज दर के संदर्भ में अर्जित की जाती है, यह वो दर है जिस पर प्रारम्भिक पहचान के बाद उस परिसंपत्ति की निवल अग्रणीत राशि पर वित्तीय आस्तियों के अपेक्षित जीवनकाल के माध्यम से अनुमानित भावी नकद प्राप्ति को सटीक रूप से छूट देती है।

2.3.2 प्रबंधन शुल्क

भारत सरकार द्वारा जारी परिचालन दिशा–निर्देशों और निधि के योगदानकर्ताओं के साथ हस्ताक्षरित योगदान समझौते के अनुसार, एनवीसीएफएल द्वारा एक निवेश प्रबंधन शुल्क ('प्रबंधन शुल्क') प्राप्त किया जा सकता है। योगदान समझौते में निर्दिष्ट प्रतिशत के रूप में एनवीसीएफएल द्वारा प्राप्य प्रबंधन शुल्क, वास्तव में निधि के निपटान में रखी गई राशि से है।

2.3.3 व्यय की प्रतिपूर्ति

ऐसी राशि जो एसआरआई फंड की ओर से कंपनी द्वारा खर्च की जाती है, निधि के दस्तावेजों के अनुसार निधि द्वारा प्रतिपूर्ति की जाती है और यह लाभ और हानि खाते में जमा की जाती है।

2.3.4 व्यय का आवंटन

प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष व्यय प्रोद्भवन के आधार पर लाभ और हानि के विवरण के लिए प्रभारित किए जाते हैं।

2.4 कर्मचारी लाभ

कर्मचारी लाभ में वेतन और मजदूरी, भविष्य निधि, पेंशन, ग्रेच्युटी, अवकाश नकदीकरण और अन्य टर्मिनल लाभ शामिल हैं।

(क) अल्पकालिक कर्मचारी लाभ

अल्पकालिक कर्मचारी लाभों में कर्मचारी लागत जैसे वेतन, भत्ते, वार्षिक अवकाश और बीमार अवकाश शामिल होते हैं जो उस वर्ष के दौरान अर्जित होते हैं जिसमें निगम के कर्मचारियों द्वारा संबंधित सेवाएं प्रदान की जाती हैं।

अल्पकालिक कर्मचारी लाभों के संबंध में मान्यता प्राप्त देनदारियों को संबंधित सेवाओं के बदले भुगतान किए जाने वाले अपेक्षित लाभों की बिना छूट वाली राशि पर मापा जाता है।

(ख) रोजगार के बाद के लाभ और अन्य दीर्घकालिक कर्मचारी लाभ

(i) परिभाषित योगदान योजना

परिभाषित योगदान एक रोजगारोत्तर लाभ योजना है जहां निगम विभिन्न संगठनों में निश्चित योगदान का भुगतान करता है और आगे की राशि का भुगतान करने के लिए कोई कानूनी या रचनात्मक दायित्व नहीं होगा। निगम द्वारा भविष्य निधि, पेंशन फंड और सेवानिवृत्ति के बाद चिकित्सा लाभ (पीआरएमबी) में किए गए योगदान को परिभाषित योगदान योजना के रूप में माना जाता है। वर्ष के दौरान भुगतान/देय ऐसे योगदान को उस वर्ष के लाभ और हानि के विवरण में कर्मचारी लाभ व्यय के रूप में मान्यता दी जाती है जिसमें संबंधित सेवाएं प्रदान की जाती हैं।

भविष्य निधि में योगदान का भुगतान एक अलग ट्रस्ट के माध्यम से प्रशासित निधि में किया जाता है और पेंशन निधि में योगदान ट्रस्ट के माध्यम से भारतीय जीवन बीमा निगम को भुगतान किया जाता है। पीआरएमबी के संबंध में, चिकित्सा कोष सार्वजनिक उद्यम विभाग के दिशानिर्देशों के अनुसार बनाया जाता है जिसका उपयोग किया जाता है बीमा कंपनी को प्रीमियम का भुगतान।

(ii) परिभाषित लाभ योजना

एक परिभाषित लाभ योजना, परिभाषित अंशदान योजना के अलावा एक रोजगारोत्तर लाभ योजना है। ग्रेच्युटी, छुट्टी नकदीकरण और अन्य कर्मचारियों के लाभ अर्थात् बीमारी की छुट्टी और टी.ए. के प्रति निगम की देनदारी। सेवानिवृत्ति पर, निगम द्वारा किए गए, परिभाषित लाभ योजना के तहत विचार किए जाते हैं।

ऐसी परिभाषित लाभ योजनाओं के तहत दायित्व का वर्तमान मूल्य अनुमानित यूनिट क्रेडिट पद्धति का उपयोग करके वर्ष के अंत में बीमांकिक मूल्यांकन के आधार पर निर्धारित किया जाता है।

उपरोक्त मामलों के संबंध में बीमांकिक मूल्यांकन के अनुसार निर्धारित प्रकटीकरण नीचे दिया गया है: –

योजना देयता

(लाख रुपए में)

विवरण	सीवाई/ पीवाई	उपदान	अर्जित छुट्टी	रुग्णता छुट्टी	सेवानिवृत्ति पर
अवधि के अंत में यथास्थिति दायित्व का वर्तमान मूल्य	सीवाई	0.53	1.06	0.28	-
	पीवाई	0	0	0	0

सेवा लागत

(लाख रुपए में)

विवरण	सीवाई/ पीवाई	उपदान	अर्जित छुट्टी	रुग्णता छुट्टी	सेवानिवृत्ति पर
चालू सेवा लागत	सीवाई	0.53	1.06	0.28	-
	पीवाई	0	0	0	0
कटौती लाभों/ हानियों सहित पिछली सेवा लागत	सीवाई	0	0	0	0
	पीवाई	0	0	0	0
गैर–नैत्यक करारों पर लाभ या हानियाँ	सीवाई	0	0	0	0
	पीवाई	0	0	0	0
कुल सेवा लागत	सीवाई	0.53	1.06	0.28	-
	पीवाई	0	0	0	0

निवल ब्याज लागत

(लाख रुपए में)

विवरण	सीवाई/ पीवाई	उपदान	अर्जित छुट्टी	रुग्णता छुट्टी	सेवानिवृत्ति पर
सुनिश्चित लाभ दायित्व पर ब्याज लागत	सीवाई	0	0	0	0
	पीवाई	0	0	0	0
योजना परिसंपत्तियों पर ब्याज आय	सीवाई	0	0	0	0
	पीवाई	0	0	0	0
निवल ब्याज लागत (आय)	सीवाई	0	0	0	0
	पीवाई	0	0	0	0

लाभ दायित्व में परिवर्तन

(लाख रुपए में)

विवरण	सीवाई/ पीवाई	उपदान	अर्जित छुट्टी	रुग्णता छुट्टी	सेवानिवृत्ति पर
अवधि आरंभ में दायित्व का वर्तमान मूल्य	सीवाई	0	0	0	0
	पीवाई	0	0	0	0
ब्याज लागत	सीवाई	0	0	0	0
	पीवाई	0	0	0	0
सेवा लागत	सीवाई	0.53	1.06	0.28	-
	पीवाई	0	0	0	0
लाभ/हानि मे कटौती सहित पिछली सेवा लागत	सीवाई	0	0	0	0
	पीवाई	0	0	0	0

(लाख रुपए में)

विवरण	सीवाई/ पीवाई	उपदान	अर्जित छुट्टी	रुग्णता छुट्टी	सेवानिवृत्ति पर
भुगतान किए गए लाभ	सीवाई	0	0	0	0
	पीवाई	0	0	0	0
दायित्व पर कुल बीमांकिक (लाभ)/ हानि	सीवाई	0	0	0	0
	पीवाई	0	0	0	0
अंत में दायित्व का वर्तमान मूल्य	सीवाई	0.53	1.06	0.28	-
	पीवाई	0	0	0	0

दायित्व पर बीमांकिक लाभ/हानि का अलग–अलग विवरण

(लाख रुपए में)

विवरण	सीवाई/ पीवाई	उपदान	अर्जित छुट्टी	रुग्णता छुट्टी	सेवानिवृत्ति पर
जनसांख्यिकीय अनुमान में परिवर्तन से उत्पन्न बीमांकिक (लाभ)/ हानि	सीवाई	0	0	0	0
	पीवाई	0	0	0	0
वित्तीय अनुमान में परिवर्तन से उत्पन्न बीमांकिक (लाभ)/ हानि	सीवाई	0	0	0	0
	पीवाई	0	0	0	0
अनुभव समायोजन से उत्पन्न बीमांकिक (लाभ)/ हानि	सीवाई	0	0	0	0
	पीवाई	0	0	0	0

तुलन–पत्र और संबंधित विश्लेषण

(लाख रुपए में)

विवरण	सीवाई/ पीवाई	उपदान	अर्जित छुट्टी	रुग्णता छुट्टी	सेवानिवृत्ति पर
अंत में दायित्व का वर्तमान मूल्य	सीवाई	0.53	1.06	0.28	-
	पीवाई	0	0	0	0
योजनागत परिसंपत्तियों का उचित मूल्य	सीवाई	-	-	-	-
	पीवाई	-	-	-	-
तुलन–पत्र में अनिधिकृत देयता/ प्रावधान	सीवाई	(0.53)	(1.06)	(0.28)	-
	पीवाई	0	0	0	0

आय विवरण में मान्यताप्राप्त धनराशियाँ

(लाख रुपए में)

विवरण	सीवाई/ पीवाई	उपदान	अर्जित छुट्टी	रुग्णता छुट्टी	सेवानिवृत्ति पर
कुल सेवा लागत	सीवाई	0.53	1.06	0.28	-
	पीवाई	0	0	0	0
निवल ब्याज लागत	सीवाई				
	पीवाई	0	0	0	0
अवधि में मान्यताप्राप्त निवल बीमांकिक (लाभ)/ हानि	सीवाई				
	पीवाई	0	0	0	0
आय विवरण में मान्यताप्राप्त व्यय	सीवाई	0.53	1.06	0.28	-
	पीवाई	0	0	0	0

अन्य व्यापक आय (ओसीआई)

(लाख रुपए में)

विवरण	सीवाई/ पीवाई	उपदान	अर्जित छुट्टी	रुग्णता छुट्टी	सेवानिवृत्ति पर
आरंभिक निवल संचयी गैर–मान्यताप्राप्त बीमांकिक लाभ/(हानि)	सीवाई	0	0	0	0
	पीवाई	0	0	0	0
पीबीओ पर वर्ष के लिए बीमांकिक लाभ/(हानि)	सीवाई	0	0	0	0
	पीवाई	0	0	0	0
परिसंपत्ति पर वर्ष के लिए बीमांकिक लाभ/(हानि)	सीवाई	0	0	0	0
	पीवाई	0	0	0	0
अवधि के लिए गैर–मान्यताप्राप्त बीमांकिक लाभ/(हानि)	सीवाई	0	0	0	0
	पीवाई	0	0	0	0

निवल सुनिश्चित लाभ दायित्व में परिवर्तन

(लाख रुपए में)

विवरण	सीवाई/ पीवाई	उपदान	अर्जित छुट्टी	रुग्णता छुट्टी	सेवानिवृत्ति पर
अवधि के आरंभ में निवल सुनिश्चित लाभ देयता	सीवाई	-	-	-	-
	पीवाई	-	-	-	-

(लाख रुपए में)

विवरण	सीवाई/ पीवाई	उपदान	अर्जित छुट्टी	रुग्णता छुट्टी	सेवानिवृत्ति पर
अधिग्रहण समायोजन	सीवाई	-	-	-	-
	पीवाई	-	-	-	-
कुल सेवा लागत	सीवाई	0.53	1.06	0.28	-
	पीवाई	0	0	0	0
निवल ब्याज लागत (आय)	सीवाई	-	-	-	-
	पीवाई	-	-	-	-
पूर्नमापण	सीवाई	-	-	-	-
	पीवाई	-	-	-	-
निधि में भुगतान किया गया अंशदान	सीवाई	-	-	-	-
	पीवाई	-	-	-	-
उद्यम द्वारा प्रत्यक्ष रूप से भुगतान किया गया लाभ	सीवाई	-	-	-	-
	पीवाई	-	-	-	-
अवधि के अंत में निवल सुनिश्चित लाभ देयता	सीवाई	0.53	1.06	0.28	-
	पीवाई	0	0	0	0

वर्तमान और गैर–वर्तमान में वर्ष के अंत में पीबीओ का द्विभाजन

(लाख रुपए में)

विवरण	सीवाई/ पीवाई	उपदान	अर्जित छुट्टी	रुग्णता छुट्टी	सेवानिवृत्ति पर
वर्तमान देयता (एक वर्ष के भीतर राशि)	सीवाई	0.005	0.07	0.04	0
	पीवाई	0	0	0	0
गैर–वर्तमान देयता (एक वर्ष से अधिक राशि)	सीवाई	0.52	0.99	0.24	-
	पीवाई	0	0	0	0
वर्ष के अंत में कुल पीबीओ	सीवाई	0.53	1.06	0.28	-
	पीवाई	0	0	0	0

अगली वार्षिक रिपोर्टिंग अवधि के लिए प्रत्याशित अंशदान

(लाख रुपए में)

विवरण	सीवाई/ पीवाई	उपदान	अर्जित छुट्टी	रुग्णता छुट्टी	सेवानिवृत्ति पर
सेवा लागत	सीवाई	1.31	2.57	0.68	-
	पीवाई	0	0	0	0

(लाख रुपए में)

विवरण	सीवाई/ पीवाई	उपदान	अर्जित छुट्टी	रुग्णता छुट्टी	सेवानिवृत्ति पर
निवल ब्याज लागत	सीवाई	0.04	0.08	0.02	-
	पीवाई	0	0	0	0
अगली वार्षिक रिपोर्टिंग अवधि के लिए प्रत्याशित व्यय	सीवाई	1.35	2.65	0.70	-
	पीवाई	0	0	0	0

बीमांकिक मूल्यांकन के लिए उपयोग किए गए प्रधान अनुमान निम्नलिखित हैं:

(लाख रुपए में)

विवरण	2022–23	2021–22
उपयोग की गई पद्धति	अनुमानित इकाई क्रेडिट पद्धति	अनुमानित इकाई क्रेडिट पद्धति
बट्टा दर	7.38%	लागू नहीं
योजनागत परिसंपत्ति पर लाभ की प्रत्याशित दर	0	लागू नहीं
भावी वेतन में वृद्धि	5.50%	लागू नहीं
मर्त्यता दर	100 प्रतिशत आईएएलएम (2012-14)	लागू नहीं
आयु (आहरण दर) (प्रतिशत)		लागू नहीं
30 वर्ष तक	3	लागू नहीं
31 से 44 वर्ष तक	2	लागू नहीं
44 वर्ष से अधिक	1	लागू नहीं

सुनिश्चित लाभ दायित्व की संवेदनशीलता

(लाख रुपए में)

विवरण	सीवाई/ पीवाई	उपदान	अर्जित छुट्टी	रुग्णता छुट्टी
बट्टा दर में परिवर्तन का प्रभाव				
अवधि के अंत में दायित्व को वर्तमान मूल्य	0.53	1.06	0.28	
0.50 प्रतिशत की वृद्धि के कारण प्रभाव	(.008)	(0.015)	(.004)	-
0.50 प्रतिशत की कमी के कारण प्रभाव	0.007	0.016	0.04	-
वेतन की वृद्धि में परिवर्तन का प्रभाव				
अवधि के अंत में दायित्व का वर्तमान मूल्य				
0.50 प्रतिशत की वृद्धि के कारण प्रभाव	0.53	1.06	0.28	-
0.50 प्रतिशत की कमी के कारण प्रभाव	0.008	0.016	(0.004)	-
बट्टा दर में परिवर्तन का प्रभाव	(0.008)	(0.016)	0.004	-

सुनिश्चित लाभ दायित्व की परिपक्वता रूपरेखा

(लाख रुपए में)

विवरण	सीवाई/ पीवाई	उपदान	अर्जित छुट्टी	रुग्णता छुट्टी
0 से 1 वर्ष	0.005	0.007	0.004	0
1 से 2 वर्ष	0.005	0.002	0.005	0
2 से 3 वर्ष	0.005	0.002	0.005	0
3 से 4 वर्ष	0.003	0.79	0.20	0
4 से 5 वर्ष	0.46	0.06	0.002	0
5 से 6 वर्ष	0.001	0.03	0.01	0
6 वर्ष से आगे	0.003	0.09	0.01	0

2.5 कराधान

अवधि के खर्चों में, चालू कर और आस्थापित कर शामिल होते हैं। कर को लाभ एवं हानि विवरण में मान्यता दी जाती है, सिवाय उस सीमा तक, जिस सीमा तक यह अन्य व्यापक आय या प्रत्यक्ष रूप से इक्विटी में मान्यता प्राप्त मदों से संबंधित है, जहाँ कर को अन्य व्यापक आय या इक्विटी में भी मान्यता दी जाती है।

2.5.1 वर्तमान कर

वर्तमान कर लागू होने वाली कर दरों और आय कर अधिनियम, 1961 तथा लागू होने वाले अन्य कर कानूनों के अनुसार यथानिर्धारित वर्ष के लिए करयोग्य आय पर भुगतानयोग्य कर है।

2.5.2 आस्थगित कर

आस्थगित कर को, वित्तीय विवरणों में परिसंपत्तियों और देयताओं की रखाव धनराशियों के बीच अस्थायी अंतरों के संबंध में मान्यता दी जाती है और तदनुसार धनराशियों का उपयोग, कराधान उद्देश्य के लिए किया जाता है।

I. आस्थगित कर देयताओं को आमतौर पर, सभी करयोग्य अस्थायी अंतरों के लिए मान्यता दी जाती है।

II. आस्थगित कर परिसंपत्तियों को आमतौर पर, केवल उस सीमा तक मान्यता दी जाती है जिस सीमा तक यह संभावना हो कि भावी करयोग्य लाभ उपलब्ध होगा जिसके प्रति परिसंपत्तियों का उपयोग किया जा सकता है।

III. आस्थगित कर परिसंपत्तियों की रखाव धनराशि की समीक्षा, प्रत्येक रिपोर्टिंग अवधि के अंत में की जाती है और उस सीमा तक घटा दिया जाता है, जिस सीमा तक अब यह संभावना न हो कि संबंधित कर लाभ प्राप्त हो जाएंगे।

2.6 प्रति शेयर अर्जन

उस अवधि के दौरान बकाया इक्विटी शेयरों की भारित औसत संख्या से इक्विटी शेयरधारकों से संबंधित शुद्ध लाभ या हानि को विभाजित करके प्रति शेयर मूल आय की गणना की जाती है। कंपनी के इक्विटी धारकों के कारण लाभ को वर्ष के दौरान बकाया इक्विटी शेयरों की भारित औसत संख्या, साथ ही इक्विटी शेयरों की उस भारित औसत संख्या जो मूल कंपनी के इक्विटी शेयरों में सभी संभावित इक्विटी शेयरों के रूपांतरण पर जारी की जाएगी, से विभाजित करके प्रति शेयर नकदी आय की गणना की जाती।

2.7 नकदी और नकदी समतुल्य

नकदी में, हस्तगत नकदी, हस्तगत चेक/ड्राफ्ट, बैंकों में मांग जमा राशियाँ आदि शामिल होती हैं। कम्पनी, नकदी समतुल्य को, सभी अल्पावधि शेषों अत्याधिक अस्थिर निवेशों,

जो नकदी की ज्ञात धनराशियों में तत्काल परिवर्तित हैं और जो मूल्य परिवर्तनों के नगण्य जोखिम के अधीन हों, के रूप में मानती है।

2.8 नकदी प्रवाह विवरण

"नकदी प्रवाह विवरण", भारतीय लेखांकन मानक–7 नकदी प्रवाह विवरण में यथाविनिर्धारित अप्रत्यक्ष पद्धति का उपयोग करके, रिपोर्ट किए जाते हैं।

2.9 प्रावधान और आकस्मिक देयताएँ

2.9.1 प्रावधान

किसी प्रावधान को उस समय मान्यता दी जाती है, जब किसी पिछली घटना के परिणामस्वरूप कम्पनी का कोई वर्तमान दायित्व (विधिक या रचनात्मक) हो, यह संभव है कि आर्थिक लाभों को शामिल करने वाले संसाधनो बहिर्वाह के लिए इस दायित्व का निपटान करना आवश्यक होगा और दायित्व की धनराशि का एक विश्वसनीय अनुमान लगाया जा सकता हो। प्रत्येक रिपोर्टिंग तिथि पर इन अनुमानों की समीक्षा की जाती है और वर्तमान सर्वोत्तम अनुमानों को दर्शाने के लिए इन्हें नियोजित किया जाता है।

2.9.2 आकस्मिक देयताएं और आकस्मिक परिसंपत्तियां

I. एक आकस्मिक दायित्व एक संभावित दायित्व है जो पिछली घटनाओं से उत्पन्न होता है जिसका अस्तित्व कंपनी के नियंत्रण अथवा किसी ऐसे वर्तमान दायित्व जिसका महत्व नहीं है, से परे भविष्य की एक या अधिक अनिश्चित घटनाओं अथवा घटना के बिना पुष्टि की जाएगी क्योंकि इस बात की संभावना नहीं है कि दायित्वों को निपटाने के लिए संसाधनों के बहिर्वाह (आउटफ्लो) की आवश्यकता होगी। आकस्मिक दायित्व भी अत्यंत दुर्लभ मामलों में उत्पन्न होता है, जहाँ ऐसी देयता होती है जिसे स्वीकार नहीं किया जा सकता क्योंकि इसे विश्वसनीय रूप से नहीं मापा जा सकता है। कंपनी आकस्मिक दायित्व को स्वीकार नहीं करती है, लेकिन वित्तीय स्थिति में इसके अस्तित्व का खुलासा करती है जब तक कि संसाधनों के बहिर्वाह की बहुत कम संभावना हो।

II. वित्तीय विवरणों में आकस्मिक परिसंपत्तियों को मान्यता नहीं दी जाती है। यदि आर्थिक लाभ का अंतर्वाह संभावित है, तो वित्तीय विवरणों में इसका खुलासा किया जाता है।

III. प्रत्येक बैलेंस शीट तिथि पर प्रावधानों, आकस्मिक देयताओं, आकस्मिक परिसंपत्तियों और प्रतिबद्धताओं की समीक्षा की जाती है।

2.10 वित्तीय विलेख

वित्तीय विलेख, एक ऐसा अनुबंध है, जिससे किसी कम्पनी की वित्तीय संपत्ति और किसी अन्य कम्पनी की वित्तीय देयता या इक्विटी विलेख उत्पन्न होता है।

2.10.1 आरंभिक मान्यता और मापन

वित्तीय परिसंपत्तियों और वित्तीय देयताओं को आरंभ में उचित मूल्य पर मापा जाता है, सिवाय व्यापार प्राप्यों के मामले में, जिसमें इन्हें लेन–देन के मूल्य पर मापा जाता है। लेन–देन लागतें, जो प्रत्यक्ष वित्तीय परिसंपत्तियों और वित्तीय देयताओं (लाभ एवं हानि के जरिए उचित मूल्य पर वित्तीय परिसंपत्ति के अलावा) के अर्जन या निर्गमन के कारण होती हैं, आरंभिक मान्यता पर, वित्तीय परिसंपत्तियों या वित्तीय देयताओं, जैसा भी उपयुक्त हो, के उचित मूल्य में जोड़ दी जाती हैं या उनमें से घटा दी जाती हैं। एफवीटीपीएल पर वित्तीय परिसंपत्ति के अर्जन के कारण प्रत्यक्षत लेन–देन लागतों को लाभ एवं हानि विवरण में तुरंत मान्यता दी जाती है।

2.10.2 वित्तीय परिसंपत्तियाँ

I. उत्तरवर्ती मापन

वित्तीय संपत्तियों में नकद और नकद समकक्ष, नकद और नकद समकक्षों के अलावा बैंक शेष, ऋण और अग्रिम, प्राप्य निवेश और अर्जित ब्याज लेकिन देय

नहीं हो आदि शामिल हैं। मापन, उस उद्देश्य, जिसके लिए ये परिसंपत्तियां अर्जित की गई थीं, पर निर्भर करते हुए आरंभिक मान्यता पर किसी परिसंपत्ति का वर्गीकरण निर्धारित करता है।

उत्तरवर्ती मापन के उद्देश्य के लिए, वित्तीय परिसंपत्तियाँ, आरंभिक मान्यता पर निम्नलिखित श्रेणियों में वर्गीकृत की जाती हैं:

- प्रभावी ब्याज दर (ईआईआर) का उपयोग करके परिशोधित लागत पर
- लाभ या हानि के जरिए उचित मूल्य (एफवीटीपीएल) पर
- अन्य व्यापक आय के जरिए उचित मूल्य (एफवीओसीआई) पर

एफवीटीपीएल पर परिसंपत्तियों के अलावा, अन्य सभी वित्तीय परिसंपत्तियां, कम से कम प्रत्येक रिपोर्टिंग तिथि पर हानिकरण हेतु समीक्षा के अधीन हैं।

क. परिशोधित लागत पर वित्तीय परिसंपत्तियाँ – कोई वित्तीय परिसंपत्ति, परिशोधित लागत पर मापी जाएगी, यदि निम्नलिखित शर्तों में से दोनों शर्तें पूरी की गई हों:

क) वित्तीय परिसंपत्ति किसी ऐसे व्यवसाय मॉडल के अंदर रखी गई हो, जिसका उद्देश्य संविदात्मक नकदी प्रवाह प्राप्त करने की दृष्टि से वित्तीय परिसंपत्तियाँ रखना है।

ख) वित्तीय परिसंपत्तियों की संविदात्मक शर्तें, विशेष तिथि को ऐसे नकदी प्रवाह उत्पन्न करना है, जो अनन्य रूप से मूलधन और मूलधन की बकाया धनराशि पर ब्याज के भुगतान हों।

आरंभिक मापन के पश्चात, ये वित्तीय परिसंपतियाँ बाद में प्रभावी व्याज दर (ईआईआर) पद्धति का उपयोग करके परिशोधित लागत पर मापी जाती हैं। यह (ईआईआर) पद्धति किसी वित्तीय परिसंपति की लागत का परिकलन करने और सुसंगत अवधि में आप आबंटित करने की एक पद्धति है। प्रभावी ब्याज दर वह दर है जो वित्तीय परिसंपत्ति के प्रत्याशित जीवनकाल के जरिए या जहाँ उपयुक्त हो आरंभिक मान्यता पर निवल रखरखाव धनराशि की अपेक्षाकृत अवधि की प्रत्याशित भावी नकदी प्राप्तियों (भुगतान की गई या प्राप्त की गई सभी शुल्कों सहित, जो प्रभावी ब्याज दर, लेन–देन लागते और अन्य प्रीमियमों और छूट का एक अभिन्न अंग है) में सही–सही बट्टाकृत करती है।

कंपनी की नकदी और नकदी समतुल्य, तथा नकदी से भिन्न दूसरे बैंक बैलेंस तथा नकदी समतुल्य वित्तीय विलेखों की इस श्रेणी में आते हैं।

ख. अन्य व्यापक आय के जरिए उचित मूल्य पर (एफवीटीओसीआई) – कोई वित्तीय परिसंपति अन्य व्यापक आय के जरिए उचित मूल्य पर मापी जाएगी, यदि निम्नलिखित दोनों शर्तें पूरी की गई हैं:

क) व्यवसाय मॉडल का उद्देश्य, संविदात्मक नकदी प्रवाह एकत्र करके और वित्तीय परिसंपत्तियाँ बेचकर प्राप्त किया गया हो।

ख) परिसंपत्तियों की संविदात्मक शर्तें, विशिष्ट तिथि को ऐसे नकदी प्रवाह उत्पन्न करना है, जो अनन्य रूप से मूलधन और मूलधन की बकाया धनराशि पर ब्याज के भुगतान (एसपीपीआई) हैं।

ग) उचित मूल्य संचालनों को ओसीआई में मान्यता दी जाती है और आरक्षित में संचित किया जाता है। वर्तमान में, एफवीटीओसीआई वर्गीकृत करने के लिए कोई विलेख नहीं है।

ग. **लाभ या हानि के जरिए उचित मूल्य (एफवीटीपीएल)** – कोई वित्तीय परिसंपत्ति, एफवीटीपीएल पर मापी जाती है, जब तक यह लाभ एवं हानि विवरण में माने गए उचित मूल्य में सभी परिवर्तनों के साथ परिशोधित लागत या एफवीटीओसीआई पर न मापी गई हो।

II. वित्तीय परिसंपत्तियों में हानिकरण

प्रत्येक रिपोर्टिंग वर्ष के अंत में कम्पनी साक्ष्य या सूचना, जो अनुचित लागत या प्रयास के बिना उपलब्ध हो, के आधार पर हानिकरण के लिए वित्तीय परिसंपत्तियों या वित्तीय परिसंपत्तियों के समूह (लाभ या हानि के जरिए उचित मूल्य पर रखी गई वित्तीय परिसंपत्तियों के अलावा) की जांच करता है। प्रत्याशित क्रेडिट हानि (ईसीएल) का मूल्यांकन किया जाता है और हानिकरण क्षति को मान्यता दी जाती है, यदि वित्तीय परिसंपत्ति के क्रेडिट जोखिम में पर्याप्त वृद्धि हो जाती है।

हानिकरण क्षतियों और प्रत्यावर्तनों को लाभ एवं हानि विवरण में मान्यता दी जाती है।

भारतीय लेखांकन मानक 109 के अंतर्गत हानिकरण मॉडल, वित्तीय विलेखों पर लागू होता है, जो नीचे सूचीबद्ध हैं:

- वित्तीय परिसंपत्तियां, जो ऋण विलेख हैं, परिशोधित लागत पर मापी जाती है। जैसे बैंक शेष।

III. वित्तीय परिसंपत्तियों की विमान्यताकरण

वित्तीय परिसंपत्तियों का विमान्यताकरण तब किया जाता है जब वित्तीय परिसंपत्तियों से नकदी प्रवाह प्राप्त करने का संविदात्मक अधिकार समाप्त हो जाता है या परिसंपत्तियों से नकदी प्रवाह प्राप्त करने के संविदात्मक अधिकार अंतरित कर दिए जाते हैं।

पूरी तरह किसी वित्तीय परिसंपत्ति के विमान्यकरण पर परिसंपत्ति की रखाव धनराशि और प्राप्त हुए या प्राप्तियोग्य प्रतिफल तथा संचयी लाभ या हानि, जिसे अन्य व्यापक आय और इक्विटी में संचित के रूप में मान्यता दी गई थी, की रकम के बीच के अंतर को लाभ एवं हानि के रूप में मान्यता दी जाती है, यदि ऐसे लाभ या हानि को उस वित्तीय परिसंपत्ति के निपटान पर लाभ एवं हानि विवरण में अन्यथा मान्यता दी गई हो।

2.10.3 वित्तीय देयताएं और इक्विटी विलेख

2.10.3.1 इक्विटी विलेख

इक्विटी विलेख ऐसा अनुबंध है जो किसी प्रतिष्ठान की सभी देनदारियों को हटाने के बाद उसकी परिसंपत्तियों में अवशिष्ट हित का प्रमाण देता है। प्रतिष्ठान द्वारा जारी किए गए इक्विटी विलेखों को प्राप्त आय पर, प्रत्यक्ष निर्गम लागतों के निवल पर मान्यता दी जाती है।

2.10.3.2 वित्तीय देयताएं

कम्पनी की वित्तीय देयताओं में व्यापार तथा अन्य भुगतानयोग्य सांविधिक बकाया शामिल होता है। सभी वित्तीय देयताओं को आरंभतः उचित मूल्य पर मान्यता दी जाती है।

I. उत्तरवर्ती मापन

क. **परिशोधित लागतों पर वित्तीय देयताएँ–** आरंभिक मापन के पश्चात ये वित्तीय परिसंपत्तियाँ बाद में प्रभावी ब्याज दर (ईआईआर) पद्धति का उपयोग करके परिशोधित लागत पर मापी जाती हैं। लाभ और हानियों को लाभ एवं हानि विवरण में मान्यता दी जाती है जब ये देयताएं विमान्यताकृत कर दी गई हों और इन्हें ईआईआर परिशोधन की प्रक्रिया के जरिए मान्यता दी जाती है। परिशोधित लागत, किसी अधिग्रहण पर किसी बड़े या प्रीमियम और ऐसे शुल्कों या लागतों, जो ईआईआर का अभिन्न अंग है, को ध्यान में रखते हुए परिकलित की जाती है। ईआईआर परिशोधन को लाभ

एवं हानि विवरण में वित्तपोषण लागत के रूप में शामिल किया जाता है। यह श्रेणी आमतौर पर उधारों भुगतानयोग्य राशियों और अन्य संविदात्मक देयताओं पर लागू होती है।

ख. **लाभ एवं हानि विवरण के जरिए उचित मूल्य पर वित्तीय देयताओं** में ट्रेडिंग के लिए रखी गई वित्तीय देयताएं और लाभ एवं हानि विवरण के जरिए उचित मूल्य पर आरंभिक मान्यता पर नामजद वित्तीय देयताएं शामिल हैं। उन वित्तीय देयताओं, जिनका निपटान 12 महीनों के अंदर किया जाना हो, के अग्रेनीत मूल्य को उसका उचित मूल्य माना जाता है।

II. **वित्तीय देयताओं का विमान्यकरण**

किसी वित्तीय देयता को उस समय विमान्यताकृत किया जाता है जब देयता के अंतर्गत दायित्व का निर्वहन कर दिया गया हो या रद्द कर दिया गया हो या उसकी अवधि समाप्त हो गई हो। जब कोई वर्तमान वित्तीय देयता उत्तरवर्ती भिन्न शर्तों या किसी वर्तमान देयता की शर्तों पर उसी ऋणदाता से अन्य ऋणदाता द्वारा प्रतिस्थापित कर दी जाती है तो उसे बाद में संशोधित कर दिया जाता है और इस प्रकार की अदला–बदली या संशोधन को मूल देयता का विमान्यकरण और नई देयता की मान्यता माना जाता है। संबंधित रखाव धनराशियों में आए अंतर को लाभ एवं हानि विवरण में मान्यता दी जाती है।

2.11 पट्टे

पट्टाकर्ता के रूप में कम्पनी

वर्तमान में, कंपनी के साथ पट्टेदार के रूप में कोई लीज (ऑपरेटिंग या फाइनेंस लीज) करार नहीं किया गया है।

पट्टेदार के रूप में कंपनी

कंपनी ने लीज पर ऑफिस स्पेस ले लिया है जिसके लिए लीज रेंटल भुगतान किया जाता है। ये पट्टा व्यवस्था आमतौर पर पारस्परिक रूप से सहमत शर्तों पर नवीकरणीय होती है। भारतीय लेखा मानक–116 द्वारा निर्धारित पट्टेदार द्वारा लेखांकन निम्नानुसार है:

कंपनी परिसंपत्तियों को उपयोग करने के अधिकार और सभी पट्टा व्यवस्थाओं के लिए तदनुरूप पट्टा देयता को स्वीकार करती है, जिसमें इन्हें पट्टे पर दिया जाता है। लेकिन बारह महीने या कम (अल्पकालिक पट्टों) की अवधि के संबंध में यह पट्टा स्वीकार नहीं किया जाता है, क्योंकि बिना लिखित करार और कम मूल्य वाली परिसंपत्तियों के पट्टे को स्वीकार नहीं किया जाता है।

